www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, सोमवार, 11दिसंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –236 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



भाजपा को हराने को बना गठबंधन : सपा
■ अब भी राहुल सख्त नहीं हुए तो गुडबाय टाटा!
■ इंडिया ब्लॉक में अभी भी है भाजपा से मुकाबले की क्षमता
पृष्ठ 6
■ अमेरिका के गाजा युद्धविराम प्रस्ताव पर वीटो करने से कई देश निराश
■ भारतीय नौसैनिक जहाज 'सुमेधा' केन्या के लामू बंदरगाह पहुंचा
पृष्ठ 7
आरसीबी डब्ल्यूपीएल नीलामी में सभी मानकों पर खरी उतरी : स्मृति
पृष्ठ 8

# आदिवासी नेता विष्णुदेव साय प्रदेश के नए मुख्यमंत्री

## डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष, अरूण साव व विजय शर्मा डिप्टी सीएम बनाए गए



**रायपुर**, 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कार्यालय में भाजपा विधायक दल की बैठक के बीच विष्णुदेव साय का नाम सीएम पद के लिए फाइनल हो गया है। भाजपा विधायक दल की बैठक में इनके नाम का ऐलान किया गया। विष्णुदेव साय प्रदेश के चौथे मुख्यमंत्री होंगे। 12 बजे से विधायक दल की मीटिंग रखी गई थी। मीटिंग में आज सुबह आए आब्जर्बर सर्वानंद सोनोवाल, अजुर्न मुण्डा, दुष्यंत कुमार गौतम और प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन, चुनाव सहप्रभारी मनसुख मांडविया, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह भी मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय को चुन लिया गया है। वहीं सूत्रों के अनुसार खबर आ रही है कि डॉक्टर रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष बनाए गए है। वहीं इसके साथ छत्तीसगढ़ में दो डिप्टी सीएम में होंगे, विजय शर्मा और अरुण साव उप मुख्यमंत्री होंगे। बीजेपी ने सीएम पद के लिए जहां आदिवासी नेता का चुनाव किया है तो वहीं दो डिप्टी सीएम के चुनाव के वक्त ओबीसी वोट बैंक को भी ध्यान में रखा गया है। अरुण साव सांसद रहे है और बतौर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विधानसभा चुनाव में छग बीजेपी की कमान संभाली, अरुण साव ओबीसी समाज से आते हैं। विजय शर्मा कबीरधाम जिले के कर्वधा से बीजेपी विधायक हैं। उन्होंने 39, 592 वोटों के अंतर से मंत्री मोहम्मद अकबर को हराया है। विजय शर्मा छत्तीसगढ़ बीजेपी के प्रदेश महासचिव हैं, बीजेपी युवा मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। 50 वर्षीय विजय शर्मा पहली बार विधायक बने हैं। विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ की कुनकुरी विधानसभा से आते हैं। राज्य में आदिवासी समुदाय की आबादी सबसे अधिक है और साय इसी समुदाय से हैं। अजित जोगी के बाद छत्तीसगढ़ में इस समुदाय से कोई दूसरा मुख्यमंत्री नहीं बन सका था, बीजेपी इस बार आदिवासी समुदाय से आने वाले साय के ज़रिये पूरे देश में मैसेज दे रही है।

### राज्यपाल ने साय को केबिनेट गठन के लिए आमंत्रित किया



राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरूण साव ने वर्ष 2023 की छत्तीसगढ़ राज्य नव गठित विधानसभा के अपने नव निर्वाचित विधायकों की सर्वसम्मति से, प्रदेश विधायक दल का नेता श्री विष्णुदेव साय को चयनित किये जाने संबंधित पत्र सौंपा और नई सरकार बनाने के लिए अपना दावा प्रस्तुत किया। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने विष्णुदेव साय को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत के संविधान की धारा 164 के तहत विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री नियुक्त करने संबंधित पत्र प्रदान किया और केबिनेट गठन के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सर्वानंद सोनोवाल, मनसुख मांडविया, ओम माथुर सहित नवनिर्वाचित विधायक, पदाधिकारीगण एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित थे।

### 25 को किसानों को दो साल के बकाया बोनस का भुगतान : साय

प्रदेश के नए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि मैं पूरी ईमानदारी के साथ सबके विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा और मोदी की गारंटी के तहत जनता से किए गए वादे पूरे किए जाएंगे। पहला काम 18 लाख आवास देने का होगा।

उन्होंने इस मौके पर घोषणा कि 25 दिसंबर को अटल जी के जन्मदिवस के दिन राज्य के सभी कृषकों के खाते में 2 साल का बोनस दिया जाएगा। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद विष्णु देव साय ने पत्रकारो से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधायक दल ने मुझे अपना नेता चुना है, इस अवसर पर मैं बहुत आनंदित हूं और मैं पार्टी को धन्यवाद करना चाहूंगा क्योंकि उन्होंने गांव के छोटे से कार्यकर्ता को छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करने का मौका दिया है। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभारी हूं। विष्णुदेव साय ने कहा मुख्यमंत्री के नाते हमारी प्राथमिकता होगी कि हम लोगों ने जो चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है उन्हें पूरे किए जाएंगे।

### नए सीएम साय को भूपेश बघेल, रमन सिंह ने दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पूर्व सीएम भूपेश बघेल और रमन सिंह ने ट्वीट कर बधाई दी है। भूपेश बघेल ने लिखा कि कुनकुरी विधायक, वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णु देव साय को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ। नवा छत्तीसगढ़ की न्याय और प्रगति यात्रा को आप मुख्यमंत्री के रूप में आगे बढ़ाएँ, ऐसी कामना करता हूँ।



### पहली बार विधायक निर्वाचित हुए हैं अरुण साव



अरुण साव की बात करें तो उन्होंने मुंगेली जिले की लोरमी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी थानेश्वर साहू को 45891 वोटों से हराया है। वह फिलहाल बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। पिछले साल अगस्त महीने में ही उन्हें विष्णु देव साय की जगह प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई थी। वह बिलासपुर लोकसभा सीट से सांसद रहे हैं। विधायक निर्वाचित होने के बाद केंद्रीय नेतृत्व ने उनसे सांसद के पद से इस्तीफा मांगा था। विजय शर्मा की तरह 55 वर्षीय अरुण साव भी पहली बार विधायक निर्वाचित हुए हैं।

### भाई और दादा भी रह चुके हैं विधायक

विष्णुदेव के दादा स्व. बुधनाथ साय 1947-1952 तक विधायक मनोनीत हुए। जनसंघ के समय विष्णुदेव के बड़े पिताजी स्व. नरहरि प्रसाद साय सन् 1962-1967 तक लैलूंगा विधानसभा से विधायक रहे। 1972-1977 तक बगीचा विधानसभा से विधायक रहे। 1967 से 1979 तक सांसद व केंद्रीय मंत्री रहे। बड़े पिताजी स्व. केदारनाथ 1967-1972 तक तपकरा विधानसभा से विधायक रहे।

विष्णुदेव साय 2020 में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं।

विष्णुदेव साय का जन्म 21 फवरी 1964 में जशपुर जिले के बगिया गांव में एक किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने 10वीं तक की पढ़ाई कुनकुरी स्थित लोयोला हायर सेकेंडरी स्कूल से की है। उनका एक बेटा और दो बेटियां है। विष्णुदेव साय ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत 1989 में ग्राम पंचायत बगिया के पंच के रूप में की थी। विष्णुदेव साय कुनकुरी विधानसभा से आते हैं। वे आदिवासी समुदाय से आते हैंष्ठ बीजेपी इस बार आदिवासी समुदाय से किसी को मुख्यमंत्री बना सकती है। विष्णुदेव साय 2020 में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। सांसद और केंद्रीय मंत्री भी रहे हैंष्ठ इतना ही नहीं साय की गिनती संघ के करीबी नेताओं में होती है। वह रमन सिंह के भी करीबी हैं। साल 1999 से 2014 तक वह रायगढ़ से सांसद रहे हैं। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में साय को केंद्र में मंत्री बनाया गया, जिसके बाद इन्होंने संगठन पद से इस्तीफा दे दिया था।

विष्णुदेव साय ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत 1989 में ग्राम पंचायत बगिया के पंच के रूप में की थी। इसके बाद 1990 में निर्विरोध सरपंच चुने गए ➤ ➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### वसुंधरा राजे ने फिर किया शक्ति प्रदर्शन

जयपुर। राजस्थान में भी अगले मुख्यमंत्री को लेकर सस्पेंस बरकरार है। मुख्यमंत्री के लिए किसी ने चेहरे की संभावनाओं के बीच पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे द्वारा आज फिर से शक्ति प्रदर्शन किया गया है। वहीं राजस्थान के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अभी तक समय नहीं दिया है, जिसकी वजह से बैठक तय नहीं हो पा रही है।

### धीरज साहू छापे मामले में 5वें दिन भी नोटों की गिनती जारी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बलांगीर जिले के सुदपाड़ा में स्थित कथित तौर पर कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से जुड़ी एक डिस्टिलरी यूनिट से जब्त की गई नकदी की गिनती पांचवें दिन भी जारी है। कई गिनती मशीनें खराब हो गईं हैं। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। कथित तौर पर गिनती मशीनों की तुरंत मरम्मत के लिए कुछ मैकेनिक बैंक में मौजूद रहे। दूसरी ओर, जांच में मदद के लिए हैदराबाद से आयकर अधिकारियों की एक टीम बलांगीर पहुंच गई है।

### गोगामेड़ी हत्याकांड में अब तक चार लोग गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में हुए श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों शूटर सहित अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने रविवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि इस मामले के दोनों शूटर रोहित राठौड़ एवं नितिन फौजी और फरारी के दौरान इनकी मदद करने वाले आरोपी उदम सिंह सैन को शनिवार देर रात चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें राजस्थान लाया गया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है।

## कार-ट्रक में आमने-सामने भिड़ंत दूल्हा-दुल्हन सहित पांच लोगों की मौत



**जांजगीर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। बलौदा निवासी सोनी परिवार शिवरीनारायण बारात में गए हुए थे। वापसी के दौरान वे कार से लौट रहे थे। तभी पामगढ़ से आगे एक सड़क हादसे में दूल्हा, दुल्हन समेत पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा ट्रक और कार के आमने-सामने भिड़ंत से हुई है। घटना स्थल पर पर पुलिस पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। घटना मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया झूलन के पास की है। जानकारी के मुताबिक, बलौदा निवासी ओमप्रकाश सोनी अपने बेटे शुभम सोनी की शादी शिवरीनारायण निवासी नेहा से शनिवार रात को हुई। रविवार तड़के विदाई के बाद दूल्हा शुभम, दुल्हन नेहा, शुभम के पिता ओमप्रकाश सोनी (50), फूफा सरजू सोनी (66) और बुआ रेवती सोनी एक ही कार से घर लौट रहे थे। सुबह करीब 5 बजे पकरिया जंगल में चंडी देवी मंदिर के पास ट्रक ने कार को चपेट में ले लिया। जानकारी के अनुसार वापसी के दौरान वे कार से लौट रहे थे। इसी दौरान वे ग्राम पकरिया झूलन के पास पहुंचे थे कि अकलतरा तरफ से आ रही ट्रक से उनकी जबरदस्त टक्कर हो गई जिससे कार के परखचे उड़ गए मौके पर ही चार लोगों ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। आमने-सामने ट्रक की टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए। आसपास के लोगों ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। वहां डॉक्टरों ने दुल्हन सहित 4 लोगों को मृत घोषित कर दिया। थोड़ी देर में उपचार के दौरान दूल्हे ने भी दम तोड़ दिया। एसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि हादसे के बाद कार से धुआं निकलने लगा। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी बुलाई गई। दमकलकर्मियों ने कार में लगी आग पर काबू पाया।

**मृतकों के नाम**- ओम सोनी, शुभम सोनी-नेहा सोनी (वर -वधु), रेवती सोनी-सरजु सोनी (बहन -बहनोई) बताया जा रहा है। इधर, दुर्घटना के बाद कार से धुँआ निकल रहा था

**शादी कीखुशियां चंद घटों बदला मातम में**

जहां दो परिवारों में शादी को लेकर के खुशियां मनाई जा रही थी। एक ओर लड़की के घर बारात आई सभी परिवार बारातियों का स्वागत किए फिर खुशी-खुशी फेरे पड़े वरमाला हुआ। प्रात- काल होते ही ➤ ➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## इंडिया गठबंधन की अब 19 को बैठक

### भाजपा से मुकाबले के लिए 'मैं नहीं, हम' थीम पर काम करेगा गठबंधन

**नई दिल्ली**, 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। इंडिया गठबंधन की अब 19 दिसम्बर को बैठक होगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी है। राष्ट्रीय राजधानी में विपक्षी दलों के गठबंधन की अगली बैठक में सीटों के बंटवारे और संयुक्त रैलियां आयोजित करने पर चर्चा होगी। इंडिया गठबंधन के दलों के नेताओं की चौथी बैठक 19 दिसंबर को नई दिल्ली में दोपहर तीन बजे होगी। विपक्षी दल बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब में एकता की थीम 'मैं नहीं, हम' के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। यह बैठक हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में हो रही है। पार्टी को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, भाजपा का कहना है कि लोगों ने मोदी की गारंटी में भरोसा जताया है और वे 2024 में उनकी सरकार को फिर चुनेंगे।

**एक साझा कार्यक्रम करेंगे तैयार**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि विपक्षी दलों के सामने अब चुनौती अगले आम चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए एक वैकल्पिक सकारात्मक एजेंडे के साथ आने की है। सूत्रों ने कहा कि बैठक के दौरान दल संयुक्त चुनावी रैलियां आयोजित करने के लिए सीटों के बंटवारे पर योजना तैयार करेंगी और उनके लिए एक साझा कार्यक्रम तैयार करेंगे।

- सीटों के बंटवारे और संयुक्त रैलियां पर होगी चर्चा
- सामाजिक सुरक्षा के मुद्दों को आगे बढ़ा सकता है गठबंधन

विपक्षी दलों द्वारा उठाए गए जातिगत जनगणना और पुरानी पेंशन योजना की बहाली जैसे चुनावी मुद्दों पर नेता ने कहा, 'यह चुनाव परिणाम उन मुद्दों को खारिज करने के लिए नहीं हैं जो इस चुनाव प्रचार अभियान के दौरान उठाए गए थे।' उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन के लिए मुख्य सकारात्मक एजेंडा तैयार करना विपक्षी दलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है जो इसे भाजपा का मुकाबला करने में मदद करेगा।' उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जो मुद्दे छाए रहे, जैसे बढ़ती आर्थिक असमानता, सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक अधिनायकवाद, महंगाई कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिनकी गूंज लोकसभा चुनावों के दौरान जमीनी स्तर पर सुनाई दे सकती है। ये मुद्दे विपक्षी दलों के साझा एजेंडे का हिस्सा बन जाएंगे जो विपक्षी गठबंधन को भाजपा का मुकाबला करने में मदद करेंगे।

## रायपुर एयरपोर्ट पर यात्री के पास से 1 करोड़ से अधिक का सोना जब्त

### सीआईएसएफ की टीम ने किया गिरफ्तार

**रायपुर**, 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। राजधानी के विवेकानंद एयरपोर्ट पर पैसेंजर के पास से भारी मात्रा में सोना बरामद किया गया है. पैसेंजर इंडिगो की फ्लाइट से लखनऊ से रायपुर 2 किलो सोना लेकर पहुंचा था. जिसे सीआईएसएफ की टीम ने हिरासत में लिया है. जब्त सोने की कीमत 1 करोड़ से अधिक बताई जा रही है।



जानकारी के अनुसार, इंडिगो की फ्लाइट से पैसेंजर लखनऊ से रायपुर पहुंचा. चेकिंग के दौरान पैसेंजर के पास से 2 किलो सोना बरामद किया है।

पकड़े गए सोने की कीमत एक करोड़ से अधिक है. सीआईएसएफ की टीम ने पैसेंजर को हिरासत में ले लिया है. मामले की सूचना पर आईटी की टीम भी एयरपोर्ट पहुंच गई है. आरोपी से पूछताछ जारी है।

## मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को बनाया अपना उत्तराधिकारी

**लखनऊ**, 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने रविवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को बसपा का नेतृत्व करने के लिए अपना उत्तराधिकारी बनाया। आकाश आनंद बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक के आधिकारिक पद पर हैं। मायावती ने लखनऊ में एक पार्टी बैठक को संबोधित करते हुए हालांकि कहा कि वह उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की कमान संभालती रहेंगी, लेकिन आकाश आनंद अन्य राज्यों के संबंध में फैसले लेंगे।

इससे पहले अगस्त में, बसपा ने आकाश आनंद के नेतृत्व में 14 दिवसीय 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' संकल्प यात्रा' शुरू की थी। 2019 के आम चुनावों की अगुवाई करते हुए, आनंद को मीडिया में तब प्रसिद्धि मिली जब मायावती ने घोषणा की कि उनका भतीजा राजनीति की जटिलताओं से परिचित होने के लिए बसपा आंदोलन का हिस्सा बनेगा।

## मध्य प्रदेश में विधायक दल की बैठक आज

**भोपाल,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को यहां होगी, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाएगा। दल का नेता ही राज्य का अगला मुख्यमंत्री होगा। हालांकि राजस्थान को लेकर अभी सस्पेंस पर बरकरार है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अनुसार दिन में चार बजे प्रारंभ होने वाली बैठक में केंद्रीय संगठन की ओर से नियुक्त तीनों पर्यवेक्षक हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पार्टी के ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण और राष्ट्रीय सचिव सुश्री आशा लकड़ा भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान सभी 163 नवनिर्वाचित विधायक अपना नेता चुनेंगे। बैठक में मौजूदा मुख्यमंत्री एवं बुधनी से विधायक शिवराज सिंह चौहान के अलावा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन के जिम्मेदार नेता भी मौजूद रहेंगे। इस बीच नए मुख्यमंत्री के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मुरैना जिले के दिमनी से नवनिर्वाचित विधायक नरेंद्र सिंह तोमर का नाम भी लिया जा रहा है।

**विवाद** बफर जोन में समझौतों को तोड़ रही हैं चीनी सेना, भारतीय सेना बता रही उकसावे की कार्रवाई

## लद्दाख सीमा पर चीन की ड्रोन उड़ानों से सेना परेशान

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। समझौतों के बावजूद चीनी सेना लद्दाख के मोर्चे पर उन बफर जोनों में लगातार ड्रोन उड़ा कर भारतीय सेना को परेशान किए हुए है, जहां से दोनों पक्षों ने कुछ अरसा पहले अपने जवानों को रिट्रिट किया था। भारतीय पक्ष इसे उकसाने वाले कार्रवाई भी करार देता है।**

*लद्दाख के मोर्चे से मिलने वाली खबरें कहती हैं कि सेनाधिकारियों ने अपनी चिंताओं से सेना मुख्यालय को अवगत करवाते हुए कहा है कि इससे निपटने के उपाय तत्काल किए जाने चाहिए क्योंकि चीनी सेना की ड्रोन उड़ानें उनके सामारिक महत्व के ठिकानों को बार बार बदलने पर मजबूर कर रही हैं।*

***कई किमी घुस आई थी चीनी सेना***-*दरअसल लद्दाख सीमा पर बफर जोन उस समय बनाए गए जब मई 2020 में चीनी सेना लद्दाख के भीतर कई किमी तक घुस आई थी और बाद में हुए समझौतों के तहत भारतीय सेना को ही अपने क्षेत्रों से पीछे हटना पड़ा था। इन समझौतों में भारतीय सेना को अपने ही कई इलाकों में गश्त करने पर भी पाबंदी लगा दी गई थी। हालांकि सैन्य सूत्रों ने कहा कि चीन के हालिया कदम का मुकाबला करने के लिए, भारतीय सेना भी चीनी सेना की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अपने ड्रोन तैनात कर रही है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक सैटेलाइट इमेजरी से भी संकेत मिलता है कि चीनी सेना बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के विस्तार और अपने सैनिकों के लिए आवास के निर्माण के अलावा वास्तविक नियंत्रण रेखा अर्थात एलएसी पर अपने ड्रोन के बेड़े का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, आधिकारिक तौर पर, रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने चीनी सेना द्वारा बफर जोन पर ड्रोन के इस्तेमाल पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।*

***लोगों की आजीविका भी हुई प्रभावित***-*पिछले साल, लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद के एक निर्वाचित प्रतिनिधि ने बताया था कि कैसे बफर जोन के निर्माण ने स्थानीय लोगों की अपने पशुओं के लिए चरागाहों तक पहुंच को अवरुद्ध कर दिया है और उनकी आजीविका को नुकसान पहुचाया है।*

**मेघना गुलजार की फिल्म स्पाइडर में काम करेंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा**

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा फिल्मकार मेघना गुलजार की फिल्म स्पाइडर में काम करते नजर आ सकते हैं। मेघना गुलजार सच्ची घटना पर आधारित फिल्म स्पाइडर बनाने जा रही है।इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ जान्हवी कपूर भी नजर आएंगी। मेघना गुलजार पिछले एक साल से इस फिल्म की कहानी की स्क्रिप्ट पर काम कर रही हैं। मेघना गुलजार ने बताया कि यह फिल्म लोगों को हैरान कर देगी। इस फिल्म की शूटिंग 2024 से शुरू की जाएगी। फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा करेंगे।

# नेपोटिज्म की आलोचना करना आसान है, लेकिन सफलता टैलेंट पर निर्भर करती है : फलक नाज

**मुंबई,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। 'ससुराल सिमर का', 'लाल इश्क', 'डोली अरमानों की' जैसे शो का हिस्सा रह चुकीं एक्ट्रेस फलक नाज ने कहा है कि इंडस्ट्री में बड़ा ब्रेक पाने के लिए लगातार संघर्ष करना पड़ा और यह संघर्ष कनेक्शन पर बेस्ड नहीं था। अपने शुरुआती संघर्ष के दिनों के बारे में बात करते हुए, फलक ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो, जब मैं पहली बार यहां आयी थी, तो मेरा कोई कनेक्शन नहीं था। पहुंचने के बाद, मैंने गूगल पर प्रोडक्शन हाउस देखे और टेलीफोन डायरेक्टरी में नंबर पाए। मैं सीधे प्रोडक्शन हाउस जाऊंगी, अपना परिचय दूंगी और धीरे-धीरे कनेक्शन बनाऊंगी। 'अदालत' फेम एक्ट्रेस ने कहा कि मेरा मानना है कि नेटवर्किंग और रेफरेंस ज्यादा मायने नहीं रखते क्योंकि अगर आपके पास टैलेंट है, तो यह खुद बोलता है। नेपोटिज्म के बारे में बात करते हुए, 'बिग बॉस ओटीटी 2' कंटेस्टेंट ने कहा कि नेपोटिज्म आम है, लेकिन मेरा मानना है कि आज के दर्शक, चाहे बड़े पर्दे पर हो या टीवी पर, काफी समझदार हैं। वे टैलेंट को महत्व देते हैं, जैसा कि रणबीर कपूर जैसे अभिनेताओं ने दिखाया है, जिन्होंने फिल्मी परिवार से होने के बावजूद अपनी एक्टिंग से दुनिया भर में पहचान हासिल की। फलक ने कहा कि सफलता का दोष केवल नेपोटिज्म पर मढ़ना सही नहीं है, कई अभिनेता स्ट्रांग फैमिली से आते हैं। फैमिली कनेक्शन कई फील्ड्स में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जैसे डॉक्टरों या वकील का परिवार होना। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में नेपोटिज्म की आलोचना करना आसान है क्योंकि वहां थोड़ा विरोध है, लेकिन वास्तव में, सफलता व्यक्तिगत प्रतिभा पर निर्भर करती है।



## एचआईवी-रोधी दवाओं के प्रभाव को लेकर शोधकर्ताओं का खुलासा


# कोविड संक्रमण को रोकने में मदद कर सकती है एचआईवी की दवा

**सैन फ्रांसिस्को,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। एचआईवी (ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस) की दवा सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम वेरिएंट-कोविड 2 सहित कई कोरोनोवायरस से होने वाली बीमारियों को रोकने में कारगर है। एक शोध में यह पता चला है। शोधकर्ताओं ने पहले दिखाया है कि 'कोबिसिस्टैट' नामक एक बूस्टर दवा, जिसका उपयोग आम तौर पर एचआईवी-रोधी दवाओं के प्रभाव को बढ़ाने के लिए किया जाता है। 2020 की शुरुआत में यूरोप में फैलने वाले सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम वेरिएंट-कोविड 2 के खिलाफ एंटीवायरल गुण हो सकते हैं।

**'कोबिसिस्टैट' नामक एक बूस्टर दवा**

जर्नल एंटीवायरल रिसर्च में प्रकाशित शोध में शोधकर्ताओं ने जांच की कि क्या सार्स-कोविड-2 के चिंता के प्रमुख वेरिएंट (वीओसी) और मिडिल ईस्ट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम कोरोनवायरस (एमईआरएससीओवी) सहित अन्य कोरोनोवायरस के खिलाफ कोबिसिस्टैट के एंटी-सार्स-कोविड-2 गुणों को बनाए रखा गया था।

30 प्रतिशत से अधिक की मृत्युदर के साथ मिडिल ईस्ट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम कोविड बिना किसी वैक्सीन या विशिष्ट उपचार के पूरे मध्य पूर्व, अफ्रीका और दक्षिण एशिया में फैलता है। शोधकर्ताओं ने कोबिसिस्टैट के प्रभावों की तुलना रिटोनावीर के प्रभावों से भी की, जो संरचनात्मक रूप से समान है जो सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम वेरिएंट-कोविड 2 के एंटीवायरल उपचार के लिए वर्तमान स्वर्ण मानक, पैक्सलोविड के घटकों में से एक है। कैबिसिस्टैट और रिटोनाविर के एंटी-कोरोनावायरस प्रभावों की स्क्रीनिंग और समानांतर तुलना के लिए स्वचालित छवि विश्लेषण का उपयोग करते हुए शोधकर्ताओं ने पाया कि कैबोबिस्टैट और रिटोनावीर दोनों परीक्षण किए गए सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम वेरिएंट-कोविड 2 के सभी आठ वीओसी के साथ-साथ एमईआरएस सहित अन्य मानव कोरोनवीरस के खिलाफ कार्य करते हैं। शोधकर्ताओं ने कहा कि हमारे अध्ययन से पता चलता है कि सीवाईपी 3 ए,अवरोधक रिटोनावीर और अधिक हद तक कैबोबिस्टैट को स्वीकृत खुराक के नियमों को समायोजित करके विवो में संभावित रूप से प्राप्त सांद्रता पर व्यापक रूप से प्रभावी एंटी-कोरोनावायरस एजेंटों के रूप में पुन: उपयोग किया जा सकता है। निष्कर्षों से पता चला कि कैबोबिस्टैट, रिटोनावीर से अधिक प्रभावी है। दोनों दवाओं ने अच्छी तरह से खुराक पर इन विट्रो में एंटी-कोरोनावायरस गतिविधि का प्रदर्शन किया जो इस समय एचआईवी-रोधी दवा बूस्टर गतिविधि और पैक्सलोविड में उपयोग की जाने वाली दवाओं की तुलना में अधिक थी।






# 23 साल बाद 'दिल चाहता है' की 'जादुई' लोकेशन पर पहुंचे फरहान अख्तर

**मुंबई,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता और फिल्म निर्माता फरहान अख्तर ने पुरानी यादों की सैर की और कॉमेडी ड्रामा 'दिल चाहता है' के रिलीज के 23 साल बाद गोवा में चपोरा किले के प्रतिष्ठित स्थान को फिर से देखा। यह फिल्म फरहान के निर्देशन में बनी पहली फिल्म थी और इसमें आमिर खान (आकाश), सैफ अली खान (समीर) और अक्षय खन्ना (सिड) मुख्य भूमिकाओं में थे। शंकर महादेवन और क्लिंटन सेरेजो द्वारा गाया गया फिल्म का शीर्षक ट्रैक चपोरा किले में शूट किया गया था।

फरहान ने इंस्टाग्राम पर एक मनमोहक तस्वीर साझा की, जिसमें हम उन्हें दीवार पर बैठे पोज देते हुए देख सकते हैं। उनके साथ निर्देशक शुजात सौदागर भी हैं, जो 'रॉक ऑन 2' और 'बंबई मेरी जान' के निर्देशन के लिए जाने जाते हैं। फरहान गहरे भूरे रंग की जैकेट, टी शर्ट और नीली डेनिम पैंट पहने नजर आ रहे हैं। फोटो के साथ, उन्होंने लिखा, 'चापोरा किले में पहली बार हमने आकाश, सिड और समीर को जीवन के बारे में बात करते हुए फिल्माया। वह 23 साल पहले की बात है, बहुत कुछ बदल गया है लेकिन गोवा की गर्म, समुद्री-नमकयुक्त हवा वैसी ही बनी हुई है। कुछ जगहें बिल्कुल जादुई होती हैं।' पोस्ट कार्तिक आर्यन को पसंद आई। शुजात ने पोस्ट पर टिप्पणी की और कहा, शब्द नहीं, आपके साथ होना बहुत खास पल है और दिल चाहता है बनाने के लिए धन्यवाद। फरहान की पत्नी शिबानी ने लिखा, 'मेरे 2 पसंदीदा लोग एक जादुई फ्रेम में।' यह फिल्म तीन कॉलेज छात्रों के प्रेम जीवन और दोस्ती के इर्द-गिर्द घूमती है।



# रणबीर कपूर के साथ 'टेम्पटेशन आइलैंड' जाना चाहती हैं 'बिग बॉस' से एविक्ट हुईं सना रईस खान

**मुंबई,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। 'बिग बॉस 17' से एविक्ट हुईं सना रईस खान ने कहा कि उन्हें बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर 'लुभावने' लगते हैं।

हाल ही में एक बातचीत के दौरान, उन्होंने अपनी फैंटेसी शेयर की, जहां उन्होंने रणबीर के साथ 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' पर जाने की अपनी इच्छा जाहिर की।

सना ने रणबीर कपूर के बारे में बात करते हुए कहा कि मैं चाहूंगी कि मेरी 'प्यार की परीक्षा' किसी और के साथ नहीं बल्कि रणबीर कपूर के साथ हो। मुझे वास्तव में वह बहुत आकर्षक लगते है और मुझे लगता है कि उनके साथ किसी अज्ञात आइलैंड पर जाना और किसी रिश्ते को परखना एक ऐसा अनुभव होगा, जो किसी भी अन्य अनुभव से बेहतर होगा।

लेटेस्ट रिलीज 'एनिमल' के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे पता चला कि वह अपनी हालिया फिल्म में अपने नए लुक और शक्तिशाली अभिनय के साथ बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रहे हैं। अब जब मैं बिग बॉस के घर से बाहर आ गयी हूं तो मैं उनकी फिल्म देखने जरूर जाऊंगी। मुझे पूरा यकीन है कि मैं अब और ज्यादा उनकी फैन हो जाऊंगी! 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' जियोसिनेमा पर प्रसारित होता है।



# शरद, लहरीबाई व वैभव को प्राध्यापक यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार

**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। वंचितों को शिक्षा मुहैया करने के लिए शरद विवेक सागर (पटना, बिहार) को प्राध्यापक यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार में एक लाख रुपए की राशि, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह शामिल हैं। इसी तरह श्रीअन्न (मिलेट्स) के संरक्षण व संवर्धन के मौलिक कार्य हेतु लहरीबाई पडिया (डिंडोरी, मध्य प्रदेश) को, तथा दिव्यांगों के जीवनस्तर को बेहतर और आत्मविश्वास युक्त बनाने के लिएडॉ वैभव भंडारी (पाली, राजस्थान) को यशवंतराव केलकर पुरस्कार दिया गया है। रविवार को यह समारोह दिल्ली के बुराड़ी स्थित डीडीए ग्राउंड में विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन निमित्त बसाई गई टेंट सिटी में हुआ। यह पुरस्कार वर्ष 1991 से प्रा. यशवंतराव केलकर की स्मृति में दिया जाता है, जिन्हें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का शिल्पकार भी कहा जाता है। अभाविप के मुताबिक, अभाविप का वैचारिक अधिष्ठान, कार्यकर्ता विकास तथा कार्यपद्धति को स्थापित व निर्धारित करने में प्रा. यशवंतराव केलकर की महती भूमिका थी। पुरस्कार का उद्देश्य युवा सामाजिक परिवर्तनकारियों के कार्य को उजागर करना है।




पुरस्कार प्राप्त करने के बाद लहरीबाई पडिया ने कहा कि मोटे अनाज हमारे पाचन तंत्र को स्वस्थ रखते हैं, हमें इसका उपयोग करना चाहिए। भारतीय आहार व्यवस्था अत्यंत समृद्ध तथा पोषणयुक्त रही है, हमारी पीढ़ी के युवाओं को स्वस्थ रहने के लिए अपना खान-पान ठीक रखना होगा। यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार से सम्मानित शरद विवेक सागर ने कहा कि अभाविप 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन में मिला यह पुरस्कार मैं अपने पूर्व में मिले सभी पुरस्कारों से पृथक और पवित्र मानता हूं। यह पुरस्कार मेरे लिए विशिष्ट है। वहीं डॉ वैभव भंडारी ने कहा कि मैंने सार्वजनिक स्थानों पर दिव्यांगों के हितों से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया और अपनी दिव्यांगता के संघर्ष को कभी आड़े नहीं आने दिया।

# एआई जल्द ही आपकी फोटोज के जरिए बताएगा आपकी लाइफ की कहानी

**सैन फ्रांसिस्को,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। गूगल एआई तकनीक को लागू करके आपके फोटो के जरिए आपकी गुजरी हुई लाइफ की कहानी बताएगा। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, 'प्रोजेक्ट एलमैन' शीर्षक से सर्च रिजल्ट का उपयोग करने, यूजर्स की तस्वीरों में पैटर्न खोजने, एक चैटबॉट बनाने और 'पहले असंभव सवालों का जवाब देने' के लिए लेटेस्ट जेमिनी मॉडल जैसे बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) का उपयोग करने का विचार है।'

रिपोर्ट के अनुसार, 'प्रोजेक्ट एलमैन उन कई तरीकों में से एक है, जिनसे गूगल एआई तकनीक के साथ अपने प्रोडक्ट्स को बनाने या सुधारने का प्रस्ताव दे रहा है।' गूगल फ़ोटो के 1 बिलियन से अधिक यूजर्स और 4 ट्रिलियन फ़ोटो और वीडियो हैं। 'प्रोजेक्ट एलमैन' लेबल और मेटाडेटा वाले पिक्सेल की तुलना में यूजर्स की तस्वीरों का अधिक गहराई से वर्णन करने के लिए बीते पलों की जीवनियों और बाद की तस्वीरों का उपयोग करके कॉन्टेक्स्ट चित्रित कर सकता है। प्रोजेक्ट के अनुसार, 'हम आपके जीवन पर आंखों से देखा गया दृश्य डाले बिना कठिन सवालों का जवाब नहीं दे सकते या अच्छी कहानियां नहीं बता सकते।' परियोजना प्रस्तुति के अनुसार, 'हम एक सार्थक पलों की पहचान करने के लिए आपकी तस्वीरों में उनके टैग और स्थानों को देखते हैं। जब हम पीछे हटते हैं और आपके जीवन को उसकी संपूर्णता में समझते हैं, तो आपकी व्यापक कहानी स्पष्ट हो जाती है।' 'एलमैन चैट' के साथ, चैटजीपीटी ऑपनिंग की कल्पना करें लेकिन यह पहले से ही आपके जीवन के बारे में सब कुछ जानता है। आप इससे क्या पूछेंगे?' गूगल के एक प्रवक्ता ने कहा कि गूगल फ़ोटो ने हमेशा लोगों को उनकी फ़ोटो और वीडियो खोजने में मदद करने के लिए एआई का उपयोग किया है। और हम और भी अधिक उपयोगी अनुभवों को अनलॉक करने के लिए एलएलएम की क्षमता के बारे में उत्साहित हैं।






# प्यार में गलतियां नहीं निकाली जाती : करण कुंद्रा

**मुंबई,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक्टर और 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' के होस्ट करण कुंद्रा ने प्यार में स्पष्टता (क्लैरिटी) के महत्व पर जोर दिया, साथ ही कहा कि पार्टनर के पर्सपेक्टिव को समझने के लिए बातचीत की जरूरत होती है। 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' कपल्स को अपने रिश्तों की रियलिटी का सामना करने के लिए प्रेरित कर रहा है।हाल के बोनफायर एपिसोड में, करण ने प्यार की जटिलताओं पर विचार किया और कहा कि प्यार में गलतियां नहीं निकाली जातीं। इसके लिए पार्टनर के पर्सपेक्टिव को खोलने और समझने की जरुरत है।

# साइकलिंग से प्रदूषण होगा कम, सुरक्षित रहेगा प्राकृतिक संसाधन

***भदोही,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के भदोही साइकलिंग क्लब की ओर से रविवार को गोपीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान लोगों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए गए। अताउल अंसारी के नेतृत्व में निकाली गई साइकिल यात्रा मे शामिल प्रमुख चिकित्सक डॉ. एस एस यादव व बैंक प्रबंधक अनिरुद्ध साहू ने लोगों को जागरूक करते हुए डीघ विकास खंड के खत्रीपुर, रामपुर कायस्थान, गुदरीपुर गांव का भ्रमण किया।*

*गुदरीपुर मे प्रधान प्रतिनिधि गुलाब चंद तिवारी के साथ बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने साइकिल चालकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। जागरुकता अभियान की सराहना करते हुए कहा गया कि सुबह उठना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। स्वयं साइकिल यात्रा में शामिल होकर अमिलौर, बनका, रामपुरघाट आदि गांव मे हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पूरे भदोही को स्वस्थ्य बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का उद्घोष करते हुए लोगों को सुबह उठने,योग, व्यायाम करने, साइकिल चलाने के फायदे की जानकारी दी गई।*

*गौरतलब है कि अंसारी के नेतृत्व में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक रविवार को साइकिल यात्रा निकाली जा रही है। उनकी इस मुहिम में जिले के कई चिकित्सक,अधिकारी, अधिवक्ता, अध्यापक, युवा, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि शामिल हो रहे है। साइकिल यात्रा में प्रमुख रूप से अतुल शुक्ला, सोहराब अली, मंजूर आलम, आद्या तिवारी, अबरार हाश्मी, फिरोज अली, बद्रीनाथ मिश्रा, महमूद आलम, मंजूर आलम, फरहान अंसारी, नवाज अली, नायाब अंसारी, प्रवीण सिंह टंडन, इमरान अहमद सादिक हुसैन, सुशील सिंह आदि रहे।*

# पहचान खोता जा रहा विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला

- राष्ट्रीय मेले के दर्जे की आस
- सुई से लेकर हाथी तक खरीदने को मिल सकेगा
- आधुनिक झूले और वाटर फिश टनल लोगों को कर रहे आकर्षित

**हाजीपुर,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। बिहार में 'मोक्षदायिनी' गंगा और 'नारायणी' गंडक के संगम स्थल पर लगने वाले सोनपुर मेला की पहचान भले ही विश्व प्रसिद्ध 'पशु मेले' के रूप में रही है, लेकिन आज यह मेला अपनी पुरानी पहचान खोता जा रहा है। इस मेले के विषय में कुछ सालों पहले कहा जाता था कि यहां सुई से लेकर हाथी तक आपको खरीदने को मिल सकेगा, लेकिन सरकारी नियमों और कानूनों के कारण अब इस मेला का सिर्फ परंपरा निर्वाह किया जा रहा है। स्थानीय लोग इस ऐतिहासिक और पौराणिक मेले की पुरानी छवि लौटाने के लिए राष्ट्रीय मेले के दर्जे की मांग कर रहे हैं। इस साल घोड़े तो इस मेले में पहुंचे, लेकिन हाथी नदारद हैं। कार्तिक पूर्णिमा से प्रारंभ होकर एक महीने तक चलने वाले इस मेले में पहले घोड़ा दौड़ और हाथी स्नान का आयोजन होता था, लेकिन इस साल अब तक इसका आयोजन भी नहीं हुआ है, इससे लोग निराश हैं। हालांकि मेले में कुछ प्रदेशों के घोड़े आए हैं। इस साल इस मेले का उद्घाटन राज्य के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने 25 नवम्बर को किया था। इस मेले में इस साल कई आधुनिक झूले और वाटर फिश टनल लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। हाजीपुर के रहने वाले और दानापुर जेएनएल कॉलेज के प्रोफेसर अजीत सिंह ने कहा कि पशु मेला के रूप में विश्व विख्यात हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में पहले सैलानियों के मुख्य आकर्षण का केंद्र हाथी और घोड़ा होते थे। विभिन्न प्रतिबंधों की आड़ में इसके यहां लाने पर रोक लगा दी गई, तो दूसरे राज्यों से आने वाले दुधारू पशु पर भी रोक लग गई। हाथी के बाद बना मुख्य आकर्षण घोड़ा बाजार को भी समाप्त करने की साजिश शुरू हो गई है।



उन्होंने बताया कि पहले अफगानिस्तान के काबुल, मुल्तान से लेकर बेशकीमती अरबी घोड़े बिकने के लिए सोनपुर में आते थे। घोड़ा मंडी में घोड़ों की हर प्रजाति मिल जाती थी। इसकी खरीद के लिए घोड़ों के शौकीन सोनपुर आते थे। उत्तर प्रदेश और राजस्थान के साथ पंजाब से घोड़ों की खरीद के लिए शौकीन लोग आते थे। लेकिन, प्रदेश सरकार इस मेले के स्वरूप को ही छोटा करने में लगी है।

इतिहास के पन्नों को देखें तो यह प्रमाण मिलता है कि मुगल सम्राट अकबर के प्रधान सेनापति मान सिंह ने सोनपुर मेला में आकर शाही सेना के लिए हाथी एवं अस्त्र-शस्त्र की खरीदारी की थी। एक जमाने में यह मेला जंगी हाथियों का सबसे बड़ा केंद्र था।

# भावनाओं को भड़काने वाले 'एनिमल' फिल्म के दृश्यों को हटाएं : मोहम्मद

**अमृतसर,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएसएफ) ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को एक पत्र लिखकर फिल्म 'एनिमल' के कुछ दृश्यों पर उनकी आपत्ति व्यक्त की है, जिससे सिख भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है।

एआईएसएसएफ का प्रतिनिधित्व संरक्षक करनैल सिंह पीर मोहम्मद और अध्यक्ष एडवोकेट परमिंदर सिंह ढींगरा ने कहा कि उनका संगठन सीबीएफसी से दृढ़तापूर्वक अनुरोध करता है कि इन आपत्तिजनक दृश्यों को हटाने के लिए तुरंत कार्रवाई की जाए। आपत्तिजनक दृश्यों में रणबीर कपूर द्वारा सिगरेट पीते समय एक गुरसिख व्यक्ति के चेहरे पर धुंआ उड़ाना, संत कबीर साहिब के एक शबद का विरूपण, चरित्र 'अर्जन वेल्ली' में गुंडागर्दी का माहौल दर्शाया गया है, और एक अंतिम दृश्य जहां रणबीर कपूर शामिल हैं एक गुरसिख व्यक्ति की दाढ़ी पर कसाई का चाकू। ये दृश्य सिख समुदाय के सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों के प्रति गहरा अनादर प्रदर्शित करते हैं। पीर मोहम्मद ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) के अध्यक्ष से भविष्य में ऐसी फिल्मों के निर्माण को रोकने के लिए फिल्म निर्माताओं के खिलाफ उचित कार्रवाई शुरू करने की अपील की है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सिख सिद्धांतों का अपमान करने वाली फिल्मों की शीघ्र पहचान और रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए सीबीएफसी को अपने बोर्ड में सिख प्रतिनिधियों को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

देशबन्धु

रायपुर, सोमवार 11 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## महुआ : अदानी पर सवाल पूछने की सज़ा

भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की उस बात को एक बार फिर से सही साबित कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'देश में पहले क्रमांक पर गौतम अदानी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह उनके नीचे हैं।' शुक्रवार को जिस प्रकार से तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोईत्रा को लोकसभा की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया, उससे संदेश गया है कि जो भी अदानी के खिलाफ बोलेगा, उसकी आवाज़ ऐसे ही बन्द की जायेगी। वैसे अपनी सदस्यता जाने के बाद जिस प्रकार से महुआ ने अपनी लड़ाई जारी रखने के इरादे जाहिर किये हैं और सारा विपक्ष उनके समर्थन में लामबन्द हुआ है, उससे स्पष्ट है कि महुआ को लोकसभा से निकालना मोदी के लिये महंगा साबित हो सकता है।

मोदी सरकार द्वारा जिस तरह से एक के बाद एक सारी सार्वजनिक सम्पत्तियां अदानी के हवाले की जा रही हैं, उसे लेकर राहुल गांधी लगातार हमलावर रहे हैं। उन्होंने पिछले वर्ष सितम्बर में निकाली अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मोदी द्वारा अदानी को दिये जा रहे संरक्षण पर सवाल किये थे। बाद में उन्होंने मोदी-अदानी के रिश्तों को लोकसभा में भी उठाया था। इसके चलते गुजरात की एक अदालत में लम्बित मानहानि की याचिका के आधार पर इस साल के प्रारम्भ में राहुल की सदस्यता भी छिनी गई थी। महुआ भी मोदी सरकार के उसी कोप का शिकार हुई हैं। उन पर पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगाया गया था। यह मामला संसद की आचार समिति (एथिक्स कमेटी) के पास विचारार्थ गया था। समिति ने उन्हें इस बात का दोषी पाया कि उन्होंने एक समूह विशेष के खिलाफ ज्यादातर सवाल पूछे और इसके लिये अपना लॉग इन पासवर्ड बाहरी व्यक्ति को दिया। शुक्रवार को करीब 500 पन्नों की रिपोर्ट लोकसभा के पटल पर रखी गई और इस पर चर्चा के लिये बहुत अल्प समय रखा गया। अनेक सदस्य मांग करते रहे कि इस पर कुछ दिनों के बाद चर्चा हो ताकि सदस्यगण प्रस्तुत रिपोर्ट का ठीक से अध्ययन कर सकें। सरकार ने यह बात नहीं मानी और सदन में अपने बहुमत के बल पर महुआ की सदस्यता रद्द कर दी।

उल्लेखनीय है कि इसके पहले जब कमेटी के समक्ष उनका बयान हुआ था, तो उनसे बेहद अशिष्ट और अशोभनीय सवाल किये गये थे जो किसी भी महिला की गरिमा के खिलाफ थे। उन्हें वकील के जरिये जिरह की अनुमति भी नहीं मिल सकी थी जो कि किसी भी आरोपी का नैसर्गिक अधिकार होता है। सदन में महुआ के पक्ष में खड़े सदस्यों ने इस प्रक्रियागत त्रुटि की ओर ध्यान दिलाया परन्तु सम्भवत: उस कमेटी ने ऐसा सायास किया था जिसमें भाजपा के सदस्यों का बहुमत है। वैसे भी इस मामले में एथिक्स कमेटी ने जिस प्रकार से सुनवाई की, उसमें कई तरह की खामियां हैं। जिस निशिकांत दुबे की ओर से यह शिकायत दर्ज की गई थी, उनका प्रतिपरीक्षण (क्रॉस एक्जामिनेशन) नहीं हुआ। इसके अलावा महुआ को अपनी बात कहने का अवसर भी नहीं मिला- न तो कमेटी के सामने और न ही लोकसभा में। इसमें सबसे बड़ी कमी तो यह है कि उनके पास से कोई नगदी या वे वस्तुएं बरामद नहीं हुई हैं, जिनके बारे में कहा गया कि सांसद ने इसके एवज में सवाल किये थे। यानी कि आरोप को सही साबित करने के लिये कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये गये। फिर उनके खिलाफ आयकर, प्रवर्तन निदेशालय या सीबीआई तो दूर की बात है, पुलिस द्वारा भी अपराध दर्ज नहीं किया गया जो इसलिये होना था क्योंकि यह तो आपराधिक मामला बनता है।

बहरहाल, यह देश के सामने अब स्पष्ट हो गया है कि अदानी के बाबत प्रश्न पूछने का अर्थ है उसके लिये किसी को भी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। खासकर, अगर वह ऐसे मंच से बोले जिससे अदानी को किसी भी तरह का नुकसान होने का अंदेशा हो। चूंकि संसद में उठाये जाने वाले मामलों की गूंज न केवल देश भर में वरन पूरी दुनिया में सुनी जाती है, मोदी सरकार के लिये ऐसी आवाज़ों को बन्द कराना बहुत आवश्यक हो जाता है। जब हिंडनबर्ग रिपोर्ट आई थी तो अदानी की कम्पनियों के शेयर रातों-रात नीचे गिर गये थे। जैसा कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री सत्यपाल मलिक कह चुके हैं कि 'अदानी का पैसा मोदी का है और अदानी तो एक तरह से उनका मैनेजर है', यह कोई भला कैसे बर्दाश्त कर सकता है कि अदानी के बाबत कोई सवाल किये जायें?

जो कीमत पहले राहुल ने चुकाई वही अब महुआ को चुकानी पड़ रही है। जिस प्रकार पहले राहुल को सदन से निकालना मोदी व भाजपा को भारी पड़ा था, वैसे ही महुआ के मामले में भी होता दिखाई दे रहा है। सदस्यता जाने के बाद महुआ ने प्रेस के समक्ष मोदी को खुली चुनौती दी है कि वे बाहर भी अपनी लड़ाई जारी रखेंगी। जब वे मीडिया को सम्बोधित कर रही थीं, कांग्रेस की नेत्री सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित विपक्षी गठबन्धन इंडिया के कई नेता उनके साथ मौजूद थे। वहीं टीएमसी की सुप्रीमो व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने भी इसे लेकर मोदी सरकार के प्रति गुस्सा दिखाया और बड़ी लड़ाई का ऐलान किया जो बताता है कि महुआ अकेली नहीं हैं। महुआ एपीसोड ने सम्पूर्ण विपक्ष को एक कर दिया है। पांच में से तीन (राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़) राज्यों में मिली पराजय के कारण जो कांग्रेस कमजोर दिख रही थी, इंडिया समेत वह फिर से सशक्त दिख रहा है।

# अब भी राहुल सख्त नहीं हुए तो गुडबाय टाटा!

कहानी मत सुनो इनकी कहानी मालूम करो। तीन जीते हुए राज्यों को हारने के बाद कांग्रेस ने फटाफट इनकी समीक्षा बैठक कर ली। क्या नया निकला उसमें से? कुछ नहीं। जो खुद हार के जिम्मेदार हों वे क्या बताएंगे?

हम पहले भी कई बार लिख चुके हैं फिर लिख रहे हैं कि राहुल के पास नई कांग्रेस बनाने का मौका था। अब भी है। मगर वे खाली रिपेयर से काम चला रहे हैं। कांग्रेस के पास वह माध्यम ही खत्म हो गए हैं जिसके द्वारा वह अपनी बात लोगों तक पहुंचा पाए। जब मीडिया आपका साथ नहीं दे रहा। बल्कि यह कहना चाहिए कि पूरी तरह आपके खिलाफ है तो उसमें जाकर रोज अपना चेहरा दिखाने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करना चाहिए। यह प्राइवेट एजेन्सियां कांग्रेस इतना हायर करती है और पता नहीं कितना करोड़ों लेकर कांग्रेस को वह उतना ही हरवाती हैं जितना वह उनके बिना हार रही होती है। कुछ लोग तो यह भी कहते हैं कि यह उम्मीदवारों का सर्वे, विज्ञापन, प्रचार करने का ठेका लेने वाले अगर नहीं होते तो कांग्रेस के कुछ उम्मीदवार ज्यादा ही जीतते। ये जीताने वाले चुनाव विशेषज्ञ नहीं होते पैसा कमाने वाले धंधेबाज होते हैं।

अगर इनके सर्वे के हिसाब से ही टिकट मिले तो फिर टिकट बेचने की शिकायतें कहां से आ गईं? इनके लड़के और लड़कियां जो फील्ड में जाते हैं वे कौन होते हैं। दूसरे समय में वे सेल के काउंटरों पर सेल्समेन और सेल्स गर्ल का काम करते हैं। उन्हें किसी प्रोडक्ट की क्वालिटी के बारे में मालूम नहीं होता वह तो जिस चीज को आप उठाकर देखने लगो उसको कहने लगते हैं कि हां अच्छी है। ऐसे ही यह सर्वे वाले क्षेत्र में जाकर जो उनसे मिल लेता है। सेवा सत्कार कर देता है उसे सबसे लोकप्रिय उम्मीदवार बता देते हैं।

मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा सर्वे का हल्ला था। और कांग्रेस सबसे ज्यादा बुरी तरह मध्य प्रदेश में ही हारी है। छत्तीसगढ़ में तो कोई कह ही नहीं रहा था कि कांग्रेस हार भी सकती है। मगर अब वहां के अख़बार टिकट बेचने की खबरों से भरे पड़े हैं। कांग्रेस के नेता खुलेआम टिकट बेचने के आरोप लगा रहे हैं। राजस्थान मध्य प्रदेश में ऐसे ही आरोप लग रहे हैं।

कांग्रेस में यह तो पुरानी शिकायत है कि जितना पैसा उम्मीदवार को चुनाव लड़ने के लिए भेजा जाता है उसमें से बड़ा हिस्सा कमीशन के नाम पर काट लिया जाता है। लेकिन इस बार एक नई शिकायत और सुनने को मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सभा के इंतजाम के लिए 25-25 लाख रुपए हर जगह भेजे गए थे। उसमें से आधे खर्च किए जाते थे और आधे बांट लिए जाते थे। कांग्रेसी पार्टी अध्यक्ष को भी नहीं छोड़ते!

राहुल को यह सब चीजें मालूम करना चाहिए। जैसे उम्मीदवारों के सर्वे के लिए कहते हैं तीन-तीन एजेन्सियों से करवाया गया। वैसे ही हर राज्य के लिए दो या तीन लोगों को पहुंचाना चाहिए। पार्टी के। इसके अलावा राहुल को अपने आफिस के लोगों से भी थोड़ा काम लेना चाहिए। उन्हें भी फील्ड में भेजना चाहिए कि क्या हुआ, क्या हो रहा है मालूम करके आएं। और तीसरे उन प्राइवेट एजेन्सियों से पूछना चाहिए जिन्हें इतना पैसा दिया है कि लिखित में बताओ कि क्यों हारे?


शकील अख्तर

कांग्रेस बिना डंडे के नहीं मान सकती। भाजपा को चाहे जितनी आलोचना कांग्रेस करे। मगर आंख खोलकर यह देख ले कि वहां मोदी जी ने कैसा सबको सतर कर रखा है। एक हफ्ते से ज्यादा वक्त तक तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री पर माथापच्ची होती रही। मगर क्या मजाल कि कोई चूं भी कर जाए। जब देश की सत्ताधारी पार्टी का हाल ऐसा है तो कांग्रेस का अतिउदारवाद जो दरअसल ढीलापन है कैसे चलेगा!

यह तीनों राज्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान हारने के नहीं थे। कांग्रेस जीती हुई बाजी हारी है। दोषी कौन है? वही जो जीत जाते तो इसका श्रेय लेते। मध्य प्रदेश में कमलनाथ, राजस्थान में गहलोत और पायलट एवं छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव। यही तो गाल बजाते। 2018 में यही तो किया था। राहुल को एक रत्ती जीत का श्रेय नहीं दिया था। अब हारे हैं तो मानें अपनी गलतियां। क्या किसी ने कहा कि मैं इस्तीफा देता हूं?

मैं अपना अहंकार, गुटबाजी में लगे रहना, आत्ममुग्धता स्वीकार करता हूं? तीनों राज्यों की रिव्यू मीटिंग हो गई। कहीं पश्चाताप के स्वर सुनाई दिए। दिग्विजय ने 2003 की हार के बाद दस साल तक कोई पद नहीं लिया था। क्या इनमें से कोई ऐसा है जो एक साल भी बिना पद के रह सके?

कांग्रेस बिना डंडे के नहीं मान सकती। भाजपा को चाहे जितनी आलोचना कांग्रेस करे। मगर आंख खोलकर यह देख ले कि वहां मोदी जी ने कैसा सबको सतर कर रखा है। एक हफ्ते से ज्यादा वक्त तक तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री पर माथापच्ची होती रही। मगर क्या मजाल कि कोई चूं भी कर जाए। जब देश की सत्ताधारी पार्टी का हाल ऐसा है तो कांग्रेस का अतिउदारवाद जो दरअसल ढीलापन है कैसे चलेगा! महाजन येन गत:स पंथा:। इस समय का मार्ग यह ही है। और कांग्रेस भाजपा का क्यों माने? खुद उसकी नेता इन्दिरा गांधी सत्ता की मजबूत केन्द्र थीं। जिस राजस्थान में गहलोत और पायलट लड़ते रहे और राहुल कोई फैसला नहीं कर पाए। वहां इन्दिरा गांधी ने मोहनलाल सुखाडिया और हरिदेव जोशी जैसे नेताओं के बीच में से बरकतउल्लाह खान जैसे सामान्य कांग्रेसी को मुख्यमंत्री बना दिया था। और ऐसे ही जोशी और शिवचरण माथुर के झगड़े के बीच में से दलित जगन्नाथ पहाड़िया को मुख्यमंत्री बनाया था।

तो इन्दिरा ऐसे सख्त फैसले लेकर ही कांग्रेस की नेता बनी रह पाईं। हम उससे पहले 1969 का जिक्र नहीं कर रहे जहां इन्दिरा ने और कठिन फैसले लिए थे। इन्दिरा के टाइम में टिकट बेचने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता था। जैसे आज मोदी के समय में कोई सोच भी नहीं सकता। इतनी सख्ती तो जरूरी है। यूपी और बिहार में टिकट बेचने की हर बार कहानी आती है। और वहां कांग्रेस की हार का यह एक प्रमुख कारण है। मगर आज तक वह दलाल पकड़े नहीं गए।

क्या राहुल और प्रियंका को मालूम है कि कांग्रेस मुख्यालय में उनके बारे में कैसी बातें की जाती हैं। बाहर सोशल मीडिया, गोदी मीडिया और भाजपा के आईटी सेल में जो बातें आती हैं उनका उद्गम कांग्रेस से ही होता है। राहुल और प्रियंका की यह क्या मजबूरी है जो वे उपहास करने वाले चरित्रहनन करने वाले कांग्रेस के स्टाफ से लेकर पदाधिकारियों तक को सह रहे हैं? यहां तक कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे जी के साथ लगा दिए गए किस आदमी की निष्ठा कहां है यह किसी को क्या मालूम है? कुछ हजारों पर बिक जाने वाले लोग करोड़ों तो छोड़िए लाखों पर क्या-क्या कर सकते हैं इसकी क्या कांग्रेस नेतृत्व को खबर है?

आज राज्यसभा सदस्य धीरज साहू की चर्चा है। कांग्रेस कहती है हमसे कोई मतलब नहीं। अच्छा तो फिर इसे राज्यसभा सदस्य किसने बनाया था? राहुल सिर्फ यही पूछ लें कि 2008 में किसके कहने से इसे राज्यसभा दी गई थी? सीधा मैसेज चला जाएगा कि राहुल सब जानना चाहते हैं। सब लाइन में आ जाएंगे।

बाकी कांग्रेस स्वतंत्र है। जैसे 2012 के बाद से एडाकहिज्म (तदर्थवाद) पर चल रही है। वैसे अपने खत्म होने तक चल सकती है। राजनीति में शून्य (वैक्यूम) तो होता नहीं। कोई दूसरी पार्टी जगह भर देगी। लेकिन अगर कांग्रेस नहीं सुधरी तो उसे 2024 लोकसभा में भी कोई उम्मीद नहीं रखना चाहिए। आधे अधूरे मन से राजनीति करने का अब समय नहीं है। यह सोनिया गांधी और वाजपेयी के दौर में चल गया। अब मोदी का समय है। कठिन समय। अव्यवस्थित, अनुशासनहीन, निजी स्वार्थों में घिरी फौज के सहारे राहुल मोदी के एकछत्र नेतृत्व से नहीं लड़ सकते।

सख्ती करना होगी। सख्त दिखना होगा। अंग्रेजी का मुहावरा है हेड्स विल रोल! सिर लुढ़कते हुए दिखना चाहिए। मतलब शाब्दिक नहीं। मतलब यह है कि गुनाहगार सज़ा पाते हुए दिखना चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# इंडिया ब्लॉक में अभी भी है भाजपा से मुकाबले की क्षमता

■ नित्य चक्रवर्ती

राज्य विधानसभाओं के चुनाव परिणामों के विश्लेषण से पता चलता है कि कांग्रेस ने तीन हिंदी भाषी राज्यों - मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में इतना बुरा प्रदर्शन नहीं किया है, जैसा कि राष्ट्रीय मीडिया में प्रस्तुत किया जा रहा है। दरअसल 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इन तीन राज्यों की कुल 65 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2023 के राज्य विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने अपनी स्थिति में काफी सुधार किया है, हालांकि उम्मीदों से वह अभी भी काफी कम है।

इसका मतलब यह है कि आने वाले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस और उसके सहयोगियों का काम कठिन हो गया है, लेकिन फिर भी यह एक मुकाबले की दौड़ बनी रहेगी, बशर्ते विपक्षी इंडिया गठबंधन में सहयोगी राजनीतिक पार्टियां राज्य चुनाव परिणामों से सही सबक ले, सुधारात्मक उपाय करे, और व्यापक चुनावी दंगल में कूद पड़े। साथ ही लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को आकर्षित करने वाले कार्यक्रम के साथ आधारित जन अभियान चलाये।

विपक्षी दलों के लिए अभी समय महत्वपूर्ण है। जैसे कि संकेत मिल रहे हैं, लोकसभा चुनाव इस साल मार्च और अप्रैल में होने की संभावना है। पूरी संभावना है कि घोषणा फरवरी के दूसरे सप्ताह में की जायेगी और मतदान मार्च 2024 के दूसरे सप्ताह से शुरू होगा। 2019 में, चुनाव की घोषणा 10 मार्च को की गई थी, मतदान 11 अप्रैल को शुरू हुआ और 19 मई को सात चरणों में समाप्त हुआ। परिणाम 23 मई को घोषित किये गये।

भाजपा की इस बड़ी चुनौती का सामना करते हुए, इंडिया गठबंधन को बिना समय गंवाये पूरी एकजुट ताकत के साथ महासंग्राम के लिए खुद को तैयार करना होगा। दरअसल, लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुरू होने में महज तीन महीने बचे हैं। सीट बंटवारे की व्यवस्था और अभियान कार्यक्रम पर निर्णय लेने के लिए बैठक न करके इंडिया ब्लॉक द्वारा काफी समय बर्बाद किया गया है। राज्य चुनावों के बाद पहली पूर्ण बैठक अब इस महीने के तीसरे सप्ताह में होने की संभावना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व के लिए, 2019 के कार्यक्रम की तुलना में लोकसभा चुनावों को एक महीने पहले करना दो कारकों पर आधारित है। सबसे पहले अगले साल 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन किया जायेगा। उद्घाटन का संदेश पूरे देश में पहुंचाने के लिए भाजपा और संघ परिवार ने पहले ही बड़े पैमाने पर अभियान चलाने की घोषणा कर दी है। आरएसएस द्वारा निर्देशित यह अभियान 2024 के लोकसभा चुनावों के अभियान के साथ-साथ देश के दूरदराज के हिस्सों तक अपनी पहुंच बनायेगा।

दूसरा, नरेंद्र मोदी सरकार 2024-25 के लिए अंतरिम बजट फरवरी के पहले सप्ताह में पेश करने वाली है, संभवत: 1 फरवरी को। प्रधानमंत्री महिलाओं, युवाओं और आदिवासियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कल्याणकारी योजनाओं के विस्तार पर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के सलाहकार प्रस्तावित योजनाओं की संरचना पर काम कर रहे हैं जिनमें लक्षित आबादी के बीच तुरंत प्रभाव डालने की क्षमता हो सकती है। इसलिए हिंदुत्व और कल्याणवाद का यह संयोजन जिसने प्रधानमंत्री और भाजपा को नवीनतम राज्य विधानसभा चुनावों में अच्छा लाभांश दिया है, 2024 के चुनावों में मतदाताओं से अधिकतम समर्थन प्राप्त करने के लिए इसे और अधिक तेज और केंद्रित किया जायेगा।

भाजपा की इस बड़ी चुनौती का सामना करते हुए, इंडिया गठबंधन को बिना समय गंवाये पूरी एकजुट ताकत के साथ महासंग्राम के लिए खुद को तैयार करना होगा। दरअसल, लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुरू होने में महज तीन महीने बचे हैं। सीट बंटवारे की व्यवस्था और अभियान कार्यक्रम पर निर्णय लेने के लिए बैठक न करके इंडिया ब्लॉक द्वारा काफी समय बर्बाद किया गया है। राज्य चुनावों के बाद पहली पूर्ण बैठक अब इस महीने के तीसरे सप्ताह में होने की संभावना है। इस बैठक में चुनावी रणनीति की प्रक्रिया शुरू होनी है ताकि 2024 के चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए सहयोगियों के बीच अधिकतम एकता हासिल की जा सके।

एक बात का ध्यान रखना होगा। वन ऑन वन फॉर्मूला राष्ट्रीय स्तर पर लागू नहीं होता। यह राज्य विशिष्ट होना चाहिए। वहां पहले से ही एक निर्धारित पैटर्न मौजूद है। नवीनतम घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए इसे परिष्कृत किया जाना चाहिए। सीट बंटवारे की बातचीत पहले राज्य स्तर पर शुरू की जानी है लेकिन इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए कुछ केंद्रीय कोर टीम की आवश्यकता है क्योंकि राज्य स्तर पर प्रत्येक राजनीतिक दल के नेता को अपनी पार्टी के दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखना होगा, इसलिए मतभेद स्वाभाविक होंगे। राज्य इकाइयों को केंद्रीय निर्देश से ही इससे बचा जा सकता है।

सीट बंटवारे के फॉर्मूले की बारीकियों की बात करें तो राज्यों को तीन व्यापक श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है- पहला, वे राज्य जहां कांग्रेस भाजपा से लड़ने वाली मुख्य राजनीतिक पार्टी है, दूसरे, वे राज्य जहां क्षेत्रीय दल मुख्य चुनौती दे सकते हैं, और तीसरा जहां पहले से ही इंडिया गठबंधन की पार्टियों का गठबंधन काम कर रहा है। इसके अलावा, उत्तरपूर्व के राज्यों और जम्मू और कश्मीर भी हैं जो एक अलग श्रेणी के हैं।

जहां तक पहली श्रेणी का संबंध है, कांग्रेस इंडिया गुट में प्रभुत्व वाली पार्टी है। इसलिए, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल, हरियाणा, कर्नाटक, तेलंगाना, ओडिशा में हालिया विधानसभा चुनावों से सबक लेते हुए कांग्रेस मध्य प्रदेश में सपा और राजस्थान में सीपीआई (एम) के साथ कुछ समायोजन के बारे में सोच सकती है। छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में कांग्रेस सीपीआई के साथ कुछ समायोजन कर सकती है। लेकिन यह ध्यान में रखना होगा कि इंडिया गठबंधन की अन्य पार्टियाँ अपने-अपने समर्थन आधार के मामले में इन राज्यों में बहुत छोटी हैं। गैर-कांग्रेसी दलों को अपनी मांगों के मामले में व्यावहारिक होना चाहिए।

ओडिशा में कांग्रेस सीपीआई और सीपीआई (एम) के साथ तालमेल बिठा सकती है। दोनों वाम दलों के साथ यह गठबंधन राज्य में बीजद और भाजपा दोनों से लड़ने में भारतीय गुट के लिए मददगार होगा। ओडिशा में भाजपा फिर से उभरने की संभावना रखती है। यदि संभव हो तो कुछ सीमांत सीटों पर भाजपा को हराने के लिए बीजद के साथ भी समझौता किया जा सकता है।

दूसरी श्रेणी के राज्यों में, बंगाल में, तृणमूल कांग्रेस भाजपा के लिए निर्विवाद रूप से मुख्य चुनौती है। सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा राज्य में भाजपा और टीएमसी दोनों से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। अब सवाल यह है कि क्या कांग्रेस टीएमसी के साथ गठबंधन करेगी या सीपीआई (एम) नेतृत्व वाले फ्रंट के साथ रहेगी। कांग्रेस को इस पर जल्द फैसला करना चाहिए। किसी भी स्थिति में, बंगाल में ममता बनर्जी 2024 के चुनावों में भाजपा की लोकसभा सीटों को 2019 के 18 के आंकड़े से काफी कम करने की स्थिति में हैं।

दिल्ली और पंजाब आम आदमी पार्टी द्वारा शासित दो राज्य हैं जबकि कांग्रेस इंडिया ब्लॉक की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। पंजाब में भाजपा की हालत खराब है लेकिन दिल्ली में वह फिर से उभर रही है। दिल्ली में भाजपा को हराने के लिए आप और कांग्रेस का गठबंधन बेहद जरूरी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को दिल्ली की सभी सात सीटें मिली थीं।

इसी तरह, उत्तर प्रदेश में, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव राज्य में भाजपा विरोधी लड़ाई में प्रमुख व्यक्ति हैं, जो लोकसभा में 80 सांसद भेजता है। इस बार उत्तर प्रदेश से इंडिया गठबंधन को अपने सांसदों की संख्या बढ़ना जरूरी है। सपा को अपना एक मोर्चा मिल गया है और वह कांग्रेस द्वारा सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू होने का इंतजार कर रही है। कांग्रेस को जमीन पर अपनी वास्तविक ताकत के आधार पर बातचीत करनी होगी। पार्टी को यह समझाना होगा कि उसे जीत के लिए सपा पर निर्भर रहना होगा। इंडिया ब्लॉक को उत्तर प्रदेश में सफल सीट बंटवारे की व्यवस्था के लिए शरद पवार या नीतीश कुमार जैसे किसी अनुभवी को नियुक्त करना चाहिए। भाजपा ने 2024 चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से 75 सीटों का लक्ष्य रखा है। इंडिया ब्लॉक को इस आंकड़े को काफी हद तक कम करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि अधिकतम भाजपा विरोधी वोट इंडिया पार्टियों को जायें।

केरल में सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ एक-दूसरे के खिलाफ लड़ेंगे। वहां भाजपा कमजोर है। केरल से लोकसभा में उसकी एक भी सीट नहीं है। सभी 20 सीटें इंडिया ब्लॉक को मिलेंगी, भले ही किसी भी मोर्चे को मिलें।

तीसरी श्रेणी के लिए, भारत के नेतृत्व वाली पार्टियों के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारें तमिलनाडु, बिहार और झारखंड में काम कर रही हैं। गठबंधन का पैटर्न तय है, केवल मामूली समायोजन किया जा सकता है। बिहार में महागठबंधन को सीपीआई (एमएल) लिबरेशन को कम से कम दो सीटें और सीपीआई को एक सीट देने पर विचार करना होगा। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव दोनों लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक को ज्यादा से ज्यादा सीटें दिलाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन पर भरोसा किया जा सकता है। तमिलनाडु और झारखंड दोनों ही राज्यों में सीट बंटवारे को लेकर कोई दिक्कत आने की उम्मीद नहीं है।

चूंकि 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार का समय कम है, इसलिए इंडिया ब्लॉक को जल्द से जल्द अपने सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम के आधार पर एक संयुक्त अभियान की संभावना तलाशनी चाहिए। वास्तव में, कांग्रेस को दूसरी भारत जोड़ो यात्रा को इंडिया ब्लॉक की ओर से लोकसभा मतदाताओं के लिए जरूरी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने वाली यात्रा में बदलने के बारे में सोचना चाहिए। जनता में यह धारणा होनी चाहिए कि इंडिया गठबंधन की पार्टियां एक साथ हैं और एक साथ रहेंगी। एकजुट होकर हम उठते हैं, विभाजित होकर हम गिरते हैं। इसे लोकसभा चुनाव से पहले शेष महीनों के दौरान इंडिया गठबंधन की पार्टियों का मार्गदर्शन करना चाहिए।

## गुरवाणी विचार

### तुम करो दया मेरे साईं

काम, क्रोध, लोभ, झूठ, निंदा-इन ते आप छड़ावहो।
इह भीतर ते इनको डारहो, आपन निकटि बुलावहो।
अपनी विधि आप जनावहो, हरि जन मंगल गावहो।
बिसर नाही कबहुं हीये ते इह विधि मन माहि पावहो।
गुरु पूरा भेटिओ वडभागी जन नानक कतहि धाहो।

गुरवाणी की यह पंक्तियां सोरठ राग से ली गई है जो गुरुग्रंथ साहिब के 617 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक अर्जुन देवजी समस्त मानवों की तरफ से प्रभु परमात्मा से प्रार्थना कर रहे हैं कि हे प्रभु काम, क्रोध, लोभ, झूठ, निंदा इत्यादि जो बेकार हैं। इन सब से मुझे छुड़ा कर अपने चरणों में ले लेवें। ये पांच विकार हमें अपने वश में करना चाहते हैं और हर वक्त हम पर हावी होते रहते हैं। इनसे पूर्णरूप से तो छुटकारा नहीं पाया जा सकता पर प्रभु कृपा हो जाने पर इन पर काबू पाया जा सकता है और यह संभव भी तभी है जब प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष कृपा हो जाए। थोड़े-थोड़े रूप में हमें इन विकारों की भी जरूरत रहती है। अपने और अपने परिवार का उदर-पोषण करने हेतु धन की आवश्यकता होती है इसलिए लोभ और मोह थोड़ी मात्रा में जरूरी है अगर हम बिलकुल शांति से रहना चाहेंगे तो दुनिया हमें जीने नहीं देगी सांप अगर शांत रहे तो लोग पत्थर मार-मार कर अधमरा कर देंगे। इसलिए उसको भी फुंफकारना पड़ता है। अपनी रक्षा करने हेतु इसलिए हमें भी थोड़ी मात्रा में क्रोध की आवश्यकता होती है पर अधिक क्रोध अच्छा नहीं होता। इसलिए प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करते रहना चाहिए इन पांचों बटमारों को हम तभी वश में कर पाएंगे जब हम पर प्रभु परमात्मा की कृपा हो जाएगी। इसलिए हमें प्रभु परमात्मा अपना वरदहस्त रख देवें ताकि हम इनसे निजात पा लेवें।

तुम करो दया मेरे साईं,
ऐसी मति दीजै मेरे ठाकुर
सदा सदा तुझ घिआई।

प्रभु परमात्मा अपने भक्तों की स्वयं देखरेख करते रहते हैं और उन्हें प्रेरणा देते रहते हैं कि वे इस तरह साध संगत में जाकर प्रभु सिमरन में मन रमाएं।

अपने सेवक की आपे राखे आपे नाम जपावें।
जै जै कार किरत सेवक की ताहि ताहि उठ धावैं।

इस समस्त संसार की रचना प्रभु परमात्मा ने की है और रचना करने के बाद हर एक में विराजमान रहकर अपनी-अपनी गतिविधि का निरीक्षण करता रहता है। सुनार सोने के गहने बनाने तक या उसके बिकने तक ही उसमें मोह रखता है पर पभु अपनी रचना के अंदर हर वक्त बिराजमान रहता है।

घटि घटि में हरि जी औ बसे संतन कहयो पुकार।

इसलिए हमें चाहिए कि हम हर वक्त उस प्रभु परमात्मा की सिफत सलाह के गीत गाते रहें अर्थात उसकी सिमरन बंदगी में जुड़े रहें पर हमारे बहुत ही अच्छे भाग्य हों तभी हमारे मन की ऐसी स्थिति बन पाएगी। जब हमारे मन से मैं मैं की भावना खत्म हो जाएगी और जो किछ किया सो तूं किया ऐसी स्थिति बन जाएगी तभी हमारा कल्याण हो पाएगा। इसी बात को भक्त कबीर दास जी इस तरह समझा रहे हैं-

कबीर मैं मैं करता तूं हुआ।
मुझमें रहा न मुआ।।
जब आपा परका मिट गया जहां देखां तां तूं।।

इसलिए हमें मानव जीवन पाने का पूर्णरूप से लाभ उठाते हुए सब तरफ से ध्यान हटाकर प्रभु सिमरन में मन लगाए रखना चाहिए। अपना और अपने परिवार का उदर पोषण हेतु कार-विहार भी करना है। पर मन हर वक्त प्रभु परमात्मा से जोड़े रखना है।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### शराब कारोबारी और राज्यसभा सांसद से अकूत संपति मिलना आश्चर्यजनक

भ्रष्टाचार में डूबे और अकूत संपति के मालिक की करतूत देश ने अपनी आंखों से देखी है। तीन सौ करोड़ से ज्यादा के कैश गिन चुके आयकर अधिकारियों को और नकद मिले हैं जिसकी गिनती और आगे चलेगी। प्रधानमंत्री मोदी भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाना चाहते हैं। भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसियों की आंखों में धूल झोंककर तिजोरियां भरने वाले की देश में कमी नहीं है। सरकारी फरमान आते ही टैक्स चोरी की रकम सरकार को लौटानी ही पड़ती है। धीरज साहू ने हलफनामे में अपनी संपति का हवाला देते हुए 34.83 करोड़ रुपए बताया था। जांच एजेंसियों ने इस पर संज्ञान लेकर कई सबूतों के बाद उनके हर जगह रेड कर अकूत संपति पकड़ी है। जिस पार्टी के साथ तालुक है उसने सफाई में एक शब्द नहीं बोला है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद की मोटी रकम पकड़ी गई है उसके बाद कांग्रेस ने धीरज साहू के बारे में एक शब्द तक नहीं बोला है। धीरज साहू कांग्रेस की छत्रछाया में राज्यसभा पहुंच गए। दो नम्बर की अकूत संपति एकत्रित कर टैक्सचोरी करने वाले धीरज साहू को पुलिस संरक्षण की आवश्यकता होने के कारण राज्यसभा सदस्य बने हैं। क्योंकि ऐसे नेता बनकर सरकार से सुरक्षा प्रदान कर लेते हैं। झारखंड में पूजा के यहां से 17 करोड़ की नकदी मिली थी। पार्थ चटर्जी की महिला मित्र के यहां से 50 करोड़ की रकम मिली थी। ये तृणमूल कांग्रेस ममता बनर्जी की पार्टी से जुड़े हुए थे। उनके पास महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जांच एजेंसियों ने बरामद किए थे। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस का चेहरा बेनकाब हुआ है। ये सफाई देकर अपने आप को ईमानदार बताते हैं लेकिन इन लोगों से बेईमान कोई है जो देश में भ्रष्टाचार की वैतरणी पार करने में आगे रहते हैं। कारोबार करने से कोई आपत्ति नहीं है लेकिन आयकर नहीं चुकाने वाले को क्या नाम दिया जाए?

### ज्वालामुखी से सूर्य के तापमान को कम करने का उपाय मिला

धरती के तापमान को कम कर जलवायु परिवर्तन पर काबू पाने के लिए हमारे वैज्ञानिक एड़ी चोटी का जोर लगाकर प्रयास में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। सूर्य की गर्मी से धरती को बचाने की पहल करके वैज्ञानिक सिद्धि प्राप्त करने में सफ़ल होते जा रहे है। 2022 से धरती पर 1.26डिग्री तापमान बढ़ने से जीवन दूभर होता जा रहा है। यहां तक पशु-पक्षियों की हालत खराब हो गई थी। गर्मी के कारण पशुजगत की भी हालत बहुत खराब हुई, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है।वैज्ञानिकों की यह बड़ी सिद्धि की और बढ़ते कदम है। यह सिद्धि दुनिया के ललाट पर लिखने जा रहे हैं। धरती के तापमान को घटाने की खबर पढ़ने-सुनने से तर्कवादी सड़क पर आ जाते हैं लेकिन यह सत्य और मानने योग्य इसलिए है कि यह दुनिया के महान वैज्ञानिकों की सिद्धि है। कदम-कदम पर शोधकर्ताओं द्वारा उपलब्धि हासिल कर सफलता हासिल की है। इस पर वैज्ञानिक स्तर पर बहुत विचार विमर्श हो रहा है। इस पर शोध कार्य चल रहा है। ज्वालामुखी फटने से इसका आइडिया आया था जिससे वैज्ञानिकों ने शोध शुरू कर दी है। इसमें सफलता के करीब हैं। बढ़ते तापमान पर शोधकर्ताओं का विचार है कि 2030 तक धरती का तापमान 2.5 डिग्री तक बढ़ सकता है। इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटने की घटना सामने आई थी। 1815 में घटना घटित हुई थी और दूसरी घटना 1991 की साल में फिलीपाइन्स में बनी थी। ज्वालामुखी फटने के बाद थोड़े समय मे ग्लोबल टेम्परेचर घटा था। ज्वालामुखी विस्फोट होता है तो वायुमंडल में जम जाता है। ज्वालामुखी विस्फोट करके आर्टिफिशियल घुमस पैदा करने में वैज्ञानिक सफल होते दिखाई दे रहे हैं जिससे धरती की गर्मी को कम किया जा सकता है। बढ़ते तापमान से धरती पर जनजीवन पर सीधा असर पड़ता है। दूसरी तरफ अनहोनी की संभावना है। दुनियाभर की प्रजाति अपने-अपने स्तर बदलाव की तरफ बढ़ रही है। विश्व के वैज्ञानिक इस उपलब्धि की तरफ कदम बढ़ा चुके हैं।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# देश विदेश

## ईरान में मिनी रिफाइनरी में लगी भीषण आग

**तेहरान।** ईरान के दक्षिण खुरासान प्रांत में एक तेल रिफाइनरी में रविवार सुबह भीषण आग लग गई, जिससे कई गैस भंडारों में एक साथ विस्फोट हो गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अर्ध-आधिकारिक तस्नीम समाचार एजेंसी के हवाले से बताया कि स्थानीय समय के अनुसार सुबह 8:45 बजे मिनी-रिफाइनरी के जलाशयों में से एक में आग लग गई। जब अग्निशामक अजरन सनात बरसावा कंपनी की रिफाइनरी में आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे थे, तो यह आसपास के अन्य भंडारों में फैल गई, जिससे उनमें एक साथ विस्फोट हो गया।

# अमेरिका के गाजा युद्धविराम प्रस्ताव पर वीटो करने से कई देश निराश

**संयुक्त राष्ट्र,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस मसौदा प्रस्ताव को

■ **मसौदा प्रस्ताव में गाजा में तत्काल मानवीय युद्धविराम की मांग की गई थी**

वीटो करने के बाद कई देशों ने वाशिंगटन के कृत्य पर निराशा और खेद जताया। मसौदा प्रस्ताव में गाजा में तत्काल मानवीय युद्धविराम की मांग की गई थी।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी



प्रतिनिधि झांग जून ने निराशा व्यक्त करते हुए कहा, हम बहुत निराशा और खेद व्यक्त करते हैं कि मसौदे को अमेरिका ने वीटो कर दिया है। झांग ने कहा, दो महीने की लड़ाई में पहले ही अभूतपूर्व मात्रा में मौतें और विनाश हुआ है और तत्काल युद्धविराम सबसे बड़ी शर्त है। संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन के स्थायी पर्यवेक्षक रियाद एच. मंसूर ने बताया कि यह बेहद अफसोसजनक और विनाशकारी है कि परिषद को अपनी जिम्मेदारी निभाने से रोका गया। संयुक्त राष्ट्र में संयुक्त अरब अमीरात के उप स्थायी प्रतिनिधि मोहम्मद अबूशाहब ने इसके परिणाम पर गहरी निराशा व्यक्त की। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह निराशाजनक परिणाम उनके देश को परिषद के सदस्यों से कार्रवाई करने और गाजा में हिंसा को समाप्त करने के लिए आग्रह करने से नहीं रोकेगा। संयुक्त राष्ट्र में रूस के पहले उप स्थायी प्रतिनिधि दिमित्री पोलांस्की ने कहा कि आज का दिन मध्य पूर्व में सबसे काले दिनों में से एक बन जाएगा, क्योंकि अमेरिका ने एक बार फिर युद्धविराम के आह्वान को रोक दिया है। संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस के स्थायी प्रतिनिधि निकोलस डी रिवियेर ने कहा कि उन्होंने मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। उन्होंने कहा कि फ्रांस संकट के सभी पहलुओं पर परिषद को पूरी तरह से सक्रिय करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा, चाहे वह सुरक्षा, मानवीय या राजनीतिक हो। संयुक्त राष्ट्र में जापान के स्थायी प्रतिनिधि इशिकाने किमिहिरो ने कहा कि उनके प्रतिनिधिमंडल ने मसौदे के पक्ष में मतदान किया।

## हमास के लोगों ने दक्षिण गाजा में आत्मसमर्पण किया



**तेल अवीव।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने रविवार को दावा किया कि हमास के दर्जनों लोगों ने दक्षिण गाजा में उसके समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आईडीएफ के सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के दौरान हमास के लोगों ने खुलासा किया कि उनके पास आत्मसमर्पण करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था क्योंकि उनके नेतृत्व ने उन्हें छोड़ दिया था। आईएएनएस ने शनिवार को खबर दी थी कि हमास नेता याह्या सिनवार अपनी पहचान छिपाकर एक मानवीय काफिले में उत्तरी दिशा से दक्षिण गाजा भाग गया था। जबल्या और खान यूनिस में नग्न आतंकवादियों की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही हैं और आईडीएफ सूत्रों ने संकेत दिया है कि आईडीएफ याह्या सिनवार और मोहम्मद दीफ के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए आत्मसमर्पण करने वाले लोगों से विस्तृत पूछताछ कर रहा है, जिन्हें 7 अक्टूबर के नरसंहार का मास्टर माइंड माना जाता है।

## गाजा पर रूस के साथ बढ़ते तनाव के बीच नेतन्याहू ने पुतिन से बात की



**तेल अवीव।** गाजा में इजरायल-हमास युद्ध को लेकर दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की। इजराइली पीएमओ ने कहा, प्रधानमंत्री ने पुतिन से करीब पचास मिनट तक बात की। हाल ही में न्यूयॉर्क में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में रूसियों ने एक प्रस्ताव का समर्थन किया था, जिसमें गाजा में युद्धविराम और शांति का आह्वान किया गया था, जबकि अमेरिका ने प्रस्ताव पर वीटो कर दिया था और ब्रिटेन मतदान से अनुपस्थित रहा था।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 11 दिसम्बर, 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 14

### राशिफल

मेष - आज के दिन का आरंभ बहुत अच्छा होगा। शारीरिक और मानसिक आरोग्य अच्छा बना रहेगा। दोपहर के बाद नए काम करने की सलाह आपको नहीं दी जाती है। वाणी और व्यवहार पर संयम बरतें।

वृषभ - व्यापार में यश और सफलता मिलेगी। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा। आर्थिक लाभ होगा। विरोधियों को पीछे छोड़ पाएंगे। दोपहर बाद मनोरंजन में आपका ध्यान रहेगा।

मिथुन - आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रह सकते हैं।

कर्क - हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। जमीन और वाहनों से जुड़ी समस्या आपको हो सकती है।

सिंह - आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए काम के लिए अच्छा समय है। किसी लाभदायक निवेश में आप रुचि ले सकते हैं।

कन्या - आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें, इससे विवाद होने से बच जाएगा। परिजनों के साथ बातचीत में संयम बरतें।

तुला - आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। विचारों में दृढ़ता बनी रहेगी। नए वस्त्र, आभूषण या मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा।

वृश्चिक - आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें। दोपहर के बाद शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य में दिक्कत रहेगी।

धनु - व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। काम में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम होगा। व्यापारीवर्ग को भी लाभ होगा।

मकर - आज का दिन मैरीड कपल के लिए आनंदमयी रहेगा। परिजनों के साथ खुशी का वातावरण बना रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। व्यवसाय में अनुकूल समय है। नौकरी में साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा।

कुंभ - आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

मीन - आज आपको वाणी में संयम रखने की सलाह दी जाती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक उन्नति के लिए दिन अच्छा है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से अमेरिकी लोकतंत्र को खतरा : बाइडेन

**वाशिंगटन,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि देश में राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ में शामिल पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश में लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा कर दिया है। श्री बाइडेन ने लॉस एंजिल्स में एक स्वागत समारोह में कहा, मेरा मानना है कि अमेरिकी लोकतंत्र का भविष्य दांव पर है। वस्तुत:, सब कुछ दांव पर है। मैं स्पष्ट कर दूं।डोनाल्ड ट्रम्प देश के लिए कई ख़तरा पैदा करते हैं, चुनने के अधिकार से लेकर नागरिक अधिकारों से लेकर मतदान के अधिकार और दुनिया में अमेरिका की स्थिति तक। लेकिन ट्रम्प ने जो सबसे बड़ा खतरा पैदा किया है, वह हमारे लोकतंत्र के लिए है, क्योंकि अगर हम इसे खो देते हैं, तो हम सब कुछ खो देते हैं। श्री बाइडेन ने सप्ताह की शुरुआत में मैसाचुसेट्स में बोस्टन रिसेप्शन में कहा कि अगर श्री ट्रम्प ने फिर से प्रचार करने का फैसला नहीं किया तो उन्हें यकीन नहीं था कि वह 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में भाग लेंगे। 'द वॉल स्ट्रीट' जर्नल ने कल एक सर्वेक्षण प्रकाशित किया, जिसके अनुसार 53 प्रतिशत अमेरिकी मतदाताओं ने कहा कि श्री बाइडेन की नीतियों ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से नुकसान पहुंचाया है।

## भारतीय नौसैनिक जहाज 'सुमेधा' केन्या के लामू बंदरगाह पहुंचा



**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। अफ्रीका में चल रही लंबी दूरी की तैनाती के एक हिस्से के रूप में, भारतीय नौसेना जहाज सुमेधा केन्या के लामू बदंरगाह पर पहुंचा है। नौसेना का यह जहाज आधुनिक हथियारों व उन्नत उपकरणों से लैस है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यह आगमन केन्या में हाल ही में विकसित बंदरगाह पर किसी भी भारतीय नौसेना जहाज द्वारा प्रथम बंदरगाह कॉल का प्रतीक है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पोर्ट कॉल के दौरान, दोनों नौसेनाओं के कर्मी पेशेवर बातचीत, डेक दौरे और खेल आदान-प्रदान की एक विस्तृत श्रृंखला में शामिल होंगे। इसका उद्देश्य आपसी सहयोग को बढ़ाना और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान करना है। यात्रा के हिस्से के रूप में एक संयुक्त योग सत्र, डेक रिसेप्शन, चिकित्सा शिविर और एक समुद्री साझेदारी अभ्यास की योजना बनाई गई है। भारतीय नौसेना जहाज (आईएनएस) सुमेधा भारतीय नौसेना की स्वदेशी रूप से विकसित सरयू-श्रेणी की तृतीय श्रेणी है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 7 मार्च, 2014 को शुरू

■ **नौसेना का यह जहाज आधुनिक हथियारों व उन्नत उपकरणों से है लैस**

किया गया यह जहाज स्वतंत्र रूप से और बेड़े के संचालन के समर्थन में कई भूमिकाओं के लिए तैनात किया गया है। यह जहाज हथियारों और सेंसरों की एक श्रृंखला से सुसज्जित है और बहु-भूमिका वाले हेलीकॉप्टर वहन करने की क्षमता रखता है। यह विशाखापत्तनम स्थित भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का हिस्सा है और फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पूर्वी नौसेना कमान के परिचालन कमान के अन्तर्गत कार्य करती है।

भारतीय नौसेना के जहाजों को भारतीय नौसेना के 'मित्रता के संबंध' बनाने और मित्र देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के मिशन के हिस्से के रूप में नियमित रूप से समुद्र पार के देशों में तैनात किया जाता है।

## बीएनपी ने मांगों को लेकर 12 दिसंबर से 36 घंटे की नाकेबंदी का ऐलान किया

**ढाका,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने गैर-पार्टी अंतरिम सरकार के तहत चुनाव सहित अपनी मांगों पर दबाव बनाने के लिए 12 दिसंबर से 11वें दौर की नाकाबंदी का आह्वान किया है। द ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बीएनपी के संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिज़वी ने कहा कि नाकाबंदी 12 दिसंबर (मंगलवार) को सुबह 6 बजे शुरू होगी और अगले दिन शाम 6 बजे समाप्त होगी।

नाकाबंदी के दौरान एम्बुलेंस, ऑक्सीजन ले जाने वाले वाहन और प्रेस वाहनों को छूट दी जाएगी। पुलिस के साथ झड़प के दौरान गिरफ्तार किए गए बीएनपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को रिहा करने, एक गैर-पार्टी अंतरिम सरकार के तहत चुनाव कराने के लिए अवामी लीग सरकार पर दबाव बनाने के लिए नाकाबंदी का आह्वान किया जा रहा है।

**11वें दौर की नाकाबंदी का आह्वान**

रिजवी ने आरोप लगाया कि अवामी लीग सरकार अपने तरीके से चुनाव कराना चाहती है और इसीलिए वह हमारे मानव श्रृंखला कार्यक्रम में बाधा डाल रही है और कार्यकर्ताओं पर अत्याचार कर रही है। बीएनपी ने रविवार को मानव श्रृंखला कार्यक्रम बुलाया, जिसमें पार्टी के शीर्ष नेताओं और राजनीतिक हत्याओं के पीड़ितों के परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया। बांग्लादेश में चुनाव 7 जनवरी 2024 को होने हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**आदिवासी नेता विष्णुदेव साय...**

1990 में उन्होंने पहली बार जिले के तपकरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और जीतकर अविभाजित मध्यप्रदेश में विधायक बने। 1999 से 2014 तक लगातार तीन बार रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित हुएष्ठ 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार में इन्हें केन्द्रीय इस्पात राज्य मंत्री का उत्तरदायित्व दिया गया था। साय को संगठन में काम करने का भी लंबा अनुभव है। पार्टी ने उन्हें 2006 और 2020 में दो बार प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा। वर्तमान में विष्णुदेव साय भाजपा के राष्ट्रीय कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य हैं।

**बैठक में लगी नाम पर मुहर**

छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री चुनने के लिए प्रदेश में तीन पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई थी। भाजपा विधायक दल की बैठक में विष्णुदेव साय के नाम पर मुहर लगाई गई। छत्तीसगढ़ में तीनों पर्यवेक्षकों ने विधायक दल के नेता के नाम का एल

**वीर नारायण सिंह को दी श्रद्धांजलि**

सरकार बनाने का दावा पेश करने के बाद विष्णदेव साय राजधानी रायपुर के जयस्तंभ चौक पहुंचे। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह की मूर्ति पर माल्यापर्ण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि है इसलिए उन्हें श्रद्धांजलि देने आए हैं। भाजपा वास्तव में आदिवासी कौम की चिंता करती है। कांग्रेस ने इन्हें सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। भाजपा ने ही आदिवासियों के कल्याण के लिए अलग मंत्रालय का गठन किया है

## आज का इतिहास

1618 - रूस और पौलेंड के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए।
1687 - ईस्ट इंडिया कंपनी ने मद्रास (अब तमिलनाडु भारत) में नगर निगम बनाया।
1790 - रूस-तुर्की युद्ध (1787-92)= 26,000 तुर्की सैनिकों ने इजैमेल के अलेक्जेंडर सवोरोव के तूफान के दौरान अपना जीवन खो दिया।
1816 - इंडियाना अमेरिका का 19वां राज्य बना।
1845 - प्रथम आंग्ल सिख युद्ध शुरू हुआ।
1911 - मिस्र के उपन्यासकार नजीब महफूज का जन्म। वह साहित्य का नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले अरबी लेखक बने।
1930 - सी वी रमन को भौतिकी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।
1941 - द्वितीय विश्व युद्ध= जर्मनी और इटली ने संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1946 - डॉ? राजेन्द्र प्रसाद भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।
1946 - संयुक्त राष्ट्र द्वारा युनिसेफ की स्थापना की गई।
1967 - पश्चिम भारत में 6.5 की तीव्रता वाले भूकंप से 170 लोगों की मौत हुई।
1972 - अपोलो 17 (प्रतीक चिन्ह), अंतिम अपोलो चंद्रमा मिशन, चंद्रमा पर उतरा।
1983 - बँगला देश के मुख्य मार्शल लॉ प्रशासक मोहम्मद इर्शाद ने स्वयं को राष्टपति घोषित किया।
1994 - राष्टपति बोरिस येल्तसिन के आदेश से रूसी सैनिकों ने चेचन्या में प्रवेश किया।
1997 - ग्रीन हाउस गैसों में कमी लाने के लिए क्योटो संधी पर हस्ताक्षर किए गए।
2001 - चीन को विश्व व्यापार संगठन में प्रवेश मिला।
2013 - भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 2009 के दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले को पलट दिया जिसमें सहमति से व्यक्तियों द्वारा समलैंगिक कृत्यों को वैध बनाया गया था।

**बयान** शरीफ ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई

## नवाज शरीफ ने पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते सुधारने पर दिया जोर

**लाहौर,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने भारत, अफगानिस्तान और ईरान सहित पड़ोसी देशों के साथ राजनयिक संबंधों को सुधारने पर जोर देते हुए कहा कि इस्लामाबाद की वैश्विक विश्वसनीयता उन देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों पर निर्भर है, जिनके साथ देश की सीमाएं लगती हैं। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि अगर किसी देश के पड़ोसी देश उससे नाराज हैं तो वैश्विक मंच पर उसे गंभीरता से लिए जाने की उम्मीद नहीं की जा सकती।

तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, अफगानिस्तान और ईरान के साथ संबंधों में सुधार और चीन के साथ संबंधों को मजबूत करना उनकी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन (पीएमएल-एन) के एजेंडे में है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, 1999 की घटनाओं को याद करते हुए, उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने कारगिल युद्ध का विरोध किया था। यह स्पष्ट करते हुए कि



कारगिल के दौरान उनका रुख कमजोरी का संकेत नहीं था, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब राष्ट्रीय हित और सुरक्षा के मामलों की बात आती है, तो वे अतीत में विश्व शक्तियों को अस्थिर करने के बावजूद परमाणु परीक्षण करने जैसे कठोर निर्णयों से पीछे नहीं हटे। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की मौजूदा स्थिति के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेही का सामना करना चाहिए। हालांकि, शुक्रवार को अपने पिछले संबोधन के विपरीत, उन्होंने नाम लेने से परहेज किया।

## पाकिस्तान में पांच आतंकवादी मुठभेड़ में ढेर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के टैंक जिले में एक ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा, ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों के कब्जे से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटकों का एक जखीरा भी बरामद किया गया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने आईएसपीआर के हवाले से बताया कि खुफिया आधारित ऑपरेशन अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तर पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा के मुल्लाजई इलाके में चलाया गया। इसमें कहा गया है कि आतंकवादी जबरन वसूली और निर्दोष नागरिकों की हत्या सहित कई अपराधों में शामिल थे।

## सुडोकू 6402


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | | 4 | |
| | | 5 | | 4 | | 6 | | |
| 4 | 3 | 8 | 2 | | | | | |
| | | | | 2 | | | 6 | |
| 7 | | 3 | | | | 1 | | 2 |
| | 4 | | | 8 | | | | |
| | | | | | 2 | 7 | 9 | 4 |
| | | 2 | | 3 | | 5 | | |
| | 6 | | 7 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6402



**बायें से दायें:-**

१. विवाह की एक रस्म
४. निरपराध, निर्दोष (उर्दू)
६. छुटकारा, मुक्ति (उर्दू)
७. जन्म देना, जनन
८. धनी, समृद्ध
१०. दहाड़
११. वीरान, निर्जन
१३. शिशु की अवस्था, बाल्यकाल
१४. ढीला, सुस्त
१५. चौकन्नापन, जागरुकता
१७. कबीर के पदों का संग्रह
१८. ध्वनि, शब्द
२१. बाजगरी
२२. गणेश
२४. राजा, सम्राट (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. निस्तेज, मुरझाया हुआ
२. झूठी बात
३. विवाह करना
४. जो लेन-देन के मामले में खरा न हो (उर्दू)
५. नाव खेने वाला, नाविक (उर्दू)
९. खून बढ़ाने वाला
११. कमल
१२. राहिल्य
१३. पार्वती, पर्वतपुत्री
१४. उलाहना (उर्दू)
१५. सर्वविदित, सबके सामने (उर्दू)
१६. बड़ा हाथी
१८. डांट, फटकार
१९. दखलंदाजी
२०. स्थान (उर्दू)
२३. देवदूत (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6401



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### गाजा की आधी आबादी भूख से मर रही है : संयुक्त राष्ट्र

**न्यूयॉर्क,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि युद्धरत गाजा की आधी आबादी भूख से मर रही है क्योंकि आवश्यक आपूर्ति का केवल एक भाग ही गाजा पट्टी के अंदर पहुंच पा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के उप निदेशक कार्ल स्काऊ ने शनिवार को कहा, आवश्यक आपूर्ति का केवल एक अंश ही गाजा पट्टी में प्रवेश कर पा रहा है और 10 में से नौ लोगों को हर रोज खाना नहीं नसीब हो पा रहा है। श्री स्काऊ ने कहा कि गाजा में ऐसी स्थितियां हैं कि वहां आवश्यक सहायता सामग्रियों का पहुंचना 'लगभग असंभव' हो गया है। इजरायल का कहना है कि हमास को खत्म करने और इजरायली बंधकों को घर लाने के लिए उसे गाजा पर हवाई हमले जारी रखने होंगे। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल रिचर्ड हेचट ने कल बीबीसी से कहा, किसी भी नागरिक की मौत और उनकी तकलीख तथा पीड़ा की स्थिति दर्दनाक है, लेकिन हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। हम गाजा पट्टी के अंदर जितना संभव हो सके उतना पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

# खेल जगत

## आंद्रे रसेल की वेस्टइंडीज टी20 टीम में वापसी



**बारबाडोस,** 10 दिसंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ पांच घरेलू टी-20 मैचों की सीरीज से पहले वेस्टइंडीज की टीम में आंद्र रसेल की वापसी हुयी है। रसेल आखिरी बार 2021 में संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज टीम के साथ दिखे थे। टी20 के धाकड़ बल्लेबाज ने अपने करियर में 167 के स्ट्राइक रेट से करीब 8000 रन बनाए हैं। नई टीम में उनके साथ मैथ्यू फोर्ड भी शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में प्रभावित किया था और हाल के घरेलू टी20 सीज़न में सफलता के शीर्ष पर रहे थे। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि चोट से उबरने के बाद शेरफेन रदरफोर्ड और स्पिनर गुडाकेश मोती को भी टीम में शामिल किया गया है, जिसके कारण उन्हें भारत सीरीज से बाहर होना पड़ा। शाई होप को रोवमैन पॉवेल की जगह टी-20 टीम का उप-कप्तान नियुक्त किया गया है, जिससे उनकी वेस्टइंडीज वनडे टीम के कप्तान की भूमिका भी जुड़ जाएगी।

# धोनी के लिए लीजेंड्स लीग दरवाजे खुले



**सूरत,** 10 दिसंबर (एजेंसियां)। लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) पिछले कुछ वर्षों में दुनिया भर के कई दिग्गज क्रिकेटरों का पसंदीदा टूर्नामेंट बन गया है। गौतम गंभीर, सुरेश रैना और हरभजन सिंह से लेकर यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल, हरफनमौला जैक्स कैलिस और अन्य तक, यहां क्रिकेट के मैदान पर बेखौफ अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। कई लोगों के लिए एलएलसी एक स्वाभाविक दूसरी पारी बन गया है, जो उन लोगों के लिए एक मंच प्रदान करता है जो अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट या आईपीएल से जल्दी सेवानिवृत्त हुए हैं।

हाल ही में रांची में प्रतिष्ठित क्रिकेटर एमएस धोनी के साथ बैठक के बाद, एलएलसी के सीईओ रमन रहेजा ने विश्व कप विजेता कप्तान को आईपीएल से उनकी सेवानिवृत्ति के बाद लीग में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने की उत्सुकता व्यक्त की। रमन रहेजा ने आईएएनएस के सवाल का जवाब देते हुए कहा, मैं सक्रिय क्रिकेट से प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहा हूं। जब भी वह (धोनी) हमारे लिए खेलने को तैयार होंगे, हमारे दरवाजे उनके लिए हमेशा खुले हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से जाऊंगा और उनसे लीग में आने के लिए कहूंगा। रहेजा ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे क्रिकेटर स्वयं अन्य खिलाड़ियों को लीग में ला रहे हैं। सिम्बायोसिस स्नातक ने खुलासा किया कि आरसीबी के स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स और मुंबई इंडियंस के दिग्गज कीरोन पोलार्ड भी एलएलसी खेलने में अपने देशवासियों के साथ शामिल होने की दौड़ में हैं।

डेल स्टेन लीग में खेलने वाले थे, लेकिन दुर्भाग्य से उन्हें चोट लग गई और उन्हें लीग में खेलने के लिए लाने वाले कोई और नहीं बल्कि जैक्स कैलिस थे। अब डेल स्टेन नहीं खेले रहे हैं लेकिन उन्होंने एबी डिविलियर्स से इस बारे में बात की है। तो यह क्रिकेटरों के बीच एक नेटवर्क बन गया है, शेन वॉटसन जो एलएलसी में खेलने वाले थे। उन्होंने शॉन मार्श से मुलाकात की। मैं एलएलसी में डिविलियर्स को लेकर उत्सुक हूं। केवल वह ही नहीं, यहां तक कि कीरोन पोलार्ड और ड्वेन ब्रावो भी मेरे रडार पर हैं।

खिलाड़ी मेरे सबसे बड़े राजदूत बन गए हैं, उदाहरण के लिए, न्यूजीलैंड के खिलाड़ी मार्टिन गुप्टिल जैसे नए खिलाड़ियों को लेकर आए हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए भी ऐसा ही है, फिंच शामिल हुए हैं। इसलिए मैं देख रहा हूं कि यह स्वाभाविक दूसरी पारी बन रही है रहेजा ने आईएएनएस से विशेष बातचीत में कहा, हम न केवल डिविलियर्स, पोलार्ड बल्कि कई अन्य खिलाड़ियों से भी बातचीत कर रहे हैं।

एलएलसी के माध्यम से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में शामिल होने के लिए जल्दी सेवानिवृत्ति का विकल्प चुनने वाले युवा खिलाड़ियों की बढ़ती संख्या के साथ, हाल ही में समाप्त हुए सीज़न में लीग में क्रिकेटरों की औसत आयु 42 से घटकर 38 हो गई है। रहेजा का मानना है कि एलएलसी उन खिलाड़ियों के लिए पसंदीदा दूसरी पारी बन जाएगी जो क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहते हैं।

यहां एलएलसी में औसत उम्र दिन-ब-दिन कम होती जा रही है। पहले सीज़न में यह 42 थी और अब 38 हो गई है। यह मेरी सबसे बड़ी जीत है और हम सक्रिय क्रिकेट प्रारूप की सराहना करना चाहते हैं न कि उनसे प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं। मैं यही उम्मीद करता हूं खिलाड़ियों के लिए दूसरी पारी के रूप में पहली पसंद बन गए।

एलएलसी 2023 सीज़न के समापन में, मणिपाल टाइगर्स शनिवार को सूरत के लालाभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में फाइनल में अर्बनराइजर्स हैदराबाद को 5 विकेट से हराकर विजयी हुआ। जैसे ही रहेजा ने सीज़न पर विचार किया, उन्होंने कहा कि हालांकि प्रत्येक अगला सीज़न पिछले सीज़न से बेहतर है, पहला सीज़न उनके दिल के करीब है क्योंकि इसने एलएलसी के सपने को वास्तविकता में बदल दिया।

# आरसीबी डब्ल्यूपीएल नीलामी में सभी मानकों पर खरी उतरी : स्मृति मंधाना



**मुंबई,** 10 दिसंबर (एजेंसियां)। जैसा कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 प्लेयर नीलामी में अपने सुविचारित अधिग्रहण के साथ सही संतुलन पाया, कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि नीलामी की योजना इसके बाद शुरू हुई। केवल पहला सीज़न और वे उन अनुभवी गेंदबाजों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के इच्छुक थे जिन्होंने भारतीय परिस्थितियों में गेंदबाजी की है। आरसीबी ने न केवल गेंद से अच्छे खिलाड़ी छीने, बल्कि बल्ले से भी अच्छे खिलाड़ी छीने।

शनिवार को आयोजित खिलाड़ियों की नीलामी में, आरसीबी ने 2016 महिला एशिया कप विजेता एस मेघना (30 लाख रुपये) को टीम में शामिल करने से पहले बेंगलुरु से एक होनहार घरेलू ऑलराउंडर शुभा सतीश (10 लाख रुपये) को चुना। मजबूत 18 सदस्यीय टीम को पूरा करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई स्पिन ऑलराउंडर जॉर्जिया वेयरहैम (40 लाख रुपये) और सोफी मोलिनक्स (30 लाख रुपये) फ्रेंचाइजी के अन्य दो विदेशी अधिग्रहण थे।

मंधाना ने कहा, टी20 में गेंदबाजी निश्चित रूप से बहुत महत्वपूर्ण है और एक अच्छी गेंदबाजी करने वाली टीम प्रतिस्पर्धा जीतती है और इस साल हम अपनी स्पिन इकाई को मजबूत करना चाह रहे थे और विदेशी तेज गेंदबाजों की भी तलाश कर रहे थे जो रेणुका (सिंह) का अच्छा साथ दे सकें। अब हमारे पास केट क्रॉस है और मुझे लगता है वह पावर प्ले में रेणुका की अच्छी तरह से पूरक होंगी, दोनों एक-दूसरे की दिशा में स्विंग कर रही हैं। और मोलिनक्स और वेयरहैम के साथ, गेंदबाजी बहुत अनुभवी दिखती है। इसके अलावा हमारे पास श्रेयंका (पाटिल) और (सोफी) डिवाइन और (एलिस) पेरी जैसी खिलाड़ी भी हैं। रिक्त स्थानों को भरने और आगामी सीज़न के लिए एक साहसिक टीम बनाने के लिए आरसीबी की सात बोलियां कुशल बैकरूम स्टाफ द्वारा व्यापक योजना और रणनीति का परिणाम थीं - जिसमें मुख्य कोच ल्यूक विलियम्स, सहायक मुख्य कोच और स्काउटिंग के प्रमुख मालोलन रंगराजन शामिल हैं - इनके साथ मंधाना से महत्वपूर्ण सामरिक इनपुट भी लिए गए।

नीलामी और खिलाड़ियों के चयन के बारे में बात करते हुए, आरसीबी के उपाध्यक्ष और प्रमुख, राजेश वी मेनन ने कहा, टीम बनाने का कोई शॉर्टकट नहीं है। आप हर सीज़न में ईंट दर ईंट नींव बनाते हैं। हमने पिछले साल से बहुत कुछ सीखा है। और हमारा मुख्य उद्देश्य उन सीखों को नीलामी में ले जाना, उन कमियों को दूर करना और एक ऐसी टीम बनाना था जो हमें किसी भी परिस्थिति में खेलने के लिए उत्कृष्ट संतुलन और लचीलापन प्रदान करे।

नीलामी के पीछे आरसीबी के दृष्टिकोण और रणनीति के बारे में बताते हुए, सहायक मुख्य कोच और स्काउटिंग के प्रमुख, मैलोलन ने कहा, आरसीबी ने जो चीजें वास्तव में अच्छी की हैं उनमें से एक है स्मृति मंधाना, ऋचा घोष, रेणुका सिंह, कनिका आहूजा के रूप में मजबूत भारतीय घरेलू टीम का होना। और श्रेयंका पाटिल, जो संभावित रूप से प्लेइंग इलेवन में आपके शीर्ष पांच शुरुआती खिलाड़ी हैं, हमारे पास एक बहुत अच्छा भारतीय कोर है। अब, आप इसमें सोफी डिवाइन, एलिसे पेरी और हीदर नाइट को भी जोड़ लें, तो आपके पास आधी पहेली पहले ही सुलझ चुकी है। हमने अपनी नीलामी के लिए एक बहुत ही केंद्रित दृष्टिकोण रखा था कि हम उपलब्ध विकल्पों के साथ इस टीम को कैसे बेहतर बना सकते हैं। हमारा ध्यान एक अच्छी तरह से संतुलित गेंदबाजी इकाई प्राप्त करने पर था जो हमारे सामने आने वाली किसी भी परिस्थिति में अच्छा प्रदर्शन कर सके।

**डब्ल्यूपीएल 2024 के लिए आरसीबी टीम**

**नई खरीदारी :** जॉर्जिया वेयरहैम (40 लाख), केट क्रॉस (30 लाख), एकता बिष्ट (60 लाख), शुभा सतीश (10 लाख), एस मेघना (30 लाख), सिमरन बहादुर (30 लाख) , सोफी मोलिनक्स (30 लाख)

**रिटेन किए गए खिलाड़ी:** स्मृति मंधाना, आशा शोभना, दिशा कसाट, एलिसे पेरी, हीथर नाइट, इंद्राणी रॉय, कनिका आहूजा, रेणुका सिंह, ऋचा घोष, श्रेयंका पाटिल, सोफी डिवाइन।

# अबरार अहमद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर, साजिद खान को बैकअप के तौर पर बुलाया गया

**पर्थ,** 10 दिसंबर (एजेंसियां) पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद को 14 दिसंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से बाहर कर दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि ऑफ स्पिनर साजिद खान को टीम प्रबंधन के अनुरोध पर बैकअप के रूप में बुलाया गया है।

कैनबरा के मनुका ओवल में प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ प्रथम श्रेणी मैच के दौरान अबरार ने अपने दाहिने पैर के घुटने के आसपास गंभीर दर्द के कारण खेल का मैदान छोड़ दिया। उन्होंने 27 ओवर फेंके और 80 रन दिए और मार्कस हैरिस को आउट किया।

मेडिकल टीम द्वारा एक मूल्यांकन और एक अंतिम निदान किया गया - एक एमआरआई स्कैन को उचित ठहराते हुए, जो उसी दिन किया गया था। पीसीबी ने कहा कि अबरार को सोमवार को पर्थ में एक टेस्ट से गुजरना होगा, जिसके बाद टीम के मेडिकल स्टाफ की देखरेख में रूढ़िवादी पुनर्वास, उनके ठीक होने की राह जारी रखेगा।

उन्हें अभी तक टेस्ट श्रृंखला से बाहर नहीं किया गया है, लेकिन इस और भविष्य के दौरों के लिए खिलाड़ी की भलाई को ध्यान में रखते हुए, दूसरे टेस्ट से पहले आगे के आकलन से इस दौरे पर उनकी उपलब्धता का पता लगाया जाएगा। पीसीबी ने कहा कि साजिद अपनी यात्रा व्यवस्था को अंतिम रूप देने के बाद पर्थ की यात्रा करेंगे।

25 वर्षीय अबरार ने पिछले साल दिसंबर में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण करने के बाद से छह टेस्ट खेले हैं, जिसमें उन्होंने 38 विकेट लिए हैं और वह ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान के लिए टेस्ट मैचों में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनने की ओर अग्रसर हैं। फिलहाल, पाकिस्तान की मौजूदा टेस्ट टीम में बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली के रूप में एक विशेषज्ञ स्पिनर है, जिसने अब तक 15 मैचों में 47 विकेट लिए हैं।

# शूट-ऑफ में यूएसए को हराकर नौवें स्थान पर रही भारतीय टीम



**सैंटियागो,** 10 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर महिलाओं ने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के एक रोमांचक मैच में लचीलापन दिखाया और रोमांचक पेनल्टी शूटआउट के बाद सडन डेथ में संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ 3-2 से रोमांचक जीत दर्ज की। इससे पहले निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 से बराबरी पर था। विशेष रूप से इस प्रतियोगिता में भारत ने जीत से टूर्नामेंट में 9वां स्थान हासिल किया। भारत ने शुरुआत में दबदबा बनाए रखा। अमेरिका पर लगातार दबाव डाला और कई बार उनकी रक्षा में सेंध लगाई। पहले पेनल्टी कॉर्नर पर मंजू चोर्सिया (11) के सटीक गोल ने भारत को बढ़त दिला दी।

इस बढ़त से उत्साहित भारतीय टीम ने अपना आक्रामक खेल जारी रखा और अमेरिका को लगातार दबाव में रखा। हालांकि, क्वार्टर के अंतिम मिनट में यूएसए फिर पेनल्टी कॉर्नर जीतने में कामयाब रहा, लेकिन इसका फायदा उठाने में असफल रहा क्योंकि शुरुआती क्वार्टर का समापन भारत के 1-0 से आगे होने के साथ हुआ।

दूसरे क्वार्टर में अपनी बढ़त बरकरार रखने के इरादे से भारत ने लगातार यूएसए के सर्कल में प्रवेश करते हुए गेंद पर कब्ज़ा करने पर ध्यान केंद्रित किया। उनके प्रयासों के बावजूद, संयुक्त राज्य अमेरिका ने दृढ़ता से बचाव किया और खुद जवाबी हमले शुरू करते हुए अंतर को बढ़ाने के भारत के प्रयासों को विफल कर दिया। यह रणनीति तब प्रभावी साबित हुई जब कीर्स्टन थॉमासी (27) के सटीक प्रहार ने संयुक्त राज्य अमेरिका के लचीलेपन को प्रदर्शित करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। दूसरा क्वार्टर बिना किसी और गोल के समाप्त हुआ और दोनों टीमें 1-1 के स्कोर के साथ हाफटाइम तक आगे बढ़ीं। अपने लाभ को पुन: प्राप्त करने के लिए उत्सुक, भारत ने तीसरे क्वार्टर में हमलों की झड़ी लगा दी और लगातार संयुक्त राज्य अमेरिका की रक्षा पर दबाव डाला। पेनल्टी कॉर्नर सहित कई बार चूकने के बावजूद, भारत अपने अवसरों को गोल में नहीं बदल सका। तीसरा क्वार्टर बिना किसी गोल के समाप्त हुआ, जिससे स्कोर 1-1 पर बराबरी पर छूटा। चौथे क्वार्टर की शुरुआत में भारत को शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर मिला, फिर भी उसे गोल में बदलने के उनके प्रयास असफल रहे। हैरानी की बात यह है कि यह संयुक्त राज्य अमेरिका था जिसने खेल के अंत में अवसर का लाभ उठाया, क्योंकि कीर्स्टन थॉमासी (53%) ने अपना दूसरा गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। जैसे-जैसे समय बीतता गया और स्कोर उनके विरुद्ध होता गया, भारत ने अपने आक्रामक प्रयास बढ़ा दिए। उनके दृढ़ संकल्प का फल तब मिला जब सुनिलिता टोप्पो (57) ने पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार शॉट लगाकर स्कोर बराबर कर दिया।

# अजान अवैस की शतकीय पारी से भारत आठ विकेट से हारा



**दुबई** 10 दिसंबर (एजेंसियां)। अजान अवैस की 105 रनों की नाबाद शतकीय और कप्तान साद बेग 68 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत पाकिस्तान ने रविवार को अंडर 19 एशिया कप के ग्रुप ए के मुकाबले में भारत को आठ विकेट से हरा दिया है। 260 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरे पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज शमील हुसैन आठ रन को पांचवें ओवर में अभिषेक ने आदर्श के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये अजान अवैस ने शाहजेब खान के साथ दूसरे विकेट के लिये 110 रनों की साझेदारी की। शाहजेब 63 रन 28वें ओवर की पांचवीं गेंद पर मुशीर खान को कैच थमा बैठे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे साद बेग ने अवैस के साथ मिलकर मैच जीताऊ साझेदारी कर पाकिस्तान को 47 ओवरों में दो विकेट के नुकसान पर 263 बनाकर जीत दिला दी। भारत की ओर से एक मात्र सफल गेंदबाज मुरुगन अभिषेक को दो विकेट मिले। इसके अलावा कोई भी गेंदबाज पाकिस्तान के बल्लेबाजों को आउट नहीं कर सका। भारत की ओर से मैच में सात गेंदबाजों का इस्तेमाल किया।

इससे पहले सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह (62) और कप्तान उदय सहारन (60) के बीच तीसरे विकेट के लिये 93 रन की साझीदारी की मदद से भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 259 रन बनाया था। आईसीसी अकादमी स्टेडियम पर टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही जब उनके दो बल्लेबाज मात्र 46 रन पर पवेलियन लौट चुके थे। ऐसे में आदर्श और सहारन ने संयम से खेलते हुये टीम को मुकाबले में वापस पहुंचाया। आदर्श पारी के 32वें ओवर में विकेट के पीछे लपके गये जबकि सहारन को उबेद शाह ने अपना शिकार बनाया। बाद के ओवरों में सचिन दास (58) ने दो चौके और तीन छक्कों की मदद से स्कोरबोर्ड को तेजी से चलाया जिसके चलते भारत 250 रन के आंकड़े के पार पहुंच सका।

# पिच में कोई खराबी नहीं थी : चार्ली डीन

**मुंबई,** 10 दिसंबर (एजेंसियां) दूसरे टी20 मैच में भारत पर इंग्लैंड की चार विकेट की जीत में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार लेने के बाद ऑफ स्पिनर चार्ली डीन ने कहा कि वानखेड़े स्टेडियम की पिच में कोई खराबी नहीं थी। चार्ली पेट में खराबी के कारण टी20 सीरीज के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाईं लेकिन शनिवार के मैच के लिए टीम में वापसी पर उन्होंने नई गेंद से गेंदबाजी की शुरुआत की। चार्ली ने 2-16 का बेहतरीन स्पैल डाला और भारत की सलामी बल्लेबाजों शैफाली वर्मा और स्मृति मंधाना को आउट कर मेहमान टीम के लिए मेजबान टीम को सिर्फ 80 रन पर आउट करने का आधार तैयार किया, जिसमें इंग्लैंड की सभी गेंदबाजों ने विकेट लिए। आज खेल में काफी विकेट गिरे। मुझे खुद पिच को लेकर कोई शिकायत नहीं होगी। निश्चित रूप से मुझे शिकायत नहीं होगी, मैं एक गेंदबाज हूं, मुझे बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला। वहाँ लेकिन यह अच्छा है। हमारे बहुत से लोग कह रहे थे कि यह थोड़ा फिसल रहा है लेकिन पिच में कोई वास्तविक शैतान नहीं है।

मैच खत्म होने के बाद चार्ली ने कहा, मुझे लगता है कि कुछ क्षेत्रों में सिर्फ दबाव और कमजोरियां हैं। हमने अपनी योजनाओं को वास्तव में अच्छी तरह से क्रियान्वित किया और भारत ने भी, सच कहें तो उन्होंने वास्तव में आक्रामक क्षेत्र निर्धारित किए। जिस तरह से खेल को निर्देशित किया गया था, उसके कारण उन्हें ऐसा करना पड़ा। जवाब में, तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने फिर से इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों डैनी व्याट और सोफिया डंकले को जल्दी आउट कर झटका दिया। नेट साइवर-ब्रंट और ऐलिस कैप्सी ने कुल 41 रन बनाकर लक्ष्य का पीछा करने में योगदान दिया, जिससे इंग्लैंड 11.2 ओवर में घर पहुंच गया, हालांकि इस दौरान उन्होंने छह विकेट खो दिए।

# मैं नई और पुरानी दोनों गेंदों से अच्छी गेंदबाजी करना चाहती हूं : काशवी गौतम



**नई दिल्ली,** 10 दिसंबर (एजेंसियां) 2024 डब्ल्यूपीएल प्लेयर नीलामी में तेजी से बदलते घटनाक्रम में, तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर काशवी गौतम सबसे महंगी अनकैप्ड खिलाड़ी बन गईं, जब गुजरात जाइंट्स ने उनकी सेवाएं 2 करोड़ रुपये में हासिल कीं।

काशवी ने अपनी राज्य टीम चंडीगढ़ के लिए सात मैचों में 4.14 की इकॉनमी रेट से 12 विकेट लिए। वह इंग्लैंड ए के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज में भारत ए के लिए भी खेली थीं और भारत ए टीम की सदस्य थीं, जिन्होंने इस साल जून में हांगकांग में एसीसी इमर्जिंग टूर्नामेंट जीता था। मैं गुजरात जायंट्स का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। इस समय यह काफी अविश्वसनीय है। मैं अभ्यास के बाद टीम बस में यात्रा कर रही थी और मुझे टीम के एक साथी ने नीलामी के बारे में सूचित किया। रकम बढ़ती गई और मेरा चयन हो गया।

काश्वी ने जियोसिनेमा से कहा, यह मेरे लिए अपना कौशल दिखाने का बहुत बड़ा अवसर है। हमने हमेशा मिताली जी का आदर किया है। यह मेरे लिए उनके साथ बातचीत करने और उनसे सुझाव लेने का एक शानदार अवसर है। खबर मिलने के बाद मैंने अपने कोच (नागेश गुप्ता) को फोन किया। काशवी इस साल की शुरुआत में डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन सीज़न का हिस्सा नहीं थीं और उनका मानना है कि आखिरी कुछ ओवरों में लॉन्ग हैंडल खेलना टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण में महत्वपूर्ण होगा। मुझे लगता है कि टीमों को निचले मध्यक्रम की बल्लेबाजी में अधिक प्रभावशाली होने की जरूरत है।

उन्हें आखिरी 3-4 ओवरों में तेजी लाने की जरूरत है, इसलिए मैंने उसी के अनुसार अभ्यास किया है। मैंने रेंज हिटिंग पर काम किया है। मुझे नई और पुरानी दोनों गेंदों से अच्छी गेंदबाजी करने में सक्षम होने के लिए अपनी गेंदबाजी में लचीला होना होगा। तो, काशवी की इच्छा सूची में क्या है? मुझे लगता है कि एलिसा हीली या हेली मैथ्यूज जैसी किसी अन्य विदेशी बल्लेबाज को बाहर करना होगा। मुझे गुजरात जाइंट्स के लिए अपना 100 प्रतिशत देना होगा। अगर मैं वहां अच्छा प्रदर्शन करती हूं, तो मुझे लगता है कि मुझे वहां से (सीनियर भारतीय टीम के लिए) चुना जा सकता है।

फिलहाल यह अविश्वसनीय लगता है। मुझे नहीं पता था कि खबर मिलने के बाद मैं कैसे प्रतिक्रिया दूं और सोच रही थी कि क्या हो रहा है। मैं जो कुछ भी हूं उसका सारा श्रेय मेरे माता-पिता को जाता है। जब आप शुरुआत करते हैं, तो कुछ संदेह मन में आते हैं, लेकिन जैसे-जैसे आप आगे बढ़ना शुरू करते हैं, आपको अपनी कड़ी मेहनत का फल मिलना शुरू हो जाता है। अब मेरे लिए तस्वीर साफ है। मुझे पता है कि मैं आगे बढ़ना चाहती हूं और खेलना चाहती हूं। भारत के लिए और वहां अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

काशवी के पिता सुदेश शर्मा चाहते हैं कि वह डब्ल्यूपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करें। काशवी ने इसके लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की है। पिछला सीज़न उसके लिए अच्छा नहीं गया था, लेकिन इस बार उसने वास्तव में बहुत मेहनत की है और उम्मीद है कि वह ऐसा करेगी जो गुजरात टाइटंस के लिए अच्छा है। काशवी की मां ने कहा कि उनकी बेटी की प्रगति उत्साहवर्धक है और उन्हें उम्मीद है कि वह भारत के लिए खेलेगी। उसने 13 साल की उम्र से क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था और आज आप जो देखते हैं वह उसकी कड़ी मेहनत का परिणाम है। हमने हमेशा उनकी मेहनत पर भरोसा किया है और भविष्य में भी ऐसा करना जारी रखेंगे। वह एक बहुत अच्छी छात्रा भी है और हमेशा 90 से ऊपर अंक प्राप्त करती है। वह खालसा कॉलेज में द्वितीय वर्ष की छात्रा है और अपना समय बहुत अच्छी तरह से प्रबंधित करती है। आप उसमें जो आक्रामकता देखते हैं वह केवल खेल के मैदान तक ही सीमित है। घर पर, वह बहुत शांत स्वभाव की है। वह आरक्षित स्वभाव की है। हमारा सपना उसे एक दिन भारत के लिए खेलते हुए देखना है।

## सार संक्षेप

### आइजोल ने शिलांग को 3-0 से रौंदा

**शिलांग।** आइजोल एफसी ने शिलांग लाजोंग एफसी द्वारा की गई गलतियों का फायदा उठाते हुए रविवार को शिलांग के पोलो ग्राउंड में 3-0 से शानदार जीत दर्ज की, जिससे आई-लीग 2023-24 में शिलांग की जीत का सिलसिला समाप्त हो गया। आइजोल एफसी के लिए लालरिनजुआला लालबकनिया, आर. रामदीनथारा और जो ज़ोहेरलियाना ने एक-एक गोल किया। आइजोल एफसी पिछले कुछ समय से फॉर्म में चल रही टीम है और उन्होंने लाजोंग की चुनौती को आसानी से दरकिनार करते हुए रविवार को अपनी जीत की लय का पूरा फायदा उठाया। हार का मतलब यह भी है कि मैच में 70 प्रतिशत से अधिक कब्जा होने के बावजूद लाजोंग का नाबाद क्रम अचानक समाप्त हो गया। शिलांग लाजोंग और आइज़ॉल एफसी आई-लीग खिताब के लिए लड़ रहे थे। यह दोनों पक्षों के लिए एक महत्वपूर्ण मैच था। हालांकि, यह हार लाजोंग की खिताब की उम्मीदों के लिए भी झटका होगी। लाजोंग इस समय नौ मैचों में 16 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। उन्होंने चार मैच जीते हैं और चार बार ड्रॉ खेला है। दूसरी ओर ऑइज़ॉल को बाहर के मैच में पूरे अंक हासिल करने के बाद भारी बढ़ावा मिलेगा। वे नौ मैचों में पांच जीत, दो ड्रॉ और इतनी ही हार सहित 17 अंकों के साथ मोहम्मडन स्पोर्टिंग के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

### मैक्सवेल को ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में जगह मिलनी चाहिए : डग बोलिंगर

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज डग बोलिंगर ने ग्लेन मैक्सवेल को ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल करने की वकालत करते हुए कहा है कि इस बड़े हिट ऑलराउंडर को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए मौका क्यों नहीं दिया गया। मैक्सवेल ने अपने सात टेस्ट मैचों में से आखिरी टेस्ट 2017 में खेला था, लेकिन उनके लिए लंबे प्रारूप में वापसी की मांग बढ़ गई है। खासकर हाल ही में सफेद गेंद की फॉर्म शानदार होने के कारण। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के विजयी पुरुष वनडे विश्व कप अभियान में दो शतक लगाए। नीदरलैंड के खिलाफ 40 गेंदों में शतक और अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 201 रनों की आश्चर्यजनक पारी।

### सुडोकू 6402 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 3 |
| 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 |

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 2.69 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.44 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.67 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.38 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.17 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईटीसी | 1.95 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.48 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.00 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.73 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.62 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## निवेशकों के लिए कुछ पीएसयू व निजी बैंकों पर भरोसे का समय

**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारतीय बैंकिंग प्रणाली में विदेशी और सहकारी बैंकों के अलावा 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 22 निजी क्षेत्र के बैंक शामिल हैं। पिछले एक साल से अब तक बैंकिंग इंडेक्स ने 9.29 फीसदी का रिटर्न दिया है। दिवाला और दिवालियापन संहिता लागू होने के बाद, भारतीय बैंकिंग प्रणाली की अधिकांश गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों का समाधान हो गया है, या तो इसका भुगतान कर दिया गया है या राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) मार्ग के माध्यम से लिया गया है।




यदि हम अधिकांश सार्वजनिक क्षेत्र और निजी बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों पर नजर डालें तो सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों और शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों में भारी कमी आई है। भारतीय बैंकों ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के दौरान अच्छी कमाई की, लेकिन प्रदर्शन में धीमी गति देखी गई।

ऋणदाताओं ने क्रेडिट लागत में कमी के कारण साल-दर-साल 33 प्रतिशत की शुद्ध लाभ वृद्धि दर्ज की। जबकि वित्तीय वर्ष 24 की दूसरी तीमाही के दौरान बैंकों के लिए ऋण वृद्धि लगभग 15 प्रतिशत योय पर आरामदायक थी, जमा और बैंक ऋण की लागत के पुनः मूल्य निर्धारण के कारण अधिकांश के लिए शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में गिरावट आई। सार्वजनिक और निजी बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता में क्रमिक रूप से सुधार हुआ। वित्तीय वर्ष 24 की दूसरी तीमाही में 12 भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का संयुक्त लाभ 31 प्रतिशत बढ़कर 33,643 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 25,684 करोड़ रुपए था। बैंक का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तीमाही में 9.67 प्रतिशत से घटकर वित्तीय वर्ष 24 की दूसरी तीमाही में 4.62 प्रतिशत हो गया, जबकि शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात वित ?तीय वर्ष 24 की दूसरी तीमाही में 1.64 प्रतिशत हो गया, जो वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तीमाही में 2.95 प्रतिशत था।

हमारा मानना है कि गैर-निष्पादित परिसंपत्ति चक्र में कमी आने के साथ, हम अच्छी ऋण वृद्धि देख रहे हैं और मजबूत सरकारी नीति के साथ, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक आकर्षक दिख रहे हैं और इन स्तरों से भी अच्छी खरीदारी होनी चाहिए। हम सार्वजनिक क्षेत्र में यूनियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक जैसे कुछ नामों पर उत्साहित हैं, जबकि निजी बैंकों में एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक आशाजनक दिख रहे हैं।

## निवेशकों की नजर भारत, अमेरिका के मुद्रास्फीति आंकड़ों पर

**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि आगामी सप्ताह में, निवेशकों की नजर भारत और अमेरिका के मुद्रास्फीति डेटा पर रहेगी। भारतीय में महंगाई दर बढ़ने की संभावना है, जबकि अमेरिकी मुद्रास्फीति स्थिर रहेगी। भारतीय औद्योगिक और विनिर्माण उत्पादन में भी विस्तार की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने कहा कि फेड नीति बैठक के नतीजे बाजार की भावनाओं को आकार देने में अहम भूमिका निभाएंगे।



मजबूत घरेलू जीडीपी विकास दर में बढ़ोतरी के कारण भारतीय बाजार ने सर्वकालिक उच्चतम स्तर हासिल किया। आरबीआई द्वारा दरों को यथास्थिति बनाए रखने के बावजूद, वित्त वर्ष 2024 के लिए जीडीपी विकास पूर्वानुमान (6.5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत) ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया।

उन्होंने कहा कि एसडीएफ और एमडीएफ सुविधाओं को वापस लेने सहित तरलता की कमी को दूर करने के उपायों ने वित्तीय स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जिससे सप्ताह के दौरान निफ्टी बैंक में 5 प्रतिशत की बढ़त हुई। मूल्यांकन ठीक होने, त्योहार के सीजन में मांग बढ़ने और आवासीय बिक्री में मजबूत वृद्धि के कारण आईटी, उपभोक्ता, ऑटो और रियल्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ आर्थिक परिदृश्य, मजबूत दूसरी तिमाही की आय और तेल की कीमतों में सुधार के कारण मिड और स्मॉल-कैप ने बेहतर प्रदर्शन जारी रखा है। कोटक सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (तकनीकी अनुसंधान) अमोल अठावले ने कहा कि पिछले सप्ताह बेंचमार्क सूचकांकों में शानदार तेजी देखी गई।

निफ्टी 3.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 2,340 अंक से अधिक चढ़ा। लगभग सभी प्रमुख सेक्टोरल सूचकांकों ने सकारात्मक गति दर्ज की, लेकिन ऊर्जा सूचकांक ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए लगभग 8 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। सप्ताह के दौरान, निफ्टी/सेंसेक्स ने 20,200/68,000 के महत्वपूर्ण प्रतिरोध को सफलतापूर्वक पार कर लिया और ब्रेकआउट के बाद इसकी गति तेज हो गई।

## ओपनएआई के साथ माइक्रोसॉफ्ट की साझेदारी पर समीक्षा कर रहा यूके नियामक

**लंदन,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन का प्रतिस्पर्धा नियामक हाल के घटनाक्रमों सहित चैटजीपीटी के डेवलपर माइक्रोसॉफ्ट और ओपनएआई के बीच साझेदारी पर गौर करेगा, ताकि यह समझा जा सके कि विलय का यूके में प्रतिस्पर्धा पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। प्रतिस्पर्धा और बाजार प्राधिकरण (सीएमए) इस बात की जांच कर रहा है कि क्या ओपनएआई के साथ माइक्रोसॉफ्ट का जुड़ाव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मार्केट को प्रभावित कर सकता है।

मार्केट वॉचडॉग ने एक बयान में कहा, 'इनविटेशन टू कमेंट (आईटीसी) सीएमए की सूचना एकत्र करने की प्रक्रिया का पहला पार्ट है और फॉर्मल फेज 1 इन्वेस्टिगेशन के किसी भी लॉन्च से पहले आता है।' हाल ही में ओपनएआई के प्रशासन में कई डेवलपमेंट्स हुए हैं, जिनमें से कुछ में माइक्रोसॉफ्ट भी शामिल है। सीएमए अब यह निर्धारित करने के लिए आईटीसी जारी कर रहा है कि क्या हाल के डेवलपमेंट्स सहित माइक्रोसॉफ्ट/ओपनएआई पार्टनरशिप के चलते प्रासंगिक विलय की स्थिति पैदा हुई है, यदि हां, तो प्रतिस्पर्धा पर संभावित प्रभाव पड़ेगा। पिछले महीने, ओपनएआई बोर्ड ने एक नाटकीय कदम में सीईओ सैम ऑल्टमैन को बर्खास्त कर दिया था, बाद में, माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और सीईओ सत्या नडेला ने उन्हें एडवांस एआई रिसर्च का नेतृत्व करने के लिए नौकरी की पेशकश की। अंत में, ओपनएआई ने पूरी तरह से नए बोर्ड के साथ ऑल्टमैन को शीर्ष पर बहाल कर दिया, इस तरह यह इंटेंस ड्रामा समाप्त हो गया।




इस बात पर अटकलें हैं कि ऑल्टमैन को क्यों हटाया गया, लेकिन कुछ भी ठोस सामने नहीं आया है। नया बोर्ड इसकी समीक्षा कर रहा है। सीएमए के अनुसार, जिस स्पीड से एआई उपयोग बढ़ रहा है वह आर्थिक इतिहास में बेजोड़ है, जबकि पावरफुल फाउंडेशन मॉडल (एफएम) में प्रगति का मतलब है कि यह इस ट्रांसफॉर्मेटिव टेक्नोलॉजी के डेवलपमेंट में एक महत्वपूर्ण क्षण है।

सीएमए ने कहा, 'इनमें से महत्वपूर्ण है एआई डेवलपर्स के बीच निरंतर प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता जो पूरे क्षेत्र में इनोवेशन, ग्रोथ और रिस्पॉन्सिबल प्रैक्टिस को वितरित करने में मदद करेगा, साथ ही साथ डाउनस्ट्रीम एक्टिविटीज की रेंज में एफएम की तैनाती में खुली और प्रभावी प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता है।' सीएमए इस बात की समीक्षा करेगा कि क्या माइक्रोसॉफ्ट-ओपनएआई साझेदारी के चलते नियंत्रण का अधिग्रहण हुआ है, जहां इसके कारण एक पक्ष के पास किसी अन्य इकाई पर भौतिक प्रभाव, वास्तविक नियंत्रण या 50 प्रतिशत से अधिक मतदान अधिकार होते हैं या एक इकाई द्वारा दूसरे पर नियंत्रण की प्रकृति में परिवर्तन होता है। सीएमए में विलय के वरिष्ठ निदेशक सोर्चा ओ कैरोल ने कहा, 'इनविटेशन टू कमेंट सीएमए की सूचना एकत्र करने की प्रक्रिया का पहला पार्ट है और किसी भी फ्रेज 1 की जांच शुरू करने से पहले आता है, जो केवल तभी होगा जब सीएमए को साझेदारी पार्टियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त हो जाएगी।'

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार 6.1 अरब डॉलर बढ़कर 604.04 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 01 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 6.1 अरब डॉलर बढ़कर 604.04 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 597.94 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.08 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 533.6 अरब डॉलर हो गयी। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 99.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 47.33 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 3.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.25 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 50 लाख डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 4.85 अरब डॉलर हो गई।

### ऑनलाइन रिटेलर जुलीली कर रही सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेजन की प्रतिस्पर्धी और ऑनलाइन रिटेलर जुलीली, जिसकी कीमत कभी 7 बिलियन डॉलर थी, सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। कंपनी अमेरिका में परिचालन बंद कर रही है। सिएटल टाइम्स की रिपोर्ट ने राज्य रोजगार सुरक्षा विभाग की एक अधिसूचना के हवाले से बताया, जुलीली 7 फरवरी से सिएटल और वाशिंगटन में अन्य जगहों पर 292 कर्मचारियों की छंटनी करेगी। गीकवायर के अनुसार, 13 साल पुरानी कंपनी अपने पायनियर स्कायर मुख्यालय और अन्य राज्यों में कई अन्य सुविधाओं को भी बंद कर रही है। दोनों राज्यों के नोटिस के अनुसार, नेवादा और ओहायो में गोदामों को बंद करने से 547 अन्य लोगों की छंटनी होगी। लेटेस्ट नौकरी में कटौती जूलीली में छंटनी के पहले कई दौरों के साथ-साथ अक्टूबर में इसके सीईओ टेरी बॉयल के इस्तीफे के बाद हुई है। जुलीली को 2010 में ऑनलाइन ज्वैलरी रिटेलर ब्लू नाइल के पूर्व अधिकारियों मार्क वाडन और डेरेल कैवेन्स द्वारा लॉन्च किया गया था। 2013 में, जुलीली के पास 12.6 मिलियन एक्टिव कस्टमर्स थे और उन्होंने 331 मिलियन डॉलर का राजस्व कमाया, जो 2010 से लगभग 700 प्रतिशत अधिक था। जुलीली 2013 में एक आईपीओ में पब्लिक हुई, जिसका मूल्य मूल रूप से 2.6 बिलियन डॉलर था, यह आंकड़ा लगभग दोगुना हो गया। 2014 तक, 1 बिलियन डॉलर की वार्षिक बिक्री पर जुलीली का बाज़ार मूल्य 7 बिलियन डॉलर था। रिपोर्टों के अनुसार, केवल अमेजन और ओल्ड नेवी ने कम समय में अरबों डॉलर के राजस्व का आंकड़ा छुआ।

## फेड रिजर्व के निर्णय और महंगाई आंकड़े तय करेंगे बाजार की चाल

मुंबई, 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में गिरावट के बीच चार में से तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जबरदस्त प्रदर्शन और आर्थिक विकास के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह साढ़े तीन प्रतिशत की छलांग लगा चुके घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह नीतिगत दरों पर फेड रिजर्व के निर्णय और स्थानीय स्तर पर जारी होने वाले महंगाई आंकड़े तय करेंगे। बीते सप्ताह रिजर्व बैंक (आरबीआई) के चालू वित्त वर्ष के आर्थिक विकास अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत करने के साथ ही महंगाई पर लगाम लगाए रखने के लिए नीतिगत दरों को एक बार फिर से यथावत रखने के निर्णय का भी बाजार पर सकारात्मक असर रहा। इससे बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2344.41 अंक अर्थात 3.5 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर सार्वकालिक उच्चतम स्तर 69825.60 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 701.5 अंक यानी 3.5 प्रतिशत की तेजी के




साथ 20969.40 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 704.15 अंक अर्थात 2.01 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 35290.91 अंक और स्मॉलकैप 538.41 अंक यानी 1.33 प्रतिशत मजबूत होकर 41104.37 अंक हो गया। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओपेन मार्केट कमेटी की नीतिगत दरों पर अगले सप्ताह 12-13 दिसंबर को बैठक होने वाली है। बैठक के निर्णयों पर निवेशकों की नजर रहेगी। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह का भी बाजार पर असर रहेगा।

एफआईआई ने इस वर्ष पिछले लगातार तीन महीने अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में जबरदस्त बिकवाली के बाद नवंबर में 5,795.05 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की है। साथ ही दिसंबर में अबतक बाजार में उनका शुद्ध निवेश 10,874.72 करोड़ रुपये का रहा है। एफआईआई अगस्त में 20,620.65 करोड़ रुपये, सितंबर में 26,692.16 करोड़ रुपये और अक्टूबर में 29,056.61 करोड़ रुपये के बिकवाल रहे।

इसके अलावा स्थानीय स्तर पर अगले सप्ताह मंगलवार को नवंबर के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई और गुरुवार को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई के आंकड़े जारी होने वाले हैं। बाजार को दिशा देने में इन कारकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

बीते सप्ताह गुरुवार की गिरावट को छोड़कर चार दिन बाजार ने नये रिकॉर्ड बनाए। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में गिरावट के बीच चार में से तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जबरदस्त प्रदर्शन और आर्थिक विकास के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 1383.93 अंक की उड़ान भरकर 68865.12 अंक और निफ्टी 418.90 अंक की तेजी लेकर 20686.80 अंक पर रहा।

विश्व बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली थमने से यूटिलिटीज, पावर, सर्विसेज और कमोडिटीज समेत चौदह समूहों में साढ़े छह प्रतिशत की तेजी से मंगलवार को सेंसेक्स 431.02 अंक की छलांग लगाकर 69,296.14 अंक और निफ्टी 168.30 अंक की तेजी के साथ 20,855.10 अंक पर रहा।

अमेरिका और भारत दोनों देशों में महंगाई में कमी और यील्ड में गिरावट से एफआईआई के निवेश में तेजी आने से स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज, पावर, तेल एवं गैस, कैपिटल गुड्स और ऊर्जा समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 357.59 अंक उछलकर 69,653.73 अंक पर और निफ्टी 82.60 अंक मजबूत होकर 20,937.70 अंक हो गया।

## हुंडई, किआ का संयुक्त निर्यात 2023 में 2 मिलियन के करीब

**सोल,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की शीर्ष कार निर्माता कंपनी हुंडई मोटर और उसकी सहयोगी कंपनी किआ 2023 में 2 मिलियन यूनिट का संयुक्त निर्यात करने के लिए तैयार हैं, जैसा कि रविवार को महामारी के बाद बाजार में सुधार के आंकड़ों से पता चला है। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट ने कोरिया ऑटोमोबाइल एंड मोबिलिटी एसोसिएशन के हवाले से कहा, हुंडई और किआ ने जनवरी-अक्टूबर की अवधि में ऑटोमोबाइल की 945,062 और 867,136 संबंधित यूनिट्स भेजीं। आंकड़ों से पता चलता है कि संयुक्त आंकड़ा 2022 में इसी अवधि से 17.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। दोनों कार निर्माताओं द्वारा 180,000 यूनिट्स की मंथली शिपमेंट को ध्यान में रखते हुए, इंडस्ट्री के अधिकारियों का अनुमान है कि 2016 के बाद पहली बार 2023 में उनकी विदेशी बिक्री 2 मिलियन यूनिट से ज्यादा होगी। हुंडई मोटर ग्रुप के एक अधिकारी ने कहा, 'दुनिया भर में पर्यावरण-अनुकूल कारों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए समूह द्वारा घरेलू उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करने के बाद यह वृद्धि हुई है।' आंकड़ों से पता चलता है कि जनवरी-अक्टूबर की अवधि में निर्यात का संयुक्त मूल्य भी 43.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले साल के 41.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के संयुक्त शिपमेंट को पहले ही पीछे छोड़ चुका है। बेची गई कारों की औसत कीमत 24,000 डॉलर हो गई, जो 2016 में 14,000 डॉलर से 68 प्रतिशत अधिक है।




## सोया रिफाइंड और पाम ऑयल में तेजी, दालें सस्ती

**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के कमजोर रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड और पाम ऑयल में तेजी रही जबकि अधिकांश दाल-दलहनें सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसम्बर वायदा सप्ताहांत पर 103 रिंगिट लुढ़ककर 3630 रिंगिट प्रति टन रह गया।



इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.93 सेंट की गिरावट के साथ 51.33 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान सोया रिफाइंड 74 रुपए और पाम ऑयल 67 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 13113 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19890 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12454 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11355 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8333 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 9866 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

## इक्विटी बाजारों के लिए व्यक्तिगत ऋण के विरुद्ध आरबीआई का उपाय है समस्याग्रस्त

**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि शेयर बाजार के नजरिए से चिंता की बात यह है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) कर्ज से प्रेरित खपत पर लगाम लगाने के लिए अधिक सीधे कदम उठा रहा है। भारत में सबप्राइम उधारकर्ताओं को ऋण देना अविश्वसनीय रूप से कुशल हो गया है, क्योंकि उधारकर्ताओं को आकर्षित करने और स्क्रीन करने, उनके ऋणों को पूल करने और क्रेडिट जोखिम लेने के लिए जमा लेने वाली संस्था खोजने के लिए नई डिजिटल तकनीकों का उपयोग किया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'हालांकि, खुदरा ऋण, कुल अग्रिमों की दोगुनी गति से बढ़ रहा है, नियंत्रण से बाहर हो सकता है और यह उच्च बेरोजगारी और स्थिर वास्तविक मजदूरी के बीच भविष्य की परेशानी का नुस्खा बन सकता है। हालांकि, इक्विटी बाजारों के लिए, व्यक्तिगत ऋण के खिलाफ केंद्रीय बैंक का विवेकपूर्ण उपाय समस्याग्रस्त है।

भारत इस साल दुनिया का सबसे पसंदीदा उभरता बाजार है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार, विदेशियों ने 2023 में अब तक अरबों डॉलर का निवेश किया है, जबकि उन्होंने अधिकांश अन्य विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से पैसा खींच लिया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार, 2023 और 2024 में 6 प्रतिशत से अधिक की अपेक्षित उच्च आर्थिक वृद्धि देने के मामले में भारत अन्य उभरते बाजारों से अलग खड़ा है। ऐसा उसने मजबूत डॉलर और अमेरिकी ब्याज दरों में 525 आधार अंक की वृद्धि के कारण हुई उथल-पुथल के बीच किया।




एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि घरेलू तरलता पर केंद्रीय बैंक के कड़े नियंत्रण से रुपए को स्थिर रखने में मदद मिली है।

इसके अलावा, अगले साल जून से, भारत को जेपी मॉर्गन चेज़ एंड कंपनी के वैश्विक बॉन्ड इंडेक्स में शामिल किया जाएगा, एक ऐसा कदम जिससे कम समय में लगभग 24 बिलियन डॉलर आने की उम्मीद है। एक्यूइट रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री और शोध प्रमुख सुमन चौधरी ने कहा, 'पीएमआई सूचकांकों में नरमी साल की दूसरी छमाही में घरेलू आर्थिक विकास में नरमी की हमारी उम्मीद के अनुरूप है।' एक्यूइट रिसर्च को उम्मीद है कि जारी अल नीनो घटना से प्रेरित कम कृषि उत्पादन और ग्रामीण मांग पर इसके प्रभाव के कारण वित्त वर्ष 24 की दूसरी छमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर घटकर 5.5 प्रतिशत रह जाएगी। उन्होंने कहा, इसके अलावा बढ़ी हुई ब्याज दरों के प्रसारण और उपभोक्ता ऋणों पर सख्ती से शहरी मांग भी धीमी हो सकती है जो अब तक मजबूत बनी हुई है। फिर भी, उच्च सरकारी व्यय और सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों द्वारा उच्च पूंजी निवेश से विकास को गति मिलेगी और एक्यूइटे ने पूरे वर्ष के लिए अपने पूर्वानुमान को संशोधित कर 6.5 प्रतिशत कर दिया है।

# विविध संस्कृति, परंपरा के बावजूद हम एक हैं और एक रहेंगे: राज्यपाल

**रायपुर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में आई.आई.टी. गोवा से आये विद्यार्थियों ने संवाद किया। ये विद्यार्थी भारत सरकार के ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' अभियान के ''युवा संगम'' कार्यक्रम के तहत पांच दिनों के छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर यह अनूठा कार्यक्रम पूरे भारत में लागू किया गया है। जिसमें सभी प्रदेशों के युवा अन्य प्रदेशों में जाकर वहां की संस्कृति को समझते हैं, खान-पान का जायका लेते हैं और पर्यटन स्थलों का भ्रमण करते हैं। इस कड़ी में गोवा के विभिन्न महाविद्यालयों में अध्ययनरत युवा छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ का भ्रमण कराया जा रहा है। भ्रमण के दूसरे दिन ये विद्यार्थी राजभवन पहुंचे थे।

राज्यपाल श्री हरिचंदन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की ताकत उसकी अनेकता में एकता की भावना है। विविधता में एकता हमारे देश की दुनिया में एक मिसाल है। विविध संस्कृति, परंपरा के बावजूद हम एक हैं और एक रहेंगे। इसी विचार धारा को लेकर भारत विश्व गुरू बनने की दिशा में अग्रसर हैं।

राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत के कार्यक्रम के दूरदर्शी ढांचे के तहत युवा संगम कार्यक्रम हमारे राष्ट्र के विविध पहलुओं को गहराई से समझने और उस पर गर्व करने का एक अवसर है। छत्तीसगढ़ यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को यहां की समृद्धि संस्कृति, प्रगति और यहां की विरासत के विभिन्न पहलुओं को जानने और उससे सीखने का अवसर मिलेगा।





■ विश्व भूषण हरिचंदन से राजभवन में आईआईटी गोवा के युवाओं ने किया संवाद

राज्यपाल ने कहा कि कोविड-19 के दौरान इस विशाल जनसंख्या वाले हमारे देश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह कोविड के प्रबंधन के लिए कार्य किया गया उससे विश्व चकित रह गया। कोविड के विरूद्ध हमारी लड़ाई में 140 करोड़ जनसंख्या को सुरक्षित रखने के लिए हमारे फ्रंटलाइन वर्करों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। युवाओं ने भी फ्रंट लाइन वर्कर बन कर कोविड की रोक-थाम एवं समाज को इसके लिए जागरूक करने के अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे ऐसा कार्य करे, जिससे देश गौरवान्वित हो और ''एक भारत महान भारत'' का उद्देश्य पूरा हो सके। पढ़ाई समाप्त करने के बाद समाज के वंचित वर्गो की सेवा करने का आव्हान उन्होंने विद्यार्थियों से किया।

इस अवसर पर आई.आई.टी. भिलाई के डायरेक्टर श्री राजीव प्रकाश ने युवा संगम कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आई.आई.टी, गोवा सहित विभिन्न महाविद्यालयों के 45 विद्यार्थी छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति, यहां की प्रगति और प्रौद्योगिकी से रूबरू होने, परस्पर सम्पर्क के द्वारा छत्तीसगढ़ के लोगों से परिचित होने और पर्यटन स्थलों का भ्रमण होने के लिए पहुंचे हैं।

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री हरिचंदन से गोवा के विद्यार्थियों का वैचारिक आदान-प्रदान हुआ। कुमारी रिद्धी भट्ट ने भारत के विकास और संस्कृति के बीच युवाओं की स्थिति पर प्रश्न पूछा जिसका उचित समाधान श्री हरिचंदन ने किया। मुख्यमंत्री फैलोशिप गोवा के लिए कार्यरत श्री उद्धव अवस्थी ने टेक्नॉलाजी और परंपरा को जोड़ कर कैसे आगे बढ़ा सकते हैं, इस पर प्रश्न किया। श्री हरिचंदन ने कहा कि टेक्नॉलाजी और परंपरा अलग-अलग विषय हैं लेकिन टेक्नॉलाजी में परंपरा को जोड़ कर उसे आगे ले जा सकते हैं। श्री गुना आदित्य पाटिल ने युवा संगम प्रोगाम के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया जिसके कारण उन्हें छत्तीसगढ़ भ्रमण करने का अवसर मिला है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री अमृत खलखो, उप सचिव श्री दीपक अग्रवाल, आई.आई.टी. भिलाई के प्राध्यापकगण तथा गोवा राज्य से आये युवा और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# अवैध शराब के 25 प्रकरणों में 122 लीटर मदिरा जब्त

**महासमुंद,** 10 दिसंबर (देशबंधु)। अवैध शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस ने जिले में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 25 प्रकरणों में 122 लीटर शराब जब्त किया है। जब्त शराब की कीमत 35 हजार रुपए बताई गई है। यह कार्रवाई एसपी धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में जिले के थाना और चौकी प्रभारियों द्वारा की गई है। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 25 प्रकरणों में 7 प्रकरण आबकारी एक्ट के धारा 34 (2), 15 प्रकरण धारा 34 (1) व तीन प्रकरण धारा 36 (च) के तहत की गई है। जिसमें महासमुंद थाना के अंतर्गत 5 तुमगांव थाना क्षेत्र के 1, खल्लारी, पिथौरा, सांकरा, कोमाखान, बुंदेली के अंतर्गत 1-1, तेंदूकोना 2, सरायपाली 3, बसना 5 और बागबाहरा थाना क्षेत्र में 4 प्रकरण अवैध शराब बिक्री के बनाए गए है। लोगों का कहना है कि यह कार्रवाई निरंतर जारी रहना चाहिए और सिर्फ छोटे कोचियों तक ही सीमित न रहकर अवैध शराब बिक्री से जुड़े बड़े लोगों तक कार्रवाई की आंच पहुंचनी चाहिए। दिखावे के लिए ही पुलिस कार्रवाई न करें क्योंकि अवैध शराब बिक्री गली-मोहल्ले में हो रही है और विधानसभा चुनाव में महासमुंद विधानसभा में आए विपरीत परिणाम में एक कारण अवैध शराब बिक्री को भी मान रहे है। खट्टी, बोरियाझर, कोसरंगी, झालखम्हरिया क्षेत्र में व्यापक स्तर पर अवैध शराब बिक्री की चर्चा चुनाव के दौरान व्यापक स्तर पर होते रही। शराब के अवैध कारोबार से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं बेहद नाराज चल रहे थे और इसका नतीजा परिणाम में देखा गया है।



# बेदखली आदेश के बाद भी मचेवा में नहीं हटा कब्जा, लोगों में आक्रोश



**महासमुंद,** 10 दिसंबर (देशबंधु)। ग्राम पंचायत मचेवा नहर किनारे बरोंडाबाजार रोड में मुस्कान स्वीट होम के सामने बेशकीमती सरकारी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। यहां के मोहल्लेवासी वार्ड नंबर 1 के आने जाने के रास्ता जो 20 सालों से कर रहे हैं उसे भी कटीले तार एवं गड्ढा खोदकर बंद कर दिया गया है। जिसका शिकायत कलेक्टर, तहसीलदार से किया गया था। मोहल्ले वासियों की शिकायत पर नायब तहसीलदार महासमुंद द्वारा बेदखली का आदेश 19 अक्टूबर को किया गया है। आनावेदक महेंद्र साहू ग्राम मचेवा को आदेशित किया गया है कि अतिक्रमण को शीघ्र हटा लिया जाए। लेकिन आदेश के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार वह जमीन घास जमीन दर्शित है, मोहल्ले वासियों को रास्ता रोक देने से काफी परेशानी हो रही है बेदखली आदेश के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया है मोहल्ले वासियों ने आदेश के परिपालन में कलेक्टर एवं एसपी को निवेदन पत्र प्रस्तुत किए हैं। मोहल्ले वासियों के 20 साल से आने जाने का रास्ता को तत्काल अतिक्रमण मुक्त किए जाने की मांग की गई है ।

# वीरभूमि सोनाखान में मनाया गया शहादत दिवस

- शहीद वीर नारायण सिंह को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि
- शहीद वीर नारायण सिंह के वंशजों को किया गया सम्मानित
- रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ तीन दिवसीय मेले का हुआ समापन




**कसडोल/बलौदाबाजार/बिलाईगढ़,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। वीरभूमि सोनाखान में रविवार 10 दिसम्बर को शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह को जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा आदिवासी समाज प्रमुखों द्वारा शहीद स्मारक स्थित पुष्पांजलि मठ में पुष्प अर्पित कर तथा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धाजंलि दी गई। शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य मंच पर शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यर्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पाश्चत शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज राजेंद्र सिंह दीवान, श्री कुंजल सिंह दीवान, सुभान सिंह दीवान, श्रीनरेन्द्र सिंह दीवान, राम सिंह दीवान, गजानंद सिंह दीवान, श्रीमती जीरा बाई एवं श्रीमती बाल कुंवर को शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। शहादत दिवस के अवसर पर सोनाखान में 8 से 10 दिसम्बर तक आयोजित मेले का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिलाईगढ़ विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह ने स्वाभिमान के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। गरीबों के लिए किये गए काम से उन्हें गरीबो का मसीहा कहा जाता है। उन्होंने कहा कि समाज मे वैमनस्यता बढ़ने से एक दूसरे से दूरी बढ़ रही है जो ठीक नही है। समाज एकजुट होता है तभी आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि सोनाखान की पवित्र भूमि को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की आवश्यकता है। बिलाईगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह आम जनता की सेवा में समर्पित थे। उन्हें 10 दिसंम्बर 1857 को अंग्रेजों के द्वारा रायपुर में फंसी दे दी गई। शहीद वीर नारायण सिंह अमर हैं। उन्होंने कहा कि सोनाखान क्षेत्र का तेजी से विकास के लिए राज्य शासन प्रतिबद्ध है। इस क्षेत्र में कृषि, सिंचाई एवं शिक्षा के क्षेत्र में काम होगा। कांकेर विधानसभा के पूर्व विधायक शिशुपाल सिंह सोरी ने कहा कि देश की आजादी में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों में वीर नारायण सिंह का नाम आदिवासी समाज मे श्रद्धा से लिया जाता है। इसी प्रकार देश के कोने-कोने में आदिवासी वीर हुए है जिन्होंने आक्रांताओं से लोहा लिया है। उन्होंने कहा कि शौर्य व गौरव की गाथा जो इन शहीदों ने लिखा वह अमिट है लेकिन आज आदिवासी समाज की दशा को देखने पर दु:ख होता है। पूर्वजो ने जो सम्मान अर्जित किया है उसे कायम रखना होगा। आज पुन: जागृत होकर वीर नारायण सिंह बनने की जरूरत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहीद वीर नारायण सिंह के प्रपौत्र राजेन्द्र सिंह दीवान ने शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर कलेक्टर चंदन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, वनमंडलाधिकारी मयंक अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष कसडोल सिद्धांत मिश्रा, भाजपा नेता राजकुमार जायसवाल, ऋषि नायक, सरपंच सोनाखान श्रीमती फलित विनय साहू, भाजपा नेता टेसूलाल धूरंधर, रितेश श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्री वीसी एक्का, एसडीएम गिरौदपुरी अंशुल वर्मा, सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष बीपीएस नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

# औंधे मुंह पड़ी मिली युवक की लाश, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले में बीते सोमवार को थाना कापू क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनपुर में गांव के संजय प्रधान पिता कार्तिक राम प्रधान उम्र 32 वर्ष का शव रक्त रंजित अवस्था में सीसी रोड़ पर औंधे मुंह पड़ा हुआ था । घटना की सूचना थाना प्रभारी कापू निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम को प्राप्त होने पर जानकारी से उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी द्वारा शव का निरीक्षण कर ग्रामीणों से पूछताछ किया गया। शव के निरीक्षण पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा किसी धारदार हाथियार से संजय प्रधान के सिर और दाहिने भौंह के उपर प्राण घातक चोट पहुंचाकर हत्या करना प्रतीत होने पर थाना प्रभारी शव का पोस्ट मार्टम कराकर शार्ट पोस्ट मार्टम रिपोर्ट लिया गया जिसमें मृतक संजय प्रधान की मृत्यु को हत्यात्मक प्रकृति का होना लेख होने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का अपराध कायम किया गया है ।



घटना को लेकर मृतक के पिता कार्तिक राम प्रधान ने बताया कि सोमवार के शाम संजय उसकी पत्नी को चिडिया मारने जा रहा हूं कहकर घर से अकेला निकला था। शाम करीब 7.30 बजे लड़का संजय का शव गांव गली सीसी रोड में पड़ा होने की सूचना पर अटल चौंक पर जाकर देखा संजय औधे मुंह पड़ा हुआ था जिसके सिर और पिछले हिस्से में धारदार हथियार से मारने का निशान था, कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा धारदार टंगिया से संजय को मारकर हत्या कर दिया था ।

ग्रामीणों से पूछताछ में यह जानकारी मिली कि मृतक संजय प्रधान और उसके चचेरे भाई अशोक प्रधान, भतीजे कुलदीप प्रधान से पुराना झगड़ा विवाद है, दोनों परिवार की बातचीत बंद है। वहीं घटना दिनांक को मृतक संजय प्रधान के साथ गांव के कृष्णा राठिया को साथ देखा गया था। पुलिस टीम ने दोनों संदेही-संजय प्रधान, कृष्णा राठिया समेत 7-8 अन्य संदेहियों से पृथक-पृथक पूछताछ किया गया। संदेही कुलदीप प्रधान घटना से इंकार कर दिनांक को घर में होना कहकर लगातार अपना बयान बदल रहा था। कुलदीप अन्य व्यक्तियों पर हत्या का संदेह व्यक्त करता जिनसे भी पुलिस कड़ाई से पूछताछ कर अपनी जांच आगे बढ़ा रही थी। इसी बीच कुछ गवाहों ने घटना दिनांक की शाम संजय प्रधान, कृष्णा राठिया और कुलदीप प्रधान को साथ देखना बताये । पुनः कुलदीप प्रधान और कृष्णा राठिया को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर दोनों ने मिलकर हत्या करना स्वीकार किया ।

आरोपी कृष्णा राठिया ने बताया कि कुलदीप प्रधान के चाचा अशोक प्रधान और संजय प्रधान के बीच पूर्व से झगड़ा विवाद था । कुलदीप बोला कि संजय से दोस्ती है, तुम्हारे घर संजय का आना जाना है। मौका देखकर उसे जान से मार दो जिसके लिए तुम्हें 10,000 रुपए दूंगा। पैसे के लालच में वह दोनों संजय की हत्या के लिये तैयार हो गया। आरोपी कृष्णा ने आगे बताया कि 4 दिसंबर को संजय के साथ खूब नशा किया था । शाम को दोनों कृष्णा के घर आंगन में बैठे थे । उसी समय कुलदीप आया, कुलदीप के साथ संजय को मारने के लिए टांगी लेकर दोनों दौड़ाये । संजय भागते हुए गांव के सीसी रोड़ की ओर आ गया । तब उसे कृष्णा राठिया सीसी रोड में टांगिया के धार वाले हिस्से से सिर पीछे ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दिया । आरोपी कृष्णा राठिया के मेमोरेंडम कथन पर घटना में प्रयुक्त टांगी जप्त कर बरामद किया गया है । आरोपी कृष्णा राठिया पिता रंजीत राठिया उम्र 35 वर्ष कुलदीप प्रधान पिता सव. राम कुमार प्रधान 20 वर्ष दोनों निवासी ग्राम सोनपुर थाना कापू जिला रायगढ़ को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

## अलमारी का ताला तोड़कर लाखों नकद और आभूषण पर हाथ साफ, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। कोरबा में सुने मकानों को निशाना बनाने वाला चोर गिरोह सक्रीय है. जिले के एमपी नगर में चोरों ने एक सूने मकान में घुसकर वहां से हजारों की नगदी और आभूषणों पर हाथ साफ कर डाला. घटना के बाद घर के मालिक ने रामपुर थाना पुलिस को इसकी सूचना दी. चोरी की इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है



जानकारी के मुताबिक पीड़ित मकान मालिक राजकिशोर चौरसिया अपनी पत्नी के साथ शनिवार की शाम शहर में रहने वाले अपने पुत्र रॉकी चौरसिया के घर गए हुए थे। सुबह वापस लौटने पर घर का ताला टूटा हुआ मिला। वहीं घर की आलमारी में रखे तीन लाख नगदी सहित लाखों रुपए कीमती सोने चांदी के जेवर अपनी जगह पर नहीं थे. जिसके बाद राजकिशोर ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी.

जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच घटनास्थल का मुआयना किया। चोरों की तलाश के लिए पुलिस डॉग स्चायड की भी मदद ले रही है. साथ ही पीड़ित के घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी पुलिस चेक कर रही है, जिससे चोरों का पता लग सके.

## टाइल्स अनलोड करने के दौरान बड़ा हादसा, दबने से दो मजदूरों की मौत, गांव में पसरा मातम

**जांजगीर चांपा,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले में टाइल्स, मार्बल अनलोड करने के दौरान दबने से दो मजदूरों की मौत हो गई। घटना जिले के शिवरीनारायण थाना इलाके की बताई जा रही है, जहां ट्रक में लोड टाइल्स को खाली करने के दौरान ये हादसा हुआ, और दबने से दो लोगों शरदचंद यादव 43 वर्ष और योगेश यादव 22 वर्ष निवासी तेंदुआ की की मौत हो गई।



जानकारी के मुताबिक दोनों मृतक अपने अन्य साथियों के साथ एक निर्माणाधीन मकान में काम करने गए थे, जहां मकान के सामने ट्रक से तकरीबन 12 मजदूर एक-एक टाइल्स, मार्बल खाली कर रहे थे। उसी दौरान जमीन की मिट्टी गीली होने के चलते ट्रक का टायर धंस जाने से टाइल्स में फसी रस्सी टूट गई और फिर ट्रक के एकसाईड होने के कारण लोड टाईल्स भर भराकर एक मजदूर के उपर गिर गया, जिसमें दो मजदूर दब गए, इधर हादसे के बाद दोनों मजदूरों को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरौद ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया, वहीं मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं दो लोगों की मौत से पूरे गांव में मातम पसर गया।

## जंगल में मिला मादा भालू का शव, वन विभाग की टीम ने जताई शिकार की आशंका

**कांकेर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के जंगल में मादा भालू का शव मिला है, ग्रामीणों ने जब भालू के शव को देखा, तब इसकी तत्काल सुचना वन विभाग को दी, मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मृत भालू के शव पोस्टमार्टम के लिये भेजवा कर जाँच में जुट गयी है. चारामा वन परिक्षेत्रों का मामला.

जानकारी अनुसार, कांकेर जिले के डोकला गाँव के जंगल में मादा भालू का शव मिला है, मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मृत भालू के शव पोस्टमार्टम के लिये भेजवा दिया है. फ़िलहाल मामले की जांच जारी है, मौत का कारण अज्ञात है, शिकार की आशंका के चलते पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।


NECC

| 11.12.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.80 | 75 | 135 |
| चिल्हर | 6.85 | 90 | 165 |

डिलीवरी 595 सैकड़ा
दर्जन अंडा 82 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA



प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

पिंटू– मम्मी आप तो कहती थीं कि परी उड़ती है फिर अपनी मौसी उड़ती क्यों नहीं?
मम्मी– उसको परी किसने कहा?
पिंटू – डैडी ही उन्हें परी कहकर बुला रहे थे।
मम्मी– तो फिर बेटा आज तेरी मौसी भी उड़ेगी और साथ में तुम्हारे पापा भी...

संपादकीय

## अंदरूनी विवाद जल्दी मिटाये कांग्रेस

छत्तीसगढ़ विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय को बनाकर अपनी सरकार बनाने की तैयारी कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पराजय के कारणों की तलाश के साथ आंतरिक विवादों में उलझी हुई है। हार के बाद इस तरह के परस्पर आरोप-प्रत्यारोप एवं विवाद स्वाभाविक हैं परन्तु देखना होगा कि कांग्रेस कितनी जल्दी इन मतभेदों को मिटाकर एकजुट होती है। ऐसा न हुआ तो इसका असर लोकसभा चुनावों पर पड़ सकता है।

7 व 17 नवम्बर को दो चरणों में हुए मतदान के जो नतीज़े 3 दिसम्बर को निकले उनमें भाजपा को अप्रत्याशित लेकिन बड़ी जीत मिली है। उसकी पहली बार 50 के पार (54) सीटों की संख्या पहुंची है, जबकि कांग्रेस की प्रभावशाली विजय की उम्मीद की जा रही थी। सरगुजा व बस्तर में तो उसे बड़ी पराजय मिली ही, उसके 9 मंत्री और अनेक संसदीय सचिव चुनाव हार गये। जैसा कि होता है, पराजित पार्टी के अनेक उम्मीदवार, पदाधिकारी और कार्यकर्ता आरोप लगाते हैं, जिनमें से कुछ सच होते हैं तो कुछ अतिरंजित या फिर पूरी तरह से झूठ। फिर भी, हारे हुए दल और उसके सर्वेसर्वा को ये बातें सुननी ही होती हैं। उनमें से वह कुछ के स्पष्टीकरण देते हैं तो कुछ के उनके पास जवाब नहीं होते। चूंकि चुनावी प्रचार के मामले में कांग्रेस का सारा दारोमदार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर था, तो उन पर असंतुष्टों के हमले स्वाभाविक हैं। बघेल को अपने समर्थकों या पार्टी वालों को जवाब देना ही होगा क्योंकि जीत की स्थिति में श्रेय भी आखिरकार उन्हें ही मिलता। ऐसे में अगर हार का ठीकरा उन पर फोड़ा जाता है तो आश्चर्य नहीं।

कांग्रेस की राज्य इकाई के शीर्ष नेतृत्व, सीएम आदि पर आरोपों की बाढ़ सी आई हुई है। एक ओर निवर्तमान सरकार के मंत्री जयसिंह अग्रवाल को शिकायत है कि सरकार के मुखिया के हाथों में सारी ताकत केन्द्रित हो गई थी और प्रशासन पर अफसरों का पूरी तरह से प्रभुत्व था। पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने तो आरोप लगाया है कि उनसे प्रभारी चंदन यादव ने सात लाख रुपये लिये हैं। अगर ये पार्टी के खजाने में जमा हुए हैं तो ठीक है वरना इसकी जांच होनी चाहिये।

पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह के बीच उठे विवादों से पहले ही कांग्रेस की खासी किरकिरी हो चुकी है। अब बृहस्पत ने सिंहदेव को ही पराजय का जिम्मेदार ठहराया है। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने अनर्गल बयान न देने और बघेल ने लोकसभा चुनाव की तैयारी करने को कहा है। पार्टी हित में यही होगा कि सभी मतभेद भुलाकर आगे की ओर देखें।

# नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा, भाजपा ने मनाया जोरदार जश्न

## भाजपा कार्यालय में जमकर आतिशबाजी, मिठाई बांट कर बधाई देते रहे भाजपाई



**जगदलपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं ने जमकर खुशियाँ मनायी। भाजपा जिला कार्यालय में जश्न का माहौल रहा। जोरदार आतिशबाजी के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिठाईयाँ बांटी और ढोल नगाड़े में जमकर थिरके। शाम को नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम की घोषणा होने के बाद बड़ी संख्या में भाजपा कार्यालय में एकत्र रहे और खुशियाँ मनाने, बधाइयाँ देने का सिलसिला देर शाम चलता रहा। भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी ने कहा कि प्रदेश में पहली बार आदिवासी वर्ग से मुख्यमंत्री भाजपा ने बनाया है, यह अत्यंत हर्ष का विषय है। श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा कि नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विकास के नये आयाम स्थापित होंगे। इस दौरान भाजपा कार्यालय में प्रमुख रूप से विद्या शरण तिवारी, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीधर ओझा, वेदप्रकाश पाण्डेय,प्रदीप देवांगन, राजेन्द्र बाजपेयी, आलोक अवस्थी, परिस बेसरा, रिंकू पाण्डेय,मनोज पटेल,नरेंद्र पाणिग्रही,राजपाल कसेर,प्रकाश झा, सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, भारती श्रीवास्तव,दिनेश पाणिग्रही, अतुल सिम्हा, सपन देवांगन, सतीश बाजपेयी, संजय विश्वकर्मा, निर्मल पाणिग्रही, धनसिंह नायक,प्रमिला कपूर, दंतेश्वर राव, अनिमेष चौहान, कमल पटवा, सूरज मिश्रा,शैलेष श्रीवास्तव, प्रेम यादव, आनंद झा, संजय चंद्राकर, जगत चौहान, ममता सिंह राणा, किरण सेन, रानी चेरपा , ममता पोटाई, विभा राव, नीलम यादव, अलका सेंगर, डाकेश्वरी पांडे, कौशल्या साहू ,अनिता श्रीवास्तव, माया रानी बराई, ममता घोष , अंजु राय, गंगोत्री चंद्रवंशी ,वंदना दास, सुमित्रा ठाकुर, कुसुम परिहार आदि सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार



**आरोपी के कब्जे से 6.530 बल्क लीटर शराब एवं एक मोटर सायकल बरामद**

**जगदलपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। अवैध शराब बिक्री पर बस्तर पुलिस को कार्यवाही करने में सफलता मिली है। धरमपुरा क्षेत्र में एक व्यक्ति जो अपने मोटर सायकल में अवैध शराब रखकर बिक्री हेतु परिवहन कर रहा है कि सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर, कार्यवाही हेतु रवाना किया गया था। उक्त टीम के द्वारा धरमपुरा नम्बर 3, बिजली ऑफिस के सामने एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर, घेराबंदी कर पकड़ कर पुछताछ किया गया। उक्त व्यक्ति से पुछताछ करने पर अपना नाम बलराम सेठिया निवासी देउरगांव का होना बताया, जिसके कब्जे से एक लाल रंग के बैग के अंदर अवैध अंग्रेजी कंगारू 10000 बियर 07 नग प्रत्येक में 650 एम0एल0 एवं सीजी फाईन प्रीमियम व्हीस्की 11 नग प्रत्येक में 180 एम0एल0, जुमला शराब मात्रा - 6.530 बल्क लीटर, कुल कीमती 2,790/-रूपये एवं सी0डी0 डिलक्स लाल रंग मोटर सायकल क्रमांक- सी. जी.17. केवी.5899 को आरोपी से बरामद कर, जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली जगदलपुर में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर, कार्यवाही किया गया है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय भेजा गया है।

# नियानार इंडियन बैंक के ताला तोड़ने वाले आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रार्थी ने थाना में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 नवंबर की रात्रि नियानार इंडियन बैंक में लगे ताला को किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रात्रि 9ः30 बजे से 10ः00 बजे के मध्य बैंक में रखे नगदी रकम को चोरी करने की नियत से बैंक में लगे ताला को तोड़ने का प्रयास किया हैं तथा बैंक में लगे सायरन के वायर तथा सीसीटीवी को तोड़फोड़ कर एक नग सीसीटीवी को चोरी कर अपने साथ ले गये हैं। आसपास के लोगों का शोरगुल को सुनकर चोर भाग गये। अज्ञात चोरों के द्वारा बैंक में रखे नगदी रकम को चोरी करने की नियत से बैंक में लगे ताला को तोड़ने का प्रयास किये हैं कि रिपोर्ट पर थाना परपा में अपराध कायम कर विवेचना कार्यावाही में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम के द्वारा घटना स्थल पहुँचकर सूक्ष्मता से निरीक्षण कर विशेष सूचना व तकनीकी साक्ष्य एवं सीसीटीवी फुटेज के मदद से प्रकरण के आरोपी चंदन पटेल पिता धनो पटेल उम्र 31 वर्ष जाति पनारा निवासी ग्राम लामनी पनारा पारा थानाकेके परपा एवं उसके साथी विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर पृथक पृथक मेमोरण्डम कथन लिया गया जिनके द्वारा मेमोरण्डम कथन में दिनॉक घटना समय व स्थान को घटना घटित करना स्वीकार किये। आरोपी एवं विधि से संघर्षरत बालक के निशानदेही पर उनके सकूनत से बैंक >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कादम्बरी महिला संस्था द्वारा सुगम संगीत कार्यक्रम आयोजित



**जगदलपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। जगतु महारा बहुउद्देशीय बस्तर हाई स्कूल के ऐतिहासिक सांस्कृतिक कक्ष में शनिवार को आयोजित सुगम संगीत के कार्यक्रम में अनेक स्कूलों की प्रतिभागी छात्राओं ने हिस्सा लिया जिसमें जगदलपुर के आसपास से विभिन्न शालाओं की छात्राओं ने अपनी मोहक प्रस्तुति दी है। संस्था की अध्यक्ष ख़ुदेजा ख़ान ने बताया कि कादम्बरी महिला संस्था महिलाओं के चहुंमुखी विकास हेतु छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच देकर उन्हें सामने लाने का प्रयास हमेशा से करती आ रही है। इस कड़ी में इस बार शालेय छात्राओं के बीच सुगम संगीत का कार्यक्रम रखा गया। इस आयोजन में प्रथम स्थान- अराधना जैन ( निर्मल विद्यालय) द्वितीय स्थान- करूणा बेंजामिन- ( भगत सिंह स्कूल) तृतीय स्थान-पुष्पा नाग ने प्राप्त किया। शेष प्रतिभागी कायनात ख़ान ( अंजुमन स्कूल) डीनीता नाग ( स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# लामनी पार्क में आंध्र समाज के लोगों ने ग्रहण किया वनभोज





**आँवला पूजा विधान के साथ आयोजित किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**जगदलपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। आंध्र समाज द्वारा शहर सीमा से लगे लामनी पार्क में कार्तिक मास वन भोजनम् कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में आंध्र समाज के सदस्यों ने अपनी भागीदारी निभाई। तेलुगु समाज के लोगों ने आँवले के पेड़ की पूजा कर अपने संतान एवं परिवार की सुख समृद्धि की कामना ईश्वर से की। इस अवसर पर वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष मद्दी श्रीनिवास राव विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने आंध्र समाज के अध्यक्ष जयंत नायडू एवं पदाधिकारियों के साथ मिलकर लामनी पार्क में आँवले का पौधा भी रोपा। इस अवसर पर उन्होंने भरोसा दिलाया कि समाज की प्रगति और उत्थान में वे हमेशा समाज के लोगों के साथ खड़े है। आंध्र समाज की ओर से सचिव सुब्बाराव ने कार्यक्रम में उपस्थितों का आभार जताया। पूजा विधान पंडित शंकर राव के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर यशवर्धन राव, एस नागभूषण, सेनापति राजू, श्रीनिवास राव, कामेश राव, बसंत राव, राजेश राव, रविभूषण राव, बी जयराम आदि उपस्थित रहे। बता दें कि वन भोजनम् कार्यक्रम कार्तिक माह में मनाया जाता है, दांपत्य जोड़े में यह विशेष पूजा अपने संतान एवं पारिवार के सुख- समृद्धि के उद्देश्य से की जाती है। इस दिन आँवले के पेड़ की पूजा होती है, और जहाँ आँवले का पेड़ होता है वहीं भोजन भी किया जाता है। तेलुगू समाज द्वारा प्रतिवर्ष धूमधाम से यह पूजा विधान संपन्न किया जाता है। इसी क्रम में जगदलपुर में आंध्र समाज द्वारा लामनी पार्क स्थित आँवले के पेड़ की पूजा की गई। आँवले के पेड़ की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा कर शास्त्रानुशार आँवला-पूजन के दिन वन में ही भोजन भी किया जाता है।

**कार्तिक माह में क्यों की जाती हैं, आँवले के पेड़ की पूजा:** पौराणिक कथा के अनुसार एक बार माता लक्ष्मी पृथ्वीं का भ्रमण कर रही थीं और वह एक साथ भगवान विष्णु और भगवान शिव की पूजा करना चाहती थीं। तब उन्हें ध्यान आया कि तुलसी और बेल दोनों के गुण आंवले में पाए जाते हैं जबकि तुलसी भगवान विष्णु को और बेल भगवान शिव को अतिप्रिय है। इसके बाद माता लक्ष्मी ने आंवले के वृक्ष को भगवान विष्णु और भगवान शिव का प्रतीक मानकर आंवले के वृक्ष की पूजा की गई थी। माना जाता है कि माता लक्ष्मी ने आंवले के वृक्ष के नीचे ही बैठकर भोजन बनाकर भगवान शिव और भगवान विष्णु को भोजन भी कराया था और स्वयं भी आंवले के वृक्ष के नीचे बैठकर भोजन किया था। इसी मान्यता अनुसार कार्तिक महीने में आंवले के पेड़ के नीचे ही बैठकर भोजन किया जाता है।

# स्टील प्लांट की लोडिंग साईट का सीसीटीवी कैमरा गायब



**जगदलपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। एनएमडीसी के नगरनार स्टील प्लांट से लोहा चोरी के मामले में नई जानकारी सामने आई है। प्लांट की लोडिंग साईट का सीसीटीवी कैमरा गायब है। चोरी के मामलों के सबूत सामने न आने पाएं इसलिए कैमरे गायब किए जाने की चर्चा है। स्टील प्लांट में उत्पादन शुरू होने के कुछ दिनों बाद से ही लोहा चोर सक्रिय हो गए हैं। लोहा चोर कुछ ठेकेदारों एवं अफसरों से सांठगांठ कर प्लांट से निकलने वाले पिग आयरन को ट्रकों से पार किया करते थे। खबर है कि लेनदेन का खेल नही जमने पर मामला बाहर आ गया। चोरी में प्लांट के अफसरों की भूमिका भी संदिग्ध प्रतीत हो रही है। चोरी को बढ़ावा देकर मोटी कमाई करते आ रहे अफसरों को बचाने के लिए लोडिंग साईट में लगा सीसीटीवी कैमरा ही गायब करवा दिया गया है। प्लांट को हर कोण से और चारों ओर सीसीटीवी कैमरों से आने जाने वाले लोगों और वाहनों पर नजर रखी जाती है। इतनी कड़ी निगरानी के बावजूद एक रजिस्ट्रेशन नंबर वाले दो बड़े ट्रकों से पिग आयरन कैसे पार कर दिया गया, वहीं लोडिंग साईट जहां से रोजाना करोड़ों का लोहा ट्रकों पर लोड कर दीगर राज्यों में भेजा जाता है, वहां सीसीटीवी कैमरे से निगरानी क्यों नहीं की जाती ? ये जांच के अहम बिंदु हैं।

**लोहा कारोबारियों से अफसर के संबंध का लग रहा आरोप:** अब तक की जांच में पुलिस को कुछ खास सुराग हाथ नही लगा है। प्लांट के अफसर भले ही सहयोग करने की दलील दे रहे हैं, लेकिन इस घालमेल में प्लांट के ही अफसर के लिप्त होने की आशंका जताई जा रही है। खबर है कि उक्त अफसर के दूसरे राज्यों तथा रायपुर के लोहा कारोबारियों से मधुर संबंध हैं। चोरी का लोहा इन्हीं कारोबारियों के पास खपाए जाने की चर्चा है। नगरनार स्टील प्लांट में उत्पादन तीन माह पहले शुरू हुआ है और अब तक वहां से हजारों टन लोहा पार कर दिए जाने की खबर है। जानकारी के अनुसार ब्लास्ट फर्नेस से निकलने वाले वेस्ट रा आयरन के टुकड़े बड़ी मात्रा में जमा होते हैं। इसे ही पिग आयरन कहा जाता है। सूत्रों के अनुसार अब तक 60 हजार टन से अधिक पिग आयरन की बिक्री की जा चुकी है। स्टील प्लांट के जिस भाग में पिग आयरन की लोडिंग होती है, वहां का सीसीटीवी कैमरा ही गायब है। प्लांट की यह लोडिंग साईट काफी महत्वपूर्ण भाग है। वहां सीसीटीवी कैमरा होने से ठेकेदार और अधिकारियों की सांठगांठ की आशंका को बल मिल रहा है। संयंत्र के मेन गेट से लेकर चारों ओर कैमरे के जरिए निगरानी की जाती है। सूत्रों का कहना है कि यह खेल काफी दिनों से चल रहा है। खबर है कि 30 टन पासिंग वाले ट्रकों पर 40 टन कच्चा लोहा लोड कर बाहर भेजा जाता रहा है। इस तरह प्रत्येक ट्रक में औसतन आठ टन लोहा चोरी का खेल चलता रहा है। यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि दो दिन पहले चोरी के पिग आयरन के साथ जप्त किए गए एक ही नंबर वाले दो ट्रकों का राज भी बड़ा गहरा है। इस मामले की जांच नगरनार पुलिस कर रही है। खबर है कि प्लांट के भीतर ही नंबर प्लेट बदलने का खेल चलता है। यह इस बात का संकेत देता है कि लोहा चोरी की प्लानिंग प्लांट के अंदर ही की जाती है। फिलहाल पुलिस के हाथ खाली हैं। वाहन चालक भी फरार हैं जिनका कोई सुराग अब तक नही मिल पाया है। महाप्रबंधक एवं संचार प्रमुख, नगरनार स्टील प्लांट रफीक अहमद से मिली जानकारी के अनुसार मामले की जांच जारी है। स्टील प्लांट पूरी तरह सीआईएसएफ के सुरक्षा घेरे में है। सीआईएसएफ की तैनाती के बाद संयंत्र से किसी भी सामग्री की चोरी नहीं हुई है। पिग आयरन की चोरी का पर्दाफाश सीआईएसएफ के जवानों ने ही किया और मामला नगरनार पुलिस के हवाले किया है। एक ही नंबर का दो वाहन प्लांट में कैसे प्रवेश कर गए, इसकी जांच की जा रही है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने फर्जी शिकायत पर नौकरी से निकालने का लगाया आरोप

**परियोजना अधिकारी के विरोध का लिया गया बदला**

**जगदलपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नौकरी गलत शिकायत के आधार पर छीन लिए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बास्तानार विकासखंड में पदस्थ महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी के रवैए का विरोध करने पर ग्राम पुसेम की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नौकरी साजिश के तहत छीन ली गई। इस मामले में जनपद सदस्यों को भी अंधेरे में रख सेवा समाप्ति के प्रस्ताव को उनसे स्वीकृति दिला दी गई। जिन सरपंच, पंचों व ग्रामीणों की शिकायत का हवाला देकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बर्खास्त किया गया है, उन सभी ने शपथ पत्र देकर शिकायत की बात से इंकार किया है।

बस्तर जिले के सुदूर वनांचल बास्तानार विकासखंड में पदस्थ महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी उर्मिला खोब्रागढ़े की मनमानी और लापरवाही को लेकर खूब बवाल मचा था। परियोजना अधिकारी के रवैए के खिलाफ आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं सहायिकाएं आंदोलन पर चली गई थीं इसके चलते आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था चरमरा गई। विगत पांच वर्षों से बतौर प्रभारी पदस्थ परियोजना अधिकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं से समन्वय बनाने और शासन की योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में नाकाम रही हैं वे मनमानी पर उतर आई थीं। समय बेसमय आंगनबाड़ी केंद्रों में निरीक्षण के नाम पर पहुंच जाने, कार्यकर्ताओं से दुर्व्यवहार करने, बात बात पर कारण बताओ नोटिस जारी करने उच्च अधिकारियों के समक्ष झूठी शिकायतें करने जैसे कारनामों से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं परेशान हो उठी थीं। वे परियोजना अधिकारी पर आतंक का राज कायम करने का आरोप लगाते हुए आंदोलन पर उतर आई थीं ।कार्यकर्ताओं ने बताया कि परियोजना अधिकारी कभी भी आकस्मिक रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों में उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं को लगातार परेशान करती हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान अनावश्यक आरोप लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर कई कार्यकर्ताओं को बर्खास्त करने की धमकी भी परियोजना अधिकारी द्वारा दी जाती है। साथ ही प्रतिमाह मानदेय राशि और अन्य देयकों को बेवजह रोक दिया जाता है। इसके चलते आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को मानसिक प्रताड़ना के दौर से गुजरना पड़ता है ।परियोजना अधिकारी उर्मिला खोब्रागढ़े पांच साल से यहीं पदस्थ हैं। उनके अधीन दरभा ब्लॉक और बास्तानार ब्लॉक शामिल हैं। 5 वर्षों से बास्तानार विकासखंड की प्रभारी होने की वजह से दोनों ही विकासखंडों का शासकीय कार्य लगातार बाधित हो रहा है। दोनों ब्लॉकों में आंगनबाड़ी केंद्रों के कर्मचारियों के साथ परियोजना अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करने में नाकाम रही हैं। उनकी मनमानी और लापरवाही के चलते नौनिहालों के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन भी प्रभावित हो रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उच्च अधिकारियों से परियोजना अधिकारी के खिलाफ शिकायत भी की थी। आंदोलन एवं शिकायत करने वालों का नेतृत्व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ की प्रदेश अध्यक्ष रुक्मणि सज्जन कर रही थीं। रुक्मणि सज्जन बास्तानार विकासखंड की ग्राम पंचायत बिरगाली के आश्रित ग्राम पुसेम के आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत रही हैं। परियोजना अधिकारी ने रुक्मणि सज्जन के खिलाफ झूठे शिकायत पत्र लगवाकर उन्हें बर्खास्त करवा दिया। जिन लोगों द्वारा शिकायत की जाने का हवाला देकर बर्खास्तगी की गई है, उनमें बिरगाली के सरपंच अशोक कुमार पोयाम, पुसेम के महेश पोयामी, फगनू राम पोयामी, सुखराम पोयामी आदि शामिल हैं। इन चारों व्यक्तियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर कहा है कि उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रुक्मणि सज्जन के खिलाफ कभी किसी अधिकारी को शिकायती आवेदन नहीं दिया है। उनके नाम से फर्जी शिकायती पत्र >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# प्रधानमंत्री का किसानों से संवाद का सीधा प्रसारण



**कोण्डागांव,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। शनिवार को प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद किया। इस अवसर पर बोरगांव स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार इसका सीधा प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के 324 किसानों ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रधान मंत्री ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने का माध्यम बन रही है। विकसित भारत निर्माण और अंत्योदय केंद्र सरकार की योजनाओं का मुख्य ध्येय है।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.ओमप्रकाश ने कार्यक्रम में प्राकतिक खेती से होने वाले लाभ के बारे में बताया। जनप्रतिनिधि दीपेश अरोरा ने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से किसानों के उन्नयन से भारत विश्व गुरु बनेगा। मजबूत इच्छाशक्ति के बलबूते कुछ भी किया जा सकता है। केंद्र सरकार ने जो योजनाएं बनाई हैं, उसके अनुसार हितग्राहियों के पास जाकर उन्हें योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया जा रहा है। आज युवा शहर जाना छोड़कर गांव की ओर लौट रहे हैं और यहां पर खेती करके लाखों में फायदा कमा रहे हैं।

केंद्र के विशेषज्ञ डॉ.सुरेश मरकाम ने मृदा की उपजाऊ क्षमता बनाये रखने के लिए फसल चक्र एवं प्राकतिक खेती की आदानों के उपयोग पर जोर दिया, डॉ.बिंदिया पैंकरा ने मृदा स्वास्थ्य परिक्षण एवं पत्रक की उपयोगिता के बारे में किसानों को बताया। डॉ.प्रिया सिन्हा ने कृषि में ड्रोन के विभिन्न उपयोग पर तथा डॉ.हितेश मिश्रा ने समन्वित कृषि प्रणाली पर चर्चा किया। इस कार्यक्रम में जिले के प्रगतिशील किसानों जैविक खेती से जुड़े मंगलूराम कोर्राम, मशरूम उत्पादक दयाराम मरकाम, मत्स्य पालक तरुण साना, गुलाब उत्पादक रामसाय मरकाम, हर्बल गुलाल उत्पादक सुमित्रा, भारत बघेल आदि के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत अपनी सफलता की कहानियों को जिले के किसानों को सुनाकर प्रेरित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जनप्रतिनिधि तरुण साना, प्रवीर सिंह बदेशा, सुखलाल मरकाम, झारीराम सलाम, सोमा दास, श्याम नेताम एवं जिले के अन्य सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कोण्डागांव उड़ान क्रीड़ा व युवा विकास संस्थान छग का उपक्रम

## पल्ली में हुआ शहीद वीर नारायण सिंह मैराथन दौड़ प्रतियोगिता



**कोण्डागांव,**10 दिसम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव उड़ान क्रीड़ा एवं युवा विकास संस्थान छत्तीसगढ़, की संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत पल्ली में शहीद वीर नारायण सिंह मैराथन दौड़ प्रतियोगिता 10 दिसंबर 2023 को आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूपसिंह नेताम सेवा निवृत्ति शिक्षक, विशेष अतिथि बुधमन मरकाम सरपंच ग्राम पंचायत पल्ली, अध्यक्ष उड़ान एवं युवा विकास संस्थान छत्तीसगढ़ संजय उईके, संस्थापक सामान्य भरतलाल मंडावी, मंच संचालक अनिल कुमार मंडावी, मीडिया प्रभारी बिसलाल नेताम, कमलेश मरकाम, हेमलाल मंडावी, गुलशन नेताम, राजमन मरकाम, मुकेश कुमार मंडावी, मनीषा मण्डावी, सरस्वती मरकाम, किशनलाल शोरी, नवीन कुमार उईके सहित ग्राम पंचायत-पल्ली के समस्त नवयुवक एवं नवयुवतियां उपस्थित रहे। जिनके अथक प्रयास से शहीद वीर नारायण सिंह की यादगार को स्वर्णिम अक्षरों से अंकित करने के लिए 10 किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया गया था। इस मैराथन में प्रथम स्थान बालक वर्ग संजय कुमार कोर्राम चिलपुटी, दूसरा स्थान फुलदर नेताम चपई, तृतीय स्थान संतोष कुमार मरकाम ईरागांव एवं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्रियंका साहू दुर्ग जिला, दुसरा स्थान प्रमिला मण्डावी लोहड़ीगुडा, कुमली पोयाम जगदलपुर। राज्य के समस्त जिलों से प्रतिभागी उपस्थित होकर एवं कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमलेश कुमार मरकाम उड़ान क्रीड़ा एवं युवा विकास संस्थान छत्तीसगढ़ से संबंधित जानकारी दी।

# नवीन बस स्टैंड चिखलपुटी में मिला शव



**कोण्डागांव,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय कोंडागांव के समीप स्थित ग्राम चिखलपुटी में नवनिर्मित बस स्टैंड में 10 दिसम्बर की सुबह अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध हालत में मिलने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी नजर आई। कोंडागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत चिखलपुटी नवीन बस स्टैंड में रविवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध हालत में मिलने की जानकारी मिलते ही कोंडागांव कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी और पतासाजी करने पर पुलिस ने पाया कि मृतक व्यक्ति बाजारपारा कोण्डागांव निवासी है, जिसका नाम भोलाराम और जिसकी मानसिक हालत ठीक नहीं होना बताया जा रहा है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृत व्यक्ति को कल शाम को ही बस स्टैंड के पास घूमते हुए देखा गया था। ज्ञात हो कि नवीन बस स्टैण्ड का निर्माण हो चुकने के बाद, लोकार्पण भी हो चुका है, लेकिन बस स्टैण्ड का उपयोग आज तक प्रारम्भ नहीं हुआ है। और वहीं 10 दिसम्बर को नव निर्मित बस स्टैण्ड में संदिग्ध हालत में षव मिलने पर लोगों में चर्चा का विशय बना हुआ है।

# विष्णु देव के सीएम बनते ही दंतेवाड़ा में जश्न



- भाजपाईयों ने की आतिशबाजी, निकाली रैली
- आदिवासी सीएम के लिए केन्द्रीय नेतृत्व को दिया धन्यवाद

**दंतेवाड़ा,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के नये मुख्यमंत्री होंगे विष्णुदेव साय। राजधानी में आज भाजपा विधायक दल की बैठक में श्री साय के नाम की औपचारिक घोषणा की गई।

दंतेवाड़ा में भी श्री साय के मुख्यमंत्री बनते ही जमकर जश्न मनाया गया। भाजपाईयों ने दंतेश्वरी मंदिर के सामने जय स्तंभ चौक पर आतिशबाजी की। इसके बाद रैली की शक्ल में सभी भाजपाई बस स्टैण्ड पहुंचे। यहां रेस्ट हाउस तिराहे के पास मुख्य मार्ग पर पटाखे फोड़े गए, आतिशबाजी की गई। भाजपाईयों ने कहा कि यह भाजपा में ही संभव है कि एक आम आदिवासी कार्यकर्ता भी सरपंच से लेकर मुख्यमंत्री के पद तक पहुंच सकता है। जिन संकल्पों और उम्मीदों के साथ भाजपा ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया, अब उसे संवारने की जिम्मेदारी भी जनता ने पूर्ण की है। इस दायित्व को भी भाजपा निभायेगी। उल्लेखनीय है कि श्री साय राज्य के प्रथम आदिवासी मुख्यमंत्री होंगे। इसके पूर्व राज्य गठन के दौरान नवंबर 2000 में कांग्रेस ने अजीत जोगी को मुख्यमंत्री बनाया था, लेकिन श्री जोगी निर्वाचित आदिवासी सीएम नहीं बल्कि मनोनीत किये गए थे, इस लिहाज से श्री साय प्रथम आदिवासी मुख्यमंत्री होंगे। आज दंतेवाड़ा में नई सरकार के इस जश्न में कई वरिष्ठ-कनिष्ठ भाजपाई शामिल हुए। इनमें दुर्गा प्रकाश सिंह चौहान, महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, मुकेश शर्मा, भाजयुमो अध्यक्ष कुणाल ठाकुर, श्रवण कड़ती, जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम, जनपद उपाध्यक्ष जय दयाल नागेश, कुलदीप सिंह, समीरन मंडल, भाजपा महिला पदाधिकारी श्रीमती ओजस्वी मंडावी, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया

## सर्व आदिवासी व बाबा साहेब सेवा संस्था ने



**कोण्डागांव,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। सर्व आदिवासी व बाबा साहेब सेवा संस्था द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह जी का शहादत दिवस मनाया गया। कोण्डागांव शहीद वीर नारायण सिंह चौपाटी मैदान में 10 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलितकर एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पष्चात् उनके द्वारा किए गए साहसिक कार्यों को याद किया। कार्यक्रम के दौरान सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी व बाबा साहेब सेवा संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### कसडोल स्कूल में निर्मित प्रिंट रीच की सराहना की



**सरायपाली,** 9 दिसंबर (देशबंधु)। शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला कसडोल का आकस्मिक निरीक्षण सरायपाली विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी एवं संकुल केंद्र किसड़ी के नोडल प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद भोई द्वारा किया गया ।कक्षा स्तर पर बच्चों की पढ़ाई के स्तर की जांच की विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं नोडल प्राचार्य भोई द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कसडोल के शाला भवन में निर्मित पुस्तकालय की प्रशंसा की गई एवं अन्य विद्यालयों को प्रेरित करने हेतु सुझाव दिए गए। मांझी द्वारा खिलौना कॉर्नर बच्चों की एफ एल एन एक्टिविटी और अभ्यास पुस्तिका क्रियान्वयन की जांच की गई । तीनों कक्षा कक्ष में किए गए प्रिंट रिच की प्रशंसा की साथ ही साथ मध्यान भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की गई। बीईओ मांझी प्राचार्य भोई द्वारा बच्चों के बेहतर भविष्य हेतु सुझावा त्मक निर्देश दिए गए ,साथ ही साथ शाला स्तर पर किए जा रहे अन्य कार्यों की सराहना बीईओ मांझी द्वारा किया गया। संकुल केंद्र किसड़ी के प्रेरणास्रोत व्याख्याता किशोर कुमार रथ ने बच्चों को छोटे छोटे वाक्य रचना करना बताया । साथ ही मंदिर स्कूल सरायपाली के संकुल समन्वयक सुशील चौधरी ने कक्षा पहली, दूसरी के बच्चों से कविता सुनकर बच्चों को प्रोत्साहित किये।

# शिक्षकों ने विधायक का किया सम्मान



**सरायपाली,** 9 दिसंबर (देशबंधु )। विधानसभा सरायपाली से शिक्षक से विधायक पद पर निर्वाचित होने वाली श्रीमती चतुरी नंद का विकासखंड बसना केअंतर्गत विधानसभा सरायपाली में आने वाले संकुल के शिक्षकों द्वारा दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर में भव्य स्वागत किया गया विधायक चातुरी नंद जनपद अध्यक्ष बसना रुक्मिणी पटेल पिछड़ा वर्ग सदस्य मनभंजन पटेल,गुलाब सिंह तोमर, केंवरा चौहान,पूर्णानंद मिश्रा, पी पटेल मंचासीन थे,शिक्षकों ने ग्राम सागरपाली में शिक्षक सदन की मांग की,,जिससे कि दूरस्थ सुदूर वनांचल के शिक्षक साथियों को बैठक ,कार्यशाला इत्यादि शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए इधर उधर भटकना ना पड़े,अपने स्वागत से अभिभूत नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती चातुरी नंद ने कहा कि मेरा सफर शिक्षक के पद से प्रारंभ हुआ आप सभी का सहयोग स्नेह है जिससे मैं आज सरायपाली विधायक के रूप में निर्वाचित हो पाई हूं ,श्रीमती चातुरी नंद ने कहा कि वह शिक्षकों के साथ खड़ी है भविष्य में समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहूंगी साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों के लिए शिक्षक सदन का निर्माण उनके द्वारा प्राथमिकता के क्रम में होगा स्वागत सम्मान से अभिभूत चातुरी नेशिक्षकों का हृदय से आभार व्यक्त किया विदित हो कि श्रीमती चातुरी नंद विकास खंड बसना के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भूकेल में शिक्षक के पद पर कार्यरत थीं,वहीं से उन्होंने त्याग पत्र देकर आरक्षित सीट सरायपाली से विधान सभा का चुनाव लडा और जीत दर्ज की,,वे शिक्षक संघ का नेतृत्व भी कर रही थी,,

कार्यक्रम को सफल बनाने में ,उस्ताद अली,अमित चौरसिया, सादराम अजेय,अजय जायसवाल,चंद्रकांत चौरसिया,रामकुमार मैत्री,लक्ष्मण पटेल,संतलाल पटेल,रूपधर निषाद,भूपेश पाढ़ी, इंदल पटेल, डीजेंद्र कुर्रे,श्यामलाल भोई,आनंद पटेल,नंद राम साहू, गुलाब सिंह तोमर,जी पी पटेल, आर के पटेल,डेनियल तांडी,गिरीश कुमार पाढ़ी,वीरेंद्र कुमार कर,छतराम जायसवाल,का योगदान रहा ,,कार्यक्रम में सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे,,कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार चौरसिया तथा आभार प्रदर्शन तिरिथ राम पटेल ने किया।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**जगदलपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु) । छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ जगदलपुर जिला बस्तर की मासिक बैठक में 17 दिसंबर पेंशनर दिवस भानुप्रतापपुर जिला कांकेर में सम्मिलित होने के लिए जगदलपुर से पांच महिला पेंशनर लगभग 20 पेंशनर जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। सर्व सम्मति से आने जाने एवं सम्मेलन में होने वाले व्यय हेतु बैंक खाते से राशि आहरण हेतु निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य के नये मुख्यमंत्री के रूप में विष्णु देव सायं को छत्तीसगढ़ राज्य की कमान सौंपी गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ जगदलपुर जिला बस्तर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में, कर्मचारी एवं पेंशनरों के साथ आपकी सहानुभूति उनके हित निर्णय लेगी। अंत में जिला शाखा जगदलपुर जिला बस्तर के अध्यक्ष के के द्विवेदी की माता का स्वर्गवास हो जाने पर एवं स्व दत्तात्रेय ठोंमरे , अनिल ठोंमरे के पिता का स्वर्गवास हो जाने पर आज की बैठक में दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से अपने चरणों में स्थान देने हेतु प्रार्थना कर सभी ने अपने श्रृद्धा सुमन अर्पित किये।

# बच्चों ने नव निर्वाचित विधायक को खिलाई मिठाई

## भीड़ से निकलकर खुद मिलने पहुंचे थे चैतराम



**दंतेवाड़ा,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा विधानसभा के नव निर्वाचित भाजपा विधायक चैतराम अटामी का समर्थको व कार्यकर्ताओ ने गीदम बस स्टैंड में आतिशबाजी कर एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान गीदम बस स्टैंड में स्कूल के नन्हे छात्र छात्राओं ने भी विधायक चैतराम को मिठाई खिलाकर बधाई दी। तस्वीर में मासूम नन्हे छात्र व छात्रा विधायक चैतराम को मिठाई खिलाते नजर आ रहे हैं। विधायक श्री अटामी भी भीड़ में मौजूद बच्चो को देखकर अपने आप को रोक नहीं पाये व खुद उनसे मिलने पहुंचे और नन्हे बच्चो से मुलाकात कर कहा कि जैसा प्यार मुझे यहाँ जनता से मिल रहा है उसके लिये वे जिले के समस्त नागरिको के सदैव ऋणी रहेंगे।

# संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ का आयोजन





## विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**नारायणपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। शनिवार को संकुल केन्द्र मुरियापारा संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ मेला का आयोजन प्राथमिक शाला नयापारा में किया गया। यह आयोजन मुख्यत: विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना, विज्ञान के प्रति रुझान तथा विभिन्न अवांछनीय वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओ का निर्माण करना, इसके अंतर्गत प्राथमिक शाला नयापारा, प्राथमिक शाला मुरियापारा एवं प्राथमिक शाला लोहरापारा के होनहार विद्यार्थियों ने अपनी हुनर का प्रदर्शन करते हुए पृथक -पृथक स्टाल लगाये जिसमें प्रमुख रूप से सोलर कुकर, पवन चक्की, शब्द बनाना, अंको की पहचान, आकृति पहचान, दैनिक फलों, जानवरों आदि की आकृति का निर्माण कर प्रदर्शनी में अवलोकनार्थ रखा गया द्य इस अवसर पर नयापारा की पार्षद श्रीमती अनिता कोरोटी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमती सविता उसेंडी, श्रीमती अनंदवती पटेल, मयाराम कोर्राम, सोमनाथ पोटाई, श्रीमती सूरजबती पोटाई विशेष रूप से उपस्थित थेद्य कबाड़ से जुगाड़ मेला में प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों को संकुल प्राचार्य मनोज बागड़े, संकुल समन्वयक कुलेश्वर नाग ने बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना करते हुए बेहतर पढ़ाई करने की बात कही वहीं अन्य शिक्षिकाओं में श्रीमती दयावती गावड़े प्र. अध्यापक, श्रीमती फुलेश्वरी ठाकुर, श्रीमती दामिनी देवांगन ने भी बच्चों को प्रेरित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने चैतराम को दी बधाई

## नवनियुक्त विधायक से समस्याओं के समाधान की उम्मीद



**दंतेवाड़ा,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संख्या शाखा दंतेवाड़ा के द्वारा दंतेवाड़ा जिले के नव नियुक्त विधायक चैतराम अटामी का पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया। संघ की ओर से जिले के समस्त विकासखंड के पदाधिकारियों के द्वारा जीत पर बधाई देते हुए विधायक श्री अटामी का संघ की ओर से स्वास्थ्य के क्षेत्र में आने वाले दिनों में नई सरकार की पूर्ण रूप से अपेक्षाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस मुलाकात के दौरान जिला अध्यक्ष स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ गैंद सिंह ठाकुर, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अंकित सिंह, जिला सचिव आरबी मरकाम, जिला उपाध्यक्ष एस. मरकाम, ब्लॉक अध्यक्ष गीदम हीरालाल कश्यप, जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नूरजहां बेगम, प्रेमलता टीकम, दसमी कश्यप, कृष्ण कुमार पुजारी, भगत राम कोरसा उपस्थित थे।

उल्टा पुल्टा

गोलू अपनी मोटी बीवी से- जरा ये बताओ,
तड़प-तड़प कर मरना अच्छा होता है या जल्दी मरना अच्छा होता है।

बीवी- जल्दी मरना अच्छा होता है।
गोलू- तो एक काम कर, अपना दूसरा पांव भी मेरे उपर रख दे।

संपादकीय

## अंदरूनी विवाद जल्दी मिटाये कांग्रेस

*छत्तीसगढ़ विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय को बनाकर अपनी सरकार बनाने की तैयारी कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पराजय के कारणों की तलाश के साथ आंतरिक विवादों में उलझी हुई है। हार के बाद इस तरह के परस्पर आरोप-प्रत्यारोप एवं विवाद स्वाभाविक हैं परन्तु देखना होगा कि कांग्रेस कितनी जल्दी इन मतभेदों को मिटाकर एकजुट होती है। ऐसा न हुआ तो इसका असर लोकसभा चुनावों पर पड़ सकता है।*

*7 व 17 नवम्बर को दो चरणों में हुए मतदान के जो नतीज़े 3 दिसम्बर को निकले उनमें भाजपा को अप्रत्याशित लेकिन बड़ी जीत मिली है। उसकी पहली बार 50 के पार (54) सीटों की संख्या पहुंची है, जबकि कांग्रेस की प्रभावशाली विजय की उम्मीद की जा रही थी। सरगुजा व बस्तर में तो उसे बड़ी पराजय मिली ही, उसके 9 मंत्री और अनेक संसदीय सचिव चुनाव हार गये। जैसा कि होता है, पराजित पार्टी के अनेक उम्मीदवार, पदाधिकारी और कार्यकर्ता आरोप लगाते हैं, जिनमें से कुछ सच होते हैं तो कुछ अतिरंजित या फिर पूरी तरह से झूठ। फिर भी, हारे हुए दल और उसके सर्वेसर्वा को ये बातें सुननी ही होती हैं। उनमें से वह कुछ के स्पष्टीकरण देते हैं तो कुछ के उनके पास जवाब नहीं होते। चूंकि चुनावी प्रचार के मामले में कांग्रेस का सारा दारोमदार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर था, तो उन पर असंतुष्टों के हमले स्वाभाविक हैं। बघेल को अपने समर्थकों या पार्टी वालों को जवाब देना ही होगा क्योंकि जीत की स्थिति में श्रेय भी आखिरकार उन्हें ही मिलता। ऐसे में अगर हार का ठीकरा उन पर फोड़ा जाता है तो आश्चर्य नहीं।*

*कांग्रेस की राज्य इकाई के शीर्ष नेतृत्व, सीएम आदि पर आरोपों की बाढ़ सी आई हुई है। एक ओर निवर्तमान सरकार के मंत्री जयसिंह अग्रवाल को शिकायत है कि सरकार के मुखिया के हाथों में सारी ताकत केन्द्रित हो गई थी और प्रशासन पर अफसरों का पूरी तरह से प्रभुत्व था। पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने तो आरोप लगाया है कि उनसे प्रभारी चंदन यादव ने सात लाख रुपये लिये हैं। अगर ये पार्टी के खजाने में जमा हुए हैं तो ठीक है वरना इसकी जांच होनी चाहिये।*

*पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह के बीच उठे विवादों से पहले ही कांग्रेस की खासी किरकिरी हो चुकी है। अब बृहस्पत ने सिंहदेव को ही पराजय का जिम्मेदार ठहराया है। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने अनर्गल बयान न देने और बघेल ने लोकसभा चुनाव की तैयारी करने को कहा है। पार्टी हित में यही होगा कि सभी मतभेद भुलाकर आगे की ओर देखें।*

# छत्तीसगढ़ में पहला काम 18 लाख आवास देने का : साय

**रायपुर**, 10 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मनोनीत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कहा है कि बीजेपी ने हमेशा आदिवासी समुदाय का सम्मान किया है, यह बीजेपी ही है जिसने आदिवासियों के कल्याण के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया है। सभी अनियमितताओं की जांच की जाएगी। छत्तीसगढ़ में भाजपा विधायक दल की बैठक में विष्णुदेव साय को राज्य के अगले नए मुख्यमंत्री के तौर पर चुन लिया गया। दिल्ली से रायपुर गए केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने नवनिर्वाचित विधायकों से चर्चा करने के बाद सीएम के नाम के तौर पर विष्णुदेव साय के नाम का ऐलान किया।

सीएम चुने जाने के बाद विष्णुदेव साय ने बड़ी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा च्विधायक दल का नेता चुने जाने के लिए विधायकों और आलाकमान का दिल से धन्यवाद। विधायक दल ने मुझे अपना नेता चुना है, इस अवसर पर मैं बहुत आनंदित हूं। मैं पार्टी को धन्यवाद करना चाहूंगा क्योंकि उन्होंने गांव के छोटे से कार्यकर्ता को छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करने का मौका दिया है। उन्होने कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी, पार्टी अध्यक्ष जे।पी। नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभारी हूं। पूरी ईमानदारी के साथ सबके विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा और 'मोदी की गारंटी' के तहत छत्तीसगढ़ की जनता से किए गए वादे पूरे किए जाएंगे। पहला काम 18 लाख आवास देने का होगा।



## बृजमोहन अग्रवाल ने विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर दी बधाई



वरिष्ठ भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने विष्णु देव साय को छत्तीसगढ़ का नया मुख्यमंत्री चुने जाने पर बधाई दी है। बृजमोहन अग्रवाल समेत पार्टी के सभी विधायकों ने सर्वसहमति से मुख्यमंत्री के लिए विष्णु देव साय का समर्थन किया। जिसके बाद उन्हें छत्तीसगढ़ का नया मुख्यमंत्री चुना गया। बृजमोहन अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जे पी नड्डा समेत पूरे केंद्रीय नेतृत्व को छत्तिसगढ़ में जनजातीय समाज से मुख्यमंत्री बनाने पर बधाई और धन्यवाद दिया। पहले महामहिम द्रोपदी मुर्मु को राष्टपति बनाया और अब छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बना कर भाजपा ने आदिवासी समाज को जो सम्मान दिया है उसके लिए बृजमोहन अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया। बृजमोहन अग्रवाल ने विष्णु देव साय की अगुवाई में छत्तीसगढ़ को एक बार फिर से विकास के रास्ते पर आगे ले जाने और मोदी की गारंटी को पूरा करने की बात कही। अग्रवाल ने कहा यह खुशी और सौभाग्य की बात है कि छत्तीसगढ़ को श्री साय के रूप में एक बेहद की सौम्य और प्रतिभावान मुख्यमंत्री मिला है।

## उम्मीद है साय छग के विकास के लिए कार्य करेंगे : सिंहदेव



विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाये जाने के बाद पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव ने उन्हें बधाई दी है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कहा, मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।अब वे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में काम करेंगे। हम उम्मीद करेंगे कि, सरगुजा के साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए वे कार्य करेंगे और विकास की दृष्टि से जो क्षेत्र पीछे रह गए हैं, उन्हें प्राथमिकता देंगे।

## महंत ने दी बधाई



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया में एक पोस्ट के जरिए कहा, सरल, सहज, भलेमानुष, कुनकुरी विधायक, वरिष्ठ आदिवासी नेता विष्णु देव साय को छत्तीसगढ़ नवनियुक्त मुख्यमंत्री चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ।आपके नेतृत्व में समूचे छत्तीसगढ़ सहित आदिवासी समाज का और बेहतर उत्थान हो ऐसी कामना करता हूँ।

## शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



आज शहीद वीरनारायण सिंह का शहादत दिवस के मौके पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के जय स्तंभ चौक पहुंचकर शाहिद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णुदेव साय ने कहा कि भाजपा ने आदिवासियों को हमेशा सम्मान दिया है। आदिवासियों को सम्मानित करने का काम भाजपा ने किया है। एक आदिवासी देश की सर्वोच्च पद हैं, एक आदिवासी को आज मुख्यमंत्री बनाया गया। आज आदिवासी बलिदानी दिवस है। मैं शहीद वीरनारायण सिंह की शहादत दिवस पर सत-सत नमन करता हूं।

## सीएमओ के एक्स पेज पर लगी नए मुख्यमंत्री की तस्वीर




विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनते ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्वीटर) में सीएमओ छत्तीसगढ़ के पेज पर नए मुख्यमंत्री की तस्वीर लगा दी गई है। इससे पहले राज्य में चुनाव के ऐलान के साथ ही आचार संहिता के मद्देनजर प्रदेश की सभी सरकारी वेबसाइट और सोशल मीडिया हैंडल पर नेताओं की तस्वीरें हटा दी गई थी।

## नए मुख्यमंत्री का अस्थाई निवास होगा स्टेट गेस्ट हाउस पहुंना

छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री का नाम देर शाम तक फाइनल होने की उम्मीद है। नए मुख्यमंत्री नाम के घोषणा के साथ उनके अस्थाई निवास की कवायद भी शुरु हो गई है। बीजेपी के विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार नए सीएम का अस्थाई निवास स्टेट गेस्ट हाउस पहुना को बनाया जाएगा। क्योंकि मुख्यमंत्री तुरंत स्थाई मुख्यमंत्री निवास में शिफ्ट नहीं होंगे। वो अपने मुहुर्त के साथ स्थाई मुख्यमंत्री निवास में प्रवेश करेंगे, इसलिए उनके लिए अस्थाई मुख्यमंत्री निवास के रुप में पहुना को तैयार किया जा रहा है।




**2018 में भी पहुना बना था सीएम का अस्थाई निवास**- 018 में भी पहुना ही मुख्यमंत्री का अस्थायी निवास स्थान था। यहां पिछली बार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने करीब 1 महीने तक रूककर सरकार चलायी थी। पहुना की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यहां 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी को तैनात किया गया है।

## ईश्वर साहू को जेड सुरक्षा

**रायपुर**, 10 दिसंबर (देशबन्धु)। साजा से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक ईश्वर साहू को जेड सुरक्षा दी गई है।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,पूर्व मुख्यमंत्री डा रमनसिंह के बाद सर्वाधिक सुरक्षा वाले विधायक होंगे।



पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को ब्लैक कैट कमांडो, निवृतमान सीएम बघेल को जेड प्लस की सुरक्षा रहेगी। वहीं ईश्वर साहू को जेड सुरक्षा दी गई हैं। साहू ने दिग्गज नेता रविंद्र चौबे को पराजित किया है। ईश्वर को दी गई इस सुरक्षा के पीछे उन्हें और परिवार पर थ्रेट को कारण बताया जा रहा है ।साजा के बिरनपुर में कुछ महीने पहले ईश्वर के पुत्र की कुछ मुस्लिम युवकों ने हत्या कर दी थी। उसके बाद से परिवार दहशत धमकियों में दिन गुजार रहा है।

# पूर्व विधायक विनय जायसवाल को कांग्रेस ने भेजा नोटिस

**रायपुर**, 10 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के दौरान टिकट के लिए कांग्रेस के प्रभारी सचिव पर पैसे मांगने का आरोप लगाने वाले पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नोटिस दिया है

■ **तीन दिन के भीतर मांगा लिखित में जवाब**

डॉ. जायसवाल को उनके बयानों से पार्टी की छवि धूमिल होने की बात कहते हुए तीन दिन के भीतर नोटिस का लिखित जवाब देने को कहा है। डॉ. विनय जायसवाल ने एक दिन पूर्व आरोप लगाया था कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिव चंदन यादव ने उनसे टिकट के एवज में पार्टी फंड के लिए सात लाख रुपए लिए थे।इसके अलावा उन्होंने पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए राजदरबारियों को टिकट देने का आरोप लगाया है।इसके साथ ही भाजपा और आरएसएस के साथ मिलकर षड्यंत्र रचते हुए फर्जी सर्वे रिपोर्ट तैयार का भी आरोप लगाया था।



**बृहस्पति सिंह व विनय जायसवाल दोनों घिरे**

बृहस्पति सिंह और विनय जायसवाल ने आरोप तो लगा दिए लेकिन उसके तुरंत बाद बुरी तरह घिर गए।

बृहस्पति सिंह के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए मनेंद्रगढ़ कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, भरतपुर से कांग्रेस के पूर्व विधायक गुलाब कमरों और मनेंद्रगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी रमेश सिंह ने डॉ विनय जायसवाल को लेकर जमकर घेर दिया। रमेश सिंह ने कांग्रेस की हार के लिए विनय जायसवाल और उनकी पत्नी जो महापौर हैं समेत उनके समर्थकों की भुमिका को सवालों में खड़ा किया।गुलाब कमरों ने सवाल किया कि, जिस सर्वे पर विनय जायसवाल सवाल खड़ा कर रहे हैं उसी सर्वे के आधार पर उन्हे (गुलाब कमरों) टिकट दी गई। तीनों ही नेताओं ने कहा डॉ विनय जायसवाल ने खुले तौर पर भाजपा का साथ दिया। उन्होंने कांग्रेस के नुक़सान में अहम भुमिका निभाई और खुद ही आरोप लगा रहे हैं।उन्हें पार्टी से तत्काल बाहर किए जाने की जरुरत है।

**विनय ने कहा तीन दिन बाद बात करुंगा**

माडिया में सनसनीखेज़ आरोप लगाने के बाद डॉ विनय जायसवाल को शो कॉज जारी हुआ तो इस पर उन्होंने कहा मैं तीन दिन बाद विस्तार से बात करुंगा, अभी पारिवारिक व्यस्तताएँ हैं।

## इन विधायकों को मिल सकता है मंत्री पद!

**रायपुर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)।3 दिसंबर को हुई मतगणना के बाद भाजपा को भारी बहुमत से पुन: सत्ता में काबिज होने का मौका मिला है। लगभग सप्ताह भर बाद मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लग गई है, इसके साथ ही दो डिप्टी सीएम और विधानसभा अध्यक्ष के नाम भी तय हो गए है। प्रोटेम स्पीकर के रूप में बृजमोहन अग्रवाल का नाम सामने आया है। वहीं मंत्रीयों के नाम और विभागों को लेकर अटकलें लगाई जा रही है। जिसमें पूर्व में मंत्री रहे सभी मंत्रियों के साथ ही एक-दो नए चेहरों को भी शामिल किया जा सकता है। फिलहाल अपुष्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल को प्रोटेम स्पीकर के साथ ही पर्यटन, धर्मस्व एवं सहकारिता मंत्रालय, केदार कश्यप को ग्रामीण मंत्रालय, रामविचार नेताम को मानव जल संसाधन मंत्रालय, लता उसेण्डी को महिला विकास मंत्रालय, धर्मलाल कौशिक को कृषि मंत्रालय, ओपी चौधरी को स्कूल शिक्षा मंत्रालय, राजेश मूणत को पीडब्ल्यूडी एवं परिवहन विभाग, अमर अग्रवाल को जल विकास एवं रोजगार मंत्रालय, दयाल दास बघेल वन एवं ऊर्जा मंत्रालय, रेणुका सिंह को नगरीय प्रशासन मंत्रालय, अजय चंद्राकर को उच्च शिक्षा मंत्री बनाये जाने की संभावना है, लेकिन फिलहाल इसकी औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान ही मंत्रियों के नाम एवं विभाग का खुलासा होगा।

# भाजपा जनता का सपना पूरा नहीं करेगी तो हम करेंगे विरोध : दीपक

**रायपुर**, 10 दिसंबर (देशबन्धु)। विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री को बहुत बधाई देते हुए कहा मुझे पूरा भरोसा और उम्मीद है, जो वादों के साथ भाजपा सत्ता में आई है उनको पूरा करेंगे। अडानी-अंबानी की नजर हमारे जल-जंगल-माइनिंग में रहती है, उनको बचाने का काम करेंगे।

भाजपा में जमीन से जुड़े लोगों को मौका मिलता है, इस सवाल पर दीपक बैज ने कहा, हमारी पार्टी भी जमीन से जुड़े लोगों को मौका देती है। उदाहरण मैं खुद दीपक बैज हूं। हमारे आलाकमान ने मुझे प्रदेश अध्यक्ष बनाया। हमारी पार्टी भी युवाओं और जमीन से जुड़े लोगों को मौका देती है।

वहीं कांग्रेस विधायक दल के नेता चुने जाने को लेकर बैज ने कहा, हम लोग भी जल्द विधायक दल का नेता चुनेंगे। भाजपा ने प्रदेश की जनता को एक सपना दिखाया है, पूरी उम्मीद है कि वह सपना पूरा करेंगे। नहीं तो हम लोग 35 विधायक के साथ हैं, मजबूत विपक्ष हैं। सड़क से लेकर सदन तक निश्चित रूप से सरकार के कमियों को मजबूती के साथ जनता तक पहुंचाएंगे।



शपथ ग्रहण समारोह में विपक्ष के नेताओं के जाने को लेकर बैज ने कहा, जो नेता प्रतिपक्ष होते हैं उन्हें जाना होता है। लेकिन आमंत्रण आने के बाद देखते हैं।

किसानों को 2 साल का बोनस देने के ऐलान पर दीपक बैज ने कहा, जो 15 सालों में नहीं दे पाए वह अब दे रहे हैं.सिर्फ 2 साल का क्यों, 15 साल का बोनस देना चाहिए। हम 5 साल का वादा करके आए थे, 5 साल का दिया भी। भाजपा के पास पैसे की दिक्कत नहीं है, केंद्र में भी उन्हीं की सरकार है। पूरा 15 साल का बोनस दे। पार्टी नेतृत्व पर सवाल उठने को लेकर उन्होंने कहा, कुछ बातें पार्टी से बड़ी नहीं हो सकती।सार्वजनिक बयानबाजी अपशब्दों का ध्यान रखना चाहिए। पार्टी में अनुशासन भी है, नियम कानून भी है और कायदे भी है। उससे बाहर जाने पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्टी का दरवाजा 24 घंटे खुला हुआ है। हाईकमान के पास जाकर भी बात रख सकते हैं।कोई किसी को नहीं रोक रहा है, लेकिन सार्वजनिक रूप से आरोप लगाने पर पार्टी की छवि धूमिल होती है नोटिस जारी किए हैं, जो भी हो कार्रवाई होगी।

# जनता की सुविधा के लिए राजधानी में पूरा होगा स्काईवॉक का निर्माण : राजेश मूणत

**रायपुर**, 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में भाजपा की जीत के बाद विधायक और पूर्व मंत्री राजेश मूणत का बड़ा बयान सामने आया है।

राजेश मूणत ने कहा कि शहर के विकास और जनता के सुविधा के लिए स्काईवॉक को पूरा किया जायेगा। शहर के प्रमुख मार्ग पर बन रहे स्काई वाक का निर्माण कांग्रेस की भूपेश सरकार ने रुकवा दिया था। अब फिर से भाजपा की सरकार बानी है और पूर्व मंत्री राजेश मूणत भी चुनाव जीतकर सत्ता में आ गए हैं। ऐसे में स्काई वाक का निर्माण पूरा किये जाने की बात कहकर मूणत ने इसे फिर से चर्चा में ला दिया है।



**नाफरमानी करने वाले अफसरों पर होगी कार्रवाई**-मूणत ने यह भी कहा कि अवैध कब्जों पर कार्रवाई नहीं करने वाले अफसरों पर गाज गिरेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि शराब और कोयला घोटाले के आरोपियों को जेल में सुविधा उपलब्ध कराने वाले अफसरों के खिलाफ भी की जाएगी कार्रवाई।



# 12 या 13 को हो सकता है शपथ ग्रहण!

रायपुर, 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरूण साव ने वर्ष 2023 की छत्तीसगढ़ राज्य नव गठित विधानसभा के अपने नव निर्वाचित विधायकों की सर्वसम्मति से, प्रदेश विधायक दल का नेता विष्णुदेव साय को चयनित किये जाने संबंधित पत्र सौंपा और नई सरकार बनाने के लिए अपना दावा प्रस्तुत किया।

ऐसा माना जा रहा है कि सीएमओ की स्वीकृति के बाद ही शपथ ग्रहण होगा क्योंकि 14 दिसंबर से मलमास शुरू होजाएगा। इसलिए ऐसी संभावना है कि शपथ ग्रहण सीएमओ की स्वीकृति के बाद 12 अथवा 13 तारीख को हो सकता है, फिलहाल इसकी अधिकारिक जानकारी सीएमओ से नहीं मिली है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह सहित कई दिग्गत नेताओं के शपथ ग्रहण में शामिल होने की संभावना को देखते हुए तारीख निश्चित नहीं हुई है।

# शहीद तारु सिंग फाउंडेशन रायपुर ने जीता सिक्ख क्रिकेट चैंपियनशिप




- नांदेड़ की टीम को 98 रन से किया पराजित
- गगनदीप बने प्लेयर आफ फाइनल

**रायपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। 15वीं सिक्ख प्रीमियर लगेज 2023 आल इंडिया क्रिकेट चैंपियनशिप का फाइनल मैच शहीद भाई तारु सिंग फाउंडेशन रायपुर ने खालसा वारियर्स नांदेड़ को 98 रन से हराकर जीत ली है। एक बार फिर शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए गगनदीप को मैन आफ द मैच चुना गया है। मुख्य अतिथि समाजसेवी बलदेव सिंह भाटिया ने वीनर टीम को 51 हजार व शील्ड तथा रनर अप को 31 हजार रुपए व शील्ड प्रदान करते हुए शुभकामनाएं दी।

फाइनल मैच रविवार को डब्ल्यूआरएस मैदान पर खेला गया। पहले खेलते हुए शहीद भाई तारु सिंग फाउंडेशन रायपुर की टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 168 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर लिया। किवनोर सिंह ने 55 गेंद पर 6 चौकों व 3 छक्कों की मदद से 70 रन तथा गगनदीप ने 41 गेंद में 4 चौकों व 2 छक्कों की मदद से शानदार 65 रन बनाये। बड़े स्कोर के सामने खालसा वारियर्स नांदेड़ की टीम दबाव में आ गई और मात्र 12.1 ओवर खेलकर 70 रन पर पूरी टीम आउट हो गई।

एकमात्र बल्लेबाजज रहे खालसा वारियर्स नांदेड़ की ओर से चरणजीत सिंह ने जिन्होने 20 गेंदों का सामना करते हुए 23 रन का स्कोर किया। शहीद भाई तारु सिंग फाउंडेशन रायपुर की ओर से गगनदीप ने घातक गेंदबाजी की 2 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। वहीं लकी जुनेजा ने 3 ओवर में 12 रन देकर 2 और अगमजोत सिंह ने 1.1 ओवर में 7 रन देकर 2 विकेट लिए। फाइनल मैच में गगनदीप को मैन आफ द मैच चुना गया।रविवार को फाइनल मैच में मुख्य अतिथि बलदेव सिंह भाटिया के अलावा समाज के वरिष्ठ सदस्य हरचरण सिंहसाहनी, हरमीत होरा, बल्देव भोई, योगेश अग्रवाल, अजीत कुकरेजा, सौरभ बाफना, स्टेशन रोड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के इंदरजीत सिंह छाबड़ा, दशमेश सेवा सोसायटी के राजिन्दर सिंह भूटानी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बलदेब भाटिया ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से समाज के युवाओं को आगे आने का मौका मिलता है।

# तीरंदाजी का महत्व महाभारत व रामायण में भी : अर्जुन मुंडा

## तीरंदाजी संघ ने केंद्रीय मंत्री का किया अभिनंदन




**रायपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का आज प्रदेश तीरंदाजी संघ ने अभिनंदन किया।साइंस कालेज परिसर में आगमन पर ढोल धमाके बैंड बाजा, आतिशबाजी से उनका अभिनंदन स्वागत वंदन किया गया। मंच पर तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कैलाश मुरारका ने फूल माला से स्वागत किया। इस अवसर पर खेल एवं कल्याण की डायरेक्टर श्वेता सिंह ने भी बुके दे कर स्वागत किया। इस अवसर पर विजय अग्रवाल, आयुषराम ,आयुष मुरारका बंटी अग्रवाल संजय, राकेश अग्रवल तीरंदाजी के कोच एवन कुमार, हीरू साहू व अन्य ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। तीनों कोच और टी टी बहरा ने साल और श्रीफल से राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुष्पहार से स्वागत किया।

कैलाश मुरारका ने और अग्रवाल समाज के लोगों ने केंद्रीय मंत्री को स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया इस अवसर पर भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा कि तीरंदाजी का महत्व महाभारत और रामायण में भी इसकी विविधता के बारे में जानकारी है। और भारत के तीरंदाज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एशियन गेम में अनेक मेडल ला रहे हैं और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेल को बढ़ावा देने के लिए भर्षक प्रयास कर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त खिलाड़ियों के साथ उनका मान सम्मान बढ़ाने के लिए चाय में समय-समय पर आमंत्रित करते रहे है।

मुरारका ने बताया उद्बबोधन के बाद केंद्रीय मंत्री ने प्रत्येक खिलाड़ियों से मिलकर परिचय प्राप्त किया । इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कसडोल स्कूल में निर्मित प्रिंट रीच की सराहना



**सरायपाली,** 9 दिसंबर (देशबंधु )। शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला कसडोल का आकस्मिक निरीक्षण सरायपाली विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी एवं संकुल केंद्र किसड़ी के नोडल प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद भोई द्वारा किया गया ।कक्षा स्तर पर बच्चों की पढ़ाई के स्तर की जांच की विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं नोडल प्राचार्य भोई द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कसडोल के शाला भवन में निर्मित पुस्तकालय की प्रशंसा की गई एवं अन्य विद्यालयों को प्रेरित करने हेतु सुझाव दिए गए। मांझी द्वारा खिलौना कॉर्नर बच्चों की एफ एल एन एक्टिविटी और अभ्यास पुस्तिका क्रियान्वयन की जांच की गई । तीनों कक्षा कक्ष में किए गए प्रिंट रिच की प्रशंसा की साथ ही साथ मध्यान भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की गई। बीईओ मांझी प्राचार्य भोई द्वारा बच्चों के बेहतर भविष्य हेतु सुझावा त्मक निर्देश दिए गए ,साथ ही साथ शाला स्तर पर किए जा रहे अन्य कार्यों की सराहना बीईओ मांझी द्वारा किया गया। संकुल केंद्र किसड़ी के प्रेरणास्त्रोत व्याख्याता किशोर कुमार रथ ने बच्चों को छोटे छोटे वाक्य रचना करना बताया । साथ ही मंदिर स्कूल सरायपाली के संकुल समन्वयक सुशील चौधरी ने कक्षा पहली, दूसरी के बच्चों से कविता सुनकर बच्चों को प्रोत्साहित किये।

# तीसरी रेल लाइन के काम की वजह से चार ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित



**रायपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। दक्षिण मध्य रेलवे के अंतर्गत काजीपेट जं-कोंडापल्ली सेक्शन व विजयवाड़ा -गोधरा जं के बीच तीसरी रेलवे लाइन का काम और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से 4 गाड़ियों का परिचालन प्रभावित हो रहा है. इस कार्य की वजह से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे होकर चलने वाली ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

**इन ट्रेनों का परिचालन होगा प्रभावित**

17 दिसम्बर को तिरुनेलवेली से चलने वाली गाड़ी संख्या 22620 तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग काटपाडी जंक्शन-पाकाला जंक्शन-धर्मवरम जंक्शन-रेणिगुंटा जंक्शन-गुंतकल जंक्शन-सुलेहल्ली-सिकंदराबाद-काजीपेट-बल्हारशाह होकर रवाना होगी.

18 दिसम्बर को बिलासपुर चलने वाली गाड़ी संख्या 22815 बिलासपुर-एर्णाकुलम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बल्हारशाह-काजीपेट-सिकंदराबाद-सुलेहल्ली-गुंतकल जंक्शन-रेणिगुंटा जंक्शन-धर्मवरम जंक्शन-पाकाला जंक्शन-काटपाडी जंक्शन होकर रवाना होगी.

10 एवं 17 दिसम्बर को बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12851 बिलासपुर-चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बिलासपुरङ्करायपुर-लखोली- विजयनगरम-दुव्वाडा-विजयवाड़ा होकर रवाना होगी।

18 दिसम्बरको चेन्नई से चलने वाली गाड़ी संख्या 12852 चेन्नई-बिलासपुर सेंट्रल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विजयवाड़ा-दुव्वाडा-विजयनगरम-बिलासपुर होकर रवाना होगी।

# करिया ध्रुवा मेला के लिए बैठक



**पिथौरा,** 10 दिसंबर। ग्राम अर्जुनी में करीया ध्रुवा मेला आयोजन हेतु मंदिर प्रांगण अर्जुनी में 12 दिसंबर दिन मंगलवार को दोपहर 3.00 बजे आवश्यक बैठक रखी गई है इस बैठक में तीन दिवसी करिया ध्रुवा मेला का आयोजन 24 ,12 से 26 12 ,23 तक किया जाएगा इसी के आयोजन हेतु मेला समिति के सभी सदस्य एवं ग्रामवासी कौड़िया राज को आमंत्रित किया गया है उक्त जानकारी मेला समिति के कोषाध्यक्ष सादराम पटेल ने दी है बताया जाता है कि बताया जाता है कि करिया ध्रुव करिया ध्रुव मेला प्रतिवर्ष दिसंबर माह में लगता है वही इस मेले में नागरिकों द्वारा पूजा अर्चना के पश्चात अपने मनवांछित फल की प्राप्ति हेतु प्रार्थना करते हैं जो अवश्य ही पूरा होता है इस करियर को आप मिलने का महत्व और ही विश्वसनीय होता जा रहा है और इसकी महत्व दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है मेला समिति द्वारा पूरे तीन दिनों तक विभिन्न धार्मिक सामाजिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं कार्यक्रम में देखने सुनने एवं दर्शन हेतु दूर-दूर से भक्तजन मेला स्थल पर पहुंचते हैं।

# डडसेना सिन्हा कलार समाज ने धूमधाम से मनाई सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती

**गरियाबंद,** 10 दिसंबर। डडसेना सिन्हा कलार समाज के द्वारा भगवान राज राजेश्वर श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शीतला मंदिर प्रगाण में ज्योति प्रज्वलित कर देव पूजन किया गया। तत्पश्चायत् कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें हज़ारो के संख्या में महिला व पुरष शामिल हुए। सहस्त्रबाहु अर्जुन के जय जयकर के नारे लगाए। कलश यात्रा नगर के विभिन्न चौक चौराहो का भ्रमण करते हुए तिरंगा चौक पहुँचे। जहां रैली का भव्य स्वागत किया गया। कलश यात्रा के बाद शीतला मंदिर सत्यनारायण पूजा किया गया। यहां समाज के प्रमुख और पदाधिकारियों का साल और श्रीफल भेट कर स्म्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम जिलाध्यक्ष अवध राम सिन्हा, राजिम परीक्षेत्र अध्यक्ष राम लाल सिन्हा, फिंगेश्वर ओमप्रकाश सिन्हा, सचिव मैनपुर परीक्षेत्र भागवत प्रसाद सिन्हा, फिंगेश्वर राजकुमार सिन्हा, जिला विधि प्रकोष्ट धरम लाल सिन्हा, गेंदलाल सिन्हा, राजेश सिन्हा, टकेश सिन्हा, हरिशंकर सिन्हा, रोहित सिन्हा, देवेश सिन्हा, डॉ पुरन सिन्हा, अजय सिन्हा, दीप सिन्हा, भावेश सिन्हा, दिलीप सिन्हा उपस्थित थे।

# रायपुर हेरिटेज वॉक में महादेव घाट के इतिहास और धरोहरों पर चर्चा

**रायपुर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के छत्तीसगढ़ नोडल कार्यालय द्वारा हेरिटेजवाला, प्रोजेक्ट गेटआउट और अगोरा इकोटूरिज्म के संयुक्त सहयोग से विगत 26 नवंबर 2023 से प्रारंभ होकर रायपुर के विभिन्न स्थलों को केंद्रित कर प्रत्येक रविवार पांच हेरिटेज वॉक की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर हेरिटेज वॉक शहर के इतिहास और विरासत को बढ़ावा देने और लोगों को इसके बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से शुरू की गई एक श्रृंखला है। बीते रविवार 3 दिसंबर को च्टेम्पल ट्रिनिटीज् थीम पर आधारित श्रृंखला की दूसरी वॉक 600 साल पुराने कंकाली पारा मंदिर से शुरू हुई, जिसमें मंदिर से जुड़ी आकर्षक कहानियों, अमीनपारा की सड़कों और शीतला मंदिर की खोई हुई कहानी की खोज की गई। समापन राजराजेश्वरी महामाया मंदिर में हुआ जहां प्रतिभागियों ने कल्चुरी राजवंश और मंदिर वास्तुकला के बारे में सीखा।



वहीं इसी श्रृखंला की तीसरी वॉक में आज 10 दिसंबर को 'राइजिंग रायपुर' थीम पर महादेव घाट पर हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। इस आयोजन के अंतर्गत, महादेव घाट से जुड़े इतिहास और वहां मौजूद समस्त धरोहरों और उनके साथ जुड़ी हुई पौराणिक कथाओं पर बातचीत हुई। इन सभी बातों की जानकारी कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगो को दी गई। इस कड़ी में रायपुर में रह रहे अलग अलग कार्यक्षेत्र से आए लोगों ने भाग लिया। सभी को वहां स्थित हठकेश्वर नाथ महादेव मंदिर, जूना अखाड़ा और स्वामी आत्मानंद की जागृत समाधि दिखाई गई और इन सभी स्थानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में आए हुए लोगो ने इस पहल की सराहना करते हुए सभी आयोजको का उत्साह वर्धन किया और आगे भी इस प्रकार के आयोजनों में सम्मिलित होने की सहमति जताई और अपनी धरोहरों के प्रति गौरवान्वित महसूस किया। प्रत्येक हेरिटेज वॉक के दौरान प्रतिभागियों को रेस्पोंसिबल एवं सस्टेनेबल पर्यटन के प्रति जागरूक किया जाता है एवं ट्रेवल फॉर लाइफ की शपथ भी दिलायी जाती है और प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ सिंगल यूज़ प्लास्टिक के इस्तेमाल से दूर रहने व प्लास्टिक के स्थान पर वैकल्पिक संसाधनों के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

इसी कड़ी में अगली हेरिटेज वॉक रविवार 17 दिसंबर 2023 को 'कोलोनियल लेंस' थीम पर आधारित होगी। इन हेरिटेज वॉक का समय प्रात: 0730 से रखा जाता है, अगर आप भी इस हेरिटेज वॉक का हिस्सा बनना चाहते हैं तो आप संपर्क कर सकते हैं श्री मयंक दुबे - 99680 41077, श्री भाग्येश दुबे - 98279 37625 एवं श्री शिवम त्रिवेदी - 92000 77707।

# क्या गरीबों को उजाड़ने की बुलडोजर नीति है भाजपा का संकल्प

- माकपा ने फुटपाथ के गरीबों को उजाड़ने का किया विरोध
- अगर प्रशासन न चेती तो होगा जबरदस्त विरोध

**रायपुर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने सरकार गठन के पहले ही भाजपा नेताओं के इशारे और महिमामंडन से प्रशासन द्वारा शहर के फुटपाथ पर विभिन्न स्थानों पर जीवन यापन करने वाले गरीबों के ठेले, गुमटियों को उजाड़ने का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि क्या यही भाजपा की नई सरकार का संकल्प है, क्या इसीलिए जनता ने जनादेश दिया, जिसे बुलडोजर राज कहा जा रहा है तो क्या गरीबों के आजीविका पर बुलडोजर चलाना और पूंजीपतियों का सरंक्षण ही भाजपा की नीति है, अगर ऐसा है तो फिर इस सरकार को जबरदस्त जन प्रतिरोध के लिए तैयार रहना होगा ।

माकपा रायपुर जिला समिति के जिला संयोजक प्रदीप गभने ने एक प्रेस वक्तव्य में पुटकर व्यापारियों के आजीविका पर हमले का तीव्र विरोध करते हुए यह कहा है। पार्टी ने कहा कि यदि प्रशासन ने गरीबों की आजीविका और बिना किसी सूचना के उनके सामानो की जबरिया जप्ति की इस मुहिम पर रोक नहीं लगाई तो इसका तीव्र विरोध किया जाएगा । माकपा ने कहा कि यह सर्वोच्च न्यायालय द्वारा फुटकर व्यापार को दिए गए अधिकारों का भी अतिक्रमण है । माकपा ने कहा कि क्या प्रशासन शहर के पाश इलाके समता कालोनी, रामसागरपारा और अन्य स्थानों पर अवैध निर्माण पर ऐसी कार्यवाही करेगा या फिर गरीबों पर बुलडोजर चलाकर अपनी शक्ति और वफादारी प्रदर्शित करेगा। माकपा ने सभी फुटकर व्यवसायियों को समुचित स्थान पर व्यवस्थापित करने , उनके जप्त समान वापस करने की मांग करते हुए प्रशासन से ऐसी भेदभाव पूर्ण और गरीब विरोधी कदम पर तत्काल रोक की मांग की है ।

## निधन

### बुधिया बाई यदु



**बलौदाबाजार,** 10 दिसम्बर। पौसरी (चांपा) निवासी श्रीमति बुधिया बाई यदु की रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्ति धाम में किया गया। जहां नाते रिश्तेदार एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे रमेशर यदु की माता थीं।

### राम बाई वर्मा



**पलारी,** 10 दिसंबर। पलारी नगर के वार्ड क्रमांक 6 निवासी पत्रकार शेखर वर्मा की दादी श्रीमती राम बाई वर्मा उम्र 106 का आकस्मिक निधन 10 दिसंबर को सुबह 10 बजे निज निवास पलारी में हो गया जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। वे लखन लाल, श्याम लाल, हेमलाल, नंद कुमार मंडल अध्यक्ष, नरेंद्र कुमार वर्मा की मां थी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

### लल्लन कुमार यादव



**भिलाईनगर,** 10 दिसंबर। सेक्टर-7, सड़क 12 निवासी के छाया पार्षद वरिष्ठ भाजपा नेता लल्लन कुमार यादव का निधन हो गया। भारतीय जनता पार्टी पश्चिम मंडल महामंत्री एवं बोल बम समिति के अध्यक्ष थे। जानकारी के अनुसार 9-10 की रात्रि में घर पर ही हार्ट अटैक से रात्रि 3.45 को आकस्मिक निधन हो गया। वे अंश कुमार यादव के पिता व विनय कुमार यादव, संजय कुमार यादव भाई के थे। उनका अंतिम संस्कार निवास स्थल से रामनगर मुक्तिधाम में आज 11 दिसंबर को दोपहर 2 बजे किया जाएगा।

# शहीद वीर नारायण सिंह की पूजा अर्चना के बाद दी गई श्रद्धांजलि



**गुरुर,** 10 दिसंबर। नगर के बस स्टैंड में आज आदिवासी समाज द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जहां विधायक संगीता सिन्हा ने पूजा अर्चना कर आदिवासी समाज एवं क्षेत्र में सुख शांति के लिए कामना की। साथ ही समाज द्वारा विधानसभा चुनाव में पुन: जीत हासिल करने पर विधायक संगीता सिन्हा का स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष हेमलाल धुर्वे, सचिव लालसिंह मांडवी, कोषाध्यक्ष मोती नेताम, छन्नू नेताम, गोवर्धन ठाकुर, नोता ठाकुर, महिला प्रभाग से मंजू नागवंशी, केकती कोर्राम, फूलबाई सहित अन्य पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# गरीबों के चखना दुकानों को तोड़ने से उनके सामने बन गई रोजी रोटी की संकट

**बागबाहरा,** 10 दिसंबर (देशबंधु)। नगर के बाहरी क्षेत्र में स्थित देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान के आसपास चला रहे गरीबों के 25 चखना सेंटरों को नगरपालिका एवं पुलिस प्रशासन ने कड़ाई करते हुए बुलडोजर जेसीबी मशीन चलाकर तोड़ दिया। जिससे चखना दुकान चलाने वालों में हड़कंप मच गया। स्थानीय दोनों प्रशासन की इस संयुक्त कार्रवाई में शराब दुकान के पास स्थित कच्चे-पक्के टीन शेड लगाकर चलाए जा रहे 25 से अधिक चखना दुकानों को बुलडोजर चलाकर नष्ट कर दिया गया है। गरीबों के चखना दुकानों को बुलडोजर से तोड़ने से उनके समक्ष रोजी रोटी की समस्या खड़ी हो गई है। गरीब परिवार चखना दुकान चलाकर अपने परिवार का इसी के भरोसे पालन पोषण कर रहे थे। अब वे लोग धंधे से बेरोजगार हो गए हैं। वहीं उनके बने हुए दुकानों को तोड़ने से आर्थिक क्षति भी हुई है। जिसकी भरपाई बड़ी मुश्किल से हो पाएगी। ज्ञात हो कि नगर के उक्त शासकीय देशी अंग्रेजी शराब दुकानों के पास 2 दर्जन से अधिक अवैध चखना दुकान चल रहे थे। जिससे वहां पर देर रात शराबियों का जमावड़ा लगा रहता था। प्रशासन द्वारा उक्त चखना दुकानों को हटाए जाने के निर्देश के बाद पुलिस एवं नगरपालिका प्रशासन द्वारा उक्त तोड़-फोड़? की कार्रवाई की गई है। शराब दुकान जाने के रास्ते के दोनों ओर चखना दुकान संचालकों ने मदिरा प्रेमियों को बैठाने की व्यवस्था समेत चखना के शाकाहारी-मांसाहारी खाद्य सामग्री बनाने के लिए पक्के निर्माण कर दुकान चला रहे थे। वहीं अनेक दुकान तो टीन की गुमटी सहित होटल की भांति टीन के शेड बनाए हुए थे। तो बड़ी संख्या में बांस, बल्ली, तालपत्री से शेड बनाकर संचालित किए जा रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल शाम को ही चखना दुकान वालों को बेदखल कर तोड़-फोड़? कार्रवाई किए जाने की भनक लग गई थी। जिसके चलते उन्होंने



## पुलिस व नपा की संयुक्त कार्रवाई

रात को ही सामान हटाना शुरु कर दिया था। और जैसे ही लगभग 11 बजे पुलिस एवं नगरपालिका टीम कार्रवाई करने हेतु शराब दुकान के पास पहुंची , तो वहां पर हड़कंप मच गया। बुलडोजर जेसीबी मशीन चलाकर उन्होंने अवैध रूप से निर्मित कच्चे-पक्के टीन शेड पर बुलडोजर ?चलाकर तोड़ने की कार्रवाई की गई। ईंट के पक्के काउंटरों समेत कच्चे-पक्के शेड को तोड़कर समतल कर दिया गया। इस कार्रवाई में उन्होंने किसी प्रकार की जब्ती की कार्रवाई नहीं की है। दुकानदारों ने स्वयमेव अपने सामान हटाकर उसे घर ले गए। लेकिन उनके पक्के काउंटर चूल्हे भट्ठी बैठने के पक्के टेबल बेंच आदि को बुलडोजर जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया। बागबाहरा थाना प्रभारी महेश साहू एवं नगर पालिका मुख्य अधिकारी डी एल बर्मन के नेतृत्व में नपा राजस्व प्रभारी गोरखनाथ डहरवाल ने नपा की टीम को तीन चार घंटे बेदखल की कार्रवाई करने में लग गए। इस कार्रवाई के बाद बागबाहरा पिथौरा मार्ग से शराब दुकानों तक जाने वाली सड़क के दोनों ओर स्थित चखना दुकान पूरी तरह से साफ हो गई। वहीं दूसरी ओर शराब प्रेमियों को मदिरापान के लिए वहां बैठकर पीने की जगह उसके लिए उपयोगी डिस्पोजल गिलास, पानी पाउच, सोडा एवं चखने की सामग्री नहीं मिलने से परेशान होकर मुख्य मार्ग तक जगह तलाश करने भटकते देखा गया। नगर के शासकीय शराब दुकान के आसपास अवैध रूप से चल रहे चखना दुकानों को हटाने के बाद नगरीय मेन रोड क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर सड़क सीमा के अंदर ठेला गुमटी लगाकर दुकान करने वालों एवं सड़क के दोनों ओर व्यवसाय दुकानदारों द्वारा सामान को बाहर सड़क में निकालने वालों को नगरपालिका द्वारा मुनादी कराकर सूचित किया गया है कि इसकी वजह से सड़क में आवागमन प्रभावित हो रहा है। दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है। आवागमन की सुविधा एवं नागरिक सुरक्षा के मद्देनज़र वे अपना सामान 24 घंटे के अंदर हटा लेवें। अन्यथा नगरपालिका एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सड़क सीमा में बाहर रखे ठेला गुमटी एवं दुकानदारों के द्वारा रखे गए सामान आदि की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

# संत गेलाराम के तीन दिवसीय वर्सी महोत्सव का समापन

**रायपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा गेलाराम साहेब के तीन दिवसीय 15वें वर्सी महोत्सव का आज समापन हो गया। तृतीय दिवस रविवार को देशभर से आये संत-महात्माओं के सानिध्य में प्रात्काल से जारी सत्संग-कीर्तन के मध्य पूर्वान्ह 11 बजे श्री अखंड पाठ एवं श्री अखंड धूनी साहब के भोग साहब के उपरांत पल्लव-अरदास हुआ। छत्तीसगढ़ के सभी 11 धामों एवं भारत वर्ष के 60 गोदड़ीवाला धामों से बाबा के चाहने वाले भक्तजन व श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। तीनों ही दिन अखंड भंडारा प्रसाद निरंतर चला(

दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी, पवन प्रीतवानी ने बताया संगीतमयी कीर्तनों से संपूर्ण दरबार परिसर गुंजायमान रहा। सुबह से ही संतों के दिव्य सत्संग सहित भजन मंडलियों ने संगीतमय कीर्तन की भक्तिगंगा देर शाम तक अनवरत प्रवाहित की। श्रद्धालुओं को प्रमुख रूप से शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिरलाल, साई वसणशाह दरबार-उल्हासनगर के साईं कालीराम साहिब एवं बृजधाम मथुरा-वंदावन के प्रख्यात कथाकार डॉ. मनमोहन कृष्णजी महाराज के आशीवर्चनों का लाभ प्राप्त हुआ।



**देशभर से पहुंचे बाबा के चाहने वाले**

दरबार में प्रमुख रूप से अमर शहीद संत कंवरराम साहिबजी-अमरावती के सुपौत्र सांई राजेश कुमार, सांई युधिष्ठिर लाल-शदाणी दरबार रायपुर, शिव शांति आश्रम-लखनऊ के साईं चाण्ड्रूराम साहिब, साईं वसणशाह दरबार के सांई केशवलाल-नागपुर, कमलकुमार साहिब-नागपुर, साईं वसणशाह दरबार-उल्हासनगर के साईं कालीराम साहिबजी, सतगुरु शहंशाह बाबा गेलाराम साहिब के शिष्य-जलगांव साहिब से साईं देवीदासजी, साईं नितिनकुमार साहिबजी फैजाबाद, साईं वसणशाह दरबार नागपुर से सांई सन्नी कुमार, खटवारी दरबार के साईं दादा फकीराम साहिबजी, साईं चाण्ड्रूराम दरबार नागपुर के साईं तुलसीदासजी, सिंधु अमरधाम उल्हासनगर के सांई अर्जुनदास, सहित छत्तीसगढ़ सिंधी साधु समाज के सभी संतजनों का समागम हुआ।

**सुरक्षा में बड़ी चूक**

# माना बाल सुधार गृह से हत्या के आरोपी सहित सात नाबालिग फरार




**रायपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। रायपुर के माना स्थित बाल सुधार गृह की सुरक्षा में बड़ी चूक की खबर सामने आ रही है हत्या के आरोपी सहित 7 नाबालिग आरोपी सुरक्षा कर्मियों को चकमा देकर रविवार सुबह 6 बजे फरार हो गए है मामले में फरार आरोपियों के खिलाफफिलहाल थाने में एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया है जानकारी के अनुसार रविवार को घटित घटना के पहले माना बाल संप्रेक्षण गृह में गुरुवार रात को बलवा हुआ था जिसमें बाल अपराधियों ने नाइट इंचार्ज पर हमला कर जमकर पिटाई कर दी थी यहां तक गमछे से गला घोटने का प्रयास भी किया गया था घटना में गंभीर रूप से घायल नाइट इंचार्ज को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है बता दें कि माना स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में इस तरह की पहले भी वाकये हो चुके हैं लेकिन कोई भी इससे सबक लेने को तैयार नहीं है, जिसकी वजह से समय.समय पर इस तरह के वायके सामने आते रहते हैं, एक बार तो अपचारी बालक संप्रेक्षण गृह की दीपार में सुराख बनाकर भागने में कामयाब रहे थे

# अस्पताल से प्रहरी को चकमा देकर कैदी फरार

**रायपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर की सेंट्रल जेल से इलाज के लिए डीकेएस अस्पताल लाया गया एक विचाराधीन कैदी जेल प्रहरियों को चकमा देकर फरार हो गया। कैदी के फरार होने के बाद जेल प्रबंधन में हड़कंप मच गया है मामले में गोलबाजार थाना पुलिस अभिरक्षा से फरारी की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कैदी की तलाश में जुट गई है।

**तलाश में जुटी पुलिस**



जानकारी के मुताबिक पुलिस अभिरक्षा से फरार कैदी का नाम देवीप्रसाद बंसोर है जो कि शहर के डीडी नगर इलाके में लूट और हत्या का प्रयास के मामले में जेल में बंद था उसकी तबियत ख़राब होने की वजह से उसे इलाज के लिए शास्त्री चौक स्थित डीकेएस अस्पताल ले जाय गया था जहां से वह सुरक्षाकर्मियों की आंखों में धूल झोककर फरार हो गया।

गौरतलब है कि विचाराधीन बंदी के अस्पताल से फरार होने का ये पहला मामला नहीं है इस तरह के मामले आए दिन सामने आते रहते है लेकिन लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों के बाद बंदियों की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे है फिलहाल इस मामले में पुलिस जिले के सभी थानों को सूचना देकर फरार आरोपी की तलाश में जुट गई है

# सूने मकान से लाखों की चोरी, 2 आरोपी पकड़ाए

**रायपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस कबीर नगर स्थित सूने मकान में हुई चोरी के प्रकरण को सुलझा लिया हैं इस दौरान दो आरोपी युवक पकड़े गए है बताया गया कि प्रार्थी चेतन कुमार ने थाना कबीर नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बी.एस.यू.पी कालोनी सोनडोंगरी कबीर नगर में रहता है। 9 दिसबंर को प्रार्थी अपने घर में ताला बंद कर सपरिवार विवाह कार्यक्रम में गया था कि प्रात: लगभग 07:00 प्रार्थी क पड़ोसी ने प्रार्थी को फोन कर बताया कि आपके घर का ताला टूटा हुआ है। जिस पर प्रार्थी अपने घर आकर देखा तो घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो कमरे का सामान बिखरा हुआ था तथा बैग में रखा सोने चांदी के जेवरात नहीं थे। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे अंदर प्रवेश कर बैग में रखें उक्त मशरूका को चोरी कर ले गया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कबीर नगर में अपराध पंजीबद्ध किया गया।चोरी की घटना को पुलिस द्वारा गंभीरता से लेते हुए प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी कबीर नगर को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना कबीर नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी तथा उसके आस.पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ.साथ अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर भी लगाया गया। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी सोनडोंगरी निवासी रितेश कुमार साहू के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा रितेश कुमार साहू की पतासाजी कर पकड़ा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर टीम के सदस्यों द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने एक अन्य साथी जो विधि के साथ संघर्षरत बालक है के साथ मिलकर चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा घटना में संलिप्त विधि के साथ संघर्षरत बालक को भी पकड़ा गया। दोनोंको गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की सोने एवं चांदी के जेवरात जुमला कीमती लगभग 2,50,000 रूपये जप्त कर दोनों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। घटना में संलिप्त विधि के साथ संघर्षरत बालक पूर्व में भी चोरी के कई प्रकरणों में जेल निरूद्ध रह चुका है।

# प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल के साथ 1 युवक गिरफ्तार

**रायपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। शहर में अवैध मादक पदार्थ बिक्री करने वालो एवं उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने निर्देश दिये गये है इस दौरान पुलिस को मुखबीर सूचना मिला कि थाना सरस्वती नगर क्षेत्रातगर्त एक व्यक्ति कबीर चौक कोटा के पास में अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली कैप्सुल रखकर बेचने की फिराक घूम रहा था सूचना पर आजाद चौक रायपुर के मार्गदर्शन में थाना सरस्वती स्ताफको रवाना किया गया जो उक्त घटना स्थल पहुँचकर मौके पर मुखबीर के बताये अनुसार एक व्यक्ति को पकडकर नाम पता पुछने पर अपना नाम सुरेश साल्वे पिता संजू साल्वे उम्र 23 वर्ष निवासी रवि फैंसी स्टोर के पास मस्जिद रोड कोटा थाना सरस्वती नगर रायपुर जिसके कब्जे से सफेद रंग के कैरी बैग में रखे प्रतिबंधित नशीली कैप्सुल 432 नग किमती 2808 रूपये को जप्त कर थाना लाया आरोपी के विरूद्ध थाना सरस्वती नगर रायपुर में अपण्क्र 331ध्23 धारा 22 ;सी कायम कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया

# अवैध शराब के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए सी.सी यू सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इस दौरान सूचना प्राप्त हुई कि थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत आमापारा स्थित गुरूघासीदास प्लाजा के पीछे कबाड़ी दुकान पास एक व्यक्ति अपने पास शराब रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी आजाद चौक के नेतृत्व में थाना आजाद चौक पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये उक्त स्थान पर जाकर व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम मयंक तिवारी उर्फ मोहन निवासी आजाद चौक का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें थैले की तलाशी लेने पर थैले में देशी शराब रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा मयंक तिवारी उर्फ मोहन से शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी मयंक तिवारी उर्फमोहन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 33 पौवा देशी शराब कीमती लगभग 4,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना आजाद चौक में धारा 34;2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।



# फेडरेशन ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनने पर दी बधाई

**रायपुर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, सचिव राजेश चटर्जी एवं प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर श्री विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ राज्य का मुख्यमंत्री बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि संघर्षशील व्यक्ति ही संघर्ष को समझ सकता है।



फेडरेशन सदैव कर्मचारी हित को सर्वोपरि मानकर मौलिक अधिकार के लिए संघर्षरत रहा है। राज्य के उन्नति तथा अधोसंरचना के निर्माण में कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई है। फेडरेशन को उम्मीद है कि राज्य के कर्मचारी-अधिकारी के मुद्दों पर त्वरित समाधान होगा।

**कर्मचारियों के मुद्दों पर समाधान होने की उम्मीद जगी : कमल वर्मा**

उन्होंने बताया कि फेडरेशन राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से मिलकर कर्मचारियों के भावनाओं से अवगत करायेंगे। राज्य का कर्मचारी राज्य के विकास रथ का ध्वज वाहक है। राज्य का सर्वांगीण विकास के लिए कर्मचारी एवं उनके परिवार का वर्तमान एवं भविष्य को सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त किया है कि राज्य के कर्मचारियों के लिए के किये गए घोषणाओं का सफल क्रियान्वयन होगा।


फेडरेशन ने कहा है कि राज्य के कर्मचारी-अधिकारी सरकार के नीति-निर्धारण एवं जमीनी क्रियान्वयन के दिशा में कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे।

# बाइक सवार दो नकाबपोशों ने बुजुर्ग दंपति से लूटे चार लाख

**रायपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी के सरोना से बुजुर्ग दंपति से 4 लाख की लूट की वारदात सामने आई है। जहाँ बाइक सवार दो नकाबपोश लुटेरे ने मोपेड से इलाज कराने के अस्पताल जा रहे बुजुर्ग दंपती से 4 लाख रुपये लूट कर फरार हो गए पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गयी है। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग दंपति मोपेड से इलाज कराने के लिए अस्पताल जा रहे थे। सरोना सर्विस रोड पर पीछे से बाइक में दो नकाबपोश लुटेरे आए। उन्होंने पीछे बैठी बुजुर्ग का पर्स छिनने का प्रयास किया। लेकिन बुजुर्ग ने पर्स नहीं छोड़ा। लुटेरों ने महिला को धक्का देकर मोपेड से गिरा दिया। बुजुर्ग सड़क पर गिर गया। तुरंत एक लुटेरा उनके पास आया और पर्स लेकर सरोना की ओर भाग निकला। पर्स में महिला के कीमती जेवर इलाज के लिए पैसे और दस्तावेज थे। जिसकी कुल कीमत 4 लाख रुपये बताई जा रही है। बहरहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने मे लगी हुई है।

# घर में सोया रहा परिवार, चोर चोरी कर ले गया जेवरात, गिरफ्तार

**रायपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी के डी डी नगर में परिवार सोया हुआ था इस दौरान चोर चुपके से घुसा और जेवरात को चोरी कर ले गया था पुलिस ने मामले को सुलझा लिया है इस दौरान एक आरोपी युवक को पकड़ा गया है, प्रार्थी खेमराज चक्रधारी ने थाना डी.डी.नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह कुम्हारपारा महादेवघाट रोड रायपुरा रायपुर में रहता है कि 6 दिसबंर की रात को करीबन 11.00 बजे प्रार्थी अपनी पत्नि व बच्चों के साथ घर में सोया था कि प्रात: 04.00 बजे प्रार्थी उठा तो देखा कि कमरे में रखी हुई अलमारी खुली हुई थी। अलमारी का सारा सामान बिखरा पडा था। प्रार्थी बाहर निकलने के लिए दरवाजा खोलने की कोशिश किया तो बाहर से दरवाजा बंद था। अलमारी को चेक किया तो अलमारी में रखा सोना चांदी का जेवरात नहीं था कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना डी.डी नगर में धारा 457,380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी डी.डी नगर के नेतृत्व में थाना डीण्डीण्नगर पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी उसके परिवार के अन्य सदस्यों सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में अज्ञात आरोपी की पतासाजी करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी शेख जफर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की सोने एवं चांदी के जेवरात जुमला कीमती लगभग 70,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।



# ठेका दिलाने के नाम सवा करोड़ की ठगी

**रायपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। ठेका दिलाने के नाम पर सवा करोड़ के ठग को विधानसभा पुलिस दिल्ली से पकड़ लाई है। इसने भारत अमृत योजना के तहत ठेका देने के नाम पर की ठगा था। पुलिस में केके स्पान प्रालिण् कंपनी के एक डायरेक्टर कविश गुप्ता को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक अंश इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स से काम करवाकर केके स्पन प्राइवेट लिमिटेड ने न 1 करोड़ 24 लाख रुपए का भुगतान नहीं किया। उसके बाद से कंपनी के 2 डायरेक्टर हिमांशु गुप्ता और विनोद कुमार मित्तल फरार चल रहे थे। विधानसभा थाने में धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज हुआ था।

# पैसों के लिए युवक की चाकू मारकर हत्या

**रायपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। अभनपुर के थाना गोबरा नवापारा क्षेत्र के ग्राम तोरला में पैसे के लेन.देन के विवाद में एक युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है वहीं वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया है पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है जानकारी के अनुसारए महज 15 सौ रुपए के लेनदेन की बात को लेकर 2 युवकों के बीच विवाद था जिसको लेकर दोनों में कहासुनी हुई विवाद देखते ही देखते बढ़ गया उसके बाद आरोपी ने सब्जी काटने वाले चाकू से रोशन साहू की हत्या कर दी वहीं घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद थाने पहुंचकर खुद के पुलिस के हवाले कर दिया घटना की जानकारी के के बाद थाना प्रभारी आशीष राजपूत टीम के साथ ग्राम तोरला पहुंचे और लाश को चीरघर भिजवाया है मामले में आरोपी से विस्तृत पूछताछ की जा रही है

**फिर खूनी खुद ही पहुंच गया थाने**

# धारदार चाकू के साथ 2 युवक गिरफ्तार

**रायपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। थाना उरला पुलिस की टीम द्वारा थाना उरला क्षेत्रांतर्गत मेटल पार्क रोड आमरोड उरला में धारदार चाकू लेकर आने.जाने वाले लोगों को डरा धमका कर आतंकित करते आरोपी अमन ताम्रकार उर्फ चकरा पिता संतोष ताम्रकार उम्र 19 साल साकिन बुधवारी बाजार अशोका मार्ट बीरगांव थाना उरला जिला रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। आरोपी को ज्युडीशियल रिमाण्ड पर भेजा जा रहा है। आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत आमापारा स्थित अंगारमोती मंदिर के पास अपने हाथ में अवैध रूप से चाकू लेकर लहराकर आम लोगों को डराते धमकाते आरोपी अरूण यादव पिता रामकुमार यादव उम्र 29 साल निवासी हाण्डीपारा राधाकृष्ण मंदिर के पास थाना आजाद चौक रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना आजाद चौक में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। आरोपी अरूण यादव थाना आजाद चौक का हिस्ट्रीशीटर है जो पूर्व में भी कई प्रकरणों में जेल निरूद्ध रह चुका है।



# दुपहिया व सूने मकान में चोरी

**रायपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। दो अलग अलग घटनाओं में मंदिर के सामने से होंडा एक्टिवा और सूने मकान में नकबजनी हो गई। धरसींवा के धनेली में भूपेंद्र साहू के घर यह नकबजनी हुई। 17 नवंबर की रात घर बंद था। अग्यात चोर ताला तोडकर घुसे और आलमारी में रखे जेवरात और ओप्पो का मोबाइल कुल कीमत 45000 रूपए पार कर गए। भूपेंद्र ने कल शाम भूपेंद्र की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 457,380 के तहत दर्ज किया है। इधर खमतराई स्थित बंजारी मंदिर के सामने खड़ी होंडा एक्टिवा नंबर सीजी 04 एचजेड.0391 अग्यात उठाईगीर पार कर गए। यह चोरी आठ माह पहले 26.4 को हुई थी और बाइक मालिक शिवम गंगेले ने कल शाम रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस के लाख अभियानों के बाद भी शहर में चोरियां नहीं थम रही है.

# रविवि में 12 दिवसीय केपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत रिसर्च के बारे में दी गई जानकारी

**रायपुर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। आईसीएसएसआर नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं समाजशास्त्र एवं समाज कार्य अध्ययन शाला पं. रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो सप्ताह केपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम 06 दिसंबर से 17 दिसंबर तक आयोजित किया गया है. यह आयोजन समाज विज्ञानं से जुड़े युवा प्राध्यापकों के लिए आयोजित है उक्त आयोजन में अलग-अलग विश्वविद्यालयों से समाज विज्ञान संकाय जुड़े विश्वविद्यालयों प्राध्यापकगण शोध से संबंधित सभी गतिविधियों का सूक्ष्म जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा दिया जा रहा है.



प्रथम दिन प्रो. डी.एस. राजपूत डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय से आए थे जो कि शोध कार्य में फील्डनोट सहित डाटा कोडिंग विश्लेषण सहित शोध की समस्याओं की सूक्ष्म जानकारी युवा प्राध्यापकों कोदिया गया. दूसरे दिन मनोविज्ञान विभाग रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रो. बशीर हसन खान द्वारा शोधकार्य में केस स्टडी की महत्ता एवं सांटीफिक रिसर्च के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई. तीसरे दिन प्रो. पी.के. घोष अर्थशास्त्री इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा रिसर्च गैप की जानकारी एवं शोध कार्य में इसके प्रभाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी युवा समाज विज्ञान जुड़े फैकल्टी को दिया. आज चौथे दिन प्रो. चितरंजन नायक एवं डॉ. राजकुमार नागवंशी अर्थशास्त्री गुरुघासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के द्वारा शोध कार्य के दौरान शोध प्रविधि डिजाइन करते समय शोधकर्ता द्वारा कैसे सतकर्ता बरती जाए इसे लेकर केपिसिटी बिल्डिंग के इस आयोजन में जानकारी दी गई. कार्यक्रम के संयोजक प्रो. निस्तर कुजूर ने बताया कि यह आयोजन दो सप्ताह तक विश्वविद्यालय स्थित मानव संसाधन विकास केंद्र में दिनांक 06 दिसंबर से 17 दिसंबर तक चलेगी जिसमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के समाज वैज्ञानिक शामिल होंगे. उक्त आयोजन का उद्देश्य शोध प्रविधि का ज्ञान शोधार्थियों और शिक्षकों को रूबरू कराना है. भविष्य में समाज के विकास और चुनौतियों के समाधान में उत्कृष्ट अनुसन्धान को बढ़ावा देना साथ ही बदलते परिवेश में उत्कृष्ट शोध-पत्र, चेप्टर राइटिंग, पुस्तक लेखन, शोध प्रबंध लेखन में मार्गदर्शन के स्तर में समुचित विकास करना उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य है।

## संपादकीय

### अंदरूनी विवाद जल्दी मिटाये कांग्रेस

*छत्तीसगढ़ विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय को बनाकर अपनी सरकार बनाने की तैयारी कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पराजय के कारणों की तलाश के साथ आंतरिक विवादों में उलझी हुई है। हार के बाद इस तरह के परस्पर आरोप-प्रत्यारोप एवं विवाद स्वाभाविक हैं परन्तु देखना होगा कि कांग्रेस कितनी जल्दी इन मतभेदों को मिटाकर एकजुट होती है। ऐसा न हुआ तो इसका असर लोकसभा चुनावों पर पड़ सकता है।*

*7 व 17 नवम्बर को दो चरणों में हुए मतदान के जो नतीज़े 3 दिसम्बर को निकले उनमें भाजपा को अप्रत्याशित लेकिन बड़ी जीत मिली है। उसकी पहली बार 50 के पार (54) सीटों की संख्या पहुंची है, जबकि कांग्रेस की प्रभावशाली विजय की उम्मीद की जा रही थी। सरगुजा व बस्तर में तो उसे बड़ी पराजय मिली ही, उसके 9 मंत्री और अनेक संसदीय सचिव चुनाव हार गये। जैसा कि होता है, पराजित पार्टी के अनेक उम्मीदवार, पदाधिकारी और कार्यकर्ता आरोप लगाते हैं, जिनमें से कुछ सच होते हैं तो कुछ अतिरंजित या फिर पूरी तरह से झूठ। फिर भी, हारे हुए दल और उसके सर्वेसर्वा को ये बातें सुननी ही होती हैं। उनमें से वह कुछ के स्पष्टीकरण देते हैं तो कुछ के उनके पास जवाब नहीं होते। चूंकि चुनावी प्रचार के मामले में कांग्रेस का सारा दारोमदार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर था, तो उन पर असंतुष्टों के हमले स्वाभाविक हैं। बघेल को अपने समर्थकों या पार्टी वालों को जवाब देना ही होगा क्योंकि जीत की स्थिति में श्रेय भी आखिरकार उन्हें ही मिलता। ऐसे में अगर हार का ठीकरा उन पर फोड़ा जाता है तो आश्चर्य नहीं।*

*कांग्रेस की राज्य इकाई के शीर्ष नेतृत्व, सीएम आदि पर आरोपों की बाढ़ सी आई हुई है। एक ओर निवर्तमान सरकार के मंत्री जयसिंह अग्रवाल को शिकायत है कि सरकार के मुखिया के हाथों में सारी ताकत केन्द्रित हो गई थी और प्रशासन पर अफसरों का पूरी तरह से प्रभुत्व था। पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने तो आरोप लगाया है कि उनसे प्रभारी चंदन यादव ने सात लाख रुपये लिये हैं। अगर ये पार्टी के खजाने में जमा हुए हैं तो ठीक है वरना इसकी जांच होनी चाहिये।*

*पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह के बीच उठे विवादों से पहले ही कांग्रेस की खासी किरकिरी हो चुकी है। अब बृहस्पत ने सिंहदेव को ही पराजय का जिम्मेदार ठहराया है। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने अनर्गल बयान न देने और बघेल ने लोकसभा चुनाव की तैयारी करने को कहा है। पार्टी हित में यही होगा कि सभी मतभेद भुलाकर आगे की ओर देखें।*

### उल्टा पुल्टा

गोलू अपनी मोटी बीवी से- जरा ये बताओ, तड़प-तड़प कर मरना अच्छा होता है या जल्दी मरना अच्छा होता है।

बीवी- जल्दी मरना अच्छा होता है।

गोलू- तो एक काम कर, अपना दूसरा पांव भी मेरे उपर रख दे।

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत कार्यकर्ताओं के समर्पण की बदौलत

## अभिनंदन कार्यक्रम में नवनिर्वाचित विधायकों, पदाधिकारियों ने जताया कार्यकर्ताओं का आभार



**दुर्ग**, 10 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला भाजपा द्वारा आयोजित नवनिर्वाचित विधायकों के अभिनंदन व कार्यकर्ताओं के प्रति आभार कार्यक्रम में सांसद दुर्ग विजय बघेल सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों में दुर्ग सहित पूरे प्रदेश में भाजप का ऐतिहासिक जीत व सरकार बनाने का श्रेय पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी एवं पार्टी के आम कार्यकर्ताओं को दिया। वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को भरोसा दिया कि भाजपा सरकार आम जनता के साथ ही कार्यकर्ताओं की भी हर समस्या के समाधान में साथ देगी। पार्टी नेताओं पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रदर्शन किया।

मुख्य वक्ता सांसद विजय बघेल भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर संकट को सहकर प्रदेश सरकार की गलत नीतियों का डटकर विरोध किया जिसका नतीजा आज प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है। दुर्ग जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल, और सह प्रभारी चेमन देशमुख ने इस जीत के लिये दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा एवं भिलाई जिला अध्यक्ष बृजेश ब्रिचपुरिया द्वारा लगातार आंदोलन कर संगठन में जान फूंक देने व कार्यकर्ताओं ने अपना दायित्व पूरा किया है अब इस विश्वास को आगे बनाये रखना विधायकों की जिम्मेदारी है।

जिला भाजपा द्वारा जितेन्द्र वर्मा ने विगत दो वर्षो के भीतर उनके नेतृत्व में चलाये गये कांग्रेस सरकार के विरूद्ध आंदोलनों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पूरा कार्य कार्यकर्ताओं के तन मन धन से किये गये कार्यो की बदौलत ही संभव हो सका है। वरिष्ठ विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने भाजपा संगठन के सभी प्रभारियों, अहिवारा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना करते हुए अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। दुर्ग ग्रामीण के विधायक ने विगत 5 वर्षो में दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही पूरे प्रदेश की दुर्दशा का वर्णन करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऐसे मौके पर एकजुटता दिखाते हुए एक असंभव लगने वाले कार्य को पूरा कर दिया। विधायक दुर्ग गजेन्द्र यादव ने कहा कि विगत 5 वर्षो से रूकी दुर्ग शहर की विकास यात्रा को मिलजुलकर आगे बढ़ायेगी। साजा से निर्वाचित विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि लोकसभा चुनाव में फिर से जीत दर्ज कर नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर भाजपा की जीत को पूरी करेगें।

कार्यक्रम के अंत में सभी नवनिर्वाचित विधायकों का शाल, श्रीफल से अभिनंदन किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा को कार्यकर्ताओं ने जिला पगड़ी व तलवार भेंट कर विशेष अभिनंदन किया। पूरे कार्यक्रम में जिला शहर, यहां तक कि मंडल व शक्ति केन्दर व बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ी रही और सभी स्वागत की होड़ लगी रही। कार्यक्रम का संचालन जिला भाजपा महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक ने किया। जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिलीप साहू ने किया।

# खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा : गजेंद्र यादव



**दुर्ग,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। सुराना लॉ एंड कॉमर्स कॉलेज दुर्ग में इंटर कॉलेज एथलीट स्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव उपस्थित रहे उनके साथ दुर्ग जिला भाजपा उपाध्यक्ष विनायक नातू हेमंत देवांगन कृष्णा निर्मलकर एवं महेश सार्वा उपस्थित रहे सुराना ला एंड कॉमर्स कॉलेज बीपीईडी एवं एग्जीक्यूटिव शिवराज राऊत की अध्यक्षता में खेल स्पर्धा संपन्न हुई।

उक्त कार्यक्रम में दुर्ग शहर के नवनिर्वाचित विधायक गजेंद्र यादव का प्राचार्य पूजा मल्होत्रा, पूरे स्टाफ एवं बच्चों ने फूल माला पहनकर स्वागत किया विजयी छात्रों को विधायक गजेंद्र यादव ने मेडल व पुरस्कार से सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। विजयी छात्रों में बालक वर्ग से 15 सौ मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सनी यादव द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले जसवंत वर्मा और बालिका वर्ग से क्रमश: प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली शीतल काजल एवं डिंपल सहित हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से संबंधित बालोद, बेमेतरा, भिलाई, दुर्ग, पाटन व रिसाली कॉलेज के खिलाड़ी भी उपस्थित रहे विधायक गजेंद्र यादव ने इस अवसर पर बच्चों के साथ खेलों का अभ्यास किया

इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जीवन में खेलों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है क्योंकि खेल ही हमें निरोग दीर्घायु एवं स्वस्थ बनाए रखता है खेलों के कारण आदमी अगर करियर बनता है तो निश्चित तौर पर उसका जीवन स्तर सुधरता है साथ ही साथ देश का नाम रोशन करता भी है खेल प्रतिभा हमारे छत्तीसगढ़ के साथ-साथ दुर्ग में भी बहुत है बस उन्हें एक प्लेटफार्म की आवश्यकता है।

# भिलाई की किरण अग्रवाल एशियन यूथ चेस चैम्पियन शतरंज प्रति. में भारतीय टीम का बतौर प्रशिक्षक करेगी प्रतिनिधित्व



**दुर्ग,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। भिलाई की किरण अग्रवाल आगामी 12 से 22 दिसंबर तक अल एनए यूएई में आयोजित होने जा रही 25 वी. एशियन यूथ चेस चैंपियनशिप में शामिल होने वाली 35 सदस्यीय भारतीय टीम में बतौर कोच शिरकत करेंगी। इस शतरंज के महाकुंभ में ऑस्ट्रेलियाए न्यूजीलैंड, मलेशिया सहित कुल 42 देशों के खिलाड़ी शामिल होंगे। किरण अग्रवाल के अलावा प्रवीण थिप्से, नीलेयह बी एवं लैशराम इमोचा भी भारतीय शतरंज टीम के कोच बनाए गए हैं।

गौरतलब है कि किरण अग्रवाल प्रदेश की एकमात्र महिला शतरंज खिलाड़ी हैं, जिन्हें वीमेन फीडे मास्टर एवं फिडे इंस्ट्रक्टर की टाइटल विश्व शतरंज महासंघ द्वारा प्रदान की गई है। विदित है कि शतरंज ओलंपियाड के समय छत्तीसगढ़ में टॉर्च रिले लाई गई थी, जिसमें टॉर्च थामने का सौभाग्य भी किरण अग्रवाल को मिला था।

किरण लंदन, दुबई, जर्मनी, यूगोस्लाविया, बांग्लादेश, दोहा ;कतर जैसे लगभग 15 से अधिक प्रमुख देशों में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने प्रदर्शन से प्रतिद्वंद्वियों को लोहा मनवा चुकी हैं। श्रीलंका में आयोजित 2022 राष्ट्रमंडल शतरंज चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ के कोच किरण अग्रवाल के मार्गदर्शन में भारत ने 12 स्वर्ण सहित सर्वाधिक 30 पदक जीते। इनकी उपलब्धियों को देखते हुए तत्कालीन मध्य प्रदेश सरकार ने 1986 में इन्हें विक्रम अवार्ड से नवाजा था। ज्ञात हो की राज्य के विनोद राठी व किरण अग्रवाल शतरंज जगत् की ऐसी हस्ती हैं, जो देश के लिये काफी भाग्यशाली साबित हुए हैं। वर्ष 2001 में विश्व जूनियर अंडर.20 भारतीय दल के कोच बनकर विनोद राठी एथेंस ग्रीस गए थेए जहाँ महिला वर्ग का खिताब कोनेरू हंपी ने जीता था। वहीं वर्ष 2004 में किरण अग्रवाल को भारतीय टीम की कोच बनकर लेबनान जाने का मौका मिला, जिसमें भारतीय टीम को सिल्वर मेडल की प्राप्ति हुई थी। इन्होने जितनी भी अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम का बतौर प्रशिक्षक प्रतिनिधित्व किया है सभी में भारत को विजय श्री प्राप्त हुई है।

# साय के सीएम बनते ही भाजपाइयों ने मनाया जश्न, फटाके फोड़े, मिठाईयां बांटी

**दुर्ग,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ आदिवासी नेता पूर्व प्रदेश भाजापा अध्यक्ष विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने पर जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग में जमकर आतिशबाजी की गई। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने नये मुख्यमंत्री श्री साय से सौजन्य भेंट कर शुभकामनाएं भेंट की। जिला भाजपा कार्यालय में आज दोपहर बाद से ही श्री वर्मा के नेतृत्व में जश्न का माहौल बन गया था। श्री वर्मा ने बताया कि उन्हें जिला भाजपा अध्यक्ष दुर्ग के पद पर श्री साय ने अध्यक्ष नियुक्त किया था।

नये मुख्यमंत्री को लेकर विगत लगभग एक सप्ताह से लेकर सर्वत्र जिज्ञासा का माहौल था। कांग्रेसियों में भी नये मुख्यमंत्री को लेकर लगातार जिज्ञासा व्यक्त की जा रही थी। नवनिर्वाचित विधायक रेणुका सिंह व अरूण साव के नाम की अटकलें लगाई जा रही थी। आज नये मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा होनी थी इसलिए लोगों में भारी उत्सुकता देखी जा रही थी। दोपहर जब आदिवासी नेता विष्णुदेव साय के नाम की घोषणा हुई तो भाजपाइयों सहित आदिवासी समाज में भी हर्ष की लहर दौड़ गई। लोगों ने एक दूसरे को बधाईयां देनी शुरू कर दिये। आदिवासी बहुल वार्डो में फटाके फोड़कर आतिशबाजी की जाने लगी।



### साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी का संकल्प पत्र पूरा करेगें - सरोज

राज्यसभा सांसद एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय ने नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को कुशल संगठनकर्ता निरूपित करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में हम प्रदेश में भाजपा द्वारा चुनावी घोषणा पत्र में किये एक एक वादे (मोदी की गारंटी) को पूरा करेगें। प्रदेश में प्रगतिशील परिवर्तन लाने में सफल होगें। उन्होंने नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

जिला भाजपा कार्यालय में जश्न मनाने वालों में जिला भाजपा महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक, उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाध्ये, दिलाप साहू, दीपक चोपड़ा, दिनेश देवांगन, मदन बढ़ई, विजय ताम्रकार, सुनील अग्रवाल, डॉ. सुनील साहू, चतुर्भुज राठी, डॉ. राहूल गुलाटी, रोमनाथ साहू, गणेश निर्मलकर, डॉ. शरद अग्रवाल, संदीप जैन, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# नशीला पदार्थ बेच रहे व्यक्ति से 80 हजार की 142 पुड़िया ब्राउन शूगर बरामद, आरोपी को जेल भेजा



**दुर्ग,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। दुर्ग पुलिस द्वारा नशे के कारोबार के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान लगातार जारी है। आज स्टेशन रोड स्थित सिटी क्लब के सामने एक व्यक्ति के पास से 142 पुड़िया ब्राउन शूगर कीमत लगभग 80 हजार रूपये बरामद किया गया। ब्राउन शूगर के विक्रय में लगे इस कथित आरोपी यशवंत ढोगड़ को गिरफ्तार कर मोहन नगर पुलिस एवं एसीसीयू की टीम द्वारा कार्रवाई की जा रही है। उसे न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

शहर में तरह तरह से चल रहे नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस एक्शन मोड में है। इसकी रोकथाम के लिये अलग अलग थाना प्रभारियों की विशेष टीम बनाई गई है। इस दौरान सूत्रों से पुलिस को सिटी क्लब के पास एक व्यक्ति द्वारा ब्राउन शूगर बेचे जाने की सूचना मिली।

सूचना पाकर एसीसीयू एवं मोहन नगर थाने की पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। वहां यशवंत बेगढ़ नाम के व्यक्ति को पकड़कर उसके पेंट की जेब की तलाशी ली गई। तलाशी में पेंट की जेब से 142 पुड़िया ब्राउन शूगर पाया गया। आरोपी को आज ही न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

# महाराष्ट्र के मंत्री दर्शन करने पहुंचे सांई मंदिर



**दुर्ग,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। महाराष्ट्र शासन के आपदा प्रबंधन एवं सहकारिता मंत्री अनिल दादा पाटिल शनिवार की शाम कसारीडीह सिविल लाइन स्थित प्रसिद्ध श्री साई बाबा मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने श्री साई बाबा के दर्शन कर प्रदेश व देश के लोगों की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री पाटिल का मंदिर समिति के पदाधिकारियो द्वारा शाल श्रीफल व मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया गया।

चर्चा के दौरान मंदिर समिति द्वारा शिर्डी महाराष्ट्र में साई बाबा के दर्शन एवं ठहरने की सुविधा में साई बाबा मंदिर समिति के सदस्यों को प्राथमिकता देने के संबंध में उनसे पहल करने का आग्रह किया गया। जिस पर कैबिनेट मंत्री श्री पाटिल ने साई मंदिर समिति के पदाधिकारियों को आशवस्त किया है कि वे इस संबंध में शिर्डी ट्रस्ट को पत्र प्रेषित कर उचित पहल करेंगेए ताकि छत्तीसगढ़ से शिर्डी पहुंचने वाले साई भक्तों को सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री अनिल दादा पाटिल ने श्री साई मंदिर की गतिविधियों व व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए इस माह 24, 25 व 26 दिसंबर को मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय 47वें वार्षिक महोत्सव में आने की अपनी सहमति भी दी है।

सम्मान समारोह का संचालन मंदिर समिति के उपाध्यक्ष शिवाकांत तिवारी और आभार प्रदर्शन सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल ने किया। इस दौरान समाजसेवी सतीश समर्थ, दिनेश पाटिल, मंदिर समिति सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल, कोषाध्यक्ष सुजीत गुप्ता, उपाध्यक्ष शिवाकांत तिवारी, सह सचिव ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# कृषिगत कार्यो में आत्मनिर्भरता व कृषकों में समृद्धि लाना ही भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य



**दुर्ग,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा में प्रधानमंत्री द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में उद्बोधन का जीवंत प्रसारण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा थे। अध्यक्ष डॉ.संजय शाक्य, निदेशक विस्तार शिक्षा, दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग एवं विशिष्ट अतिथि श्री सोलंकी, उपसंचालक कृषि खैरागढ़ थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य कृषिगत कार्यों में आत्मनिर्भरता एवं कृषकों में समृद्धि लाना है। इसके लिए केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा वाहन देश के विभिन्न राज्यों के कोने.कोने में चलाए जा रहे है। विकसित भारत का रोड मैप तैयार करने के लिए यह मोदी की गारंटी गाड़ी है। केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अनेकों को फायदा पहुंच रहा है। उन्होंने एक लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने एवं नमो ड्रोन दीदीयों को ड्रोन के माध्यम से उर्वरक एवं दवाई छिड़कने, देखरेख के साथ खेती की आधुनिक तकनीकी से जोड़कर कृषि कार्यों को संचालित कराने का लक्ष्य दिया।

# 120 पौवा देशी-अंग्रेजी शराब जब्त, शराब उपलब्ध करने वाला गिरफ्तार

## अवैध गतिविधियों पर बेमेतरा पुलिस की कार्यवाही, सायबर सेल बेमेतरा एवं थाना नांदघाट पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही

**बेमेतरा,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। लस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, सायबर सेल नोडल अधिकारी एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत दिनांक 09.12.2023 को जरिये मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति एक मोटर सायकल एक्सल में अवैध रूप से धन लाभ अर्जित करने अवैध रूप से शराब रखकर ग्राम नांदघाट कि ओर आ रहा है कि सूचना पर थाना नांदघाट एवं सायबर सेल स्टाफ गवाहो के साथ ग्राम खैरा मोड के पास नेशनल हाईवे रोड पहुच कर घेरा बंदी कर सूचना के अधार पर एक व्यक्ति को पकडा गया। जिस पर थाना नांदघाट में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री हेतु परिवहन करने का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी शरद बंजारे पिता सुखउ बंजारे उम्र 52 साल साकिन सेमरिया थाना नांदघाट जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34(2) एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। आरोपी के कब्जे से 10 पौवा देशी प्लेन कीमती 800/- रूपये, 10 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब कीमती 1200/- रूपये एवं 100 पौवा देशी मशाला शराब कीमती 11,000/- रूपये, कुल जुमला 120 पौवा देशी प्लेन/ अंग्रेजी /देशी मसाला शराब, (21,600द्रव्य) किमती 13,000/- रूपये एवं एक नग मोटर सायकल को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, दुर्गेश तिवारी, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, नुरेश वर्मा, प्रताप यादव, गोविंद सिंह, धनंजय सिंह एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

इसी क्रम में दिनांक 09.12.2023 को थाना चंदनू में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने का 01 प्रकरण में 01 आरोपी के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं।

इसी क्रम में दिनांक 09.12.2023 को मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत थाना परपोडी 07 चालान में 07 व्यक्ति, चौकी देवकर 20 चालान में 20 व्यक्ति, जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध कुल 27 प्रकरण में माननीय न्यायालय पेश कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## नपा ने लगाई टैक्स वसूलने शिविर

**भिलाईनगर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम टैक्स वसूली करने वार्डो में शिविर लगाई जाएगी। शिविर सोमवार से अलग-अलग वार्डो में लगेगा। नागरिक आवासीय, व्यावसायिक, अन्य भवनों का संपत्तीकर यूजर चार्ज, जलकर, भू भाटक मौके पर जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते है। नगर पालिक निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन ने शिविर की जिम्मेदारी अलग-अलग अधिकारियों को दी है। सोमवार 11 दिसंबर को शिविर मैत्रीबाघ रोड, 12 से 14 दिसंबर को टंकी मरोदा, 19 से 21 दिसंबर को स्टेशन मरोदा, 26 व 27 को पुरैना व डुंडेरा में 2 से 4 जनवरी को रूआबांधा बस्ती, 9 व 10 जनवरी को रिसाली बस्ती, 16-17 जनवरी को नेवई बस्ती खदान पास में शिविर लगाई जाएगी। आयुक्त श्री देवांगन ने लोगों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

# प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त करने विधायक ने दिए निर्देश



**भिलाईनगर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। नवनिर्वाचित वैशाली नगर के युवा विधायक का प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करने का क्रम जारी है। उनके द्वारा पुलिस प्रशासन, नगर निगम, आबकारी विभाग के बाद शनिवार को जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। इस दौरान उन्होंने जनहित को सर्वोपरि रखते हुए सभी स्वास्थ्य एवं उससे संबंधित सेवाओं को व्यवस्थित करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। शहर के ऐसे निजी अस्पताल जहां आयुष्मान कार्ड से लोगों को चिकित्सा सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा। उन्हें चिन्हांकित कर सभी बड़े अस्पतालों में नियमानुसार आयुष्मान कार्ड से आमजनों को सहज और सुचारू रूप से उपचार मिल सके। यह सुनिश्चित करने के निर्देश विधायक ने स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी पात्र निजी अस्पताल में स्पष्ट बोर्ड लगा, जाएं कि वहां आयुष्मान कार्ड से उपचार होता है। सुपेला के बीएम शाह अस्पताल में जिन कारणों से आयुष्मान कार्ड से उपचार व्यवस्था को पिछले समय रोका गया था, उसके लिए पहल कर वहां भी यह सुविधा प्रारंभ की जाए। नवनिर्वाचित विधायक रिकेश सेन ने विधानसभा क्षेत्र वैशाली नगर जिला दुर्ग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक समस्त नोडल अधिकारी एवं समस्त जिला कार्यक्रम सलाहकार की विशिष्ट सभागृह पीडब्ल्यूडी दुर्ग में बैठक आहूत की गई थी। जिसमें स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई एवं उसमें जो भी कमियाँ है उसे तत्काल दूर करने के प्रयास हेतु निर्देश अनुरूप कार्ययोजना तय की गई। बैठक में लिये गये निर्णय अनुरूप निजी नर्सिंग होम में आयुष्मान का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके। इसके लिए कार्य करने कहा गया। क्षेत्र अंतर्गत पैथालॉजी से संबंधित छोटे.छोटे लैब एवं कलेक्शन सेंटर जिसमें उचित व्यवस्था न होए उन पर तत्काल प्रभाव से नियमानुसार कार्यवाही होगी। निजी नर्सिंग होम जो बिना लाईसेंस एवं निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप नहीं हैं उन्हें चिन्हाकिंत कर तत्काल प्रभाव से नियमानुसार कारवाई की जाएगी। लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला को 100 बिस्तर अस्पताल बनाने हेतु प्रस्ताव बनाने कहा गया है जिससे अधिक चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी उपलब्ध कराए जा सकें एवं इसका लाभ क्षेत्र के हितग्राहियों को चिकित्सा सुविधा मिल सके। लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला में स्वच्छता कर्मी की कमी को देखते हुए स्वच्छता कर्मी की वैकल्पिक व्यवस्था नगर निगम भिलाई से तत्काल 10 स्वच्छता कर्मी सिविल अस्पताल सुपेला को प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया गया है। क्षेत्र अंतर्गत निजी मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधात्मक नशीली दवाईयों का अवैध बिक्री पाये जाने पर नियमानुसार कारवाई किये जाने के निर्देश विधायक ने दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग से संबंधित सभी योजनाओं को आपसी सामंजस्य बनाकर सुचारू रूप से संचालित करने सभी अधिकारी एवं कर्मचारी को कहा गया कि स्वास्थ्य सुविधा बेहतर हो सके जिससे दुर्ग जिले को एक मॉडल के रूप में जाना जा सके। वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत जितने भी झोला छाप डॉक्टर हैं उनकी सूची तैयार कर उन पर कार्यवाही करने को कहा गया। क्षेत्र अंतर्गत जितने भी रेस्टोरेन्ट, ढाबा, होटल एवं चौपाटी में रसोई कक्ष एवं स्टोर रूम में गंदगी पाये जाने पर विभिन्न प्रकार से बीमारी हो सकती है। श्री सेन ने नशा मुक्ति केंद्र जो कि अस्पताल परिसर में ही अब तक संचालित थाए, उसे नये सेटअप अनुरूप बनाए गए भवन में शीघ्र स्थानांतरित करने के निर्देश दिए हैं।

## नि:शक्त बच्चों ने लगाई दौड़ सपनों के रंग भरे कैनवास पर



**भिलाईनगर**, 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से रविवार को आयोजित वार्षिक खेल मेला उड़ान में भिलाई-दुर्ग सहित अंचल के विभिन्न जिलों के 13 स्कूलों के 400 से ज्यादा बच्चों ने खूब दौड़ लगाई और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। वहीं अपनी सृजनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए बच्चों ने कैनवास पर अपनी कल्पना को रंग भर कर अतिथियों से खूब शाबाशी बटोरी। भिलाई निवास के सामने स्थित मैदान में सुबह से शुरू हुए आयोजन में इन नि: शक्त बच्चों द्वारा निर्मित विभिन्न हस्तशिल्प के स्टॉल भी लगे थे। जहां सुबह से शाम तक पहुंचे तमाम अतिथियों ने खूब खरीदारी की और इन बच्चों की हौसला अफजाई की। सुबह की बच्चों की खेल प्रतियोगिताओं का उद्घाटन बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने हरी झंडी दिखा कर किया। अपने संबोधन में श्री दासगुप्ता ने कहा कि इन विशेष बच्चों को दया की जरूरत नहीं है बल्कि इन्हें जीवन सिर्फ प्रोत्साहन चाहिए। अगर इन बच्चों को लगातार प्रोत्साहन मिले तो ये सामान्य बच्चों से बेहतर प्रदर्शन करते हैं। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंची सीआईएसएफ की डीआईजी प्रतिभा अग्रवाल ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि इन बच्चों को प्रोत्साहित करने का अवसर मिल रहा है। विशिष्ट अतिथि दुर्ग जिले के एसएसपी रामगोपाल गर्ग ने कहा कि जीई फाउंडेशन जैसे मंच इन विशेष बच्चों की प्रतिभा को नया आकाश दे सकते हैं। इस आयोजन में मुख्य रूप से मुस्कान, प्रगति, नवजीवन, नयनदीप, मानवता, ब्राइट स्नेह संपदा, प्रेरणा दिव्य ज्योति, सार्थक कदम, अभिनव कौशल, रिहैबिलिटेशन सेंटर सृजन फाउंडेशन और प्रयास भिलाई से अभिलाषा राजनांदगांव, धमतरी से सार्थक कदम, आकांक्षा रायपुर और समग्र शिक्षा अभियान दुर्ग से 400 से ज्यादा नि: शक्त बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी दी। खेल प्रतियोगिताओं के अलावा इस बार आयोजन में इन बच्चों के लिए ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता भी रखी गई। जिसमें सभी नि: शक्त बच्चों ने अपनी कल्पना को कैनवास पर नए रंग दिए। जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने कहा कि इन बच्चों की सभी पेंटिंग की प्रदर्शनी जल्द ही नेहरू आर्ट गैलेरी में लगाई जाएगी और वहां इन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन में दिन कई विशिष्ट अतिथि पहुंचे और इन बच्चों को प्रोत्साहित किया। इनमें डीआईजी एसएसएबी थामस चाको, ईडी माइंस समीर स्वरूप, ईडी पवन कुमार, सीजीएम रिफ्रेक्ट्री सुधीर कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. रविंद्रनाथ एम, सेफी चेयरमैन नरेंद्र बंछोर, महासचिव ओए परविंदर सिंह, सेंट थॉमस आश्रम के रेव्ह फादर रमबान, हीरा ग्रुप के डायरेक्टर विनोद पिल्लई, जीएम एसआरएम तनमय सेन, जीएम एसएमएस.3 यतेंद्र कुमार, जीएम आरईडी प्रशांत साहा और युवा नेता मनीष पांडेय व श्रीमती विनिता पांडेय ने सभी बच्चों से मुलाकात की और उनके बनाए हस्तशिल्प के सामान को खरीदा। इसके पहले स्वागत भाषण जीई फाउंडेशन की अनुपमा मेश्राम ने दिया। आयोजन को सफल बनाने में फाउंडेशन से सुभागा सुरेश, मृदुला शुक्ला, डॉक्टर ज्योति पिल्लई, अनुपमा मेश्राम, प्रकाश देशमुख, स्वाति पंडवार, योगिता साहू, लवीना देवांगन, मोनिका सिंह, डॉक्टर जयश्री नागरे, प्रतिभा पटेल, संजय मिश्रा, के.वी. विनोद, जावेद खान, मनीष टावरी, उमेश पटेल, श्रेयांश एस कुमार, आदर्श नायर, विष्णु आनंद योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन सत्यवान नायक ने और आभार प्रदर्शन स्वाति बारीक ने किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा की दी जानकारी



**भिलाईनगर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। भिलाई निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा आएगी जिसमें सरकार की सभी तरह की योजनाओं को जानकारी दी जाएगी। केन्द्र सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को जन जन तक पहुंचाने के लिए यात्रा भिलाई में दिसंबर माह में पहुंचेगी जो लगभग 13 दिनों तक क्रमश: अलग अलग वार्डों में पहुंचेगी। यात्रा को लेकर तैयारी के संबंध में निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों के साथ बैठक लेकर दिशा निर्देश दिए। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक में जोन आयुक्त, अभियंता व अधिकारियों को कार्य के अनुरूप जिम्मेदारी सौंपी गई। केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए निकाली जा रही यात्रा में सभी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा इस दौरान निगम तथा जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों का स्टॉफ उपस्थित रहेंगे जो योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को आवेदन भी लेंगे। निगम क्षेत्र में कुल 26 केम्प लगाकर यात्रा को पहुंचाई जाएगी, केम्प 2 पालियों में आयोजित होगा। केम्प का स्थल, समय अधिकारियों कर्मचारियों की डयूटी का रोस्टर भी शीघ्र ही जारी किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा में अधिक से अधिक लोग शामिल हो और योजना का लाभ ले सके इसके लिए निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में मुनादी भी कराई जाएगी।बैठक में जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक अभियंता, उप अभियंता, पीआईयू मिशन मैनेजर उपस्थित रहे।

## मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**भिलाईनगर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2023-2024 के तहत टाउनशिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए विद्युत स्थापना के निवारक रखरखाव पर विशेष जोर दिया जाता है। दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत सबस्टेशन, टैपिंग, डीपी और रखरखाव, ओवरहालिंग, ओवर हेड लाइनों का रखरखाव, जम्पर कसना, क्षतिग्रस्त पिन को बदलना, डिस्क इंसुलेटर और लाइटनिंग अरेस्टरए ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस आदि कार्य किये जायेंगे। यह कार्य प्रतिदिन योजनानुसार पूर्ण किये जाते हैं। इस कार्य के तहत टाउनशिप में 11 से 16 दिसम्बर के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेंगी। 11 दिसम्बर को सेक्टर-6 के कुछ हिस्से व बीएमडीसी, रसियन कॉम्पलेक्स, 12 दिसम्बर को सेक्टर-7 के कुछ हिस्से व सेक्टर-8, 13 दिसम्बर को सेक्टर-2 व 6 के कुछ हिस्स, 14 दिसम्बर को सेक्टर-6 के कुछ हिस्से, 15 दिसम्बर को खुर्सीपार जोन 2 व 3 तथा 16 दिसम्बर को रूआबांधा सेक्टर है। उपरोक्त उल्लेखित क्षेत्रों में प्रात: 10 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। नगर सेवाएँ विभाग के टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने संबंधित क्षेत्र के निवासियों से सहयोग की अपील की है।

## बार में मारपीट

**भिलाईनगर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। भिलाई के एक बार में रात पौने 12 बजे जमकर मारपीट हुई है। देर रात सूचना पर वैशाली नगर पुलिस ने बेस बल्ला से मारपीट करने वाले बार काउंटर संचालक और स्टाफ के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड निवासी सौरभ तिवारी 20 वर्ष बीती रात लगभग पौने 12 बजे अपने दोस्त अरशद की बर्थडे पार्टी में चिल्ली पेपर बार आया था। बर्थर्ड पार्टी मनाने के बाद सौरभ लोग आपस में दोस्त अरशद और कंवलजीत से बातचीत कर रहे थे तभी काउंटर संचालक ने अरशद और सौरभ से मारपीट शुरू कर दी। सौरभ ने पुलिस को बताया कि वो सभी जान बचाकर वहां से भागे।

## अज्ञात शख्स ने युवती से ठग लिए 61 हजार

**भिलाईनगर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। विवो कंपनी की कर्मचारी को आनलाईन रेटिंग के बदले में 210 रूपये का रिवार्ड मिला और फिर लालच देकर युवती को लिंक भेज और रूपये जीतने का अवसर दिया गया। अधिक रिवार्ड देकर रूपये कमाने के झांसे में फंसी युवती से पहले 7 हजार फिर 15 हजार और उसके बाद 38 हजार 800 रूपये झटक लिए गए। इसके बाद जब नियमों का हवाला देकर और रूपये मांगे गए तब पीड़िता को आनलाईन ठगी का अहसास हुआ और उसने घटना के एक महीने बाद भिलाई नगर थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। भिलाई नगर थाना एएसआई करण सोनकर ने जानकारी दी कि सेक्टर 10 भिलाई की एक युवती विवो कंपनी मे प्राईवेट जाब करती है। 8 नवंबर की दोपहर करीब 1 बजे उसके मोबईल पर मोबाईल से होटल से जुड़े एक रेटिंग देने हेतु एक व्हाट्स अप पर लिंक मैसेज आया। जिस पर उसने क्लिक किया और रेटिंग देने पर कंपनी द्वारा उसे 210 रुपये का रिवार्ड मिला। 9 नवंबर को फिर रेटिंग करने का मैसेज टेलिग्राम एप पर आया तथा रेटिंग करने पश्चात कुछ और रूपये उसके यूपीआई खाते में आए साथ ही कहा गया कि ज्यादा रिवार्ड के लिये कंपनी को 7 हजार रुपये फोन पे यूपीआई के द्वारा देने पड़ेंगे। युवती ने अपने फोन पे ऐप से 7 हजार रूपये मुबासिर इम्तियाज 1 पर भेजने के बाद 15 हजार रूपये दूसरी लिंक एवं 38 हजार 800 रुपये अजाउ 99 यूपीआई आईडी पर जमा कराए गए। जब बडा़ रिवार्ड नहीं आया और बदले में युवती से और रूपयों की मांग की गयी तो वह सख्त हुई। उसे मैसेज के माध्यम से कहा गया कि आप और पैसे नहीं भेजेंगे तो आपको रेटिंग के रिवार्ड रूपये नहीं मिलेंगे और आपके ये रूपये भी कंपनी में जब्त हो जायेंगे। सायबर फ्राड की शिकार युवती ने ि रिपोर्ट दर्ज करवाई है। फिलहाल पुलिस धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना कर रही है।

# सेक्टर-7 में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह



**भिलाईनगर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7 के सभागार में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह पुरस्कार वितरण समारोह संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य एवं सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7 की प्राचार्य श्रीमती रूबी बर्मन रॉय के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस समारोह में मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएँ विभाग जितेन्द्र यादव सपकाले, महाप्रबंधक शिक्षा श्रीमती शिखा दुबे, उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर.10 की प्राचार्य श्रीमती सुमिता सरकार सहित पालक शिक्षक समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ व्याख्यातागण, विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ एवं पालक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं रंगोली, सलाद एवं पुष्पसज्जा आदि का अवलोकन किया गया। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने शैक्षणिक क्रियाकलापों के साथ.साथ गैरशैक्षणिक क्रियाकलापों में भी अग्रणी रहने के लिए स्कूल की सराहना की है। उन्होंने कहा कि छात्रों को सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों का पालन करते हुये अपने जीवन में अनुशासन को महत्व देना चाहिए। विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में योग शिक्षा को भी अपनाने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के पालकों से आग्रह किया कि छात्रों को देश का श्रेष्ठ नागरिक बनाने का प्रयास करें। इसके पश्चात् विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रूबी बर्मन रॉय ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए इस सत्र की शालेय वार्षिक उपलब्धियों का विवरण दिया। पालक शिक्षक समिति के उपाध्यक्ष मो.अफसर अली खान द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम. द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। अन्तर्शालेय तथा शालेय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। अन्तरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। स्टैंड बॉल प्रतियोगिता में अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये डी सुयश को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 20 छात्रों एवं राज्य स्तर पर 16 छात्रों को पुरस्कृत किया गया। सीबीएसई बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 12वीं तथा 10वीं की छात्रा नम्रता मोहे 94 प्रतिशत एवं अनुराग मेश्राम 91 प्रतिशत को सम्मानित किया गया। शाला के 5 शिक्षकों लक्ष्मी नारायण, श्रीमती नीना सहगल, श्रीमती अल्वा बैद्य, गोवर्धन साहू एवं स्वरांजलि मिश्रा को विशेष सहयोग के लिये डीआईसी अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। पालक शिक्षक समिति के समस्त सदस्यों को वर्षभर सक्रिय योगदान एवं सहयोग के लिये सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नमिता देशपांडे, डॉ शीतल चन्द्र शर्मा ने तथा श्रीमती अनीता अशोक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया

## श्रीमद्भागवत कथा पर निकाली गई कलश यात्रा



**भिलाईनगर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। वृंदा वन के भागवताचार्य का सुमधुर श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 9 से 15 दिसम्बर तक प्रगति क्लब मुक्ति धाम रामनगर में किया जायेगा। महिला भागवत आयोजन समिति रामनगर द्वारा प्रगति क्लब मुक्ति धाम रामनगर में में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन में भागवताचार्य राजीव नयन महाराज और संजीव नयन महाराज का सुमधुर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है । श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ 9 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे से प्रगति क्लब के महिलाओ द्वारा कलश यात्रा निकल कर किया गया। कलश यात्रा रामनगर मुक्ति धाम, शीतल मंदिर, रामजानकी मंदिर रामनगर मुक्तिधाम मार्ग से होते हुए प्रवचन स्थल पर पहुच कर समाप्त हुई। तपश्चात श्रीमद भागवत कथा का प्रारंभ हुई जिसमें भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई। आयोजन कर्ता नंदकुमार कश्यप ने कि रामनगर प्रगति क्लब में हर वर्ष ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जाता है इस वर्ष वृंदा वन के तीन भाइयों के द्वारा श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति की विनेश्वरी चन्द्राकर, सरस्वती कश्यप, गीता शर्मा, तारणी देशमुख का सहयोग मिल रहा है।

## दुर्घटना रोकने संयंत्र ने की बड़ी कार्रवाई



**भिलाईनगर,** 10 (देशबन्धु)। संपदा न्यायालय भिलाई के आदेश पर भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के इंफोर्समेंट विभाग द्वारा ट्रैफिक पुलिस व प्रषासन के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा को लेकर दुर्घटना से बचाव हेतु सड़क किनारे अवैध रूप से लगे ठेले, गुमठी, खोमचे, कुल्फी वालों, नारियल वालों इत्यादि के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत भिलाई टाउनशिप के मुख्य मार्गों, सेंट्रल एवेन्यू, सुपेला, अंडर ब्रिज चौक तथा मौर्या टॉकीज, पावर हाउस चौक में कई अवैध दुकानों व ठेलेए खोमचों को हटाया गया। पुलिस तथा प्रशासन के सहयोग से यातायात में बाधक बन रहे लगभग 65-70 ठेला, खोमचा तथा अस्थाई रूप से टेंट नुमा दुकानों सहित अतिक्रमणकारियों पर बड़ी कार्यवाही की गयी। इस बड़ी कार्यवाही में ठेला खोमचा को हटाने के साथ ही अवैध सरंचनाओ को जेसीबी द्वारा तोड़ा गया। कार्यवाही का विरोध कर रहे कुछ व्यवसायियों के ठेले एवं सामानों को भी जप्त किया गया। टाउनशिप के मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से व्यापार करने एवं ठेला खोमचा लगाने से जहां आवागमन की सुगमता प्रभावित होती है, वहीं शिफ्ट के समय में सड़क पर यातायात का दबाव बढ़ने से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। आमजन की सुविधा को देखते हुए की गयी यह कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी। इस कार्यवाही में लगभग 50 कार्मिकों सहित पुलिस तथा प्रशासन के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल रहे। विदित हो कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ठेले खोमचे व अतिक्रमणकारियों को हटाने का कार्य संयंत्र द्वारा समय.समय पर किया जाता रहा है। इस्पात नगरी के सभी नागरिकोंए ठेले खोमचे व व्यवसाय करने वालों से अपील की जाती हैए कि सड़कों व सड़कों के किनारे अनावश्यक भीड़ ना लगाएं व अनुसाशन बनायें रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

## आईना-ए-अदब की काव्य गोष्ठी व सम्मान समारोह

**भिलाईनगर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। आईना.ए.अदब तंजीम भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में एक काव्य गोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन शायर मोहम्मद अबू तारिक के कोहका स्थित निवास में किया गया। इसमें हजल गो शायर रामबरन कोरी कशिश भिलाई नगर और उर्दू अदब से जुड़े गजलकार आलोक नारंग दुर्ग का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कला परंपरा के अध्यक्ष डॉक्टर डी.पी. देशमुख, अफसाना निगार, शायर रौनक जमाल और साहित्य सृजन परिषद भिलाई के अध्यक्ष एन.एल. मौर्य विशेष रूप से उपस्थित थे। आयोजन में शायर रौनक जमाल बताया कि उन्हें अमेरिका से मानद उपाधि का सम्मान मिला है और जल्द ही वह अमेरिका जा रहे हैं। इस पर उपस्थित लोगों ने उन्हें मुबारकबाद दी। डॉक्टर डी.पी. देशमुख ने अपनी छत्तीसगढ़ी रचना का पाठ किया। इस मौके पर । रायपुर. राजनांदगांव और दुर्ग से आए साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। इनमें एल.एन . मौर्य, आशा झा, एजाज बशर, इस्माइल आजाद, मुमताज, हाजी ताहिर खान, रौनक जमालए असलम खानए टीएन कुशवाहाए अंजन कुमारए शचि भविए मोहम्मद हुसैन, सरवर आलम, अजहर अली, इस्माइल आजाद, रियाज खान गौहर, जितेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी, सुशील यादव, ललिता कोरी, नेहा जयसवाल, डॉक्टर यशवंत, यश सूर्यवंशी, सोनिया सोनी, संध्या जैन, आशा झा, राजकुमार चौधरी, सरवर, सुल्तान और नावेद राजा दुर्गवी सहित अन्य ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी ने किया। संचालन नावेद राजा दुर्गवी ने और धन्यवाद ज्ञापन मोहम्मद अबू तारिक ने दिया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय शिविर धमधा में



**भिलाईनगर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर 7 के राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम हिर्री विकासखंड धमधा आयोजित किया गया। इस शिविर में प्रात: 5 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा समाज एवं ग्राम कल्याण हेतु विभिन्न कार्यक्रम जैसे मानव चिकित्सा शिविर पशु चिकित्सा शिविर वृक्षारोपण विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इस शिविर के उदघाटन मैं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर भूपेंद्र कुलदीप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, एवं विशेष अतिथि के रूप में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक एवं कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आर पी अग्रवाल उपस्थित थे। साथ ही ग्राम हिर्री के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री भंडारे माध्यमिक शाला के प्रधानाचार्य श्रीमती वर्षा हरिहरणों भी उपस्थित थे। शिविर के द्वितीय दिवस में स्वयंसेवियों द्वारा प्रात: 5 बजे प्रभात फेरी निकाला गया जिसमें गीत एवं विभिन्न तारों के माध्यम से ग्राम वासियों को शिक्षा पर्यावरण संरक्षण अंधविश्वास स्वच्छता आदि के बारे में जागरूक किया गया साथ ही विद्यालय प्रांगण की सफाई तालाब की सफाई एवं वृक्षारोपण भी किया गया सायंकाल में गांव के बच्चों के लिए खेलकूद का आयोजन किया गया एवं स्वयं सेवियों तथा गांव के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## 13 को मारीं बंगला मंडई

**देवरी बंगला।** 13 दिसंबर को शीतला माता मंदिर परिसर मारीं बंगला तथा ग्राम वासियों द्वारा मंडई तथा रात्रि में जालबांधा (करमतरा)की छत्तीसगढ़ी नाच का आयोजन किया गया है यह जानकारी बाजार ठेकेदार बनवारी लाल सिन्हा ने दी।



# आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को छग की कमान सौंपे जाने पर हिन्दू संगठनों में खुशी

**दल्लीराजहरा,**10 दिसंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ आदिवासी नेता व विधायक विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाये जाने पर हिंदू संगठनों ने खुशी का इजहार किया है। आज विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष पूर्व मण्डल अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने कहा कि विष्णुदेव साव को प्रदेश की जिम्मेदारी मिलने से पूरे प्रदेश में हर्ष का माहौल है। जँहा एक और आदिवासी समाज को नेतृत्व मिला है। वही दूसरी ओर हिंदू विचारों को लेकर काम करने वाले एक किसान को प्रदेश में सरकार की बागडोर सौपा गया है। बलराम गुप्त ने आगे कहा की देश में आजादी के बाद छत्तीसगढ़ में आदीवासी जनजाति समाज के उत्थान के साथ हिन्दू समाज के लिए काम करने का कार्य एक हिन्दू हितैषी पार्टी ही कर सकती है। भाजपा पार्टी ने जो निर्णय लिया है। उससे हिंदू धर्मसेवक भी खुश है। जिस प्रकार से पूर्ववर्ती सरकार में सनातन हिन्दू समाज को परेशान करने का खेल खेला गया है। समाज के खिलाफ धर्म के खिलाफ वातावरण बनाया गया हिंदू वीरो की हत्या हुई है। इससे हिन्दू धर्मसेवकों ने छत्तीसगढ़ में खुलकर सत्ता परिवर्तन किया है। और आज विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री बने है। बालोद जिला विहिप के नेताओ ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की कमान विष्णु देव साय को सौपे जाने पर खुशी का इजहार किया है। जिनमे जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता,दुष्यन्त गिरी गोस्वामी जयलाल मालकर,राज सोनी,सत्या साहू,स्वेता राजपूत, प्रीति देशमुख,ढाल साहू,शंकर साहू,लोकेश साहू,राकेश साहू,चौलेश देशमुख, जानकी यादव,नंदा पसीने,नीलेश श्रीवास्तव,बोधन भट्ट,रमेश हरदेल,चिमन देशमुख,त्रिलोकी ठाकुर,तेजेन्द्र गंजिर,जयन्त साहू,पूनम साहू,योगिता साहू,योगिता शर्मा,मुरली साहू,पदमिनी साहू,रोहणी साहू,हेमंत देशमुख,पूनम जैन,पालसिंह यादव,नेमन साहू,खोमेश्वरी राणा ने बधाई दी है।



## मुख्यमंत्री बनाए जाने पर विष्णुदेव साय को दी बधाई



**गुण्डरदेही**, 10 दिसंबर (देशबन्धु)। कुनकुरी विधायक व आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनाए जाने पर व अरूण साव व विजय शर्मा को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बनाए जाने पर गुण्डरदेही भाजपा मंडल के पदाधिकारीयो ने फटाखे फोड़कर व मिठाई बाटकर खुशी मनाई भाजपा पदाधिकारियो ने कहा कि कांग्रेस सरकार से जनता त्रस्त थी इसलिए पांच साल मे ही सत्ता से उनको बेदखल कर दिया जनता ने भाजपा को बहुमत देकर बता दिया कि भाजपा ही प्रदेश मे खुशहाली ला सकती है और चहुंमुखी विकास करा सकता है छत्तीसगढ़ को आदिवासी समाज का मुख्यमंत्री देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया है बधाई देने वालो मे दीपक ताराचंद साहू पुर्व जिला भाजपा अध्यक्ष लेखराम साहू जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु ठाकुरराम चंद्राकर मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर मोंटी नीतीश यादव संध्या भारद्वाज अभिषेक शुक्ला नपं अध्यक्ष रानू हेमंत सोनकर सह कोषाध्यक्ष मोहन जैन प्रमोद जैन अश्वनी यादव हेमंत साहू मंडल उपाध्यक्ष हरीश निषाद टीकाराम निषाद महामंत्री सौरभ चोपड़ा थानसिंग मंडावी विश्वास जीतु गुप्ता कुलदीप साहू नविता साहू यशोदा साहू कोमल सोनकर केशव साहू पार्षद संतोष नेताम शंकर यादव विजय सोनकर रामकृष्ण सोनकर संतोषी साहू कुलेश्वरी महिपाल दयाराम सिन्हा सतीश महोबिया दोषण साहू आदि ने बधाई दी है।

# स्वच्छ भारत मिशन तहत नपां चिखलाकसा में क्लीन टॉयलेट कैपन अभियान

### सार्वजनिक शोचालय की साफ सफाई रखरखाव में सहयोग की अपील : सीईओ योगी



**दल्लीराजहरा,**10 दिसंबर (देशबन्धु)। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के समस्त नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्व शौचालय दिवस मनाया जा रहा है। जिसके तारतम्य में नगर पंचायत चिखलाकसा में 17 नवंबर से 25 दिसंबर 2023 तक क्लीन टॉयलेट कैंपेन प्रारम्भ किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी के द्वारा नागरिकों को अभियान में जुड़कर क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालय की सफाई एवं रखरखाव में सहयोग हेतु अपील की जा रही है। अभियान के दौरान स्व सहायता समूह एवं स्कूली बच्चों को शौचालय का भ्रमण भी कराया जा रहा है। आज कन्या शाला चिखलाकसा के बच्चों के द्वारा वार्ड क्रमांक 03 के परिसर स्थित सार्वजनिक शौचालय का भ्रमण किया गया तथा शौचालय के उपयोग, सफाई और रखरखाव हेतु जागरूक भी किया गया। अभियान के अंत में समस्त शौचालयों का ग्रेडिंग भी स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा की जानी है।

# कलेक्टर ने बेमौसम बारिश से धान को सुरक्षित रखने के दिए निर्देश

**कवर्धा,** 10 दिसंबर। राज्य शासन के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले के 108 धान उपार्जन केंद्रों में 06 दिसंबर तक 103289.00 मी. टन धान खरीदी की जा चुकी है। खरीदे गए कुल धान में से 11579.00 मी. टन धान मिलर को जारी किया गया है। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के धान उपार्जन केंद्रों में की जा रही अब तक कुल धान खरीदी एवं उठाव, धान के सुरक्षित रख रखाव, बारदाने की उपलब्धता, किसानों का पंजीयन आदि के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होने उपार्जन केन्द्रों में खरीदी पश्चात रखे गए शेष धान को बेमौसम बारिश से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में कैप कव्हर और पानी के निकासी के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित होना चाहिए। कलेक्टर ने राइस मिलों के पंजीयन की जानकारी लेते हुए धान के उठाव में और तेजी लाने के लिए लक्ष्य के अनुरूप मिलर्स को डीओ जारी करने तथा संबंधित नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों का सतत् निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिले में कलेक्टर के मार्गदर्शन में सुव्यवथित धान खरीदी की जा रही है। बेमौसम बारिश से बचाव के लिए उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में कैप कव्हर व पानी के निकासी के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है। खरीदे गए धान का उठाव भी तेजी से किया जा रहा है। उपार्जन केंद्रों में अवैध रूप से धान खपाने वाले कोचिंयों एवं बिचैलियों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# प्रशासन का चला बुलडोजर, कटली चखना सेंटर व कालकापारा में दुकानों को हटाया

**डोंगरगढ़**, 10 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के साथ ही अफसरों की चाल भी बदल चुकी है। चुनाव परिणाम आने के बाद अफसर ऐसे जागे है, मानो कभी उन्होंने नींद ही न ली हो। अतिक्रमण के खिलाफ धड़ाधड़ कार्रवाई की जा रही है। जहां पाए वहां बेलगाम बुलडोजर चढ़ाए जा रहे हैं। लेकिन इस कार्रवाई में भी बड़ा झोल है। टारगेट सिर्फ गरीबो की गुमटी और ठेलो को किया जा रहा है।

मुद्दा अतिक्रमण हटाने का ही है तो उन अवैध प्कब्जा मामलो का क्या, जिनकी शिकायतें सरकारी दफ्तर में धूल फांक रही है । प्रशासन की इस एक तरफा कार्रवाई से गरीब परिवारों के सामने दोबारा रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो चुकी है। बीते दिनों कालकापारा मुख्य मार्ग में लगी जिन गरीब लोगों की गुमटियां व ठेले हटाई गई है, वे दर-दर भटकने के लिए मजबूर हो चुके है। ठेले गुमटी लगाने वालो पर नशीला पदार्थ बेचने का बेबुनियाद आरोप लगाया जा रहा है। यहां पर सवाल ये है कि जब वहां नशीले पदार्थ की खुलेआम बिक्री हो रही थी तो पुलिस क्या कर रही थी, इतने दिनों में एक भी कार्रवाई क्यों नहीं की गई, सभी जानते है इन पांच वर्षों में शराब की अवैध बिक्री कहां-कहां होती रही और किनके संरक्षण में। महीने में हिसाब होने के बाद प्रशासनिक तंत्र झांकना तो दूर उन रास्तो से गुजरता तक नहीं था। बताया जा रहा है कि शासकीयकरण होने



के बाद से छत्तीसगढ़ में आहता निर्माण पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसके बावजूद जगह-जगह चखना सेंटर खोले गए। आहता बनवाया गया। जहां बेधड़क शराब पिलवाई जा रही थी। जिसकी शिकायत भी की गई। तब तो आबकारी और पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी। अधिकारियों ने यहां मौके पर पहुंच महज कुछ ही घंटे में बुलडोजर चलवा कर सभी दुकानों को तोड़ दिया । एक समय था जब यहा मेले जैसा माहौल दिनभर लगता था जहां आज वीरानी देखा जा रहा है कुछ चखना दुकानदारों ने तो अवैध वसूली के चलते परेशान होकर कार्यवाही के बहुत पहले ही अपनी दुकानें बंद कर दी थी अब उनके दुकानों पर प्रशासन का बुलडोजर चलते ही उनके चेहरों में मायूसी देखने को मिल रही है उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई है।

## निधन

### बुधिया बाई यदु



**बलौदाबाजार,** 10 दिसम्बर। पौसरी (चांपा) निवासी श्रीमति बुधिया बाई यदु की रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्ति धाम में किया गया। जहां नाते रिश्तेदार एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे रमेशर यदु की माता थीं।

### राम बाई वर्मा



**पलारी,** 10 दिसंबर। पलारी नगर के वार्ड क्रमांक 6 निवासी पत्रकार शेखर वर्मा की दादी श्रीमती राम बाई वर्मा उम्र 106 का आकस्मिक निधन 10 दिसंबर को सुबह 10 बजे निज निवास पलारी में हो गया जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। वे लखन लाल, श्याम लाल, हेमलाल, नंद कुमार मंडल अध्यक्ष, नरेंद्र कुमार वर्मा की मां थी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

### लल्लन कुमार यादव



**भिलाईनगर,** 10 दिसंबर। सेक्टर-7, सड़क 12 निवासी के छाया पार्षद वरिष्ठ भाजपा नेता लल्लन कुमार यादव का निधन हो गया। भारतीय जनता पार्टी पश्चिम मंडल महामंत्री एवं बोल बम समिति के अध्यक्ष थे। जानकारी के अनुसार 9-10 की रात्रि में घर पर ही हार्ट अटैक से रात्रि 3.45 को आकस्मिक निधन हो गया। वे अंश कुमार यादव के पिता व विनय कुमार यादव, संजय कुमार यादव भाई के थे। उनका अंतिम संस्कार निवास स्थल से रामनगर मुक्तिधाम में आज 11 दिसंबर को दोपहर 2 बजे किया जाएगा।

# शिक्षकों ने विधायक का किया सम्मान

**सरायपाली,** 9 दिसंबर (देशबंधु )। विधानसभा सरायपाली से शिक्षक से विधायक पद पर निर्वाचित होने वाली श्रीमती चतुरी नंद का विकासखंड बसना केअंतर्गत विधानसभा सरायपाली में आने वाले संकुल के शिक्षकों द्वारा दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर में भव्य स्वागत किया गया विधायक चातुरी नंद जनपद अध्यक्ष बसना रुक्मिणी पटेल पिछड़ा वर्ग सदस्य मनभंजन पटेल,गुलाब सिंह तोमर, केंवरा चौहान,पूर्णानंद मिश्रा, पी पटेल मंचासीन थे,शिक्षकों ने ग्राम सागरपाली में शिक्षक सदन की मांग की,,जिससे कि दूरस्थ सुदूर वनांचल के शिक्षक साथियों को बैठक ,कार्यशाला इत्यादि शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए इधर उधर भटकना ना पड़े,अपने स्वागत से अभिभूत नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती चातुरी नंद ने कहा कि मेरा सफर शिक्षक के पद से प्रारंभ हुआ आप सभी का सहयोग स्नेह है जिससे मैं आज सरायपाली विधायक के रूप में निर्वाचित हो पाई हूं ,श्रीमती चातुरी नंद ने कहा कि वह शिक्षकों के साथ खड़ी है भविष्य में समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहूंगी साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों के लिए शिक्षक सदन का निर्माण उनके द्वारा प्राथमिकता के क्रम में होगा स्वागत सम्मान से अभिभूत चातुरी नेशिक्षकों का हृदय से आभार व्यक्त किया विदित हो कि श्रीमती चातुरी नंद विकास खंड बसना के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भूकेल में शिक्षक के पद पर कार्यरत थीं,वहीं से उन्होंने त्याग पत्र देकर आरक्षित सीट सरायपाली से विधान सभा का चुनाव लडा और जीत दर्ज की,,वे शिक्षक संघ का नेतृत्व भी कर रही थी,,



कार्यक्रम को सफल बनाने में ,उस्ताद अली,अमित चौरसिया, सादराम अजेय,अजय जायसवाल,चंद्रकांत चौरसिया,रामकुमार मैत्री,लक्ष्मण पटेल,संतलाल पटेल,रूपधर निषाद,भूपेश पाढ़ी, इंदल पटेल, डीजेंद्र कुर्रे,श्यामलाल भोई,आनंद पटेल,नंद राम साहू, गुलाब सिंह तोमर,जी पी पटेल, आर के पटेल,डेनियल तांडी,गिरीश कुमार पाढ़ी,वीरेंद्र कुमार कर,छतराम जायसवाल,का योगदान रहा ,,कार्यक्रम में सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे,,कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार चौरसिया तथा आभार प्रदर्शन तिरिथ राम पटेल ने किया।

# शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर आदिवासी समाज ने दी श्रद्धांजलि

**कुरूद,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं गरीबों के सच्चे मसीहा, सोनाखान के सपूत शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर 10 दिसंबर 2023 को क्षेत्र के आदिवासी समाज सहित अन्य राजनीतिक दल के पदाधिकारियों ने भी उनके प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए बायपास रोड, शहीद वीर नारायण सिंह चौंक (सिरसा पारा ) कुरूद में स्थापित उनके आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण भेंट कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया।




इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज कुरुद तहसील के अध्यक्ष ठाकुर राम नेताम, ध्रुव गोड़ समाज के तहसील अध्यक्ष ललित ठाकुर, पूर्व तहसील अध्यक्ष कुलंजन सिंह मांडवी, पूर्व मंडी अध्यक्ष झागेश्वर ध्रुव, हरिश्चंद्र मांडवी भूपेंद्र नेताम तेजराम छेदैया, पोखराज नेताम, फलेंद्र ध्रुव, ललित सोरी, बीरबल कुंजाम, विष्णु छेदैया, प्रेम सिंह ध्रुव, संजय नेताम,राम्हीन ध्रुव,कलिंद्री ध्रुव, राजकुमारी ध्रुव, प्रेमु मरकाम, राहीबाई ध्रुव, सरस्वती नेताम, कैकई मरकाम, राहीबाई ध्रुव, कमल सोरी, राजकुमार कतलम, रोहित नेताम, मालक राम साहू रामायण ध्रुव सहित सैकड़ो आदिवासी महिला पुरुष उपस्थित थे। वहीं कांग्रेस पार्टी के सुश्री राजकुमारी दीवान, प्रमोद साहू, मनोज अग्रवाल, उत्तम साहू, मनीष साहू , देवव्रत साहू, राघवेन्द्र सोनी, चुम्मन दीवान, रोशन जांगड़े, पवन ध्रुव ने भी माल्यार्पण अर्पण कर श्रद्धांजलि दिया।

## डडसेना सिन्हा कलार समाज ने धूमधाम से मनाई सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती

**गरियाबंद,** 10 दिसंबर। डडसेना सिन्हा कलार समाज के द्वारा भगवान राज राजेश्वर श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शीतला मंदिर प्रगाण में ज्योति प्रज्वलित कर देव पूजन किया गया। तत्पश्चायत् कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें हज़ारो के संख्या में महिला व पुरष शामिल हुए। सहस्त्रबाहु अर्जुन के जय जयकर के नारे लगाए। कलश यात्रा नगर के विभिन्न चौक चौराहो का भ्रमण करते हुए तिरंगा चौक पहुँचे। जहां रैली का भव्य स्वागत किया गया। कलश यात्रा के बाद शीतला मंदिर सत्यनारायण पूजा किया गया। यहां समाज के प्रमुख और पदाधिकारियों का साल और श्रीफल भेट कर स्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम जिलाध्यक्ष अवध राम सिन्हा, राजिम परीक्षेत्र अध्यक्ष राम लाल सिन्हा, फिंगेश्वर ओमप्रकाश सिन्हा, सचिव मैनपुर परीक्षेत्र भागवत प्रसाद सिन्हा, फिंगेश्वर राजकुमार सिन्हा, जिला विधि प्रकोष्ट धरम लाल सिन्हा, गेंदलाल सिन्हा, राजेश सिन्हा, टकेश सिन्हा, हरिशंकर सिन्हा, रोहित सिन्हा, देवेश सिन्हा, डॉ पुरन सिन्हा, अजय सिन्हा, दीप सिन्हा, भावेश सिन्हा, दिलीप सिन्हा उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### महाराष्ट्र के मंत्री ...

संतोष यदु, प्रचार सचिव अजय सुरपाम, कार्यकारिणी सदस्य कौशल किशोर सिंह, संतोष खिरोड़कर, नरेंद्र राठी, गणेश निर्मलकर, रोमनाथ साहू, प्रभाकर राव पाटने, नारायणदत्त तिवारी, प्रकाश शिवणकर, मुरलीधर राऊत, पंडित कैलाश तिवारी, अरविंद लोखंडे के अलावा बड़ी संख्या में साई भक्त मौजूद थे।

## शिव पूजा में शामिल हुई विधायिका बघेल

**डोंगरगढ़,** 10 दिसंबर। नगर के आजाद वार्ड नंबर 1 में रविवार को नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव जी की प्रतिमा का विधिवत स्थापना किया गया । जिसमें क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने स्वयं शिवलिंग को सिर पर रख मंदिर तक पहुंची और भगवान शिव का दर्शन कर प्रदेश व क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की है । इस दौरान गौरा गौरी उत्सव समिति और वार्डवासियों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाल नगर का भ्रमण किया गया जो की नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस मंदिर पहुंचा । वार्ड में बने नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव जी की प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही वार्डवासियों द्वारा पूजा अर्चना प्रसादी वितरण की गई । इस दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संध्या देशपांडे, शहर अध्यक्ष संजीव गोमास्ता, गोविंद टंडन , चुम्मन साहू, सनी भाटिया, रूपचंद खोबरागड़े, शिशुपाल भारती , ललिता साखरे , रेखा खोबरागड़े सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित थे ।



# सर्व आदिवासी समाज ने शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया

**गरियाबंद,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। शहीद वीर नारायण दिवस के शहादत दिवस पर ज़िले के आदिवासी समाज ने आदिवासी विकास परिषद मजरकट्टा भवन में ज़िला स्तरीय सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मेलन में ज़िले के सभी आदिवासी भाई बहन महिला और पुरषों ने अपने प्रारंपरिक वेशभूषा लया लयोर में पहुंचे। दिनभर यहां विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चित्रकला, रंगोली, भाषण नृत्य प्रतियोगिता में समाज के युवाओं ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। इसके पहले देवगुना में पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना की गई। समाज के प्रमुखजनों ने शहीद वीर नारायण जी के शौर्य और बलिदान को याद किया। नई पीढ़ी को समाज को संगठित करने के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयासों, महिलाओं एवम बच्चों को शिक्षित करने के लिए किए गए कार्यों को बताया गया। समाज को शहीद वीर नारायण सिंह के मार्गों पर चलने का आव्हान किया।



इस अवसर पर समाज प्रमुख लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि प्रदेश में भाजपा ने आदिवासी वीर नारायण सिंह जी के शहादत दिवस के अवसर पर प्रदेश को आदिवासी मुख्यमंत्री दिया है जो हमारे लिए शहीद वीर नारायण सिंह जी जैसा कार्य कर समाज के लिए प्रेरणा श्रौत बनेंगे। ऐसी उम्मीद करती हूँ और उन्हें आदिवासी समाज की ओर से शुभकामनाए देती हूँ। वही शहिद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस हर वर्ष मानते हुए समाज के लोगो को उनसे प्रेरणा लेने व समाज को संगठित करने की अपील की। इस अवसर पर प्रत्येक घर से दो किलो चावल और बीस रुपये की सहयोग राशि स्नेह पूर्वक स्वीकार की गई। इस अवसर पर आदिवासी विकास परिषद भवन से हजारों के तादाद में आदिवासी एक तीर एक कमान सारे आदिवासी एक समान के नारों के साथ तिरंगा चौक पहुंचे। यहां शहिद वीर नारायण सिंह के प्रतीक चिन्ह पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# शहीद वीर नारायण सिंह की पूजा अर्चना के बाद दी गई श्रद्धांजलि



**गुरुर,** 10 दिसंबर। नगर के बस स्टैंड में आज आदिवासी समाज द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जहां विधायक संगीता सिन्हा ने पूजा अर्चना कर आदिवासी समाज एवं क्षेत्र में सुख शांति के लिए कामना की। साथ ही समाज द्वारा विधानसभा चुनाव में पुन: जीत हासिल करने पर विधायक संगीता सिन्हा का स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष हेमलाल धुर्वे, सचिव लालसिंह मांडवी, कोषाध्यक्ष मोती नेताम, छन्नू नेताम, गोवर्धन ठाकुर, नोता ठाकुर, महिला प्रभाग से मंजू नागवंशी, केकती कोर्राम, फूलबाई सहित अन्य पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# स्काउट गाइड एक दिवसीय साइकिल हाइक आयोजन तादुंला बांध क्षेत्र में किया

■ रोवर रेंजर आग की विभिन्न प्रकार,बिना बर्तन से भोजन बनाकर किया प्रर्दशन

■ शारीरिक मानसिक नैतिक विकास स्काउटिंग से श्रेष्ठ कोई विद्या नही:प्राचार्य



**दल्लीराजहरा,** 10 दिसंबर (देशबन्धु) ।स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद के स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर यूनिट द्वारा संस्था के प्राचार्य व जिला मुख्यालय आयुक्त (स्काउट)अरूण कुमार साहू के मार्गदर्शन एवं स्काउट मास्टर एलडी साहू ,रोवर स्काउट लीडर नेमसिंह साहू के नेतृत्व में और संस्था के व्याख्याता, आरके सार्वा, बीके कोशले,महेंद्र पटेल, मनोरमा कुम्भज, पुष्पांजली पांडे, नीलम पांडे, कुमुदनी साहू, खेमलता साहू, सरिता चौरसिया के सहयोग से एक दिवसीय साइकिल हाइक का आयोजन तादुंला बांध के डुबान क्षेत्र के पास किया गया। हाइक को संस्था के प्राचार्य महोदय ने प्रातः 08 बजे विद्यालय प्रांगण से हाइक के लिए शुभकामना देते हुए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी स्काउट गाइड रोवर रेंजर अनजान वन क्षेत्र के रास्तों पर खोज के चिन्हों का अनुसरण करते और प्रकृति अध्ययन करते हुए हाइक शिविर स्थल पर लगभग 1 घण्टे पश्चात पहुंच गए, पहुंचने पर सभी टोली के द्वारा टेंट पिचिंग (तम्बू निर्माण) की तथा आग की विभिन्न प्रकार और भोजन बनाने की कई विधियों द्वारा बिना बर्तन से भोजन बनाकर उसका प्रदर्शन सह व्याख्या किया ,शिक्षकों द्वारा उन सभी का निरीक्षण किया गया। हाईक कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद वापसी में समस्त प्रतिभागियों एवम् शिक्षकों द्वारा तांदुला बांध के पास स्थित पर्यावरण पार्क का भ्रमण प्रकृति अध्य्यन, एडवेंचर , और मनोरंजन हेतु किया गया और पार्क में हाइक पश्चात अंतिम वार्ता संपन्न हुई जिसमें सभी टोलियों के टोली नायक, उप टोली नायकों ने अपना अनुभव और अपने अपने टोली की हाइक रिपोर्ट बताते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत की , अंतिम वार्ता में संस्था के प्राचार्य ने सभी शिक्षकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि किसी भी बच्चें के लिए शारीरिक ,मानसिक और नैतिक विकास हेतु स्काउटिंग से श्रेष्ठ और कोई विधा नहीं हो सकता , हाइकिंग भी एक साहसिक कार्य है और यह स्काउट के जीवन का परम आनन्दमय भाग है, अंतिम वार्ता का संचालन संस्था के स्काउट गाइड प्रभारी नेमसिंह साहू ने किया कार्यक्रम में 12रोवर/06 स्काउट, और 20 रेंजर/28 गाइड कुल 66 प्रतिभागियों ने भाग लिया।स्काउट गाइड की मूल अवधारणाओं को बच्चों में संप्रेषित करने वन विद्या और हाईक कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला सचिव केएल गजेन्द्र, डीओसी प्रेमलता चंद्राकार, डीटीसी सीमा साहू ,विकासखंड सचिव बालोद रूपेन्द्र सिन्हा, गुंदरदेही चंदशेखर दिल्लीवार, संयुक्त सचिव गायत्री साहू और संस्था के समस्त स्टॉफ ने सभी स्काउट,गाइड,रोवर रेंजर, प्रभारी शिक्षकों और संस्था के प्राचार्य महोदय को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है, ।

# पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह को युवा मोर्चा ने दी जीत की बधाई



**राजनांदगांव,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु) । जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव विधानसभा से चौथी बार निर्वाचित विधायक डॉ. रमन सिंह से रायपुर में मुलाकात कर उन्हें ऐतिहासिक जीत की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर के साथ सभी मंडल के अध्यक्ष व सैकड़ा भर पदाधिकारी मौजूद थे। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने बधाईयां स्वीकार करते हुए भाजयुमो की मेहनत को सराहा और इस जीत के लिए उन्हें भी बधाईयां दी।

भाजयुमो पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ङ्क राजनांदगांव ने इस चुनाव में इतिहास रचा है। 45 हजार से अधिक मतों से जीत का श्रेय युवा मोर्चा को भी जाता है। मैं सभी को बधाई देता हूं। दो रातों में करोड़ों रुपए बांटे कांग्रेस ने मगर उसके बाद भी एक भी कार्यकर्ता भाजयुमो का विचलित नहीं हुआ। जीतने की ताकत कांग्रेस के अंदर नहीं है युवा मोर्चा ने ये साबित कर दिया। बधाई देने जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री गोलू गुप्ता , महामंत्री द्वय गोलू सूर्यवंशु, डिकेश साहू, उपाध्यक्ष सुमित भाटिया, कांता साहू, पिंटू वर्मा, शशिकांत गंजिर, पिंटू वर्मा,उज्जवल कसर, शिवम यादव, हेमदीप साहू, अनंत तिवारी,चिंटू सोनकर,मंडल अध्यक्षगण ललित साहू, प्रखर श्रीवास्तव,प्रवेश ठाकुर, मुकेश साहू, सज्जन सिंह ठाकुर, जितेंद्र साहू, कमलेश प्रजापति, आशुतोष सिंह , जश्मित भाटिया,आशीष जैन, धर्मेंद्र वर्मा,कोमल टंडन, कमलेश लहरे, बबलू सिन्हा सहित जिले के सभी मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# झंडा दिवस अमर सैनिकों के प्रति श्रद्धांजलि-अर्थ-अर्पण का श्रेष्ठ अवसर: द्विवेदी

**राजनांदगांव,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु) । समग्र देश-धरती में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के वीर शहीदो के परमपुण्य स्मरण करने हेतु प्रतिवर्ष सात दिसम्बर को मनाये जाने वाले सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अतिमहत्तम परिप्रेक्ष्य में नगर के विचारप्रज्ञ प्राध्यापक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने विशिष्ट चिंतन विमर्श में कहा कि राष्ट की रक्षा के लिए वीर बहादुर सैनिकों एवं उनके परिवारजनों के प्रति विशेष सम्मान-श्रद्धांजलि के साथ अर्थ-अर्पण का यह अत्यंत श्रेयष्कर अवसर होता है। साथ ही साथ समाज का प्रत्येक व्यक्ति की सहज सक्रिय सहभागिता की भी परम अपेक्षा होती है। उल्लेखनीय रूप से सर्व जन-जन को समझना होगा कि भारतीय सेना के तीनों अंग थल सेना, नौ सेना एवं वायु सेना के अमर जवानों द्वारा मात्र भूमि की रक्षा के लिए किए गए प्राणोत्सर्ग के प्रति चिरस्थायी सम्मान-श्रद्धा-अर्पण के साथ साथ उनके आश्रित परिजनों के कल्याण एवं पुन-व्यवस्थापन हेतु झंडा वितरण से धनराशि प्राप्त की जाती है और यही धनराशि सैनिकों के परिवारजनों के श्रेष्ठतम कल्याणकारी कार्यो में लगायी जाती है तथा युद्ध में हुए विकलांग सैनिकों, शहीद सैनिकों की विधवाओं, आश्रितों का पुर्नवास भी किया जाता है।



जो कि श्रेष्ठ सार्थक अर्थो में मातृभूमि की रक्षा हेतु शहीद हुए सैनिकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि-आदराजंलि के साथ श्रेष्ठतम अर्थदान गौरव अवसर भी है। आगे डॉ. द्विवेदी ने विशेष आह्वान किया कि हमारी युवा पीढ़ी-प्रबुद्ध पीढ़ी इस परमपुण्यात्म कार्य के लिए पहल करें। देश-प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को अपनी आय से यथा उचित धनराशि झंडा लेकर अवश्य अर्पण करे। यही स्वदेश मातृभूमि के लिए शहीद सैनिकों प्रति प्रत्येक व्यक्ति की सहज-सरल मौलिक कर्तव्य दायित्व का निर्वहन भी होगा। इस अवसर पर संस्था की एनसीसी छात्राओं द्वारा वितरण किए जा रहे झंडा वितरण कार्यश्रम की डॉ. द्विवेदी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं झंडा प्राप्त कर यथायोग्य धनराशि अर्पण की तथा सैनिकों के प्रति श्रद्धाअर्पण का अनुपम प्रतीक झंडा के साथ फोटो चित्र खिचवाकर छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया।

# विष्णु देव साय के छत्तीसगढ़ में प्रथम आदिवासी मुख्यमंत्री घोषणा पर भाजपा जिला बालोद में जश्न का माहौल

**बालोद,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु) । छत्तीसगढ़ भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ,रायगढ़ से पुर्व सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कुनकुरी जशपुर के आदिवासी दिग्गज बीजेपी नेता सरल सहज व्यक्तित्व के धनी वरिष्ठ भाजपा नेता को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया एवं छत्तीसगढ़ का प्रथम आदिवासी मुख्यमंत्री बनने पर बालोद जिला मुख्यालय सहित सभी नव मंडलों में आतिशबाजी कर मिठाई बाटकर खुशियां मनाई गई भाजपा जिला कार्यालय सहित सभी नौ मंडलो मे चौक चौराहा में गगन भेदी नारे गूंजने लगे भाजपा ध्वज लहराकर रौली निकाल भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ में भाजपा की सत्ता एवं आदिवासी मुख्यमंत्री घोषित होने पर एक दूसरे को बधाई देने लगे सोशल मीडिया में शुभकामनाओं और बधाईयो की होड लगी बधाई देने वालों में जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत पवार सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं में प्रीतम साहू, पवन साहू, देवलाल ठाकुर, राकेश यादव, यशवंत जैन, यज्ञदत्त शर्मा, वीरेंद्र साहू,लेखराम साहू,छगन देशमुख ,देवेंद्र जायसवाल, किशोरी साहू,अभिषेक शुकला, नरेश यदु, त्रिलोकी साहू, राकेश छोटू यादव, ठाकुर रामचंद्राकार, संध्या भारद्वाज, सुशीला साहू, सुदेश सिंह ,मोहन जैन, शरद ठाकुर, नरेश साहू ,संजय दुबे ,राजीव शर्मा ,अनीता कमेटी, राधिका भारद्वाज ,देवेंद्र माहला, होरी लाल रावटे,शाहिद खान, शीतल नायक,प्रतिभा चौधरी, शिव धरमगुडे, लोकेश श्रीवास्तव, सुरेश निर्मलकर, प्रेम साहू ,कौशल साहू ,दुष्यंत सोनवानी, टिनेश्वर



बघेल, प्रणेश जैन, रुपेश सिन्हा, मनीष झा ,राकेश द्विवेदी, आदित्य पिपरे, दीपा साहू, जितेंद्र साहू ,तोमन साहू ,अकबर तिगाला, डिशोक जांगड़े, सुभ सिंह कोरेटी,पालक ठाकुर,सुरेंद्र देशमुख, कमलेश सोनी ,खेमलाल देवांगन, लीला शर्मा , साहू ,दानेश्वर मिश्रा, मेहत्तर नेताम, चित्र सेन साहू, होनील दत्त पटेल, प्रेमलता साहू ,सोमेश सोरी,भिकियासैण मसिया, नितिश यादव,पुष्पेन्द्र चंद्राकर, कृतिका साहू, खिलेश्वरी साहू ,रश्मि साहू ,नीति साहू डामेश्वरी साहू, चमन लाल साहू, धरमलाल साहू, दुर्गानंद साहू ,सौरभ चोपड़ा, जनार्दन सिंन्हा, रामसहाय साहू ,संदीप साहू, संजय साहू ,एकांत पवार, राजेंद्र साहू ,हरीश चंद साहू, शिवेंद्र देशमुख, देवघर साहू ,गणेश साहू ,अमित चोपड़ा, कमल पनपलिया, एकांत पवार हरि कृष्ण जंजीर संदीप सिन्हा, पार्थ साहू रौनक कटयाल कुलदीप यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने बधाइयां दी

# यूपी के सीएम योगी ने माफियाओं के प्रापर्टी पर चलाया बुलडोजर: देबू

**राजनांदगांव,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। जनहित मोर्चा के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला देबू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सरकार परिवर्तन होते ही बगैर नोटिस दिये जिला प्रशासन द्वारा बुलडोजर के नाम से जेसीबी मशीन (बुलडोजर) के नाम से चर्चित होकर गरीबों की आशियाना छीना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा के जन प्रतिनिधि का कोई समर्थन नहीं है। जिलाधीश कलेक्टर का कथन है यह तो सामान्य प्रक्रिया है किंतु चखना के नाम से ठेले खोमचे लगाकर जीवनयापन करने वालों पर बुलडोजर का नाम चलाया जाकर गरीबों की रोजी रोटी को हिला कर रख दिया गया है। जो इस पर ही निर्भर रहते हैं। आदित्यनाथ योगी के द्वारा बाहुबली गुण्डों की प्रापर्टी पर बुलडोजर चलाया गया। किन्तु छ.ग. और राजनांदगांव में ठेले खोमचो, झोपड़ी पर बुलडोजर चलाया जा रहा है उचित नहीं है। शराब दुकान के अंतर्गत आहता की आवश्यकता होती है। किंतु



यहां उपलब्ध न होने के कारण आम लोग ठेले खोमचों, चखना दुकान का उपयोग करते हैं। हर व्यक्ति बैठकर परिवार या बच्चों के बीच शराब पी नहीं सकता उक्त बातों का ध्यान रखते हुए या तो शराब बिक्री बंद हो जाना चाहिए या ठेले खोमचो वालों को पुन-व्यवसाय करने का मौका देना चाहिए व्यवस्थापन करने या नौकरी दे। इससे यह स्थिति निर्मित होगी कि लोग स्कूल, गार्डन, चौक चौराहों मार्ग पीने का ठिकाना न मिलने पर कहीं भी पीना शुरू कर देंगे। उक्त संबंध में शीघ्र ही विधायक डॉ. रमन सिंह जी से मुलाकात करने की तैयारी की जा रही है।

# रश्मि देवी कॉलेज में हुआ विश्व एड्स दिवस पर मेंहदी,रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**खैरागढ़,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर के रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रेड रिबन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जितेंद्र कुमार साखरे के मार्गदर्शन में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया श्री साखरे ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को एड्स के विषय में जागरुक रहने और दूसरों को भी जागरुक करने का आह्वान किया उन्होंने एड्स के कारण और बचाव पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया एड्स जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत व्याख्यान का भी आयोजन किया गया महाविघालय में एड्स दिवस पर रंगोली, भाषण, पोस्टर व निबंध प्रति ?योगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया इस अवसर पर महाविधालय के सहायक प्राध्यापक सृष्टि वर्मा, सतीश माहला, धर्मेन्द्र ने महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई कार्यक्रम का सफल संचालन रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल ने किया वही आभार प्रदर्शन रेड रिबन प्रभारी सुरेश कुमार आडवानी ने किया।

# महाविद्यालय में समाजशास्त्र विषय पर हुआ अतिथि व्याख्यान

**खैरागढ़,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर के रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में समाजशास्त्र विभाग में विगत दिनों अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र साखरे के मार्गदर्शन में मुख्य वक्ता डॉ. ए के मंडावी, छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए शिक्षक विजेन्द्र वर्मा ने डॉ. मंडावी का परिचय देते हुए कहा कि समाजशास्त्र विषय के बारे विस्तार पूर्वक बताया मुख्य वक्ता डॉ. ए के मंडावी दिग्विजय कालेज राजनांदगांव ने समाजशास्त्र विषय पर शोध प्रविधि में अवलोकन, साक्षात्कार, निर्देशिका, प्रश्नावली सहित अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया साथ ही गहन अध्ययन, व नोट्स बनाने पर जोर दिया छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव ने समाजशास्त्र विषय में सामाजिक संरचना व सामाजिक परिवर्तन को रेखांकित किया प्रतियोगी परीक्षा, पीएससी परीक्षाओं में समाजशास्त्र से संबंधित प्रश्नों को पूछे जाने से अवगत कराते हुए लाईब्रेरी में उपयोगी पुस्तकों की जानकारी दिया डॉ. परमेश्वरी टांडिया अतिथि शिक्षिका ने समाजशास्त्रीय चिंतकों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी शिक्षक धरमपाल वर्मा ने समाजशास्त्र में प्रायोगिक विषय के एकल अध्ययन के बारे में प्रकाश डाला इस अवसर पर शिक्षक सहित स्नातक, स्नातकोत्तर के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे अतिथि व्याख्यान के महत्व को बताते हुए छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव ने आभार व्यक्त किया।



# शहीद वीर नारायण सिंह के मातृभूमि के प्रति समर्पण और बलिदान हमेशा याद किया जाएगा: भोलाराम साहू



■ गर्रापार पहुंचकर शाहिद वीर नारायण सिंह को किया नमन

**खुज्जी,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। खुज्जी विधायक भोलाराम साहूआज ग्राम गर्रापार पहुंचकर छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह को उनके बलिदान दिवस10 दिसंबर पर नमन किया ।विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि वीर नारायण सिंह के मातृभूमि के लिए योगदान को याद करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देने वाले आदिवासी जननायक वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे ,उन्होंने सन 1956 की भीषण आकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कठिन संघर्ष किया ।विधायक भोलाराम साहू ने आगे कहा कि उन्होंने 1957 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में छत्तीसगढ़ की जनता में देशभक्ति का संचार किया ।राज्य सरकार ने उनकी स्मृतिको आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग में उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शहीद वीर नारायणसिंह सम्मान स्थापित किया है ।विधायक श्री साहू ने आगे कहा कि शाहिद वीर नारायणसिंह अन्याय के खिलाफ संघर्ष, मातृभूमि के प्रति समर्पण और बलिदान से हमेशा याद किया जाएगा।

# सिन्हा समाज ने विधायक संगीता सिन्हा से मुलाकात कर किया सम्मानित

**गुरुर,** 10 दिसम्बर (देशबंधु) । हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में संगीता सिन्हा ने दूसरी बार जीत हासिल की। सिन्हा समाज की बेटी ने दूसरी बार सिन्हा समाज का मान बढ़ाया सिन्हा समाज को गौरवान्वित किया है, ऐसे मे सिन्हा समाज ने नवनिर्वाचित विधायक संगीता सिन्हा से मुलाकात कर सम्मानित किया।



इस दौरान सिन्हा समाज के जिला अध्यक्ष चमन सिन्हा, कोषाध्यक्ष हरदेव सिन्हा, सचिव चंद्रहास सिन्हा, देवरी मंडलेश्वर बिसरुराम सिन्हा, सचिव कालूराम सिन्हा, पूर्व सचिव देवलाल सिन्हा, क्षेत्राधिकारी हीरालाल सिन्हा, देवलाल सिन्हा, बिंदेश्वरी सिन्हा, गुंडरदेही मंडलेश्वर मिलन सिन्हा, सचिव लोकमान्य सिन्हा, कोषाध्यक्ष रामनारायण सिन्हा, क्षेत्राधिकारी पीतांबर सिन्हा, सचिव दानेश्वर सिन्हा, कोष निरीक्षक घनश्याम सिन्हा बृजभूषण डडसेना सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# राजा राव पठार ग्राम करेंझर में आदिवासी हाट बाजार का हुआ शुभारंभ

**गुरुर,** 10 दिसम्बर (देशबंधु)। ग्राम करेंझर में 3 दिवसीय विराट वीर मेला कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है, आदिवासी हाट बाजार का शुभारंभ होने के बाद यंहा आदिवासी समुदाय के लोगों द्वारा निर्मित हस्तकला, शिल्पकला जैसे विभिन्न सामग्रियों की जगह-जगह प्रदर्शनी लगाई गई है, जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

यंहा बालोद, धमतरी, कांकेर, रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बस्तर, सुकमा, नारायणपुर, बीजापुर, अबूझमाड़ जैसे विभिन्न क्षेत्रों से भी यहां लोग विभिन्न सामानों की बिक्री एवं खरीदारी के लिए पहुंचने लगे हैं।




बता दे कि यह कार्यक्रम का दसवां वर्ष है, जो सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद, धमतरी एवं कांकेर के तत्वाधान में एवं वीर मेला आयोजन समिति राजा राव पठार करेंझर के सहयोग से आयोजित है। दोपहर के बाद यंहा आदिवासी प्रतिभा सम्मान समारोह एवं महापंचायत आयोजित की गई, जंहा समाज द्वारा शिक्षा, खेल, शिल्पकला, सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे अन्य क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने पर समाज के प्रतिभाओं को सम्मान किया गया। साथ ही समाज प्रमुखों का उद्बोधन, सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। वृहद स्तर पर होने वाले इस आयोजन मे स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था की गई है, सामाजिक लोगों के अलावा यहां जगह-जगह पुलिस के बल भी तैनात किए गए हैं ताकि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचने वाले लोगों को कोई असुविधा न हो।

उल्टा पुल्टा

पिंटू– मम्मी आप तो कहती थीं कि परी उड़ती है
फिर अपनी मौसी उड़ती क्यों नहीं?
मम्मी– उसको परी किसने कहा?
पिंटू – डैडी ही उन्हें परी कहकर बुला रहे थे।
मम्मी– तो फिर बेटा आज तेरी मौसी भी उड़ेगी
और साथ में तुम्हारे पापा भी...

## संपादकीय

### अंदरूनी विवाद जल्दी मिटाये कांग्रेस

छत्तीसगढ़ विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय को बनाकर अपनी सरकार बनाने की तैयारी कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पराजय के कारणों की तलाश के साथ आंतरिक विवादों में उलझी हुई है। हार के बाद इस तरह के परस्पर आरोप-प्रत्यारोप एवं विवाद स्वाभाविक हैं परन्तु देखना होगा कि कांग्रेस कितनी जल्दी इन मतभेदों को मिटाकर एकजुट होती है। ऐसा न हुआ तो इसका असर लोकसभा चुनावों पर पड़ सकता है।

7 व 17 नवम्बर को दो चरणों में हुए मतदान के जो नतीज़े 3 दिसम्बर को निकले उनमें भाजपा को अप्रत्याशित लेकिन बड़ी जीत मिली है। उसकी पहली बार 50 के पार (54) सीटों की संख्या पहुंची है, जबकि कांग्रेस की प्रभावशाली विजय की उम्मीद की जा रही थी। सरगुजा व बस्तर में तो उसे बड़ी पराजय मिली ही, उसके 9 मंत्री और अनेक संसदीय सचिव चुनाव हार गये। जैसा कि होता है, पराजित पार्टी के अनेक उम्मीदवार, पदाधिकारी और कार्यकर्ता आरोप लगाते हैं, जिनमें से कुछ सच होते हैं तो कुछ अतिरंजित या फिर पूरी तरह से झूठ। फिर भी, हारे हुए दल और उसके सर्वेसर्वा को ये बातें सुननी ही होती हैं। उनमें से वह कुछ के स्पष्टीकरण देते हैं तो कुछ के उनके पास जवाब नहीं होते। चूंकि चुनावी प्रचार के मामले में कांग्रेस का सारा दारोमदार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर था, तो उन पर असंतुष्टों के हमले स्वाभाविक हैं। बघेल को अपने समर्थकों या पार्टी वालों को जवाब देना ही होगा क्योंकि जीत की स्थिति में श्रेय भी आखिरकार उन्हें ही मिलता। ऐसे में अगर हार का ठीकरा उन पर फोड़ा जाता है तो आश्चर्य नहीं।

कांग्रेस की राज्य इकाई के शीर्ष नेतृत्व, सीएम आदि पर आरोपों की बाढ़ सी आई हुई है। एक ओर निवर्तमान सरकार के मंत्री जयसिंह अग्रवाल को शिकायत है कि सरकार के मुखिया के हाथों में सारी ताकत केन्द्रित हो गई थी और प्रशासन पर अफसरों का पूरी तरह से प्रभुत्व था। पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने तो आरोप लगाया है कि उनसे प्रभारी चंदन यादव ने सात लाख रुपये लिये हैं। अगर ये पार्टी के खजाने में जमा हुए हैं तो ठीक है वरना इसकी जांच होनी चाहिये।

पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह के बीच उठे विवादों से पहले ही कांग्रेस की खासी किरकिरी हो चुकी है। अब बृहस्पत ने सिंहदेव को ही पराजय का जिम्मेदार ठहराया है। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने अनर्गल बयान न देने और बघेल ने लोकसभा चुनाव की तैयारी करने को कहा है। पार्टी हित में यही होगा कि सभी मतभेद भुलाकर आगे की ओर देखें।

# विष्णुदेव साय केसीएम बनने पर भाजपाइयों ने की आतिशबाजी



**महासमुंद,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। विष्णदेव साय को छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री बनाये जाने पर भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने नेहरु चौक में भव्य अतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण कर साय को भाजपा जिला महासनुन्द की तरफ्से शुभकामनाये प्रेषित किया। इस अवसर पर मीडिया पैनलिस्ट पूर्व महामंत्री एतराम साहू, भाजपा पदाधिकारी निरंजना शर्मा, सुधा साहू, पार्षद देवीचन्द राठी, मीना वर्मा, जितेंद साहू, गोपाल वर्मा, दिनेश रूपरेला, रविन्द्र जैन, जग्गू छुरा, सुरेखा कंवर, भरत खत्री, लक्ष्मी साहू, मधु यादव, जितेंद साहू, नागेंद्र नशीने, गोपी कन्नौजे, अजय चोपड़ा, अमित साहू, रिखीराम चित्र कुमार भारती, रोहित पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छग के मुख्यमंत्री बने विष्णुदेव साय को भाजपाइयों ने दी बधाई



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री के लिए विष्णुदेव साय के नाम आने के पश्चात घोषणा होते ही क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं नें हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। वहीं अंचल के आदिवासी नेताओं ने स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर आदिवासी मुख्यमंत्री चुने जाने पर प्रसंन्नता व्यक्त की है।

ज्ञात हो कि कई दिनों तक चले मंथन के बाद आखिर रविवार को छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री का नाम फाइनल हो गया। भाजपा ने यहां पर सीएम के तौर पर आदिवासी नेता विष्णुदेव साय के नाम पर मुहर लगाई है। इसके साथ ही पिछले कुछ दिनों से चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। भाजपा नेताओं ने बताया कि आज पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में पार्टी के नव निर्वाचित विधायकों के दल ने साय को अपना नेता चुना। इस दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने साय के नाम का प्रस्ताव किया और प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल ने उनका समर्थन किया। कई घंटे चला मंथन-विधायक दल की बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और अर्जुन मुंडा भी मौजूद रहे। इसके अलावा छत्तीसगढ़ भाजपा प्रभारी ओम मौजूद भी बैठक में शामिल थे। केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में विधायकों के साथ मुख्यमंत्री के नाम पर मंथन होता रहा। इसके बाद विष्णुदेव साय का नाम फाइनल हुआ और दिल्ली से भी उनके नाम पर मुहर लग गई। श्री साय के मुख्यमंत्री बनने पर कसडोल सहित क्षेत्र के भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओ नें खुशी जाहीर करते हुए बधाई दी है।

## विष्णुदेव साय के सीएम बनने पर भाऊराम ने खिलाई मिठाई



**महासमुंद,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम साहू ने मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय को चुने जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य गठन के बाद पहली बार मुख्यमंत्री के रूप में आदिवासी समाज को प्रतिनिधित्व मिला है। जिसका सभी वर्गो में खुशी की लहर है। सभी वर्गो का ख्याल केवल भाजपा जैसे पार्टी ही कर सकती है। पहली बार आदिवासी समाज से प्रतिनिधित्व मिलने पर अब क्षेत्र में बिना भेदभाव के विकास कार्य को गति मिलेगा साथ ही भाजपा अपने सभी वायदे पूरा करेगी। उन्होंने लोगों को मुंह मीठा कराकर बधाई भी दी।

## सीएम साय को दी बधाई



**महासमुंद,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ राज्य के नये मुख्यमंत्री नियुक्त होने पर विष्णुदेव साय को मिलकर सांसद कार्यलय प्रभारी मोहन साहू, सांसद प्रतिनिधि पवन साहू, विधानसभा शोसल मिडिया सह संयोजक जगन्नाथ छुरा ने बधाई दी। इस दौरान नेताओं ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के साथ श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ प्रदेश और तेजी से विकास करेगा।

## विष्णुदेव साय के अनुभव का लाभ प्रदेश को मिलेगा : बजाज, रोहित और अरविंद





**नवापारा राजिम,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं वरिष्ठ नेता अशोक बजाज, राजिम विधायक रोहित साहू और श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेशाध्यक्ष अरविंद अवअवस्थी विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि श्री साय के रूप में छत्तीसगढ़ को सरल, सौम्य चेहरा मिला है। राज्य को उनके लम्बे राजनीतिक अनुभव का लाभ मिलेगा तथा भविष्य में छत्तीसगढ़ का द्रुतगति से विकास होगा। श्री बजाज ने श्री विष्णु देव राय को विधायक दल का नेता बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व एवं भाजपा विधायक दल के प्रति आभार प्रकट किया है।

# सॉफ्टबॉल खेल कौशल सीख रहे हैं खिलाड़ी



**महासमुंद,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। तुमगांव में सॉफ्टबॉल खेल का अभ्यास नियमित रूप से किया जा रहा हैं। जिसमें आसपास के ग्राम पंचायत भोरिंग, अछोली, अमावस, खैरझिटी व नगर पंचायत तुमगांव के खिलाड़ी सुबह शाम अभ्यास करने पहुंचते हैं। सॉफ्टबॉल खेल का अभ्यास डॉ सुनिल कुमार भोई व्यायाम शिक्षक शास उमावि भोरिंगए जगदीश धीवर, अभिषेक नेहरू, अभिषेक निर्मलकर के द्वारा सिखाया जाता हैं। रविवार को अभ्यास मैच खेला जाता हैं। सॉफ्टबॉल खेल को आगे बढ़ाने के लिए खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे द्वारा प्रयास कर खेल सामग्री उपलब्ध कराया जाता रहा हैं। जिससे >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# गुरु घासीदास बाबा के संदेश यात्रा 16 को निकलेगी



**तैयारी को लेकर समाज प्रमुखों की हुई बैठक**

**महासमुंद,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। सतनामी समाज के सभी संगठन समिति व अधिकारी कर्मचारियों की बैठक सतनाम भवन में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सतनामी समाज के बैनर में समाज के सभी संगठन व अधिकारी कर्मचारियों के सहयोग से 16 दिसंबर शनिवार को गुरु घासीदास बाबा जी के संदेश यात्रा पंथी नृत्य दलों, सतनाम अखाड़ा व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सात ध्वजवाहक साधु संत महंतों की अगुवाई में निकालने का निर्णय लिया गया। सफ्ल आयोजन आयोजन के लिए त्रिभुवन महिलांग, हीरा बंजारे, विजय बंजारे, हीरा जोगी, अजय कुर्रे, दिनेश बंजारे के अगुवाई में 25 सदस्यीय समन्वय समिति बनाई गई है। गुरु घासीदास बाबा जी के संदेश यात्रा कार्यक्रम के बारे में रेखराज बघेल ने बताया है कि 16 दिसंबर शनिवार को दोपहर 12 बजे जिला भर के बाबा जी अनुयाई व समाजजन सतनाम भवन ढीढी नगर बेमचा भाठा में एकत्रित होकर जोड़ा जैतखाम की पुजा अर्चना पश्चात झांकी, पंथी नृत्य दल, सतनाम अखाड़ा के साथ ध्वजवाहको की अगुवाई में नगर के मुख्य मार्ग से भ्रमण करते हुए तीन बजे शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन पहुंचेगी। जहां भोजन पश्चात समाज के वरिष्ठ व प्रबुद्ध जनों के उद्बोधन के साथ गुरु घासीदास बाबा जी के सिद्धांत मनखे मनखे एक बरोबर के पालन में सर्व समाज के जिलाध्यक्षों की सम्मान समारोह भी समाज रखा गया है। जहां मंचीय कार्यक्रम के बाद ही कार्यक्रम की समापन होगी। बैठक में प्रमुख रूप से त्रिभुवन महिलांग, हीरा बंजारे, एस आर बंजारे, हीरा जोगी, दिनेश बंजारे, विजय बंजारे, अजय कुर्रे, डी आर जेंड्रे, रामेश्वर भारती, प्रकाश टंडन, गनेश टंडन, योगेश मधुकर, नुतन कुर्रे, ब्रिजेन बंजारे, भोलेश्वरी कोसरे, सविता डहरिया, मैना कोशले, खोशिल गेंड्रे, अनिल ढीढी, राजकुमार सोनवानी, चित्र कुमार भारती, देवकुमार टंडन, फ्नेंद्र बंजारे, महेंद्र सुर्यवंशी, पुकराम बारले, अजय जांगड़े, सतीश मधुकर, मनीष जांगड़े, रामायण जांगड़े, रामकुमार कुर्रे, हेमंत ढीढी, मनीष ढीढी, अनुज नेहरू, पुरन बघेल, राजेश मारकंडेय, विनोद रात्रे, मेलाराम बंजारे, सी एल कुर्रे, पवन कुर्रे, श्याम लाल, प्यारे लाल पुरेना, अमृत पुरेना, दिनेश पाटिल व बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

# क्रांतिकारी शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन : महापौर विजय देवांगन



**धमतरी,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। गोड़ समाज विकास समिति धमतरी के द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह समुदायिक भवन स्थित छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह प्रतिमा में माल्यार्पण कर 166 वॉ शहादत दिवस मनाया गया शहीद वीर नारायण का जन्म 1795 में सोनाखान रामसाय बिंझवार जमीदार परिवार में हुआ था। उनके पिता जीवनभर अंग्रेजों और भोसले के विरुद्ध संघर्ष करते रहे। शहीद वीर नारायण भी उनके नक्शे कदम पर चलते हुए अंग्रेजों से लड़ते रहे। 10 दिसंबर 1857 को उन्हें रायपुर के जयस्तंभ चौक पर फांसी पर लटकाया गया था। शहादत दिवस के मुख्य अतिथि महापौर विजय देवांगन रहे, एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, कमलेश सोनकर, राजेश पांडेय, चोवाराम वर्मा, पार्षद दीपक सोनकर, सविता तोमन कवंर सहित अतिथियों ने वीर नारायण सिंह के द्वारा देशराष्ट्र निर्माण में दिए गए उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

महापौर विजय देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत वीर नारायण सिंह ने सन् 1857 में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में छत्तीसगढ़ की जनता में देशभक्ति का की भावना का संचार किया। सन् 1856 के भयानक अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कठिन संघर्ष किया और अपने प्राण न्योछावर कर दिए। शहीद वीर नारायण सिंह के देश की आजादी तथा मातृभूमि के प्रति समर्पण, बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा।

एमआईसी सदस्य एवं पार्षद ने कहा की छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीरनारायण सिंह का शहादत दिवस 10 दिसंबर को है। 1857 में रायपुर के जयस्तंभ चौक पर अंग्रेजों ने वीर नारायण सिंह को फांसी पर लटकाने के बाद तोप से उड़ा दिया था। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवशाली इतिहास में छत्तीसगढ़ के वीर सपूत शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के प्रमुख शिवचरण नेताम जिला अध्यक्ष, आनंद राम ठाकुर संरक्षक, जयपाल सिंह ध्रुव तह. अध्यक्ष, संतोष ध्रुव कोषाध्यक्ष, नंदा धुव्र, शिव नेताम सामाजिक कार्यकर्ता, हरिशंकर मरकाम, कृष्णा नेताम, दिग्विजय सिंह, टिकेश मंडावी, नीरज मंडावी, हेमंत पाले, रवि नेताम, शंकर नेताम, चंद्रप्रभा नेताम, दुर्गा नेताम, दीपिका ध्रुव, मोनिका नेताम सही समाज जन अधिक संख्या में उपस्थित थे।

# मानवाधिकार दिवस पर हुए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**छात्रावास एवं जेल के बंदीयों को दी गई उनके अधिकारों की जानकारी**

**महासमुंद,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणए बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्लान आफएक्सन के तहत विशेष दिवस पर किए जाने वाले शिविर एवं कार्यक्रम के तहत मानव अधिकर दिवस 10 दिसंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के तत्वावधान में विधिक जागरूकता पर अधारित शिविरों का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा ने आदिवासी प्रीमैट्रिक बालक छात्रावास तथा जिला जेल महासमुंद पहुंचकर संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकरों पर चर्चा करते हुए मानव अधिकार के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा द्वारा बताया गया कि प्रत्येक मनुष्य सुरक्षित स्थान पर रहने और जीविकोपार्जन के अधिकार का हकदार है। अत: सभी को संविधान द्वारा प्रदाय की गई अधिकारों में समान अधिकार प्राप्त है। मानवाधिकारों के उल्लंघन की क्रूरताओं का सामना कर रहे लोगों से प्राप्त समस्याओं और शिकायतों को देखकर और उन्हें खत्म करने का प्रयास कर दुनिया में सद्भाव और शांति लाना। यह दिन संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1948 में 10 दिसंबर को की गई घोषणा की याद में दुनिया भर में मनाया जाता है। मानवाधिकार दिवस मूल रूप से मनुष्य के अधिकारों का समर्थन करने, जश्न मनाने और प्रेरित करने में भूमिका निभाता है। यह एक वैश्विक कार्यक्रम है जिसे हर कोई मनाता है और अपने अधिकारों का आनंद उठाता है। मानवाधिकार दिवस लोगों और हमारी नई और आने वाली पीढ़ी को उन अधिकारों के बारे में जागरूक करता है जो एक इंसान के पास हैं। इसके अलावा सचिव श्री चन्द्रा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं उनके द्वारा दी जाने वाली विधिक सहायता अथवा सलाह के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 में सभी के लिए न्याय सुनिश्चित किया गया है। गरीबों तथा समाज >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## जनता की सेवा हेतु पुन: उपलब्ध रहेंगी रंजना साहू रोजाना कार्यालय में जनता से करेंगी मुलाकात



**धमतरी,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं धमतरी विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू विगत 5 वर्षों से विधायक का पद पर आसीन होकर दिन प्रतिदिन जनता की सेवा करते रहे, जनहित के लिए सदैव सक्रिय होकर जन्मना से मुलाकात करते हुए निरंतर कार्य किया, अब पुन: धमतरी विधानसभा के विकास के लिए एवं एक जन सेवा करने के लिए कल से दिन सोमवार से कार्यालय में जनमानस से मुलाकात कर्जन समस्याओं को सुनने के लिए 10 बजे से उपस्थित रहेंगे। श्रीमती साहू ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि धमतरी की सेवा के लिए मुझे किसी पद की आवश्यकता नहीं है, आप सभी का अपार स्नेह और अटूट विश्वास मुझे कर्मपथ पर सदैव ही आगे बढ़ाता रहेगा, एक नई ऊर्जा के साथ जनता के बीच हमेशा ही उनके साथ अडिग होकर खड़ी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# विंध्यवासिनी वार्ड में गोंड़वाना भवन में शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण



**भवन में किचन शेड निर्माण के बाद समाज के लोगों को कार्यक्रम के लिए मिल जाएगा सर्वसुविधायुक्त भवन : विजय देवांगन**

**धमतरी,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। विंध्यवासिनी वार्ड स्थित गोंडवाना समाज भवन मे 6.45 लाख के लागत से किचन शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण विधि विधान से पूजा पाठ कर महापौर विजय देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, कमलेश सोनकर, राजेश पांडेय, चोवाराम वर्मा, पार्षद दीपक सोनकर, सविता तोमन कवंर एवं समाज जनों के विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समाज भवन में शेड निर्माण का लोकार्पण होने पर समाज जनों ने महापौर विजय देवांगन एवं पूरे नगर निगम का धन्यवाद कर आभार व्यक्त किया। लोकार्पण के पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुये महापौर विजय देवांगन ने कहा की विध्यवासिनी वार्ड स्थित गोंडवाना समाज भवन में शेड निर्माण के बाद क्षेत्र एवं समाज के लोगों को अपने मांगलिक, सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम के संचालन के लिए सुविधा उपलब्ध होगी। महापौर ने आगे कहा कि, देश की आजादी की लड़ाई में आदिवासी समाज की अहम भूमिका है. शहीद वीर नारायण सिंह, गुण्डाधुर, रानी दुर्गावती सहित समाज के अनेक महापुरूष है जिन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया है.

इस दौरान समाज के प्रमुख शिवचरण नेताम जिला अध्यक्ष, आनंद राम ठाकुर संरक्षक, जयपाल सिंह ध्रुव तह. अध्यक्ष, संतोष ध्रुव कोषाध्यक्ष, डां. एआर ठाकुर जिला सलाहकार, नंदा धुव्र, शिव नेताम सामाजिक कार्यकर्ता, हरिशंकर मरकाम, कृष्णा नेताम, दिग्विजय सिंह, सविता नेताम, चंद्रकिरण नेताम, गीता नेताम, शांति नेताम, नंदा धुव्र, जनकराम नेताम, सहदेव राम मरकाम, संतोष मंडावी, सुदर्शन ठाकुर, धनीराम छेदभैया, हरिराम नेताम, टिकेश मंडावी, नीरज मंडावी, हेमंत पाले, रवि नेताम, शंकर नेताम, चंद्रप्रभा नेताम, दुर्गा नेताम सहित समाज जन अधिक संख्या मे उपस्थित थे।

**महाविद्यालय में प्रायोगिक पंजीयन प्रारंभ**

**गरियाबंद,** 9 दिसंबर। शासकीय वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद में वार्षिक परीक्षा 2023-24 के लिए प्रायोगिक परीक्षा का पंजीयन 11 दिसंबर से प्रारंभ होगा। सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षा हेतु समस्त स्वाध्यायी छात्र-छात्राएं जो की प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होंगे उन्हें पंजीयन कराना अनिवार्य है, पंजीयन की अंतिम तिथि 30 दिसंबर है।



# भाजपा की खल्लारी क्षेत्र में लगातार दोबारा करारी हार

**बागबाहरा,** 10 दिसंबर (देशबंधु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में इस बार भी भाजपा महिला प्रत्याशी श्रीमती अलका नरेश चंद्राकर की करारी हार हुई है। वहीं 2018 के पिछले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा महिला प्रत्याशी श्रीमती मोनिका साहू की भारी मतों से जबरदस्त हार हुई थी। जिसे भाजपाई आज भी झेल नहीं पाए हैं। इस तरह भाजपा महिला उम्मीदवारों की लगातार खल्लारी क्षेत्र में दूसरी बार करारी हार होने से भारतीय जनता पार्टी सकते में हैं। आखिर हार की मुख्य वजह क्या है, इसे जानने के लिए भारतीय जनता पार्टी आज तक समीक्षा बैठक नहीं ले पाए हैं। इस क्षेत्र में मोदी के द्वारा दिए गए गारंटी का कोई जादू नहीं चला। बल्कि इस क्षेत्र के आम मतदाताओं ने पिछले बार की तरह इस बार भी कांग्रेस के भूपेश सरकार पर भरोसा जताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव को वोट देकर भारी मतों से उन्हें दोबारा जिताया है।

यह भाजपा के लिए एक बहुत बड़ी सबक है। पार्टी के राजनीतिज्ञ सूत्रों की माने तो यहाँ भाजपा महिला प्रत्याशियों की लगातार दोबारा करारी हार क्यों हुई है, इसके कई कारण अब सामने खुलकर आ रहे हैं। जबकि इसी क्षेत्र से 2013 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे चुन्नी लाल साहू ने शानदार विजय हासिल किया था। लेकिन उसके बाद 2018 एवं 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों की निरंतर दूसरी बार करारी हार होने से भाजपाई सबसे ज्यादा परेशान हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा की फिर से सरकार तो बन गई, लेकिन खल्लारी क्षेत्र में दोनों बार पार्टी के विधायक नहीं बन पाए। यह बड़ी विडंबना एवं शर्म की बात है। जबकि खल्लारी क्षेत्र मौजूदा सांसद चुन्नी लाल साहू का गृहग्राम, तीन पूर्व विधायकों का गृहग्राम, दो जिला पंचायत सदस्यों का गृहग्राम के अलावा पांच भाजपा मंडल, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, भारतीय जनता युवा मोर्चा के अलावा पार्टी के विभिन्न संगठनों में काम करने वाले नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की फ़ौज होने के

**हार का कारण जानने समीक्षा बैठक नहीं ले रहे भाजपाई**

बाद भी निरंतर दूसरी बार उम्मीदवारों की करारी हार होना सबके समझ से परे है। इस मामले को पार्टी संगठन गंभीरता से नहीं ले रही है। क्षेत्र के भाजपाई हार का ठिकरा एक दूसरे पर फोड़ रहे हैं। आखिर भाजपाई दोनों बार की हार से कैसे उबरेंगे, यह तो भविष्य ही बताएगा। भाजपा ने इसी क्षेत्र के दो कद्दावर सक्रिय महिला नेत्रियों को टिकट देकर दोनों बार के चुनाव मैदान में प्रत्याशी बनाकर उतारा था। प्रत्याशी इसी क्षेत्र के निवासी है। वे कोई बाहरी पैराशुट प्रत्याशी नहीं था। जिसे करारी हार का सामना करना पड़े। भाजपा के दोनों महिला प्रत्याशी पार्टी में रहकर लम्बे समय से सक्रियता के साथ हर क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका अम जनता के साथ बखूबी से निभाते आ रही थी। उसके बाद भी दोनों बार के चुनाव में दोनों महिला उम्मीदवारों की लगातार करारी पराजय होने से बड़ी सोचनीय एवं चिंतनीय का विषय है। जबकि पार्टी में विभिन्न संगठनों में बड़े-बड़े नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता काबिज है। पार्टी से जुड़े नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि खल्लारी क्षेत्र के भाजपा महिला प्रत्याशियों को 2018 एवं 2023 के विधानसभा चुनाव में पार्टी के ही जिम्मेदार लोग आपसी मनमुटाव, लड़ाई झगड़ा, मतभेद एवं जमकर भीतरघात कर उम्मीदवारों को हरा दिया गया है। ऐसा कुछ भाजपाइयों का कहना है। अब पार्टी में यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या दोनों महिला प्रत्याशी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देने के लिए सक्षम एवं दमदार नहीं थे ? आखिर हार की मुख्य वजह क्या है, इसे भाजपाई गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। क्या भविष्य में भी इसी तरह का रवैया चलता रहेगा।

विभिन्न संगठनों में बैठे पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता एवं लापरवाही भी ऐन चुनाव के समय चुप बैठ जाना एक सोची समझी साजिश हो सकती है। जिन्होंने पार्टी प्रत्याशी को हराने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी हो। बहरहाल विधानसभा चुनाव में भाजपा में प्रत्याशियों को हराने के लिए जमकर भीतरघात हुआ है। प्रदेश में सरकार तो भाजपा की बन गई, लेकिन अपने ही क्षेत्र में पार्टी के विधायक नहीं बना पाए। यह एक गंभीर मामला है। जिसे पार्टी फोरम में अपनी बात रखनी चाहिए।

# महाराष्ट्र के केबिनेट मंत्री अनिल दादा पाटिल से मिले डॉ. पाणिग्राही

**बागबाहरा,** 10 दिसंबर (देशबंधु)। दर्रे कसा हाजरा फाल गुफा क्षेत्र में स्वामी विवेकानंद को प्रथम आध्यात्मिक अनुभूति हुई थी, जिसे स्वामी विवेकानंद के प्रथम भाव समाधि स्थल के रूप में जाना जाता है। महाराष्ट्र प्रदेश के गोंदिया जिला स्थित यह दिव्य स्थल विस्मृत सा है। प्रकृति की सुरम्य वादियों में स्थित इसी स्थान पर स्वामी विवेकानंद का भव्य स्मारक बनाने ग्रीन केयर सोसायटी द्वारा समसामयिक अभियान चलाकर महाराष्ट्र सरकार का ध्यानाकर्षण कर रही है। पत्र, मेल एवम ट्वीट के बाद अब फिलहाल पोस्टकार्ड अभियान जारी है, हर मंगलवार को एक पोस्टकार्ड महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नाम लिखते हैं। अभियान की इस कड़ी में भिलाई पहुंचे महाराष्ट्र के केबिनेट मंत्री अनिल दादा पाटिल से ग्रीन केयर अध्यक्ष एवम महाराष्ट्र सरकार के च्च माझी वसुंधरा सम्मानज्ज प्राप्त डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने भेंटकर दर्रेकसा हाजरा फाल में स्वामी विवेकानंद का भव्य स्मारक बनाने मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा साथ ही चर्चा कर महत्वपूर्ण बातों की जानकारी देते हुए कहा कि महाराष्ट्र की इसी वसुंधरा से नरेंद्रनाथ से विवेकानंद बनने की यात्रा प्रारंभ हुई लेकिन इस स्थान को कोई ख्याति नही मिल पाई अत: महाराष्ट्र की पावन वसुंधरा पर, स्वामी विवेकानंद का भव्य स्मारक बने। छत्तीसगढ़ में बन रहे स्वामी विवेकानंद स्मारक के साथ लिंक कर एक नया धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, स्वतंत्रता सेनानियों की जन्म एवम कर्म भूमि सहित विभिन्न ख्याति प्राप्त स्थलों के साथ एक सुंदर पर्यटन परिपथ बनेगा। पर्यटन का विकास होगा साथ ही राजस्व बढ़ेगा। मंत्री जी ने सभी बातों को गंभीरता के साथ सुना तथा कहा, मैं आपकी इस मांग को मुख्यमंत्री को अवगत करूंगा। डॉ पाणिग्राही ने शमी खेजड़ी का पौधा भेंटकर मंत्री का सम्मान करते हुए ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया का मंत्री अनिल दादा पाटिल को धन्यवाद ज्ञापन किया।



- स्वामी विवेकानंद की भाव समाधि स्थल दर्रे कसा हाजरा फाल में स्मारक बनाने ज्ञापन दिया
- शमी खेजड़ी का पौधा भेंट किया

## कसडोल स्कूल में निर्मित प्रिंट रीच की सराहना



**सरायपाली,** 9 दिसंबर (देशबंधु)। शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला कसडोल का आकस्मिक निरीक्षण सरायपाली विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी एवं संकुल केंद्र किसड़ी के नोडल प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद भोई द्वारा किया गया। कक्षा स्तर पर बच्चों की पढ़ाई के स्तर की जांच की विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं नोडल प्राचार्य भोई द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कसडोल के शाला भवन में निर्मित पुस्तकालय की प्रशंसा की गई एवं अन्य विद्यालयों को प्रेरित करने हेतु सुझाव दिए गए। मांझी द्वारा खिलौना कॉर्नर बच्चों की एफ एल एन एक्टिविटी और अभ्यास पुस्तिका क्रियान्वयन की जांच की गई। तीनों कक्षा कक्ष में किए गए प्रिंट रिच की प्रशंसा की साथ ही साथ मध्यान भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की गई। बीईओ मांझी प्राचार्य भोई द्वारा बच्चों के बेहतर भविष्य हेतु सुझावात्मक निर्देश दिए गए, साथ ही साथ शाला स्तर पर किए जा रहे अन्य कार्यों की सराहना बीईओ मांझी द्वारा किया गया। संकुल केंद्र किसड़ी के प्रेरणास्त्रोत व्याख्याता किशोर कुमार रथ ने बच्चों को छोटे छोटे वाक्य रचना करना बताया। साथ ही मंदिर स्कूल सरायपाली के संकुल समन्वयक सुशील चौधरी ने कक्षा पहली, दूसरी के बच्चों से कविता सुनकर बच्चों को प्रोत्साहित किये।

## गरीबों के चखना दुकानों को तोड़ने से उनके सामने बन गई रोजी रोटी की संकट

**बागबाहरा,** 10 दिसंबर (देशबंधु)। नगर के बाहरी क्षेत्र में स्थित देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान के आसपास चला रहे गरीबों के 25 चखना सेंटरों को नगरपालिका एवं पुलिस प्रशासन ने कड़ाई करते हुए बुलडोजर जेसीबी मशीन चलाकर तोड़ दिया। जिससे चखना दुकान चलाने वालों में हड़कंप मच गया। स्थानीय दोनों प्रशासन की इस संयुक्त कार्रवाई में शराब दुकान के पास स्थित कच्चे-पक्के टीन शेड लगाकर चलाए जा रहे 25 से अधिक चखना दुकानों को बुलडोजर चलाकर नष्ट कर दिया गया है। गरीबों के चखना दुकानों को बुलडोजर से तोड़ने से उनके समक्ष रोजी रोटी की समस्या खड़ी हो गई है। गरीब परिवार चखना दुकान चलाकर अपने परिवार का इसी के भरोसे पालन पोषण कर रहे थे। अब वे लोग धंधे से बेरोजगार हो गए हैं। वहीं उनके बने हुए दुकानों को तोड़ने से आर्थिक क्षति भी हुई है। जिसकी भरपाई बड़ी मुश्किल से हो पाएगी। ज्ञात हो कि नगर के उक्त शासकीय देशी अंग्रेजी शराब दुकानों के पास 2 दर्जन से अधिक अवैध चखना दुकान चल रहे थे। जिससे वहां पर देर रात शराबियों का जमावड़ा लगा रहता था। प्रशासन द्वारा उक्त चखना दुकानों को हटाए जाने के निर्देश के बाद पुलिस एवं नगरपालिका प्रशासन द्वारा उक्त तोड़-फोड़? की कार्रवाई की गई है। शराब दुकान जाने के रास्ते के दोनों ओर चखना दुकान संचालकों ने मदिरा प्रेमियों को बैठाने की व्यवस्था समेत चखना के शाकाहारी-मांसाहारी खाद्य सामग्री बनाने के लिए पक्के निर्माण कर दुकान चला रहे थे। वहीं अनेक दुकान तो टीन की गुमटी सहित होटल की भांति टीन के शेड बनाए हुए थे। तो बड़ी संख्या में बांस, बल्ली, तालपत्री से शेड बनाकर संचालित किए जा रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल शाम को ही चखना दुकान वालों को बेदखल कर तोड़-फोड़? कार्रवाई किए जाने की भनक लग गई थी। जिसके चलते उन्होंने रात को ही सामान हटाना शुरु कर दिया था। और जैसे ही लगभग



**पुलिस व नपा की संयुक्त कार्रवाई**

11 बजे पुलिस एवं नगरपालिका टीम कार्रवाई करने हेतु शराब दुकान के पास पहुंची, तो वहां पर हड़कंप मच गया। बुलडोजर जेसीबी मशीन चलाकर उन्होंने अवैध रूप से निर्मित कच्चे-पक्के टीन शेड पर बुलडोजर ?चलाकर तोड़ने की कार्रवाई की गई। ईंट के पक्के काउंटरों समेत कच्चे-पक्के शेड को तोड़कर समतल कर दिया गया। इस कार्रवाई में उन्होंने किसी प्रकार की जब्ती की कार्रवाई नहीं की है। दुकानदारों ने स्वयमेव अपने सामान हटाकर उसे घर ले गए। लेकिन उनके पक्के काउंटर चूल्हे भट्ठी बैठने के पक्के टेबल बेंच आदि को बुलडोजर जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया। बागबाहरा थाना प्रभारी महेश साहू एवं नगर पालिका मुख्य अधिकारी डी एल बर्मन के नेतृत्व में नपा राजस्व प्रभारी गोरखनाथ डहरवाल ने नपा की टीम को तीन चार घंटे बेदखल की कार्रवाई करने में लग गए। इस कार्रवाई के बाद बागबाहरा पिथौरा मार्ग से शराब दुकानों तक जाने वाली सड़क के दोनों ओर स्थित चखना दुकान पूरी तरह से साफ हो गई। वहीं दूसरी ओर शराब प्रेमियों को मदिरापान के लिए वहां बैठकर पीने की जगह उसके लिए उपयोगी डिस्पोजल गिलास, पानी पाउच, सोडा एवं चखने की सामग्री नहीं मिलने से परेशान होकर मुख्य मार्ग तक जगह तलाश करने भटकते देखा गया। नगर के शासकीय शराब दुकान के आसपास अवैध रूप से चल रहे चखना दुकानों को हटाने के बाद नगरीय मेन रोड क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर सड़क सीमा के अंदर ठेला गुमटी लगाकर दुकान करने वालों एवं सड़क के दोनों ओर व्यवसाय दुकानदारों द्वारा सामान को बाहर सड़क में निकालने वालों को नगरपालिका द्वारा मुनादी कराकर सूचित किया गया है कि इसकी वजह से सड़क में आवागमन प्रभावित हो रहा है। दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है। आवागमन की सुविधा एवं नागरिक सुरक्षा के मद्देनज़र वे अपना सामान 24 घंटे के अंदर हटा लेवें। अन्यथा नगरपालिका एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सड़क सीमा में बाहर रखे ठेला गुमटी एवं दुकानदारों के द्वारा रखे गए सामान आदि की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## अयोध्या से आए कलश यात्रा निकाला गया



**कोहका नेवरा,** 10 दिसंबर। रामलला के मंदिर निर्माण अंतिम चरण में चल रहा है जिनका मूर्ति स्थापना 2 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे है इसी के परीपक्ष में अयोध्या से आए जल जो की राम के ननिहाल चंदखुरी में रखा गया था जिसे आज 2 बजे नगर पहुंचने पर महिलाओं व पुरषों द्वारा मुख्य शोभा यात्रा निकाला गया नगर भ्रमण करते हुए गायत्री मंदिर में रखा गया है जिसे नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में 17 दिसंबर को वार्ड वार्ड में वितरण किया जाएगा।

## निधन

### बुधिया बाई यदु



**बलौदाबाजार,** 10 दिसम्बर। पौसरी (चांपा) निवासी श्रीमति बुधिया बाई यदु की रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्ति धाम में किया गया। जहां नाते रिश्तेदार एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे रमेशर यदु की माता थीं।

### राम बाई वर्मा



**पलारी,** 10 दिसंबर। पलारी नगर के वार्ड क्रमांक 6 निवासी पत्रकार शेखर वर्मा की दादी श्रीमती राम बाई वर्मा उम्र 106 का आकस्मिक निधन 10 दिसंबर को सुबह 10 बजे निज निवास पलारी में हो गया जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। वे लखन लाल, श्याम लाल, हेमलाल, नंद कुमार मंडल अध्यक्ष, नरेंद्र कुमार वर्मा की मां थी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके अंतिम संस्कार में परिजनों के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# शिक्षकों ने विधायक का किया सम्मान

**सरायपाली,** 9 दिसंबर (देशबंधु)। विधानसभा सरायपाली से शिक्षक से विधायक पद पर निर्वाचित होने वाली श्रीमती चतुरी नंद का विकासखंड बसना केअंतर्गत विधानसभा सरायपाली में आने वाले संकुल के शिक्षकों द्वारा दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर में भव्य स्वागत किया गया विधायक चातुरी नंद जनपद अध्यक्ष बसना रुक्मिणी पटेल पिछड़ा वर्ग सदस्य मनभंजन पटेल, गुलाब सिंह तोमर, केंवरा चौहान, पूर्णानंद मिश्रा, पी पटेल मंचासीन थे, शिक्षकों ने ग्राम सागरपाली में शिक्षक सदन की मांग की,, जिससे कि दूरस्थ सुदूर वनांचल के शिक्षक साथियों को बैठक, कार्यशाला इत्यादि शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए इधर उधर भटकना ना पड़े, अपने स्वागत से अभिभूत नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती चातुरी नंद ने कहा कि मेरा सफर शिक्षक के पद से प्रारंभ हुआ आप सभी का सहयोग स्नेह है जिससे मैं आज सरायपाली विधायक के रूप में निर्वाचित हो पाई हूं, श्रीमती चातुरी नंद ने कहा कि वह शिक्षकों के साथ खड़ी है भविष्य में समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहूंगी साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों के लिए शिक्षक सदन का निर्माण उनके द्वारा प्राथमिकता के क्रम में होगा स्वागत सम्मान से अभिभूत चातुरी नेशिक्षकों का हृदय से आभार व्यक्त किया विदित हो कि श्रीमती चातुरी नंद विकास खंड बसना के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भूकेल में शिक्षक के पद पर कार्यरत थीं, वहीं से उन्होंने त्याग पत्र देकर आरक्षित सीट सरायपाली से विधान सभा का चुनाव लडा और जीत दर्ज की,, वे शिक्षक संघ का नेतृत्व भी कर रही थी,,



कार्यक्रम को सफल बनाने में, उस्ताद अली, अमित चौरसिया, सादराम अजेय, अजय जायसवाल, चंद्रकांत चौरसिया, रामकुमार मैत्री, लक्ष्मण पटेल, संतलाल पटेल, रूपधर निषाद, भूपेश पाढ़ी, इंदल पटेल, डीजेंद्र कुर्रे, श्यामलाल भोई, आनंद पटेल, नंद राम साहू, गुलाब सिंह तोमर, जी पी पटेल, आर के पटेल, डेनियल तांडी, गिरीश कुमार पाढ़ी, वीरेंद्र कुमार कर, छतराम जायसवाल, का योगदान रहा ,, कार्यक्रम में सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे,, कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार चौरसिया तथा आभार प्रदर्शन तिरिथ राम पटेल ने किया।

## शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर आदिवासी समाज ने दी श्रद्धांजलि

**कुरूद,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं गरीबों के सच्चे मसीहा, सोनाखान के सपूत शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर 10 दिसंबर 2023 को क्षेत्र के आदिवासी समाज सहित अन्य राजनीतिक दल के पदाधिकारियों ने भी उनके प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए बायपास रोड, शहीद वीर नारायण सिंह चौंक (सिरसा पारा) कुरूद में स्थापित उनके आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण भेंट कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया।




इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज कुरुद तहसील के अध्यक्ष ठाकुर राम नेताम, ध्रुव गोड़ समाज के तहसील अध्यक्ष ललित ठाकुर, पूर्व तहसील अध्यक्ष कुलंजन सिंह मांडवी, पूर्व मंडी अध्यक्ष झागेश्वर ध्रुव, हरिश्चंद्र मांडवी भूपेंद्र नेताम तेजराम छेदैया, पोखराज नेताम, फलेंद्र ध्रुव, ललित सोरी, बीरबल कुंजाम, विष्णु छेदैया, प्रेम सिंह ध्रुव, संजय नेताम, राम्हीन ध्रुव, कलिंद्री ध्रुव, राजकुमारी ध्रुव, प्रेमु मरकाम, राहीबाई ध्रुव, सरस्वती नेताम, कैकई मरकाम, राहीबाई ध्रुव, कमल सोरी, राजकुमार कतलम, रोहित नेताम, मालक राम साहू रामायण ध्रुव सहित सैकड़ो आदिवासी महिला पुरुष उपस्थित थे। वहीं कांग्रेस पार्टी के सुश्री राजकुमारी दीवान, प्रमोद साहू, मनोज अग्रवाल, उत्तम साहू, मनीष साहू, देवव्रत साहू, राघवेन्द्र सोनी, चुम्मन दीवान, रोशन जांगड़े, पवन ध्रुव ने भी माल्यार्पण अर्पण कर श्रद्धांजलि दिया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सॉफ्टबॉल खेल कौशल ...

खिलाड़ी बेहतर अभ्यास कर आगे बढ़ सकें। अभ्यास करने वाले में आयुष निर्मालकर, हितेश, विराट, राहुल, मनीष, मयंक, अबीर, लिशांशू ए भावेश, पार्थ, कान्हा, शूभांश, विनय, समीर, नैतिक आशीष, अशद, अनु, जयंत, देवेश, प्रवीण, गजेंद्र, अंकित, गगन, डिंपल, प्रिया, खेमलता, मधु, हेमा, प्रेना, रिद्धी, मानसी, पेरोज, दित्या, प्रांजलि, नीलम, श्रेष्ठा, काजल, यामिनी इत्यादि खिलाड़ी पहुंच रहें और खेल कौशल सीख रहे है।

### मानवाधिकार दिवस पर हुए ...

के कमजोर वर्गो के लिए नि:शुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 22 ,1 के तहत राज्य का यह उत्तदायित्व है कि वह सबके लिए समान अवसर सुनिश्चित करे। मानव अधिकार दिवस 10 दिसंबर के अवसर पर तालुका स्थित न्यायालयों के न्यायाधीशों तथा आरक्षी केन्द्र में पदस्थ पैरालिगल वॉलेटिंयरों द्वारा भी ग्राम पंचायतों में जाकर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

### जनता की सेवा हेतु पुनः उपलब्ध...

रहुंगी। आप सभी का साथ मुझे निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देता है, चुनाव के परिणाम हमारे पक्ष में नहीं आए पर आप सभी से मिले वृहद जनसमर्थन से मन अभिभूत है, मैं हमेशा ही धमतरी क्षेत्र की उन्नति के लिए कार्यरत रहुंगी।

## डडसेना सिन्हा कलार समाज ने धूमधाम से मनाई सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती



**गरियाबंद,** 10 दिसंबर। डडसेना सिन्हा कलार समाज के द्वारा भगवान राज राजेश्वर श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शीतला मंदिर प्रगाण में ज्योति प्रज्वलित कर देव पूजन किया गया। तत्पश्चायत् कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें हज़ारो के संख्या में महिला व पुरष शामिल हुए। सहस्त्रबाहु अर्जुन के जय जयकर के नारे लगाए। कलश यात्रा नगर के विभिन्न चौक चौराहो का भ्रमण करते हुए तिरंगा चौक पहुँचे। जहां रैली का भव्य स्वागत किया गया। कलश यात्रा के बाद शीतला मंदिर सत्यनारायण पूजा किया गया। यहां समाज के प्रमुख और पदाधिकारियों का साल और श्रीफल भेट कर स्म्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम जिलाध्यक्ष अवध राम सिन्हा, राजिम परीक्षेत्र अध्यक्ष राम लाल सिन्हा, फिंगेश्वर ओमप्रकाश सिन्हा, सचिव मैनपुर परीक्षेत्र भागवत प्रसाद सिन्हा, फिंगेश्वर राजकुमार सिन्हा, जिला विधि प्रकोष्ट धरम लाल सिन्हा, गेंदलाल सिन्हा, राजेश सिन्हा, छन्नूलाल सिन्हा, सुरेश केला, कोष निरीक्षक सोहन लाल सिन्हा, शिक्षा प्रकोष्ठ पप्पू सिन्हा, खोवा लाल सिन्हा, सुरेश सिन्हा, टेमलाल सिन्हा, खरहरी भगवती सिन्हा, प्रहलाद सिन्हा, लोकेश राम सिन्हा, अशोक सिंह, कुंजी लाल सिन्हा, प्रभूलाल सिन्हा, गोलू सिन्हा, पंचराम सिंह, कसेरु नागेंद्र सिन्हा, डायमंड सिन्हा, महिला वर्ग से बिंदु सिन्हा, ललित सिन्हा, कुंती सिन्हा, पुष्पांजलि सिन्हा, कुमारी बाई सिन्हा, मुन्नी बाई सिन्हा, युवा वर्ग से मुरली सिन्हा, टकेश सिन्हा, हरिशंकर सिन्हा, रोहित सिन्हा, देवेश सिन्हा, डॉ पुरन सिन्हा, अजय सिन्हा, दीप सिन्हा, भावेश सिन्हा, दिलीप सिन्हा उपस्थित थे।

## सर्व आदिवासी समाज ने शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया

**गरियाबंद,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। शहीद वीर नारायण दिवस के शहादत दिवस पर ज़िले के आदिवासी समाज ने आदिवासी विकास परिषद मजरकट्टा भवन में ज़िला स्तरीय सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मेलन में ज़िले के सभी आदिवासी भाई बहन महिला और पुरषों ने अपने प्रारंपरिक वेशभूषा लया लयोर में पहुंचे। दिनभर यहां विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चित्रकला, रंगोली, भाषण नृत्य प्रतियोगिता में समाज के युवाओं ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। इसके पहले देवगुना में पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना की गई। समाज के प्रमुखजनों ने शहीद वीर नारायण जी के शौर्य और बलिदान को याद किया। नई पीढ़ी को समाज को संगठित करने के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयासों, महिलाओं एवम बच्चों को शिक्षित करने के लिए किए गए कार्यों को बताया गया। समाज को शहीद वीर नारायण सिंह के मार्गों पर चलने का आव्हान किया।



इस अवसर पर समाज प्रमुख लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि प्रदेश में भाजपा ने आदिवासी वीर नारायण सिंह जी के शहादत दिवस के अवसर पर प्रदेश को आदिवासी मुख्यमंत्री दिया है जो हमारे लिए शहीद वीर नारायण सिंह जी जैसा कार्य कर समाज के लिए प्रेरणा श्रौत बनेंगे। ऐसी उम्मीद करती हूँ और उन्हें आदिवासी समाज की ओर से शुभकामनाए देती हूँ। वही शहिद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस हर वर्ष मानते हुए समाज के लोगो को उनसे प्रेरणा लेने व समाज को संगठित करने की अपील की। इस अवसर पर प्रत्येक घर से दो किलो चावल और बीस रुपये की सहयोग राशि स्नेह पूर्वक स्वीकार की गई। इस अवसर पर आदिवासी विकास परिषद भवन से हजारों के तादाद में आदिवासी एक तीर एक कमान सारे आदिवासी एक समान के नारों के साथ तिरंगा चौक पहुंचे। यहां शहिद वीर नारायण सिंह के प्रतीक चिन्ह पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## करिया ध्रुवा मेला के लिए बैठक



**पिथौरा,** 10 दिसंबर। ग्राम अर्जुनी में करीया ध्रुवा मेला आयोजन हेतु मंदिर प्रांगण अर्जुनी में 12 दिसंबर दिन मंगलवार को दोपहर 3.00 बजे आवश्यक बैठक रखी गई है इस बैठक में तीन दिवसी करिया ध्रुवामेला का आयोजन 24 ,12 से 26 12 ,23 तक किया जाएगा इसी के आयोजन हेतु मेला समिति के सभी सदस्य एवं ग्रामवासी कौड़िया राज को आमंत्रित किया गया है उक्त जानकारी मेला समिति के कोषाध्यक्ष सादराम पटेल ने दी है बताया जाता है कि बताया जाता है कि करिया ध्रुव करिया ध्रुव मेला प्रतिवर्ष दिसंबर माह में लगता है वही इस मेले में नागरिकों द्वारा पूजा अर्चना के पश्चात अपने मनवांछित फल की प्राप्ति हेतु प्रार्थना करते हैं जो अवश्य ही पूरा होता है इस करियर को आप मिलने का महत्व और ही विश्वसनीय होता जा रहा है और इसकी महत्व दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है मेला समिति द्वारा पूरे तीन दिनों तक विभिन्न धार्मिक सामाजिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं कार्यक्रम में देखने सुनने एवं दर्शन हेतु दूर-दूर से भक्तजन मेला स्थल पर पहुंचते हैं।

CMYK



# चौकीदार चोर बोलने वालों के घर से निकल रहा करोड़ों रुपए का अवैध कैश : चुन्नी लाल साहू

## कांग्रेस सांसद के घर मिले करोड़ों के कैश मामले में सांसद का बयान

**गरियाबंद,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। झारखंड में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू से जुड़े व्यापारिक समूह के ठिकानों पर मिले करोड़ों के कैश मामले में रविवार को महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू ने कांग्रेस और गांधी परिवार पर जमकर निशाना साधा है। एक दिवसीय प्रवास में गरियाबंद पहुंचे सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि कांग्रेस के काली कमाई का जखीरा अब खुलने लगा है। चौकीदार चोर कहने वालो के घर से ही करोड़ो रूपए का कैश निकल रहा है। उन्होंने कहा की कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं यहां उन्हें के पार्टी के नेता गांधी करप्शन सेंटर चला रहे हैं। सांसद धीरज साहू के यहां से मिला करोड़ों रुपए का कैश इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस ने आकंठ तक भ्रष्टाचार में डूबी है। समूचे देश में कांग्रेस देश में भ्रष्टाचार का पर्याय बन गई है। सांसद ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस के भ्रष्टाचार का चिठ्ठा जल्द ही खुलेगा। कोयला घोटाला, चावल घोटाला, पीएससी घोटाला, महादेव वेब सट्टेबाजी को लेकर कई आईएएस अफसर कई आईएएस अफसर ईडी के शिकंजे में आ गए हैं। कांग्रेस के कई नेताओं का नाम भी इसमें सामने आ रहा है। महादेव अप में 508 करोड रुपए के लेन देन के मामले में खुद भूपेश बघेल ईडी के रडार में है। उन्होंने अस्वास किया कि भाजपा की सरकार गठन होते ही सबसे पहले भ्रष्टाचार पर ही भाजपा का हथौड़ा चलेगा।



कांग्रेस के काली कमाई का जखीरा अब खुलने लगा है

सांसद चुन्नीलाल साहू ने पत्रकारों से चर्चा में महासमुंद चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि महासमुंद में चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि देश की जनता से पैसा लूटने वालों को जेल भेजा जाएगा। जनता से लूटी पाई पाई का हिसाब होगा। ये मोदी की गारंटी है। सांसद ने कहा कि मोदी की गारंटी पर पूरे देश को भरोसा है और छत्तीसगढ़ में लोगों ने मोदी की गारंटी पर ही अपनी मोहर भी लगाई है उन्होंने कहा कि अगर मोदी ने गारंटी दी है तो इस देश में भ्रष्टाचार करने वालों को नहीं बस जाएगा कांग्रेस और इनके घमरिया गठबंधन में शामिल भ्रष्टाचारियों के ऊपर मोदी का डंडा चलेगा।

### कांग्रेस हमेशा देश विरोधी ताकतों के साथ खड़ी रही : साहू

टीएमसी सांसद टीएमसी सांसद के देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के बाद भी आज कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी सहित पूरी कांग्रेस जिस तरह उसके साथ खड़े नजर आती है वह कांग्रेस के लिए शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि टीएमसी सांसद ने विदेशी ताकतों के साथ मिलकर लोकतंत्र के मंदिर को आघात पहुंचाने का कुछ कुत्सिक प्रयास किया है। नैतिकता की बात करने वाले कांग्रेस को चाहिए कि वह बताएं कि आखिर लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों का हरण करने वाली सांसद मोहित्र के साथ में वे किस नैतिकता के साथ खड़ी है और ऐसी देश विरोधी ताकतों का समर्थन करना ही क्या कांग्रेस की नैतिकता है।

इस दौरान सांसद चुन्नीलाल साहू के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष महासमुंद राजेश साहू, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, अजय रोहरा, सागर मयाणी सहित भाजपा नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सर्व आदिवासी समाज ने छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री बनने पर खुशी जाहिर की



**पलारी,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीरनारायण सिंह जी के जन्म एवम कर्मभूमि सोनाखान में 10 दिसम्बर शहादत दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के समाज प्रमुखो ने छत्तीसगढ़ के आदिवासी मुख्यमंत्री बिष्णु देव साय को बनने पर खुशिया जाहिर करते हुए समाज प्रमुखों ने बधाई देकर शुभकामनाएं दी ! 20 वर्षो से आदिवासी समाज लगातार आदिवासी मुख्यमंत्री बनाने मांग करते रहे, आज बहुपरिलक्षित मांग पूर्ण हुई, विगत दिनों सर्व आदिवासी समाज ने आदिवासी मुख्यमंत्री बनाने ज्ञापन नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री, अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री, जे.पी.नड्डा राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा, ओमप्रकाश माथुर बीजेपी प्रभारी छत्तीसगढ़ को प्रेषित किया गया था, इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रूव, सहदेव सिदार, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, जिला उपाध्यक्ष भानू ध्रुव, मनोहर मण्डावी, नन्द कुमार पैकरा, जिला सचिव थानू ध्रुव, जिला सहसचिव दशरथ ध्रुव, अभय लाल ध्रूव, दयाराम, जिला युवा प्रभाग जिलाध्यक्ष कामेश मण्डावी, संरक्षक टेक सिंह ध्रुव, शिव कँवर, गैंदराम ध्रुव, राकेश नेताम, मुकेश ठाकुर, रवि ध्रुव, अशोक मरकाम, अश्विनी ध्रुव, केशव कुंजाम, चंद्रशेखर छेदेहा, रूपेश नागवंशी, दाऊ सिंह गोंड़, दामेश मण्डावी, हेमंत सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रामायण छेदैहा, नोहरी लाल मण्डावी, सिध्दु सिंह जगत, संजय कंवर, बाला राम मरकाम, महिला प्रभाग जिलाध्यक्ष अंजू नेताम, सचिव राधा ध्रुव, अजय ध्रुव, मनोहर ध्रुव, उत्तम कुमार नागवंशी, डॉ बी.एस ध्रूव, प्यारे लाल ध्रूव, करण सिंह बरिहा, ईश्वर गोंड़, सहदेव गोंड़, वासुदेव पैकरा, सिध्दु जगत, अनिल गोंड़, बंशी जगत, लखन सोनझरी, मनोहर ध्रुव, रामायण ठाकुर, गोपाल ध्रुव, संत ध्रुव, भोज नेताम, जय कुमार मण्डावी, जितेंद्र ध्रूव, कृष्णा, राजकुमार, दुकालू, भोजराम ध्रूव, अजय, नेहरू, प्रेम ध्रुव, सत्यप्रकाश ध्रुव, सहित समस्त आदिवासी समाज ने खुशी जाहिर की है !

# भय और आतंक से मुक्त होकर बनेगा नया छत्तीसगढ़ : सोनू साहू



**खरोरा,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। भाजपा युवा नेता सोनू साहू ने कहा भाजपा के आने का मतलब है, छत्तीसगढ़ का तेज विकास, नौजवानों के सपने पूरे होंगे, यहाँ की महतारी बहनों का जीवन और आसान होगी, भ्रष्टाचार पर लगाम, भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई, भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ को भय मुक्त, माफिया मुक्त, लेवी मुक्त और वसूली मुक्त करना जहां कानून का राज हो, जन भागीदारी हो और प्रशासन का मनोबल ऊंचा हो सोनू साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की में जनता ने भय और भ्रष्टाचार से मुक्त सुशासन की राह चुनी है। 5 साल के कांग्रेस शासन में प्रदेश में भ्रष्टाचार अपने चरम पर था, राज्य में माफिया राज, गुंडाराज और नशा, जुआँ, सट्टा का बोलबाला था, विकास कार्य ठप्प पड़े हुए थे, सडकें गड्ढे और धूल से भरी हुई थी, जनता त्रस्त थी, विधानसभा चुनाव मे जनता ने अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए सुशासन की राह चुनी और भाजपा को दिल खोल कर अपने वोटों का आशीर्वाद दिया। कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनावों में जमकर धनबल का प्रयोग किये जाने के बावजूद भी मतदाताओं ने उन्हे बाहर का रास्ता दिखा दिया। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान तीनों ही राज्यों मे मोदी मैजिक चला। मोदी जी की गारंटी पर जनता ने विश्वास व्यक्त किया, विशेष रूप से महिलाओं, युवाओं अजा, अजजा, अन्य पिछड़ा वर्ग और किसानों सहित सभी वर्गों का पार्टी को खुलकर समर्थन प्राप्त हुआ, यह नतीजे स्पष्ट संकेत दे रहे हैं कि आने वाले चुनावों लोकसभा चुनावों मे इन सभी राज्यों मे शत प्रतिशत सीटों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

# अक्षत कलश के पहुंचते ही राममय हुआ आरंग

**आरंग,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। माता कौशल्या धाम चंदखुरी से श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान के लिए पवित्र अक्षत कलश के पहुँचते ही राजा मोरध्वज की नगरी आरंग राममय हो गया। पवित्र कलश सबसे पहले बैहार पहुँचा जहाँ पर दर्शन के इंतजार में सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे। श्रद्धालुओं ने कलश का भव्य स्वागत किया और पवित्र कलश को अपने-अपने सर पर रखकर आगे बढ़ते गए। श्रीराम तिराहा, सुमन कालोनी, कॉलेज चौक, इंदिरा चौक, महामाया पारा, हरदेव लाल मंदिर, बस स्टैंड, नेताजी चौक, आजाद चौक, पटेल चौक, मछली चौक होते हुए पवित्र अक्षत कलश चंडी माता मंदिर होकर बाबा बागेश्वर मंदिर पहुँचा। बागेश्वर मंदिर में कलश को स्थापित करने के बाद महाआरती की गई। आपको बता दे कि बागेश्वर मंदिर में अक्षत कलश 1 जनवरी तक श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए रखा गया है। जबकि एक अक्षत कलश आजीवन मंदिर परिसर में रखा जाएगा।

**जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत**



अक्षत कलश के आरंग पहुँचने पर अनेक सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा करते हुए। भव्य स्वागत किया। भजन कीर्तन के साथ जैसे-जैसे कलश यात्रा बढ़ते गया वैसे-वैसे भीड़ बढ़ती गई और प्रभु श्री राम के जयकारों से आरंग राममय हो गया। इस ऐतिहासिक कलश यात्रा में पूरे नगर के लोगो ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और इस यात्रा को यादगार बना दिया।

# व्यवहार न्यायालय बागबाहरा में

- 16 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन
- इस संबंध में गत दिवस संबंधित विभागों और न्यायालय के अधिवक्ताओं की बैठक भी आयोजित की गई



**बागबाहरा,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा नईदिल्ली के आव्हान पर देश के सभी न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे राजीनामा योग्य प्रकरणों की त्वरित सुनवाई एवम निराकरण किया जाना है। जिसके तहत व्यवहार न्यायालय बागबाहरा में भी लोक अदालत हेतु प्रक्रिया जोरो पर है। जिसके संबंध में गत दिवस संबंधित विभागों और न्यायालय के अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें प्रकरणों की निपटारा हेतु पक्षकारों को संबंधित माध्यम से सूचना जारी किया जा रहा। जिससे अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभ प्रदान किया जा सके। तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवम न्यायाधीश श्री अविनाश टोप्पो जी द्वारा पूरे तहसील क्षेत्र बागबाहरा के संबंधित विभागों को गंभीरता से लेने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसमे नगर पालिका परिषद, बिजली विभाग, दूरसंचार एवम स्थानीय बैंको के साथ लेन देन, बटवारा, जमीन विवाद, आपसी विवाद से संबंधित पक्ष कारो को भी प्री लिटिगेशन हेतु पूर्व से उपस्थित होकर अपनी पक्ष रखने सूचित किया गया है। जिसकी जानकारी न्यायालय के नायब नाजिर श्री हितेश दीवान जी द्वारा दी गई कि नेशनल लोक अदालत हेतु तैयारी की जा रही है। जिससे अधिक से अधिक जनसमुदाय लाभान्वित हो सके।

# नए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को गुलदस्ता भेंटकर नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने दी बधाई



**गरियाबंद,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने मुख्यमंत्री बनाए जाने की बधाई दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मेमन ने कहा कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व का अवसर दिया हैं। यह ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने कहा की पूर्व केंद्रीय मंत्री, दो बार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चार बार के सांसद, दो बार के विधायक कार्यकाल का अनुभव का लाभ छत्तीसगढ़ की जनता को मिलेगा। इस दौरान मेमन ने सीएम साय के साथ सेल्फी भी ली।

# आलू, प्याज बेचने वाले कृपया ध्यान दें लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन अनिवार्य



**भाटापारा,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। नियम के घेरे में अब आलू, प्याज और लहसुन का कारोबार भी। होलसेलर को जहां अनिवार्य रूप से खाद्य एवं औषधि प्रशासन से लाइसेंस लेना होगा, वहीं रिटेल काउंटरों को रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। जागरूकता अभियान के बाद सघन जांच की योजना पर प्रशासन ने काम करना चालू कर दिया है।

पूरे साल मांग में रहता है आलू, प्याज और लहसुन। कोल्ड स्टोर तक तो सही लेकिन बाजार पहुंचने के बाद जैसी लापरवाही परिवहन, भंडारण और विक्रय में दिखाई जा रही है, उससे गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की जानकारियां खाद्य एवं औषधि प्रशासन तक पहुंचने लगी है। फौरी तौर पर की गई जांच में शिकायतें सही मिली हैं। इसलिए अब इस क्षेत्र पर भी नियमों के परिपालन को लेकर कड़ाई बरतने की तैयारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने चालू कर दी है।

**इन्हें लेना होगा लाइसेंस**

उत्पादक क्षेत्र के बाद कोल्ड स्टोर। यहां पहले से फूड एंड सेफ्टी लाइसेंस का लिया जाना अनिवार्य किया जा चुका है। अब वह कारोबारी भी अनिवार्यता के घेरे में आ चुके हैं, जो होलसेल बिजनेस करते हैं। याने थोक कारोबारियों को भी लाइसेंस बनवाना होगा। इस अनिवार्यता के बाद ही इन्हें कारोबार करने की अनुमति होगी।

**मानना होगा यह नियम**

भंडार कक्ष में काम करने वाले श्रमिक को हेड कैप, मास्क, ग्लव्स और शूज देना होगा। अस्वच्छ वायु की निकासी के लिए एग्जॉस्ट का लगाया जाना अनिवार्य है। आग से बचाव के लिए फायर फाइटर की भी उपस्थिति अनिवार्य होगी।

**इनके लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी**

तीसरी और अंतिम कड़ी होतीं हैं चिल्हर दुकानें। थोक की अपेक्षा लापरवाही थोड़ी कम होती है लेकिन यहां से भी शिकायतें मिल रहीं हैं। अब प्रशासन ने इन्हें भी रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता से बांध दिया है। सघन या औचक जांच में यह अनिवार्यता नहीं मिली, तो विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**ध्यान रखना होगा इसका**

आलू, प्याज और लहसुन के खुदरा कारोबारी को काउंटर की नियमित सफाई करनी होगी। ग्रेडिंग के दौरान निकले अपशिष्ट का प्रबंधन भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के नियमों के अनुसार करना होगा। संस्थान के आसपास सफाई का ध्यान अहम होगा।

**लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन अनिवार्य**

आलू, प्याज और लहसुन के थोक एवं चिल्हर कारोबारी को क्रमश: लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य किया जा चुका है। अनिवार्य सुरक्षा मानक का पालन नहीं किए जाने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**- उमेश वर्मा, असिस्टेंट कमिश्नर खाद्य एवं औषधि प्रशासन, रायपुर**

# राज्यपाल ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री नियुक्त कर केबिनेट गठन के लिए किया आमंत्रित



**बिलाईगढ़,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को राजभवन रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने वर्ष 2023 की छत्तीसगढ़ राज्य नवगठित विधानसभा के अपने नवनिर्वाचित विधायकों की सर्वसम्मति से, प्रदेश विधायक दल का नेता विष्णु देव साय को चयनित किये जाने संबंधित पत्र सौंपा और नई सरकार बनाने के लिए अपना दावा प्रस्तुत किया।

राज्यपाल हरिचंदन ने विष्णुदेव साय को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत के संविधान की धारा 164 के तहत विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री नियुक्त करने संबंधित पत्र प्रदान किया और केबिनेट गठन के लिए आमंत्रित किया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सर्वानंद सोनोवाल, मनसुख मांडविया, ओम माथुर सहित नवनिर्वाचित विधायक, पदाधिकारीगण एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मानव अधिकार दिवस का किया गया आयोजन



**जीवन जीने का, समानता का सामाजिक, संस्कृति, भरन पोषण और शिक्षा का अधिकार : आर के रजक**

**नवापारा राजिम,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना रेड रिबन क्लब के संयुक तत्वधान में मानव आधिकार दिवस मनाया गया द्य इस कार्यक्रम मे डॉ.आर के रजक कार्यक्रम आधिकारी, ठाकुर राम साहू, विकास साहू, तोरण साहू, तारणी साहू, काजल साहू, वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रमुख रूप से उपस्थिति रहे द्य डॉ.आर के रजक ने बताया कि मानव अधिकारों से अभिप्राय मौलिक अधिकार एवं स्वतंत्रता से है द्य जिसके सभी प्राणी हकदार है द्य 1948 में संयुक्त राष्ट महासभा द्वारा घोषित किया गया द्य हर साल 10 दिसंबर को मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है ठाकुर राम साहू ने मानव के अधिकार को रेखांकित करते हुए बताया कि जीवन जीने का अधिकार, समानता का अधिकार, सामाजिक व संस्कृति, भरन पोषण, शिक्षा का अधिकार जिसके लिए हम सभी आगे आकर अपने अधिकर मांग सकते है द्य विकास साहू, तोरण साहू तारणी साहू, काजल साहू, के द्वारा मानव अधिकार के उद्देश्य को रेखांकित किया द्य स्वयंसेवको ने मानव अधिकार संबंधी मंचीय कार्यक्रम की प्रस्तुति दी कार्यकम अधिकारी आगे बताया कि माह दिसंबर अंतिम सप्ताह महाविद्यालय का सात दिवसीय विशेष शिविर लगाना प्रस्तावित है जिनकी तैयारी के लिए मितेश साहू, विनय गोस्वामी, दिपेश सेन, अगेश साहू, क्षमा, हिमांशी, डाली साहू, देविका, को प्रतिनिधि नियुक्त किए द्य सभी स्वयंसेवको ने अपने सामुहिक रूप से मानव अधिकार के लिए शपथ लिए द्य इस कार्यकम में तुषार, रीमा, दक्ष, पूनम, भगवती, त्रेता, लिलिमा, दामनी सहित 62 स्वयंसेवको से भाग लिया।

# मानवाधिकार दिवस मनाया गया



**महासमुंद,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। ग्राम खरोरा में मानवाधिकार दिवस मनाया गया जिसमे उपसरपंच हेमलता चन्द्राकर, शकुन चन्द्राकर, खम्भन चन्द्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा भारत देश में मानवाधिकार दिवस हर साल 10 दिसम्बर को मनाया जाता है और हम सभी अपने अधिकार एवं कर्तव्य को पहचाने का जीवन को बेहतर बनाते हैं।

CMYK